INSURANCE FOR ALL

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT

2023-24

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

वार्षिक रिपोर्ट

2023–24

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

प्रधान कार्यालय:
सर्वेक्षण संख्या 115/1, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, गाचीबोवली,
हैदराबाद–500 032. भारत
फोन: +91–40–20204000

यह रिपोर्ट बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
(वार्षिक रिपोर्ट-रिटर्न, विवरण और अन्य विवरण प्रस्तुत करना)
नियम, 2000 के अनुसार प्रारूप के अनुरूप है।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND
DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

पारगमन पत्र

संदर्भ सं. 101/13/ आईआईडीडी/एआर 2023-24 — 14 नवम्बर, 2024

सचिव,
वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय
तीसरा तल, जीवनदीप बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नयी दिल्ली - 110001

श्रीमान,

हम बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 की धारा 20 के उपबंधों के अनुसार, 31 मार्च 2024 को समाप्त हुये वित्तीय वर्ष के लिये, बी.वि.वि.प्रा. (वार्षिक रिपोर्ट विवरणियों, विवरणों और अन्य विशिष्टयों को प्रस्तुत किया जाना) विनियम, 2000 के परिशिष्ट में निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकरण की वार्षिक रिपोर्ट भेज रहे हैं।

भवदीय,
देबाशीष पण्डा
अध्यक्ष

Letter of Transmittal

Ref. No. 101/13/IIDD/AR-2023-24 — 14th November, 2024

The Secretary,
Department of Financial Services
Ministry of Finance
3rd Floor, Jeevan Deep Building
Parliament Street
New Delhi-110 001

Sir,

In accordance with the provisions of Section 20 of the Insurance Regulatory and Development Authority Act, 1999, we are sending herewith the Annual Report of the Authority for the financial year ended March 31, 2024 in the Form as prescribed in the Appendix of IRDA (Annual Report-Furnishing of return, statements and other particulars) Rules, 2000.

Yours faithfully,
Debasish Panda
Chairperson

सर्वे नं. 115/1, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद-500 032, भारत
: +91-40-20204000, वेबसाइट : www.irdai.gov.in

Survey No. 115/1, Financial District, Nanakramguda, Hyderabad-500 032, India
: +91-40-20204000, Website : www.irdai.gov.in

विषय-सूची

मिशन विवरण		**xix**
प्राधिकरण के सदस्य		**xxi**
आईआर्डीएआई के वरिष्ठ अधिकारी		**xxiii**

भाग – I
नीतियाँ और कार्यक्रम

I.1	सामान्य आर्थिक वातावरण की समीक्षा	7
I.2	बीमा बाज़ार का मूल्यांकन	10
I.3	प्राधिकृत बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं की संख्या और विवरण	25
I.4	बीमा बाजार को विकसित करने के लिए नीतियाँ और उपाय	25
I.5	बीमाकर्ताओं द्वारा की गई अनुसंधान और विकास गतिविधियाँ	28
I.6	समीक्षा	31
I.6.1	पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा	31
I.6.2	बीमाकर्ताओं के शोधन-क्षमता का अनुरक्षण	33
I.6.3	पुनर्बीमा की निगरानी	33
I.6.4	बीमाकर्ताओं के निवेश की निगरानी	37
I.6.5	स्वास्थ्य बीमा	40
I.6.6	ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में किए जाने वाले व्यवसाय का विनिर्दिष्ट प्रतिशत	47
I.6.7	लेखा और बीमांकिक मानक	48
I.6.8	प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये निदेश, आदेश और विनियम	49
I.6.9	प्राधिकरण द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियाँ और कार्य	49
I.6.10	बीमा बाजार के कार्यचालन से संबंध रखनेवाली अन्य नीतियाँ और कार्यक्रम	49

भाग II
कार्यप्रणाली और परिचालनो की समीक्षा

II.1	बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों का विनियमन	60
II.2	बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध बीमा एजेंट और बीमा मध्यवर्ती	70
II.3.	बीमा शिक्षण से संबद्ध व्यावसायिक संस्थान	84
II.4	वाद, अपीलें और न्यायलयों के निर्णय	87
II.5	बीमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग	87
II.6	शिकायतें	91
II.7	सलाहकार समितियों की कार्य-पद्धति	95
II.8	लोकपाल की कार्य-पद्धति	96
II.9	बीमा संघ और बीमा परिषदें	96
II.10	बीमा बाजार से संबंधित अन्य गतिविधियाँ	98

भाग III
प्राधिकरण के वैधानिक और विकासात्मक कार्य

III.1 आवेदक को पंजीकरण प्रमाणपत्र का निर्गम, ऐसे पंजीकरण का नवीकरण, आशोधन, प्रत्याहरण, निलंबन अथवा निरसन 105

III.2 पालिसी के समनुदेशन, पालिसीधारकों द्वारा नामांकन, बीमायोग्य हित, बीमा दावे का निपटान, पालिसी के अभ्यर्पित मूल्य और बीमा संविदाओं की अन्य शर्तों से संबंधित मामलों में पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण 105

III.3 मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों और एजेंटों के लिए आवश्यक योग्यताएँ, आचरण संहिता और व्यावहारिक प्रशिक्षण विनिर्दिष्ट करना 105

III.4 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के लिए आचरण-संहिता विनिर्दिष्ट करना 106

III.5 बीमा व्यवसाय के संचालन में कार्यकुशलता को बढ़ावा देना 106

III.6 बीमा और पुनर्बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध व्यावसायिक संगठनों का संवर्धन और विनियमन करना 112

III.7 अधिनियम के प्रयोजनों के कार्यान्वयन के लिए शुल्क और अन्य प्रभारों की उगाही 116

III.8 बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय से संबद्ध अन्य संगठनों की लेखा-परीक्षा सहित उनसे सूचना माँगना, उनका निरीक्षण करना, उनकी जाँच और अन्वेषण के कार्य का संचालन करना 116

III.9 बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 64यू के अधीन प्रशुल्क सलाहकार समिति के द्वारा इतना नियंत्रित और विनियमित नहीं किये जानेवाले साधारण बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित की जानेवाली दरों, लाभों, निबंधनों और शर्तों का नियंत्रण और विनियमन 120

III.10 उस रूप और तरीके को विनिर्दिष्ट करना जिसमें बीमाकर्ताओं को अन्य बीमा मध्यवर्तियों द्वारा लेखा-बहियाँ रखी जाएँगी तथा लेखा-विवरण प्रस्तुत किये जाएँगे 120

III.11 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों के निवेश का विनियमन 121

III.12 शोधन-क्षमता के अनुरक्षण का विनियमन 121

III.13 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों के बीच विवादों का न्यायनिर्णयन 122

III.13 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में बीमाकर्ताओं द्वारा किये जानेवाले जीवन बीमा व्यवसाय के प्रतिशत को विनिर्दिष्ट करना 122

भाग IV

संगठनात्मक मामले

IV.1	संगठन	125
IV.2	मानव संसाधन	127
IV.3	राजभाषा का संवर्धन	130
IV.4	सूचना प्रौद्योगिकी	133
IV.5	लेखा	134
IV.6	आभार-प्रदर्शन	134

बॉक्स मद

I.1	अदावी राशियों में कमी लाने की दिशा में प्रयास	27
II.1	आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 व्यापक उत्पाद समाधान के लिए समर्थकारक	66
II.2	ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर अन्य पक्ष दायित्व समावेशी बीमा को बढ़ावा देना	71
III.1	राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज (एनएचसीएक्स) निर्बाध दावा अनुभव की ओर	110
III.2	अग्नि, मोटर और इंजीनियरिंग, कर्मकार प्रतिकर तथा बीमा व्यवसाय की अन्य श्रेणियों से संबंधित वर्तमान प्रशुल्कों की अधिसूचना का निरस्तीकरण	114
III.3	पर्यवेक्षण और प्रवर्तन के लिए तकनीकी समर्थकारिता	119

सारणी

भाग ख

सारणी I.1	वास्तविक जीडीपी में वैश्विक वृद्धि	7
सारणी I.2	भारत के राष्ट्रीय आय अनुमान	8
सारणी I.3	आर्थिक गतिविधि द्वारा सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) का अनुमान	8
सारणी I.4	घरेलू क्षेत्र की वित्तीय बचत	10
सारणी I.5	2023 में विश्व में क्षेत्र वार वास्तविक प्रीमियम में वृद्धि	11
सारणी I.6	2023 में विश्व में क्षेत्र वार प्रीमियम की मात्रा	11
सारणी I.7	बीमा व्यापन भारत बनाम विश्व (प्रतिशत)	12
सारणी I.8	बीमा सघनता भारत बनाम विश्व (अमेरिकी डालर)	12

सारणी I.9	जीवन बीमाकर्ताओं का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन	15
सारणी I.10	जीवन बीमाकर्ताओं का वित्तीय कार्यनिष्पादन	17
सारणी I.11	जीवन बीमाकर्ताओं के वास्तविक मृत्यु दावे	18
सारणी I.12	साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन	19
सारणी I.13	साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के वित्तीय कार्यनिष्पादन संकेतक	21
सारणी I.14	साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं का खंड-वार उपगत दावा अनुपात	22
सारणी I.15	साधारण बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए व्यवसाय-वार दावे (स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय को छोड़कर)	23
सारणी I.16	जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालय	23
सारणी I.17	साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के कार्यालय	24
सारणी I.18	पंजीकृत बीमाकर्ता और पुनर्बीमाकर्ता की संख्या	25
सारणी I.19	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा पुनर्बीमा स्थानन	35
सारणी I.20	सकल प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का निवल प्रतिधारण	36
सारणी I.21	बीमा उद्योग मे निवेश	37
सारणी I.22	31 मार्च तक जीवन बीमाकर्ताओं के निवेश - श्रेणी वार	38
सारणी I.23	जीवन बीमाकर्ताओं के निवेशः निधि-वार (31 मार्च को)	39
सारणी I.24	साधारण, स्वास्थ्य, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के निवेश	39
सारणी I.25	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम-अंकित स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम	40
सारणी I.26	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत पालिसियाँ, कवर किये गये जीवन, और प्रीमियम	41
सारणी I.27	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत उपगत दावा अनुपात	42
सारणी I.28	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत भुगतान किये गये दावे (2023-24)	43
सारणी I.29	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य़ बीमा व्यवसाय के अंतर्गत दावों की स्थिति (2023-24)	43
सारणी I.30	जीवन बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत पालिसियों की संख्या, कवर किये गये जीवन, प्रीमियम	44
सारणी I.31	जीवन बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत दावों की स्थिति	45
सारणी I.32	वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत व्यवसाय	45
सारणी I.33	सरकार प्रायोजित वैयक्तिक दुर्घटना योजनाओं के अंतर्गत कवरेज (2023-24)	46
सारणी I.34	सीमापार यात्रा बीमा के अंतर्गत व्यवसाय	46
सारणी I.35	देशी यात्रा बीमा के अंतर्गत व्यवसाय	46
सारणी I.36	भारत के बाहर जोखिम-अंकित स्वास्थ्य, वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा व्यवसाय	47

भाग II

सारणी II.1	जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंट	72
सारणी II.2	जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों का लिंग-वार वितरण	73
सारणी II.3	बीमा व्यवसाय में सक्रिय कॉर्पोरेट एजेंट	74
सारणी II.4	जीवन बीमा क्षेत्र में सूक्ष्म बीमा व्यवसाय का कार्यनिष्पादन (2023-24)	75
सारणी II.5	जीवन बीमाकर्ताओं के सूक्ष्म बीमा एजेंट	75
सारणी II.6	जारी की गई सूक्ष्म बीमा पॉलिसियों की संख्या	76
सारणी II.7	तदनुरूपी प्रायोजक एजेंसियों के पास पीओएसपीएस की संख्या	77
सारणी II.8	विभिन्न प्रायोजक एजेंसियों के साथ एमआईएसपी की संख्या	78
सारणी II.9	जीवन बीमा में मध्यवर्तियों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन (2023-24)	81
सारणी II.10	साधारण बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों और मध्यवर्तियों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन (2023-24)	82
सारणी II.11	स्वास्थ्य बीमा (वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा को छोड़कर) में मध्यवर्तियों और बीमा एजेंटों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन	83
सारणी II.12	आईआईबी के उत्पाद	86
सारणी II.13	2023-24 के दौरान दर्ज मामलों का विवरण	87
सारणी II.14	2023-24 के दौरान निपटाये गये / खारिज किये गये मामलों का विवरणः	87
सारणी II.15	2023-24 के दौरान पंजीकृत शिकायतों का विश्लेषण	92
सारणी II.16	जीवन बीमाकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज अनुचित व्यापार पद्धतियों (यूएफबीपी) संबंधी शिकायतें	92
सारणी II.17	बीमा भरोसा पोर्टल के अनुसार शिकायतों की स्थिति	93
सारणी II.18	डीएआरपीजी पोर्टल में पंजीकृत और आईआरडीएआई को संदर्भित शिकायतें	95
सारणी II.19	शिकायतों की लंबित स्थिति	95

भाग III

सारणी III.1	2023-24 के दौरान संपन्न ऑन-साइट और दूरस्थ निरीक्षण रिपोर्ट	118
सारणी III.2	विनियामक कार्रवाइयों का विवरण	118

भाग IV

सारणी IV.1	31 मार्च, 2024 को प्राधिकरण की संरचना	126
सारणी IV.2	प्राधिकरण की बैठकों का विवरण	126
सारणी IV.3	2023-24 के दौरान आयोजित और प्राधिकरण के प्रत्येक सदस्य द्वारा उपस्थित बैठकों का विवरण	126
सारणी IV.4	आईआरडीएआई में स्वीकृत और वास्तविक स्टाफ संख्या	127
सारणी IV.5	आईआरडीएआई में श्रेणी-वार स्टाफ संख्या	127
सारणी IV.6	आईआरडीएआई में स्टाफ का आयु-वार वितरण	128
सारणी IV.7	आईआरडीएआई में ग्रेड-वार स्टाफ संख्या	128

चार्ट

I.1	2023-24 में वर्तमान कीमतों पर जीवीए में क्षेत्रों के प्रतिशत अंश	9
I.2	भारतीय अर्थव्यवस्था में घरेलू बचत (सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का प्रतिशत)	9
I.3	भारत में बीमा व्यापन	12
I.4	भारत में बीमा सघनता (अमेरिकी डालर)	13
I.5	2023 में चयनित देशों में बीमा व्यापन (प्रतिशत में)	13
I.6	चयनित देशों में बीमा सघनता 2023 (अमेरिकी डालर)	13
I.7	जीवन बीमाकर्ताओं का नया व्यवसाय प्रीमियम (करोड़ रुपये)	13
I.8	जीवन बीमाकर्ताओं का नवीकरण प्रीमियम (करोड़ रुपये)	14
I.9	जीवन बीमाकर्ताओं का कुल प्रीमियम (करोड़ रुपये)	14
I.10	जीवन बीमा प्रीमियम में खंड-वार हिस्सेदारी	14
I.11	जीवन बीमाकर्ताओं का कर के बाद लाभ (रु. करोड़)	16
I.12	जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रदत्त लाभ (रु. करोड़)	18
I.13	गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा भारत में जोखिम-अंकित प्रीमियम (रु. करोड़)	19
I.14	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के परिचालन व्यय (रु. करोड़)	20
I.15	साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के निवल उपगत दावे (रु. करोड़)	22
I.16	वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सामान्य बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए दावे (स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय को छोड़कर)	22
I.17	जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालयों का स्तर-वार वितरण	24

I.18	गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालयों का स्तर-वार वितरण	24
I.19	एफआरबी सहित पुनर्बीमाकर्ताओं का सकल पुनर्बीमा प्रीमियम	35
I.20	स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम में क्षेत्र-वार अंश (2023-24)	40
I.21	स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की प्रवृत्ति (वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा को छोड़कर)	41
I.22	वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा को छोड़कर स्वास्थ्य बीमा (2023-24) के अंतर्गत कवर किये गये जीवन (लाख में) और प्रीमियम	41
I.23	स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत निवल उपगत दावे	42
I.24	स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत उपगत दावा अनुपात की प्रवृत्तिः क्षेत्र-वार	42
I.25	स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत उपगत दावा अनुपात की प्रवृत्तिः खंड-वार	42
I.26	जीवन बीमाकर्ताओं का स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम	44
II.1	जीवन बीमा व्यवसाय में माध्यम-वार वैयक्ति नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन	81
II.2	जीवन बीमा व्यवसाय में माध्यम-वार सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन	82
II.3	जीवन बीमा व्यवसाय का माध्यम-वार कार्यनिष्पादन	83
II.4	स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का माध्यम-वार कार्यनिष्पादन (2023-24)	84
II.5	जीवन बीमा संबंधी शिकायों का वर्गीकरण	94
II.6	साधारण और स्वस्थ्य बीमा संबंधी शिकायतों का वर्गीकरण	94
IV.1	आईआरडीएआई में ग्रेड-वार स्टाफ संख्या	128

कथन

1	बीमा पैठ की अंतर्राष्ट्रीय तुलना	137
2	बीमा घनत्व की अंतर्राष्ट्रीय तुलना	138
3	जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा लिखित प्रीमियम (भारत के अंदर)	139
4	2023-24 के लिए जीवन बीमा कंपनियों का संबद्ध और असंबद्ध प्रीमियम	140
5	जीवन बीमाकर्ताओं का खंडवार कुल प्रीमियम	141
6	जीवन बीमाकर्ताओं की इक्विटी शेयर पूंजी	142
7	साधारण एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियों का सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम (भारत के भीतर एवं बाहर)	143
8	साधारण एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियों की खंडवार सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय (भारत के भीतर)	144
9	साधारण स्वास्थ्य और पुनर्बीमा कंपनियों की इक्विटी शेयर पूंजी	146

10	साधारण स्वास्थ्य और पुनर्बीमा कंपनियों की इक्विटी शेयर पूंजी	148
11	जीवन बीमा कंपनियों की शोधन क्षमता की स्थिति	149
12	साधारण, स्वास्थ्य और पुनर्बीमा कंपनियों का शोधन क्षमता की स्थिती	150
13	विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं शोधन क्षमता	151
14	एफआरबी सहित पुनर्बीमाकर्ताओं का सकल पुनर्बीमा प्रीमियम (करोड़ में)	152
15	विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं की आवंटित पूंजी	153
16	जीवन बीमा कंपनियों के प्रबंधन के तहत आस्तियाँ (31 मार्च तक)	154
17	साधारण, स्वास्थ्य, विशिष्ट एवं पुनर्बीमाकर्ताओं के प्रबंधन के अधीन परिसंपत्तियां (31 मार्च तक)	157

अनुबंध

1	भारत में कार्यरत पंजीकृत बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं की सूची (31 मार्च 2024 तक)	161
2(i)	भारतीय बाजार में आतंकवाद जोखिम बीमा पूल में सदस्यों की हिस्सेदारी	163
2(ii)	भारतीय परमाणु बीमा पूल में सदस्यों का हिस्सा	164
2(iii)	समुद्री कार्गो बहिष्कृत क्षेत्र पूल में सदस्यों का हिस्सा	165
3	मोटर टीपी दायित्वों की गणना के लिए डेटा (2024-25)	166
4	01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक जारी परिपत्र/आदेश/दिशानिर्देश/निर्देश	167
5	बीमा अधिनियम, 1938 और आईआरडीए अधिनियम, 1999 के तहत 31 मार्च, 2024 तक बनाए गए नियम	170
6	जीवन बीमा कंपनियों द्वारा पेश किए जाने वाले सूक्ष्म बीमा उत्पादों की सूची (31 मार्च 2024 तक)	175
7	2023-24 के दौरान उत्पादों और राइडर्स की संख्या	176
8	बीमाकर्ताओं और मध्यस्थों के लिए शुल्क संरचना और 2023-24 में एकत्रित शुल्क	177
9	वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्राधिकरण द्वारा लगाए गए जुर्माने	179
10(i)	भारतीय आश्वासित जीवन मृत्यु दर (आईएएलएम) 2012-14 मानक दरें-पुरुष बीमाकृत जीवन जो प्रारंभ में चिकित्सकीय रूप से लिखित होते हैं	180
10(ii)	भारतीय वैयक्तिक वार्षिकीग्राही की मृत्यु दर तालिका (2012-15) समग्र / संयुक्त मृत्यु दर	181
11	टीपीए-वार नेटवर्क समझौते	183

संक्षेपाक्षर

एएफआईआर	:	एशियाई बीमा विनियमनकर्ता मंच
एएमएल	:	धन-शोधन निवारण
एएसएसओसीएचएएम	:	एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया
सीबीआर	:	सीमापार पुनर्बीमाकर्ता
सीएफटी	:	आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करना
सीआईआई	:	भारतीय उद्योग परिसंघ
सीओआर	:	पंजीकरण प्रमाणपत्र
सीपीआईओ	:	केंद्रीय जन सूचना अधिकारी
सीपीएससी	:	सामान्य लोक सेवा केन्द्र
सीएससी	:	सामान्य सेवा केन्द्र
डीएआरपीजी	:	प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग
डीएफएस	:	वित्तीय सेवाएँ विभाग
एफएए	:	प्रथम अपीलीय प्राधिकारी
एफएटीएफ	:	वित्तीय कार्यवाही कार्य बल
फिक्की	:	फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री
एफआईयू-आईएनडी	:	वित्तीय आसूचना इकाई - भारत
एफआरबी	:	विदेशी पुनर्बीमाकर्ता शाखा
एफआरएन	:	फाइलिंग संदर्भ संख्या
एफएसबी	:	वित्तीय स्थिरता बोर्ड
जी.डी.पी	:	सकल घरेलू उत्पाद
जीएनडीआई	:	सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय
जीवीए	:	सकल मूल्य वर्धित
आईएसी	:	बीमा सलाहकार समिति
आईएआईएस	:	अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ
आईसीआर	:	उपगत दावा अनुपात
आईएफआरएस	:	अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक
आईजीसीसी	:	आईआरडीएआई शिकायत कॉल सेंटर
आईजीएमएस	:	समन्वित शिकायत प्रबंध प्रणाली

आईआईबी	:	भारतीय बीमा सूचना ब्यूरो
आईआईआईएसएल ए	:	भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान
आईआईआरएम	:	बीमा और जोखिम प्रबंधन संस्थान
आइएमसीसी	:	अंतर-मंत्रालयी समन्वय समिति
आईएमएफ	:	बीमा विपणन कंपनियाँ
आईएनएफई	:	वित्तीय शिक्षा संबंधी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क
आईआरसीटीसी	:	भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम
आईआरडीएआई	:	भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
आईएनवीआईटी	:	इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स
केएमपी	:	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक
केवाईसी	:	अपने ग्राहक को जानिए
एलपीए	:	लेटर पेटेंट अपीलें
एमएसीटी	:	मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण
एमएफआई	:	सूक्ष्म वित्त संस्थान
एमआईएसपी	:	मोटर बीमा सेवा प्रदाता
एमओआरटीएच	:	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
एनबीएफसी	:	गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी
एनसीडीआरसी	:	राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग
एनजीओ	:	गैर सरकारी संगठन
एनओसी	:	अनापत्ति प्रमाणपत्र
एनएसओ	:	राष्ट्रीय सांख्यिकीय संगठन
ओईसीडी	:	आर्थिक सहयोग और विकास संगठन
ओएमओपी	:	एक और विकल्प योजना
पीएम-जेएवाय	:	प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
पीएमएफबीवाई	:	प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
पीएमजेडीवाई	:	प्रधानमंत्री जनधन योजना
पीएमजेजेबीवाई	:	प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना
पीएमएलए	:	धन शोधन निवारण अधिनियम

पीएमएसबीवाइ	:	प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना
पीएमवीवीवाई	:	प्रधानमंत्री वय वंदना योजना
पीओएसपी	:	बिक्री केन्द्र विक्रेता
पीएसयू	:	सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम
आरएपी	:	ग्रामीण प्राधिकृत व्यक्ति
आरबीआई	:	भारतीय रिजर्व बैंक
आरबीएसएफ	:	जोखिम आधारित पर्यवेक्षी ढांचा
आरबीसी	:	जोखिम आधारित पूंजी
आरईआईटी	:	रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट
आरएसएम	:	अपेक्षित शोधन क्षमता मार्जिन
आरटीआई	:	सूचना का अधिकार
एसएएचआई	:	स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता
एससीडीआरसी	:	राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग
सेबी	:	भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड
एसएचजी	:	स्वयं सहायता समूह
एसएलए	:	सर्वेक्षक और हानि निर्धारक
एसपीवी	:	विशेष प्रयोजन माध्यम
टीओएलआईसी	:	नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
टीपीए	:	अन्य पक्ष प्रबंधक
यूएफबीपी	:	अनुचित व्यवसाय पद्धतियाँ/प्रथाएँ
यूएलआईपी	:	यूनिट सहबद्ध उत्पाद
यूएसडी	:	अमरीकी डालर
वीएलई	:	ग्राम स्तरीय उद्यमी

मिशन वक्तव्य

- ✓ पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करना तथा उनके साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करना;
- ✓ बीमा उद्योग (वार्षिकी तथा सेवानिवृत्ति भुगतान सहित) का तेजी से तथा व्यवस्थित विकास करना, आम आदमी के लाभ के लिए तथा अर्थव्यवस्था के विकास में तेजी लाने के लिए दीर्घकालिक निधि उपलब्ध कराना;
- ✓ इसके द्वारा विनियमित व्यक्तियों की ईमानदारी, वित्तीय सुदृढ़ता, निष्पक्ष व्यवहार तथा क्षमता के उच्च मानकों को स्थापित करना, बढ़ावा देना, निगरानी करना तथा लागू करना;
- ✓ वास्तविक दावों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना, बीमा धोखाधड़ी तथा अन्य कदाचारों को रोकना तथा प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करना;
- ✓ बीमा से संबंधित वित्तीय बाजारों में निष्पक्षता, पारदर्शिता तथा व्यवस्थित आचरण को बढ़ावा देना तथा बाजार सहभागियों के बीच वित्तीय सुदृढ़ता के उच्च मानकों को लागू करने के लिए एक विश्वसनीय प्रबंधन सूचना प्रणाली का निर्माण करना;
- ✓ ऐसे मानकों के अपर्याप्त होने या अप्रभावी रूप से लागू किए जाने पर कार्रवाई करना;
- ✓ उद्योग के दिन-प्रतिदिन के कामकाज में विवेकपूर्ण विनियमन की आवश्यकताओं के अनुरूप अधिकतम मात्रा में स्व-नियमन लाना।

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण

अध्यक्ष	**श्री देबाशीष पण्डा**
पूर्णकालिक सदस्य	
एक्चुअरी	**श्री परमोद कुमार अरोड़ा**
जीवन	**श्री बी. सी. पटनायक** (1 मई 2023 से)
वित्त एवं निवेश	**श्री राकेश जोशी** (1 दिसंबर, 2023 तक)
	श्री राजय कुमार सिन्हा (24 जनवरी 2024 से)
वितरण	**श्रीमती एस.एन. राजेश्वरी** (3 मार्च 2024 तक)
	श्री सत्यजीत त्रिपाठी (24 मई, 2024 से)
गैर-जीवन	**श्री थॉमस एम.देवासिया** (11 जुलाई 2024 तक)
	श्री दीपक सूद (12 अगस्त 2024 से)
अंशकालिक सदस्य	
	श्री सुचिन्द्र मिश्रा (27 जून, 2023 तक)
	डॉ. मारुति प्रसाद तंगिराला (28 जून, 2023 से)
	सीए अनिकेत सुनील तलाटी (11 फरवरी, 2024 तक)
	सीए रंजीत कुमार अग्रवाल (12 फरवरी, 2024 से)

भा.बी.वि.वि.प्रा. के वरिष्ठ अधिकारी
(31 मार्च, 2024 तक)

कार्यकारी निदेशक

श्री सुरेश माथुर	आर्थिक एवं नीति विश्लेषण एवं अनुसंधान (31.01.2024 तक)
श्री रणदीप सिंह जगपाल	गैर-जीवन
डॉ. ममता सूरी	वित्त एवं निवेश तथा आंतरिक लेखा परीक्षा (30.11.2023 तक)
श्रीमती जे. मीना कुमारी	जीवन एवं पर्यवेक्षण
श्री ए.आर. निथियानाथम	कानूनी

मुख्य महाप्रबंधक


श्रीमती यज्ञप्रिया भारत	स्वास्थ्य बीमा (30.11.2023 तक)
श्री एस. एन. जयसिम्हन	आर्थिक एवं नीति विश्लेषण एवं अनुसंधान (31.12.2023 तक)
श्री ए. रमना राव	स्वास्थ्य बीमा
श्री एस.पी. चक्रवर्ती	एक्चुरियल
श्री राज कुमार शर्मा	पॉलिसीधारक संरक्षण एवं शिकायत निवारण, प्रवर्तन एवं अनुपालन
श्री डी.वी.एस. रमेश	बीमा समावेशन एवं विकास
श्री जी.आर. सूर्यकुमार	वित्त एवं निवेश
श्री पी.एस. जगन्नाथम	सामान्य प्रशासन एवं मानव संसाधन
श्रीमती अनीता जोस्युला	मध्यस्थ
श्री सुदीप्त भट्टाचार्य	मध्यस्थ
श्री के. महिपाल रेड्डी	मध्यस्थ
श्री टी.एस. नाइक	जीवन बीमा

महाप्रबंधक

श्री ए. वेंकटेश्वर राव	पॉलिसीधारक संरक्षण एवं शिकायत निवारण
श्री प्रभात कुमार मैती	एक्चुरियल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी
श्रीमती के.जी. पी. एल. रमादेवी	सामान्य प्रशासन एवं मानव संसाधन
श्री एम. एस. जयकुमार	पर्यवेक्षण
श्री टी. वी. राव	प्रवर्तन एवं अनुपालन, आंतरिक लेखापरीक्षा
श्री एन. एम. बेहेरा	स्वास्थ्य बीमा (30.04.2023 तक)
श्री पंकज कुमार तिवारी	स्वास्थ्य बीमा
श्री अम्मू वेंकट रमना	वित्त एवं निवेश
श्री सी. श्रीनिवास कुमार	एक्चुरियल
श्री एन. एस. के. प्रभाकर	जीवन बीमा
श्री मनोज कुमार	वित्त एवं निवेश
श्री महेश अग्रवाल	वित्त एवं निवेश
श्री शार्दुल अदमाने	पुनर्बीमा
श्रीमती बी. पद्मजा	अध्यक्ष सचिवालय और बोर्ड सचिवालय
श्री डी. एस. मूर्ति	गैर-जीवन बीमा
श्री दीपक खन्ना	सामान्य प्रशासन और मानव संसाधन
श्री दीपक गायकवाड़	मध्यस्थ
श्री प्रसाद राव कलायारू	कानूनी
श्री सुरेश नायर	गैर-जीवन बीमा
श्रीमती निमिषा श्रीवास्तव	बीमा समावेशन और विकास
श्रीमती आर. उमा माहेश्वरी	मध्यस्थ
श्रीमती लता सी.	आर्थिक और नीति विश्लेषण और अनुसंधान
श्री गोपा कुमार ई. एस.	सामान्य प्रशासन और मानव संसाधन (31.05.2023 तक)
श्री संजय कुमार वर्मा	प्रवर्तन और अनुपालन
श्रीमती शिक्षा शाहा	गैर-जीवन बीमा

प्रमुखताएँ

भारत में बीमा क्षेत्र




2023-24 के दौरान पंजीकृत नये बीमाकर्ता

जीवन बीमाकर्ता **1**

और

स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता **2**

बीमा वितरण-एक नजर में



वित्त वर्ष 2023–24 बीमा व्यवसाय पर एक नजर

जारी की गई कुल पालिसियाँ
36,51,65,000

कुल बीमा प्रीमियम
₹ 11,19,613 करोड़

जीवन बीमा	साधारण बीमा	स्वास्थ्य बीमा
₹8,29,929 करोड़	₹1,72,978 करोड़	₹1,16,694 करोड़*

कुल प्रदत्त दावे
₹ 7,66,172 करोड़

जीवन बीमा	साधारण बीमा	स्वास्थ्य बीमा
₹ 5,77,021 करोड़	₹ 1,01,050 करोड़	₹88,101 करोड़*

कुल प्रबंधनाधीन आस्तियाँ
₹ 67,57,961 करोड़

जीवन बीमा	साधारण बीमा	स्वास्थ्य बीमा
₹ 61,56,850 करोड़	₹ 5,68,659 करोड़	₹ 32,452 करोड़

*स्वास्थ्य बीमा में व्यक्तिगत दुर्घटना और यात्रा बीमा शामिल है।

भाग – I
नीतियाँ और कार्यक्रम

I.1 सामान्य आर्थिक परिवेश की समीक्षा

I.1.1 अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने अप्रैल 2024 विश्व आर्थिक दृष्टिकोण में उल्लेखनीय चुनौतियों, जैसे महामारी के बाद आपूर्ति श्रृंखलाओं में विघटन, भू-राजनैतिक समस्याओं के द्वारा उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा और खाद्य संकट, और मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय वृद्धि, के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था की असाधारण आघात-सहनीयता पर विशेष बल दिया। इन चुनौतियों के होते हुए भी, वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी से बचकर रह सकी, जो काफ़ी हद तक बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समन्वित समायोजनों के कारण था। उक्त रिपोर्ट के अनुसार आगे देखते हुए, यह प्रत्याशित है कि वैश्विक वृद्धि दोनों 2024 और 2025 के लिए 3.2 प्रतिशत के एक स्थिर प्रक्षेपपथ को बनाये रख सकेगी। मुद्रास्फीति के संबंध में पूर्वानुमान है कि वह 2024 के अंत में स्थित 2.8 प्रतिशत से घटकर 2025 की समाप्ति तक 2.4 प्रतिशत होगी।

भारत का आर्थिक कार्यनिष्पादन और वैश्विक प्रवृत्तियों की तुलना में दृष्टिकोण

I.1.2 आईएमएफ के दृष्टिकोण के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दोनों विश्व औसत और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के औसत से आगे बढ़ गई है। 2023 में भारत की जीडीपी ने 7.8 प्रतिशत तक वृद्धि की, जो उल्लेखनीय रूप में 3.2 प्रतिशत की वैश्विक वृद्धि दर और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की 1.6 प्रतिशत वृद्धि दर से अधिक है। यह प्रवृत्ति 2024 और 2025 के लिए किये गये पूर्वानुमानों में लगातार बनी हुई है जहाँ भारत की जीडीपी के संबंध में प्रत्याशित है कि यह क्रमशः 6.8 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत से वृद्धि करेगी। ये आंकड़े दोनों वर्षों के लिए 3.2 प्रतिशत की विश्व उत्पादन वृद्धि दर से काफी अधिक है तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दरों से भी अधिक है जो 2024 में 1.7 प्रतिशत पर और 2025 में 1.8 प्रतिशत पर पूर्वानुमानित है। यह अनुकूल अधिक अच्छा प्रदर्शन वैश्विक औसत और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की सुदृढ़ आर्थिक गति को रेखांकित करता है।

सारणी I.1: वास्तविक जीडीपी में वैश्विक वृद्धि

(वार्षिक प्रतिशत परिवर्तन)

विवरण	2023	2024 (पू)	2025 (पू)
विश्व उत्पादन	3.2	3.2	3.2
उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ	1.6	1.7	1.8
उभरती बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाएँ	4.3	4.2	4.2
चीन	5.2	4.6	4.1
भारत	7.8	6.8	6.5

पू- पूर्वानुमान। स्रोत: आईएमएफ, वर्ल्ड इकनामिक आउटलुक, अप्रैल 2024

I.1.3 राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी किये गये आय के अनंतिम अनुमानों के अनुसार, भारत का सकल देशी उत्पाद (जीडीपी) वर्तमान कीमतों पर 2022-23 के रु. 269.50 लाख करोड़ के मुकाबले वर्ष 2023-24 में 295.36 लाख करोड़ पर अनुमानित है जो 9.6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाता है।

वर्तमान कीमतों पर प्रति व्यक्ति आय 2022-23 में दर्ज रु. 1,94,879 की तुलना में 2023-24 के दौरान रु. 2,11,725 है जो 8.6 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय 2022-23 के रु. 1,18,755 से बढ़कर 2023-24 में रु. 1,27,760 हो गया है जो 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करती है।

I.1.4 आधार कीमतों पर योजित सकल मूल्य (जीवीए) द्वारा मापी गई समग्र आपूर्ति 2022-23 में 14.0 प्रतिशत के विस्तार को दर्ज करने के बाद 2023-24 में 8.5 प्रतिशत तक बढ़ी।

सारणी I.2: भारत के राष्ट्रीय आय अनुमान

(वर्तमान कीमतों पर)

मद	2022–23*	2023–24#	वृद्धि (%)	
			2022–23	2023–24
आधार कीमतों पर योजित सकल मूल्य (जीवीए) (₹ लाख करोड़)	246.59	267.62	14.0	8.5
सकल देशी उत्पाद (जीडीपी) (₹लाख करोड़)	269.50	295.36	14.2	9.6
सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय (जीएनडीआई) (₹ लाख करोड़)	273.98	299.85	14.5	9.4
प्रति व्यक्ति जीडीपी (₹)	1,94,879	2,11,725	13.0	8.6
प्रति व्यक्ति जीएनडीआई (₹)	1,98,125	2,14,951	13.3	8.5
प्रति व्यक्ति निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) (₹)	1,18,755	1,27,760	13.0	7.6


**प्रथम संशोधित अनुमान, #अंतिम अनुमान;*
स्रोत: एनएसओ, प्रेस नोट दिनांक 31 मई 2024.

सारणी I.3: आर्थिक गतिविधि द्वारा सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) का अनुमान


(वर्तमान कीमतों पर) (रु. लाख करोड़)

उद्योग	2022–23*	2023–24#	वृद्धि (%)	
			2022–23	2023–24
I. प्राथमिक क्षेत्र	49.78	52.51	9.7	5.5
कृषि, पशुधन, वानिकी व मत्स्य–ग्रहण	44.84	47.25	9.4	5.4
खनन और उत्खनन	4.94	5.25	12.6	6.3
II. द्वितीयक क्षेत्र	63.19	68.67	8.8	8.7
विनिर्माण	35.36	38.19	4.2	8.0
बिजली, गैस, जल आपूर्ति व अन्य जनोपयोगी सेवाएँ	6.04	6.63	4.6	9.8
निर्माण	21.78	23.83	18.7	9.4
III. तृतीयक क्षेत्र	133.60	146.43	18.3	9.6
व्यापार, होटल, परिवहन, संचार व प्रसारण संबंधी सेवाएँ	44.10	46.84	20.0	6.2
वित्तीय, स्थावर संपदा और व्यावसायिक सेवाएँ	55.20	60.64	18.8	9.9
लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएँ	34.30	38.95	15.4	13.8
आधार कीमतों पर (जीवीए)	**246.59**	**267.62**	**14.0**	**8.5**

**प्रथम संशोधित अनुमान; #अंतिम अनुमान;*
स्रोत: एनएसओ, प्रेस नोट दिनांक 31 मई 2024



I.1.5 सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय (जीएनडीआई) के प्रतिशत के रूप में सकल देशी बचत पिछले वर्ष के 30.8 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 29.7 प्रतिशत हुई, जो घरेलू वित्तीय बचत (निवल) में पिछले वर्ष में दर्ज 7.2 प्रतिशत से 2022-23 में जीएनडीआई के 5.2 प्रतिशत तक कमी आने के कारण थी।



स्रोतः आरबीआई वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 (परिशिष्ट सारणी 3)

सारणी I.4: घरेलू क्षेत्र की वित्तीय बचत

(सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय का प्रतिशत)

मद	2021–22	2022–23
घरेलू क्षेत्र बचत	**19.8**	**18.1**
i. निवल वित्तीय बचत (क–ख)	7.2	5.2
ii. भौतिक आस्तियों में बचत	12.4	12.7
iii. मूल्यवान वस्तुओं के रूप में बचत	0.3	0.2
क. सकल वित्तीय बचत (जिसमें से)	**10.9**	**10.9**
1. मुद्रा	1.1	0.9
2. जमा राशियाँ	3.5	4.0
3. शेयर और डिबेंचर	0.9	0.8
4. सरकार पर दावे	1.1	0.9
5. बीमा निधियाँ	2.0	2.0
6. भविष्य और पेंशन निधियाँ	2.3	2.3
ख. वित्तीय देयताएँ	**3.8**	**5.7**

स्रोतः आरबीआई वार्षिक रिपोर्ट 2023–24. (सारणी II.2.2)

I.2 बीमा बाजार का मूल्यांकन

I.2.1 वैश्विक बीमा बाजार का मूल्यांकन

I.2.1.1 स्विस आरई सिगमा रिपोर्ट (प्रकाशन सं. 03/2024) में पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है कि वैश्विक गैर–जीवन बीमा प्रीमियम में 2024 में वास्तविक रूप में 3.3 प्रतिशत वृद्धि होगी, जो मुख्य रूप से कठिन बाजार स्थितियों की निरंतरता के द्वारा संचालित है। प्रीमियमों में 2023 में 3.9 प्रतिशत वृद्धि हुई, जो 2022 में विद्यमान 0.8 प्रतिशत वृद्धि से एक उल्लेखनीय सुधार है। मुख्य प्रेरक तो उन्नत बाजारों में दर की वृद्धि रही, जहाँ बीमाकर्ताओं ने बढ़ते हुए दावों को कवर करने के लिए कीमतों में वृद्धि की। जैसे जैसे दावों की मुद्रास्फीति हलकी होगी, दरों में गिरावट होने की संभावना है, और वर्ष 2025 के लिए 2.6 प्रतिशत की प्रीमियम वृद्धि की भविष्यवाणी की गई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से वाणिज्यिक व्यवस्थाओं में वैयक्तिक और चालू कीमत शक्ति में दर की वृद्धि द्वारा संचालित होगी। मोटर बाजार के संबंध में प्रत्याशित है कि संकुचन के तीन निरंतर वर्षों की समाप्ति पर, 2023 में वृद्धि के 5.9% तक पुनः बढ़ने के बाद 2024 के दौरान यह गति पकड़कर जारी रहेगा। तथापि, स्वास्थ्य प्रीमियमों में अमेरिका में महामारी समर्थन पालिसियों की समाप्ति के कारण गिरावट हो सकती है, जिसका प्रतिसंतुलन करते हुए व्यवसाय की अन्य व्यवस्थाओं में मात्रा में वृद्धि होगी। गैर–जीवन व्यवसाय की लाभप्रदता में निश्चित रूप से सुधार होगा, जिसके साथ मंद गति से युक्त मुद्रास्फीति अंततः दावों की तीव्रता में कमी के लिए मार्ग प्रशस्त करेगी।

I.2.1.2 स्वास्थ्य वैश्विक गैर–जीवन बीमा प्रीमियमों के आधे के निकट अंशदान करता है। स्वास्थ्य प्रीमियम के संबंध में प्रत्याशित है कि वह 2024 में वास्तविक रूप में 3 प्रतिशत वृद्धि करेगा। मजदूरी और स्वास्थ्यरक्षा व्ययों में सीपीआई मुद्रास्फीति से अधिक होने के साथ ही, स्वास्थ्य बीमा कीमत–निर्धारण के बढ़ने की संभावना है। संपत्ति बीमा प्रीमियम के विषय में 2023 में प्राप्त 6.1 अभिलाभ के उपरांत, कठोर बाजार परिस्थितियों के बने रहने पर 2024 में 4.7 प्रतिशत वृद्धि होने का अनुमान है।

I.2.1.3 स्विस आरई का पूर्वानुमान है कि जीवन बीमा के लिए वैश्विक प्रीमियम 2024 में वास्तविक रूप में 2.5 प्रतिशत बढ़ेंगे तथा इस वर्ष के 3 ट्रिलियन अमेरिकी डालर से ऊपर उठकर 2034 तक 4.7 ट्रिलियन अमेरिकी डालर तक पहुँचेंगे। उन्नत बाजारों में यह वृद्धि बचत व्यवसाय द्वारा प्रेरित होगी क्योंकि उच्चतर ब्याज दर पुनर्निर्धारण बचत उत्पादों को अधिक आकर्षक बनायेगा। उभरते बाजारों में, जीवन बीमा व्यापन का बढ़ना जारी रहेगा क्योंकि वृद्धिशील मध्यम आय घरेलू वर्ग अधिक सेवानिवृत्ति आयोजना उत्पादों की माँग करेगा। यह अनुमानित है कि दोनों जीवन और गैर-जीवन बाजारों में जारी सुदृढ़ प्रीमियम वृद्धि के साथ, वैश्विक प्रीमियम (जीवन और गैर-जीवन) 2024 में वास्तविक रूप में 7.6 ट्रिलियन अमेरिकी डालर तक 3.2 प्रतिशत बढ़ेंगे, जिसके बाद 2025 में 2.6 प्रतिशत वृद्धि तक कुछ मंदन होगा।

सारणी I.5: 2023 में विश्व में क्षेत्र वार वास्तविक प्रीमियम में वृद्धि

(प्रतिशत में)

क्षेत्र	जीवन	गैर-जीवन	कुल
उन्नत बाजार	-0.7	3.6	2.0
उभरते बाजार	7.8	5.3	6.6
एशिया-पैसिफिक	3.1	3.6	3.3
भारत	0.6	7.9	2.4
विश्व	1.3	3.9	2.8

स्रोत: स्विस आरई सिगमा विश्व बीमा रिपोर्ट (सं. 03/2024)

I.2.1.4 सिगमा डेटा के अनुसार, अमेरिका वैश्विक तौर पर सबसे प्रमुख बीमा बाजार बना हुआ है, जिसके कुल प्रीमियम 2023-24 में 3 ट्रिलियन अमेरिकी डालर से अधिक हैं। चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार है, जिसके कुल प्रीमियम 724 बिलियन अमेरिकी डालर है। ब्रिटेन तीसरे स्थान पर पहुंच गया है और जापान चौथे स्थान पर खिसक गया है। फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण कोरिया ने अपनी रैंकिंग बरकरार रखी, लेकिन नकारात्मक विकास और मुद्रा अवमूल्यन के कारण बाजार अंश खो दी।

वैश्विक परिदृश्य में भारतीय बीमा

I.2.1.5 भारत का बीमा बाजार वैश्विक रूप से सबसे तेजी से वृद्धि करनेवाले बीमा बाजारों में से एक है तथा स्विस आरई का पूर्वानुमान है कि भारत, जो वर्तमान में नंबर 10 पर है, अगले पाँच वर्षों में जी20 का सर्वाधिक तेजी से वृद्धि करनेवाला बाजार होगा। यह वृद्धि संबंधी दृष्टिकोण मजबूत आर्थिक वृद्धि, उभरती हुई प्रयोज्य आय, युवा जनसंख्या, संवर्धित जोखिम जागरूकता, डिजिटल व्यापन, और विनियामक प्रगति के आधार पर है। भारत, कनाडा, और ब्राजील ने पिछले वर्ष वैश्विक प्रीमियमों में अपने अंशों में वृद्धि की। शीर्षस्थ 20 स्थानों में एशियाई बाजारों के पाँच स्थान हैं, जो बाजार अंश के 22 प्रतिशत का निरूपण करते हैं।

I.2.1.6 स्विस आरई रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय बीमा बाजार ने बढ़ती हुई मुद्रास्फीति और उच्च-टिकट पालिसियों के लिए कर मानदंडों में परिवर्तनों के कारण कुछ मंदी का अनुभव किया है। यहाँ जीवन प्रीमियम परिमाण 2023-24 में 0.6 प्रतिशत बढ़े हैं, वहीं गैर-जीवन बीमा क्षेत्र ने 2023-24 में वृद्धि अनुभव की है जहाँ वास्तविक रूप में प्रीमियम 7.9 प्रतिशत बढ़ गये हैं। भारत में सावधि जीवन कवरों के लिए बढ़ती हुई माँग के संबंध में अनुमान है कि यह अनुमानित 5 प्रतिशत तक वास्तविक प्रीमियम वृद्धि को बढ़ायेगी।

सारणी I.6: 2023 में विश्व में क्षेत्र वार प्रीमियम की मात्रा

(बिलियन अमेरिकी डालर में)

क्षेत्र	जीवन	गैर-जीवन	कुल
उन्नत बाजार	2,185.58 (37.42)	3,655.51 (62.58)	5,841.09 (100)
उभरते बाजार	703.41 (52.30)	641.67 (47.70)	1,345.08 (100)
एशिया-पैसिफिक	1,062.14 (60.30)	699.47 (39.70)	1,761.61 (100)
भारत	100.19 (73.68)	35.77 (26.32)	135.96 (100)
विश्व	2,889.00 (40.20)	4,297.18 (59.80)	7,186.17 (100)

स्रोत: स्विस आरई विश्व बीमा रिपोर्ट (सं. 03/2024)
कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं

बीमा व्यापन और सघनता

I.2.1.7 बीमा व्यापन और सघनता दो ऐसे मानदंड हैं जिनका प्रयोग किसी भी देश में बीमा क्षेत्र के विकास के स्तर का आकलन करने के लिए प्रायः किया जाता है। जबकि बीमा व्यापन का मापन जीडीपी की तुलना में बीमा प्रीमियमों के प्रतिशत के तौर पर किया जाता है, बीमा सघनता का परिकलन जनसंख्या की तुलना में प्रीमियम के अनुपात (प्रति व्यक्ति प्रीमियम) के रूप में किया जाता है।

सारणी I.7: बीमा व्यापन भारत बनाम विश्व (प्रतिशत)

क्षेत्र	जीवन बीमा		गैर-जीवन बीमा		कुल (जीवन+गैर-जीवन)	
	2022	2023	2022	2023	2022	2023
भारत	3	2.8	1	1	4	3.7
विश्व	2.8	2.9	4	4.2	6.8	7


स्रोत: स्विस आरई संस्थान की सिगमा रिपोर्ट (सं. 03/2024)

टिप्पणी: भारत के लिए डेटा 12 महीनों, अप्रैल 2023 से मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2023-24), के लिए है, जबकि यह शेष विश्व के लिए कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए है।

I.2.1.8 2023-24 में, भारत का बीमा व्यापन 2022-23 में विद्यमान 4 प्रतिशत की तुलना में 3.7 प्रतिशत था। जीवन बीमा उद्योग के लिए बीमा व्यापन पिछले वर्ष में दर्ज 3 प्रतिशत से घटकर 2023-24 के दौरान 2.8 प्रतिशत रहा। गैर-जीवन बीमा उद्योग के संबंध में व्यापन 2022-23 में विद्यमान रूप में ही 2023-24 के दौरान 1 प्रतिशत रहा।

भारत के बीमा व्यापन और बीमा सघनता की दीर्घकालिक प्रवृत्ति चार्ट I.3 और चार्ट I.4 में प्रस्तुत है। चयनित देशों के लिए विश्व में व्यापन और सघनता की प्रवृत्तियाँ चार्ट I.5 और चार्ट I.6 में वर्णित हैं।

चार्ट I.3: भारत में बीमा व्यापन



स्रोतः स्विस आरीई, सिग्मा विश्व बीमा रिपोर्ट, विभिन्न अंक (व्यापन प्रतिशत में)

सारणी I.8: बीमा सघनता भारत बनाम विश्व (अमेरिकी डालर)

क्षेत्र	जीवन बीमा		गैर-जीवन बीमा		कुल (जीवन+गैर-जीवन)	
	2022	2023	2022	2023	2022	2023
भारत	70	70	22	25	92	95
विश्व	354	361	499	528	853	889

स्रोत: स्विस आरई संस्थान की सिगमा रिपोर्ट 03/24


टिप्पणी: भारत के लिए डेटा 12 महीनों, अप्रैल 2023 से मार्च 2024 (वित्तीय वर्ष 2023-24) के लिए है, जबकि यह शेष विश्व के लिए कैलेंडर वर्ष 2023 के 12 महीनों के लिए है।

I.2.1.9 2023-24 में भारत में बीमा सघनता ने एक साधारण वृद्धि दर्शाई, जो 2022-23 में दर्ज 92 अमेरिकी डालर से बढ़कर 2023-24 में 95 अमेरिकी डालर हो गई। विशेष रूप से, गैर-जीवन बीमा सघनता 22 अमेरिकी डालर से 25 अमेरिकी डालर तक बढ़ी, जबकि जीवन बीमा सघनता 70 अमेरिकी डालर पर स्थिर रही। बीमा सघनता में यह ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति 2016-17 से स्थिर रही है।

I.2.1.10 स्विस आरई सिगमा विश्व बीमा रिपोर्ट के अनुसार, बीमा व्यापन और बीमा सघनता वैश्वीक तौर पर जीवन खंड के लिए 2.9 प्रतिशत और 361 अमेरिकी डालर थी, तथा गैर-जीवन खंड के लिए 4.2 प्रतिशत और 528 अमेरिकी डालर थी। समग्र रूप से, बीमा व्यापन और सघनता 2023 में क्रमशः 7 प्रतिशत और 889 अमेरिकी डालर थी।


I.2.1.11 स्विस आरई द्वारा भारत में बीमा व्यापन और सघनता के अनुमान जो उसकी वार्षिक रिपोर्टों से एकत्र किये गये हैं, प्रस्तुत किये गये हैं। चयनित देशों में बीमा व्यापन क्रमशः विवरण 1 और 2 में पुनः प्रस्तुत किये गये हैं।

चार्ट I.4: भारत में बीमा सघनता (अमेरिकी डालर)



स्रोतः स्विस आरई सिगमा विश्व बीमा रिपोर्ट, विभिन्न अंक (सघनता अमेरिकी डालर में)


चार्ट I.5: 2023 में चयनित देशों में बीमा व्यापन (प्रतिशत में)



टिप्पणीः बीमा व्यापन का मापन जीडीपी की तुलना में बीमा प्रीमियम के प्रतिशत के रुप में किया जाता है।


स्रोतः स्विस आरई सिगमा विश्व बीमा रिपोर्ट (सं. 03/2024)

चार्ट I.6: चयनित देशों में बीमा सघनता 2023 (अमेरिकी डालर)



टिप्पणीः बीमा सघनता का मापन जनसंख्या की तुलना में बीमा प्रीमियम के अनुपात के रूप में किया जाता है।

चार्ट I.7: जीवन बीमाकर्ताओं का नया व्यवसाय प्रीमियम (करोड़ रुपये)



स्रोतः स्विस आरई सिगमा विश्व बीमा रिपोर्ट (सं. 03/2024)


I.2.2 जीवन बीमा क्षेत्र के भारतीय बीमा बाजार व्यवसाय कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन

I.2.2.1 भारत में जीवन बीमा बाजार ने वर्षों से एक सुसंगत प्रीमियम वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 के दौरान, जीवन बीमा

उद्योग ने 6.06 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 8.30 लाख करोड़ की प्रीमियम आय अंकित की है। निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं ने प्रीमियम में 15.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई है, जबकि सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता ने प्रीमियम में 0.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

I.2.2.2 नवीकरण प्रीमियम 2023-24 में 54.41 प्रतिशत पर जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम-अंकित कुल प्रीमियम में अपेक्षाकृत बड़े अंश का अंशदान लगातार कर रहा है। शेष 45.59 प्रतिशत का अंशदान नये व्यवसाय प्रीमियम द्वारा किया गया है। नये व्यवसाय प्रीमियम में वृद्धि, 9.79 प्रतिशत पर नवीकरण व्यवसाय की तुलना में 1.93 प्रतिशत है। एकल प्रीमियम उत्पाद सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता के लिए उसके कुल प्रीमियम के 38.60 प्रतिशत के अंशदान के साथ लगातार एक बड़े अंश का योगदान कर रहे हैं, जबकि निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं के लिए यह 22.38 प्रतिशत था। जीवन बीमा प्रीमियम के लिए बीमाकर्ता-वार डेटा विवरण 3 में प्रस्तुत किया गया है। संबद्ध और असंबद्ध रूप में जोखिम-अंकित कुल प्रीमियम का द्विभाजन विवरण 4 में दिया गया है।

चार्ट I.8: जीवन बीमाकर्ताओं का नवीकरण प्रीमियम
(करोड़ रुपये)




I.2.2.3 भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) भारत के बाहर व्यवसाय का जोखिम-अंकन करनेवाला एकमात्र भारतीय जीवन बीमाकर्ता है तथा उसने 2023-24 के दौरान रु.476.25 करोड़ के कुल प्रीमियम का संग्रहण किया है।

I.2.2.4 कुल प्रीमियम के 85.36 प्रतिशत का अंशदान करते हुए, पारंपरिक उत्पादों ने रु.7.08 लाख करोड़ का अंशदान किया तथा संबद्ध उत्पादों का अंश 14.64 प्रतिशत रहा। पारंपरिक उत्पादों से व्यवसाय 4.56 प्रतिशत बढ़ा और यह संबद्ध उत्पादों के लिए 15.73 प्रतिशत है।


I.2.2.5 जीवन बीमा खंड कुल जीवन बीमा प्रीमियम का 79.88 प्रतिशत बनता है जिसके बाद पेंशन और वार्षिकी खंडों का स्थान है जहाँ दोनों मिलकर लगभग 19.74 प्रतिशत बनते हैं। एक विस्तृत ब्योरा विवरण 5 में दिया गया है।

चार्ट I.9: जीवन बीमाकर्ताओं का कुल प्रीमियम
(करोड़ रुपये)



I.2.2.6 2023-24 के दौरान, जीवन बीमाकर्ताओं ने वैयक्तिक व्यवसाय के अंतर्गत 291.77 लाख नई पालिसियाँ जारी कीं, जिनमें से सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता ने 203.93 लाख पालिसियाँ (69.89 प्रतिशत) जारी कीं और निजी जीवन बीमाकर्ताओं ने 87.84 लाख पालिसियाँ (30.11 प्रतिशत) जारी की। जबकि निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं ने 9.23 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, वहीं सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट (डी-ग्रोथ) सूचित की तथा उद्योग ने पिछले वर्ष में उनके द्वारा जारी की गई नई पालिसियों की संख्या की तुलना में 2.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

चार्ट I.10: जीवन बीमा प्रीमियम में खंड-वार हिस्सेदारी (प्रतिशत में)



सारणी I.9: जीवन बीमाकर्ताओं का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

(₹. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	2022–23			2023–24		
		सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	उद्योग कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	उद्योग कुल
1	भारत के अंदर जोखिम-अंकित प्रीमियम (₹ करोड़)						
1 (क)	प्रथम वर्ष प्रीमियम (प्र. व.) (6.66)	39,089.94 (-4.20)	70,834.75 (-0.60)	**1,09,924.69** (-0.13)	39,037.95 (7.96)	76,469.86 (5.08)	**1,15,507.81**
1 (ख)	एकल प्रीमियम (18.90)	1,92,960.65 (62.75)	68,340.47 (27.92)	**2,61,301.13** (-4.83)	1,83,633.45 (15.98)	79,264.19 (0.61)	**2,62,897.64**
1 (ग)	नया व्यवसाय (प्र.व.+एकल प्रीमियम)	2,32,050.60 (16.65)	1,39,175.22 (20.05)	**3,71,225.82** (17.90)	2,22,671.40 (-4.04)	1,55,734.05 (11.90)	**3,78,405.45** (1.93)
1 (घ)	नवीकरण प्रीमियम	2,42,617.54 (5.90)	1,68,660.61 (13.46)	**4,11,278.15** (8.88)	2,53,080.52 (4.31)	1,98,443.49 (17.66)	**4,51,524.01** (9.79)
1 (ङ)	कुल प्रीमियम (नया + नवीकरण) (10.90)	4,74,668.14 (16.34)	3,07,835.83 (12.98)	**7,82,503.97** (0.23)	4,75,751.92 (15.05)	3,54,177.54 (6.06)	**8,29,929.46**
2	भारत के बाहर से प्रीमियम (₹ करोड़)	404.78	-	**404.78**	476.25	-	**476.25**
3	वैयक्तिक व्यवसाय के अंतर्गत जारी की गई नई पालिसियाँ (लाख में)	204.24 (-5.96)	80.42 (8.77)	**284.7** (-2.21)	203.93 (-0.18)	87.84 (9.23)	**291.77** (2.48)
4	**जोखिम-अंकित खंड-वार प्रीमियम (₹ करोड़)**	**संबद्ध**	**असंबद्ध**	**कुल**	**संबद्ध**	**असंबद्ध**	**कुल**
4 (क)	वार्षिकी	-	33,637.33	**33,637.33**	-	36,378.09	**36,378.09**
4 (ख)	स्वास्थ्य	146.60	594.58	**741.18**	132.22	551.54	**683.76**
4 (ग)	जीवन	91,479.51	5,05,741.57	**5,97,221.08**	1,06,459.45	5,56,474.15	**6,62,933.60**
4 (घ)	पेंशन	13,329.79	1,35,295.68	**1,48,625.47**	14,878.13	1,12,566.13	**1,27,444.26**
4 (ङ)	परिवर्ती	-	2,278.91	**2,278.91**	-	2,489.75	**2,489.75**
4 (च)	कुल	1,04,955.90	6,77,548.07	**7,82,503.97**	1,21,469.80	7,08,459.66	**8,29,929.46**
5	**प्रदत्त लाभ (₹ करोड़)**	**सरकारी क्षेत्र**	**निजी क्षेत्र**	**उद्योग कुल**	**सरकारी क्षेत्र**	**निजी क्षेत्र**	**उद्योग कुल**
5 (क)	मृत्यु दावा	23,423.34	18,034.00	**41,457.34**	22,624.61	19,659.60	**42,284.21**
5 (ख)	परिपक्वता	1,85,043.90	27,941.45	**2,12,985.34**	2,08,136.42	34,562.76	**2,42,699.18**
5 (ग)	अभ्यर्पण/प्रत्याहरण	1,11,896.15	86,943.27	**1,98,839.42**	1,33,803.32	95,441.88	**2,29,245.20**
5 (घ)	वार्षिकियाँ/ पेंशन	17,892.71	2,803.55	**20,696.26**	20,106.73	3,802.60	**23,909.33**
5 (ङ)	अन्य	1,056.57	21,830.19	**22,886.77**	1,278.07	37,605.36	**38,883.43**
5 (च)	**कुल**	**3,39,312.67**	**1,57,552.46**	**4,96,865.13**	**3,85,949.15**	**1,91,072.20**	**5,77,021.35**

टिप्पणीः 1. कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि को प्रतिशत में दर्शाते हैं।

2. मृत्यु दावा पुनर्बीमा को घटाकर है।

3. सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसआईएलआईसी) का जीवन बीमा व्यवसाय आईआरडीएआई द्वारा अपने आदेश दिनांक 02.06.2023 के अनुसार एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. को अंतरित किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उपर्युक्त डेटा/सूचना में एसआईएलआईसी से संबंधित डेटा/सूचना शामिल नहीं है।

जीवन बीमाकर्ताओं का वित्तीय कार्यनिष्पादन


I.2.2.7 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, जीवन बीमा क्षेत्र की कुल प्रदत्त पूँजी रु. 37,073 करोड़ पर स्थित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6.05 प्रतिशत वृद्धि को प्रतिबिंबित करती है। यह वृद्धि प्राथमिक रूप से टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में रु. 980 करोड़ की अतिरिक्त पूँजी लगाने तथा तीन नये जीवन बीमाकर्ताओं अर्थात् एक्को लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, क्रेडिट ऐक्सेस लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड और गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड द्वारा निवेश किये गये रु. 429 करोड़ के कारण थी। इसके अलावा, आठ अन्य जीवन बीमाकर्ताओं ने जीवन बीमा उद्योग में अतिरिक्त रू. 707 करोड़ अंतर्विष्ट किये। परिणामस्वरूप, राजकोषीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल प्रदत्त पूँजी पर निवल प्रभाव रु. 2,116 करोड़ की वृद्धि थी।

वर्ष के दौरान, दो निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं ने अन्य प्रकार की पूँजी के अंतर्गत कुल रु.299.50 करोड़ की राशि जुटाई। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, जीवन बीमाकर्ताओं के पास अन्य प्रकार की पूँजी की कुल राशि रु. 5,231.50 करोड़ थी।

I.2.2.8 जीवन बीमा उद्योग के पूँजीगत अभिलाभों और अन्य आय सहित निवेश आय (पालिसीधारकों और शेयरधारकों की) 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार 59 प्रतिशत बढ़कर रु. 6.19 लाख करोड़ हुई। जबकि सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता ने 21.29 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की, वहीं निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं ने वर्ष 2023-24 में निवेश आय में 220.12 प्रतिशत वृद्धि का अनुभव किया।

I.2.2.9 2023-24 के दौरान 18 जीवन बीमा कंपनियों ने लाभों की सूचना दी। जीवन बीमा उद्योग के लाभ, 2022-23 में दर्ज रु. 42,788 करोड़ की तुलना में 2023-24 में रु. 47,407 करोड़ के कर के बाद लाभ (पीएटी) सहित 10.79 प्रतिशत बढ़े। सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता ने लाभों में 11.75 प्रतिशत वृद्धि सूचित की जबकि निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं ने एकसाथ मिलकर 2023-24 के दौरान लाभ में 5.32 प्रतिशत वृद्धि की सूचना दी। निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा भुगतान किया गया लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए रु. 1,549.83 करोड़ पर स्थित है। सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता ने वर्ष 2023-24 के लिए अपने शेयरधारकों को लाभांश के रूप में (अंतरिम लाभांश सहित) रु. 4,427.50 करोड़ का भुगतान किया है।

चार्ट I.11: जीवन बीमाकर्ताओं का कर के बाद लाभ
(रु. करोड़)



I.2.2.10 आईआरडीएआई (जीवन बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के प्रबंधन व्यय) विनियम, 2023 अन्य बातों के साथ-साथ उत्पाद के प्रकार और स्वरूप, प्रीमियम भुगतान अवधि तथा बीमा व्यवसाय की अवधि को हिसाब में लेते हुए प्रबंधन व्ययों की अनुमति-योग्य सीमाएँ निर्धारित करते हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, 26 जीवन बीमाकर्ताओं में से, 17 उपर्युक्त विनियमों के अनुपालनकर्ता थे। आठ जीवन बीमाकर्ताओं ने समग्र आधार पर सममूल्य और सममूल्येतर (संबद्ध सहित) में व्ययों की सीमाओं का अतिक्रमण किया था तथा स्थगन (फारबेअरन्स) के लिए उनका अनुरोध जाँच के अधीन है। जीवन बीमा उद्योग ने 2023-24 के दौरान कुल रु.1.40 लाख करोड़ के प्रबंधन व्यय सूचित किये जो कुल प्रीमियम का 16.94 प्रतिशत थे।

I.2.2.11 2023-24 के दौरान, जीवन बीमाकर्ताओं ने कमीशन के रूप में रु. 51,524 करोड़ की कुल राशि का भुगतान किया। कमीशन व्यय अनुपात (प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त कमीशन व्यय) में 2022-23 के 5.41 प्रतिशत से 2023-24 में 6.21 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। तथापि, कुल कमीशन भुगतान में पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 के दौरान 21.74 प्रतिशत (कुल प्रीमियम वृद्धि 6.06 प्रतिशत) वृद्धि हुई।

I.2.2.12 जीवन बीमाकर्ताओं के परिचालन व्यय 2023-24 में रु. 89,044 करोड़ तक 0.45 प्रतिशत गिरावट आई तथा जीवन बीमा उद्योग के परिचालन व्यय अनुपात (जोखिम-अंकित सकल प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में परिचालन व्यय) में 2022-23 के 11.43 प्रतिशत से 2023-24 में 10.73 प्रतिशत तक कमी आई।

सारणी I.10: जीवन बीमाकर्ताओं का वित्तीय कार्यनिष्पादन

(राशि रु. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	2022-23			2023-24		
		सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	उद्योग कुल	सरकारी क्षेतर	निजी क्षेत्र	उद्योग कुल
1	**प्रदत्त पूँजी**						
1(क)	वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में	6,325.00	29,221.75	**35,546.75**	6,325.00	28,632.05	**34,957.05**
1(ख)	वित्तीय वर्ष के दौरान परिवर्धन	0	(-)589.70	**(-)589.70**		2,116.50	**2,116.50**
1 (ग)	वित्तीय वर्ष के अंत में	6,325.00	28,632.05	**34,957.05**	6,325.00	30,748.55	**37,073.55**
2	कमीशन व्यय						
2(क)	प्रथम वर्ष कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में	12,558.62	11,872.05	**24,430.67**	12,358.00	17,291.90	**29,649.90**
	वृद्धि प्रतिशत में	15.96	39.17	26.19	-1.60	45.65	21.36
2(ख)	एकल प्रीमियम पर कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में	514.77	1,085.84	**1,600.61**	485.56	4,079.03	**4,564.59**
	वृद्धि प्रतिशत में	0.27	1.59	0.61	-5.67	275.66	185.18
2(ग)	नया व्यवसाय कमीशन (क+ख) पिछले वर्ष की तुलना में	13,073.39	12,957.88	**26,031.28**	12,843.56	21,370.93	**34,214.49**
	वृद्धि प्रतिशत में	5.63	9.31	7.01	-1.76	64.93	31.44
2 (घ)	नवीकरण कमीशन पिछले वर्ष की तुलना में	12,506.97	3,783.67	**16,290.65**	13,115.56	4,194.00	**17,309.56**
	वृद्धि प्रतिशत में	5.16	2.24	3.96	4.87	10.84	6.25
2(ङ)	कुल कमीशन (ग+घ) पिछले वर्ष की तुलना में	25,580.37	16,741.56	**42,321.92**	25,959.12	25,564.93	**51,524.05**
	वृद्धि प्रतिशत में	5.39	5.44	5.41	1.48	52.70	21.74
3	परिचालन व्यय पिछले वर्ष की तुलना में	48,145.60	41,297.02	**89,442.62**	48,121.68	40,922.23	**89,043.91**
	वृद्धि प्रतिशत में	10.14	13.42	11.43	-0.05	-0.91	-0.45
4	निवेश आय	3,15,189.00	73,873.00	**3,89,062.00**	3,82,286.91	2,36,484.56	**6,18,771.47**
5	कर के बाद लाभ	36,397	6,391	42,788	40,675.79	6,731.49	**47,407.28**
6	प्रदत्त लाभांस (अंतरिम लाभांश सहित)	948.75	1229.91	**2,178.66**	4,427.50	1,549.83	**5,977.33**

जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रदत्त लाभ

I.2.2.13 जीवन बीमा उद्योग ने 2023-24 में रु. 5.77 लाख करोड़ के कुल लाभों का भुगतान किया जिसमें निवल प्रीमियम का 70.22 प्रतिशत शामिल है। अभ्यर्पणों / प्रत्याहरणों के कारण अदा किये गये भुगतानों में 2023-24 में रु. 2.29 लाख करोड़ तक 15.29 प्रतिशत वृद्धि हुई जिसमें से सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता का प्रतिशत 58.36 है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कुल अभ्यर्पण लाभों में से संबद्ध पालिसियों के लिए लाभ निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं के लिए 33.21 प्रतिशत रहे और सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता के लिए 1.04 प्रतिशत रहे।


सारणी I.11: जीवन बीमाकर्ताओं के वास्तविक मृत्यु दावे

(₹ करोड में)

खंड	विवरण	कुल दावे	भुगतान किये गये दावे	निराकृत दावे	अस्वीकृत दावे	अदावी दावे	वित्तीय वर्ष के अंत में लंबित दावे
वैयक्तिक व्यवसाय	पालिसियों की संख्या	10,00,045	9,82,615	10,375	6,033	564	458
	प्रतिशत में	100	98.26	1.04	0.60	0.06	0.05
	प्रदत्त राशि (₹ करोड़ में)	30,224	28,868	865	28	48	414
	प्रतिशत में	100	95.51	2.86	0.09	0.16%	1.37
सामूहिक व्यवसाय	जीवनों की संख्या	14,86,853	14,80,087	4,206	253	1	2,306
	प्रतिशत में	100	99.54	0.28	0.02	0.00	0.16
	प्रदत्त राशि (₹ करोड़ में)	20,221	19,644	443	10	0	123
	प्रतिशत में	100	97.15	2.19	0.05	0.00	0.61


टिप्पणी: 1. अस्वीकृत दावे ऐसे दावे हैं जिनपर पालिसी की शर्तों के अनुसार विचार नहीं किया जा सकता।
2. निराकृत दावे ऐसे दावे हैं जिन पर बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 45 के उपबंधों के अनुसार विचार नहीं किया जा सकता।

चार्ट I.12: जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रदत्त लाभ (रु. करोड़)



I.2.2.14 2023-24 के दौरान, गैर-जीवन बीमा उद्योग ने पिछले वर्ष की तुलना में 12.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए भारत में रु. 2.90 लाख करोड़ के कुल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया। सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं का अंशदान 2022-23 में अंकित रु. 82.89 लाख करोड़ से 2023-24 में रु. 90,252 लाख करोड़ तक 8.88 प्रतिशत बढ़ा। निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) ने 2022-23 में दर्ज रु.1.58 लाख करोड़ की तुलना में रु.1.88 लाख करोड़ का जोखिम-अंकन किया है। सभी गैर-जीवन बीमाकर्ताओं में से, वर्ष 2023-24 में परिचालन करनेवाले 24 निजी बीमाकर्ताओं (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) ने पिछले वर्ष की तुलना में जोखिम-अंकित प्रीमियम में वृद्धि सूचित की। विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने रु. 11,211 करोड़ की राशि के सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया। सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं ने मिलकर बाजार अंश के 35.03 प्रतिशत का अंशदान किया, जबकि निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं ने शेष 64.97 प्रतिशत का अंशदान किया।

चार्ट I.13: गैर-जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा भारत में जोखिम-अंकित प्रीमियम (रु. करोड़)



I.2.2.15 युनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को छोड़कर तीन सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता भारत के बाहर साधारण बीमा व्यवसाय का जोखिम-अंकन कर रहे हैं। इन तीन सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं द्वारा देश के बाहर जोखिम-अंकित कुल प्रीमियम 2022-23 में दर्ज रु. 3,434 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 14.72 प्रतिशत की वृद्धि अंकित करते हुए रु. 3,939 करोड़ रहा।

I.2.2.16 गैर-जीवन बीमा व्यवसाय के अंतर्गत विभिन्न खंडों के बीच, स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय सबसे बड़ा खंड है जिसका अंशदान कुल प्रीमियम का 40.29 प्रतिशत है (2022-23 में 38.02 प्रतिशत)। स्वास्थ्य बीमा खंड ने 19.50 प्रतिशत की वृद्धि सूचित की (2022-23 में 21.32 प्रतिशत वृद्धि)। मोटर खंड ने 12.91 प्रतिशत की वर्षानुवर्ष वृद्धि का साक्षात्कार किया है जहाँ प्रीमियम संग्रहण 2022-23 के रु.81,280 करोड़ से 2023-24 में रु.91,780 करोड़ की राशि तक बढ़ा। कुल प्रीमियम में मोटर खंड का अंश पिछले वर्ष के 31.64 प्रतिशत से सीमांत रूप से बढ़कर 31.68 प्रतिशत रहा। 2023-24 में अग्नि खंड में प्रीमियम संग्रहण 7.27 प्रतिशत बढ़ा और मरीन खंड में 0.65 प्रतिशत वृद्धि हुई।

सारणी I.12: साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

(रु. करोड़)

क्र. सं.	विवरण	2022-23					2023-24				
		सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	एसएएच आई	विशेषीकृत बीमाकर्ता	उद्योग कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	एसएएच आई	विशेषीकृत बीमाकर्ता	उद्योग कुल
1	भारत मे सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम	82,891.26 (10.47)	1,31,941.83 (20.22)	26,243.85 (25.77)	15,817.32 (5.12)	**2,56,894.27 (16.4)**	90,252.13 (8.88)	1,55,090.19 (17.55)	33,119.30 (26.20)	11,211.34 (-29.12)	**2,89,683.22 (12.76)**
2	भारत मे और बाहर सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम	86,324.81 (10.2)	1,31,941.83 (20.22)	26,243.85 (25.77)	15,817.32 (5.12)	**2,60,327.82 (16.22)**	94,191.20 (9.11)	1,55,090.19 (17.55)	33,119.30 (26.20)	11,211.34 (-29.12)	**2,93,622.30 (12.79)**
3	जोखिम-अंकित खंड-वार प्रीमियम (भारत मे)										
3क	अग्नि	8,889.69	15,046.44	लागू नहीं	लागू नहीं	**23,936.12**	9,223.41	16,443.11	लागू नहीं	लागू नहीं	**25,666.52**
3ख	मरीन	2,155.49	2,903.17	लागू नहीं	लागू नहीं	**5,058.66**	2,157.53	2,933.96	लागू नहीं	लागू नहीं	**5,091.49**
3ग	मोटर	23,689.90	57,590.14	लागू नहीं	लागू नहीं	**81,280.04**	25,817.49	65,963.05	लागू नहीं	लागू नहीं	**91,780.54**
3घ	स्वास्थ्य (वैयक्तिक दुर्घटना सहित)	41,172.21	30,247.44	26,243.85	लागू नहीं	**97,663.50**	43,567.17	40,007.47	33,119.30	लागू नहीं	**1,16,693.95**
3ङ	अन्य	6,983.97	26,154.66	लागू नहीं	15,817.32	**48,955.94**	9,486.54	29,742.60	-	11,211.34	**50,440.48**
3च	कुल	82,891.26	1,31,941.83	26,243.85	15,817.32	**2,56,894.27**	90,252.13	1,55,090.19	33,119.30	11,211.34	**2,89,672.97**
4	जारी की गई पालिसियाँ (लाख में)	603.74 (-4.46)	1,699.84 (19.41)	138.26 (9.78)	576.26 (21.24)	**3,018.1 (13.6)**	645.72 (6.95)	2,004.72 (17.94)	151.11 (9.29)	558.32 (-3.11)	**3,359.88 (11.32)**
5	निवल उपगत दावे	70,643.49	60,201.57	12,787.28	5,680.40	**1,49,312.74**	77,970.83	73,084.55	16,630.62	4,604.46	**1,72,290.45**

टिप्पणीः कोष्ठक में आंकड़े वृद्धि प्रतिशत दर्शाते हैं।


साधारण, स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं का वित्तीय कार्यनिष्पादन

I.2.2.17 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, सभी गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की संयुक्त प्रदत्त पूँजी रु. 42,245 करोड़ रही, जहाँ पिछले वर्ष की रु.40,375 करोड़ की राशि से वृद्धि दर्शाती है। 2023-24 के दौरान, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने अपने ईक्विटी पूँजी आधार में रु. 1,870 करोड़ का परिवर्धन किया। निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं ने उक्त वित्तीय वर्ष में रु. 1,065 करोड़ लगाये, जबकि स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने रु. 805 करोड़ की पूँजी की राशि अंतर्विष्ट की।

I.2.2.18 वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, साधारण बीमा कंपनियों ने रु. 1,687 करोड़ की अन्य प्रकार की पूँजी जुटाई है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार कुल अन्य प्रकार की पूँजी रु. 6,014 करोड़ है।

I.2.2.19 कमीशन व्यय और परिचालन व्यय कुल व्ययों का बड़ा भाग बनते हैं। सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं, निजी साधारण बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के सकल कमीशन व्यय 2023-24 के लिए क्रमशः रु. 7,359 करोड़, रु. 26,235 करोड़, रु. 5,940 करोड़ और रु. 66 करोड़ पर रहे, इस प्रकार संचयी तौर पर गैर-जीवन बीमा उद्योग के लिए रु. 39,601 करोड़ का कुल सकल कमीशन व्यय किया गया। गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के परिचालन व्यय 2022-23 में दर्ज रु.54,862 करोड़ की तुलना में 2023-24 में रु.38,653 करोड़ पर रहे, इस प्रकार 29.55 प्रतिशत की समग्र कमी दर्शाई गई। सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं, निजी साधारण बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के परिचालन व्यय 2023-24 के लिए क्रमशः रु.14,658 करोड़, रु.17,482 करोड़, रु.5,765 करोड़ और रु.747 करोड़ पर रहे।

चार्ट I.14: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के परिचालन व्यय (रु. करोड़)



I.2.2.20 वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, एक निजी बीमाकर्ता प्रबंधन व्ययों (ईओएम) से संबंधित मानदंडों की छूट अवधि के अंतर्गत था क्योंकि उक्त बीमाकर्ता को परिचालनों के अपने प्रथम पाँच वर्ष अभी पूरे करने थे। शेष बीमाकर्ताओं में से 16 बीमाकर्ता अनुपालनकर्ता थे, 15 बीमाकर्ता अननुपालनकर्ता थे और स्थगन (फारबेअरन्स) के लिए उनका अनुरोध जाँच के अधीन है। रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस लि. के मामले में, उसका व्यवसाय संविभाग रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. को अंतरित किया गया है तथा दो नये बीमाकर्ताओं अर्थात् नारायणा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड और गैलक्सी हेल्थ एण्ड अलायड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने परिचालन प्रारंभ नहीं किये हैं।

I.2.2.21 2023-24 के दौरान सभी गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की निवेश आय रु.44,129 करोड़ (2022-23 में रु.38,839 करोड़) थी जिसने 13.62 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं, निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं की निवेश आय में वृद्धि क्रमशः 3.40 प्रतिशत, 24.49 प्रतिशत, 37.74 प्रतिशत और 10.66 प्रतिशत थी।

I.2.2.22 गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की जोखिम-अंकन हानियों में 2023-24 में रु. 28,555 करोड़ तक कमी आई (पिछले वर्ष में रु. 32,797 करोड़)। उक्त हानियाँ पिछले वर्ष की तुलना में 12.93 प्रतिशत कम हुईं। सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं की जोखिम-अंकन हानियाँ रु.18,862 करोड़ की गैर-जीवन उद्योग हानियों का 66 प्रतिशत थीं तथा शेष निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं की थीं जो रु. 10,758 करोड़ थीं। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य

बीमाकर्ताओं ने 2023–24 में जोखिम–अंकन हानियों में वृद्धि सूचित की जो 2022–23 में दर्ज रु.529 करोड़ की जोखिम–अंकन हानि की तुलना में रु.723 करोड़ है। विशेषीकृत बीमाकर्ताओं का जोखिम–अंकन लाभ 2022–23 के रु. 1,747 करोड़ से बढ़कर 2023–24 में रु. 1788 करोड़ हुआ।

I.2.2.23 वर्ष 2023–24 के दौरान, गैर–जीवन बीमा क्षेत्र का समग्र लाभ 2022–23 में दर्ज रु. 2,566 करोड़ की निवल हानि की तुलना में रु.10,119 करोड़ तक बढ़ा। सरकारी क्षेत्र कंपनियों ने रु. 157 करोड़ का लाभ सूचित किया। कर के बाद लाभ निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं के लिए रु. 5,983 करोड़ था, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के लिए रु. 3,063 करोड़ था और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए रु. 915 करोड़ था।

I.2.2.24 वर्ष 2023–24 के दौरान, सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं ने रु. 318.06 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया। तथापि, छह निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं ने संयुक्त रूप से रु. 1,403.50 करोड़ की राशि के लाभांशों का भुगतान किया। 2023–24 में किसी भी स्टैंड–अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता और विशेषीकृत बीमाकर्ता ने लाभांशों का भुगतान नहीं किया।

सारणी I.13: साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के वित्तीय कार्यनिष्पादन संकेतक

(रु. करोड़)


क्र. सं.	विवरण खंड	2022–23					2023–24				
		सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	एसए एच आई	विशेषीकृत बीमाकर्ता	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	एसए एच आई	विशेषीकृत बीमाकर्ता	कुल
1	**साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं की प्रदत्त पूँजी**										
	वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में	18,724.00	10,341.76	4,639.33	4,150.00	**37,855.09**	18,724.00	12,033.19	5,080.10	4,538.00	**40,375.29**
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	0.00	1691.43	440.77	388.00	**2,520.20**	0.00	1064.86	805.18	0.00	**1870.04**
	वित्तीय वर्ष के अंत में	18,724.00	12,033.19	5,080.10	4,538.00	**40,375.29**	18,724.00	13,098.05	5,885.29	4,538.00	**42,245.34**
2	**कमीशन व्यय**										
2(क)	अग्नि	1,051.91	1,322.54	लागू नहीं	लागू नहीं	**2,374.45**	1,224.28	1,944.19	लागू नहीं	लागू नहीं	**3,168.48**
2(ख)	मरीन	193.40	324.00	लागू नहीं	लागू नहीं	**517.4**	201.57	411.61	लागू नहीं	लागू नहीं	**613.19**
2(ग)	मोटर	2,355.06	4,890.36	लागू नहीं	लागू नहीं	**7,245.42**	3,099.07	16,578.20	लागू नहीं	लागू नहीं	**19,677.27**
2(घ)	स्वास्थ्य	1,958.56	2,732.89	3486.64	लागू नहीं	**8,178.09**	1,926.58	5,570.75	5,939.98	लागू नहीं	**13,437.31**
2(ङ)	अन्य	781.96	922.54	लागू नहीं	124.84	**1,829.34**	907.66	1730.46	लागू नहीं	66.21	**2,704.33**
	कुल	**6,340.89**	**10,192.33**	**3,486.64**	**124.84**	**20,144.70**	**7,359.16**	**26,235.22**	**5,939.98**	**66.21**	**39,600.56**
3	परिचालन व्यय	21,012.59	27,169.30	5,955.18	719	**54,856.06**	14,658.09	17,482.14	5,765.17	747.42	**38652.83**
4	निवेश आय	19,655.63	15,585.69	1,551.59	2,046.48	**38,839.38**	20,324.02	19,403.36	2137.10	2,264.55	**44129.04**
5	कर के बाद लाभ	-10,607.44	4,664.69	447.21	2,929.84	**-2,565.70**	157.34	5,983.35	914.75	3,063.28	**10118.72**
6	जोखिम-अंकन लाभ/हानियाँ	-25,316.56	-8,698.81	-528.8	1,746.69	**-32797.47**	-18,862.47	-10,758.37	-722.82	1788.39	-28555.27
7	प्रदत्त लाभांश	49.44	1166.21	0.00	40.00	**1255.65**	318.06	1403.50	0	40.0	**1761.56**

साधारण बीमाकर्ताओं, स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के दावे:

I.2.2.25 2023-24 के दौरान, समग्र निवल उपगत दावों ने पिछले वर्ष के रु. 1.72 लाख करोड़ की राशि की तुलना में 15.39 प्रतिशत वृद्धि सूचित की (पिछले वर्ष के दौरान रु.1.49 लाख करोड़)। अलग से, सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं, निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने क्रमशः 10.37 प्रतिशत, 21.4 प्रतिशत और 30.06 प्रतिशत की वृद्धि सूचित की, जबकि विशेषीकृत बीमाकर्ताओं ने उपगत दावों में 18.94 प्रतिशत कमी की सूचना दी।

I.2.2.26 गैर-जीवन बीमा उद्योग का उपगत दावा अनुपात (निवल अर्जित प्रीमियम की तुलना में निवल उपगत दावे) पिछले वर्ष के 82.95 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 के दौरान 82.52 प्रतिशत था। सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं के लिए उपगत दावा अनुपात पिछले वर्ष के 99.02 प्रतिशत के उपगत दावा अनुपात की तुलना में वर्ष 2023-24 के लिए 97.23 प्रतिशत था। जबकि निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं, स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के लिए उपगत दावा अनुपात पिछले वर्ष के क्रमशः 75.13 प्रतिशत, 61.44 प्रतिशत और 73.71 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2023-24 के लिए क्रमशः 76.49 प्रतिशत, 63.63 प्रतिशत और 66.58 प्रतिशत थे।

चार्ट I.15: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के निवल उपगत दावे (रु. करोड़)




सारणी I.14: साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं का खंड-वार उपगत दावा अनुपात

क्रम सं.	विवरण	2022-23					2023-24				
		सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	विशेषीकृत बीमाकर्ता	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	विशेषीकृत बीमाकर्ता	कुल
क	अग्नि	66.21	44.11	लागू नहीं	लागू नहीं	**57.99**	83.46	69.67	लागू नहीं	लागू नहीं	**78.33**
ख	मरीन	56.89	87.90	लागू नहीं	लागू नहीं	**75.13**	54.01	83.50	लागू नहीं	लागू नहीं	**72.39**
ग	मोटर	102.55	75.60	लागू नहीं	लागू नहीं	**84.48**	99.57	73.30	लागू नहीं	लागू नहीं	**81.98**
घ	स्वास्थ्य	105.77	80.09	61.44	लागू नहीं	**87.27**	103.16	83.49	63.63	लागू नहीं	**86.35**
ङ	अन्य	78.15	69.58	लागू नहीं	73.71	**73.10**	75.26	74.98	लागू नहीं	66.58	**72.78**
	कुल	**99.02**	**75.13**	**61.44**	**73.71**	**82.95**	**97.23**	**76.49**	**63.63**	**66.58**	**82.52**

I.2.2.27 वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान विशिष्ट बीमा कंपनियों सहित सामान्य बीमा कंपनियों ने कुल ₹1,01,050 करोड़ के दावों (स्वास्थ्य बीमा कारोबार को छोड़कर) का भुगतान किया है। इसमें से निजी सामान्य बीमा कंपनियों ने 55 प्रतिशत यानी ₹55,524 करोड़ का भुगतान किया है, जबकि पीएसयू सामान्य बीमा कंपनियों ने 32 प्रतिशत यानी ₹32,131 करोड़ का भुगतान किया है। विशिष्ट बीमा कंपनियों ने ₹13,396 करोड़ यानी 13 प्रतिशत का भुगतान किया है।

चार्ट I.16: वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सामान्य बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए दावे (स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय को छोड़कर)



सारणी I.15: साधारण बीमा कंपनियों द्वारा भुगतान किए गए व्यवसाय-वार दावे
(स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय को छोड़कर)

(रु. करोड़)

एल.ओ.बी	सरकारी क्षेत्र	निजी-एसएएचआई को छोड़कर	विशेषीकृत
अग्नि	4,696	5,791	-
मरीन (कार्गो)	659	1,797	-
मरीन (पतवार)	380	59	-
विमानन	85	110	-
इंजीनियरिंग	684	771	-
मोटर ओ.डी.	8,858	18,420	-
मोटर टीपी	14,233	13,517	-
देयता बीमा	194	886	-
फसल बीमा	1,251	12,408	12,938
क्रेडिट बीमा	49	91	450
अन्य सभी विविध	1,042	1,674	7
कुल	**32,131**	**55,524**	**13,396**

बीमाकर्ताओं के व्यवसाय के स्थान

जीवन बीमा क्षेत्र

I.2.2.28 जीवन बीमा कार्यालयों की संख्या 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार 11,517 थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 261 अधिक है। जीवन बीमा कार्यालयों का लगभग 60 प्रतिशत स्तर I केन्द्रों में हैं जहाँ जनसंख्या एक लाख और उससे अधिक है। जीवन बीमा कार्यालयों का लगभग 0.77 प्रतिशत स्तर VI केन्द्रों में है जो 5,000 से कम जनसंख्या से युक्त हैं।


I.2.2.29 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता के पास देश में 785 जिलों में से 696 जिलों में कार्यालय थे, जो सभी जिलों के 89 प्रतिशत को सम्मिलित करते हैं, जबकि निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं के 621 जिलों में कार्यालय थे, जो देश में सभी जिलों के 79 प्रतिशत को कवर करते हैं। सरकारी और निजी बीमाकर्ताओं ने मिलकर देश में सभी जिलों के लगभग 90 प्रतिशत को कवर किया है। 36 राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों (यूटी) में से 20 में सभी जिलों को जीवन बीमा कार्यालयों के द्वारा कवर किया गया है। किसी जीवन बीमा कार्यालय के बिना रह गये जिलों की संख्या देश में 80 है, जिनमें से 73 जिले उत्तर-पूर्वी राज्यों के हैं।

सारणी I.16: जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालय


स्थान	31 मार्च 2023 को			31 मार्च 2024 को		
	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल
स्तर I	1,855	4,834	**6,689**	1,858	5,024	**6,882**
स्तर II	562	749	**1,311**	562	786	**1,348**
स्तर III	1,360	496	**1856**	1,360	515	**1,875**
स्तर IV	1,043	114	**1157**	1,043	120	**1,163**
स्तर V	126	31	**157**	126	34	**160**
स्तर VI	55	31	**86**	55	34	**89**
कुल	**5,001**	**6,255**	**11,256**	**5,004**	**6,513**	**11,517**

स्तर I - जनसंख्या 1,00,000 और उससे अधिक *स्तर II - जनसंख्या 50,000 से 99,999 तक* *स्तर III - जनसंख्या 20,000 से 49,999 तक*
स्तर IV - जनसंख्या 10,000 से 19,999 तक *स्तर V - जनसंख्या 5,000 से 9,999 तक* *स्तर VI - जनसंख्या 5,000 से कम*

चार्ट I.17: जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालयों का स्तर-वार वितरण



चार्ट I.18: गैर-जीवन बीमाकर्ताओं के कार्यालयों का स्तर-वार वितरण



सारणी I.17: साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के कार्यालय

स्थान	31 मार्च 2023 को					31 मार्च 2024 को				
	सरकारी	निजी	एसएएचआई	विशेषीकृत	कुल	सरकारी	निजी	एसएएचआई	विशेषीकृत	कुल
स्तर I	3,477	2,449	1,220	72	**7,218**	3,296	2,579	1,325	73	**7,273**
स्तर II	783	170	177	-	**1,130**	711	270	186	0	**1,167**
स्तर III	781	48	107	-	**936**	658	71	118	0	**847**
स्तर IV	405	14	22	-	**441**	320	21	27	0	**368**
स्तर V	124	16	0	-	**140**	114	13	0	0	**127**
स्तर VI	42	9	1	-	**52**	38	0	1	0	**39**
कुल	**5,612**	**2,706**	**1,527**	**72**	**9,917**	**5,137**	**2,954**	**1,657**	**73**	**9,821**

साधारण और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र

I.2.2.30 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, साधारण बीमाकर्ता देश भर में, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 8,390 कार्यालयों के मुकाबले 8164 कार्यालयों से (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) परिचालन कर रहे थे। पिछले वित्तीय वर्ष से तुलना करने पर, सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं के लिए 475 कार्यालयों की कमी है, निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं के लिए 246 कार्यालयों की वृद्धि है तथा विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के लिए 1 कार्यालय की वृद्धि है। समग्र रूप में पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 226 साधारण बीमा कार्यालयों की कमी है (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर)।

I.2.2.31 साधारण बीमाकर्ताओं के 5948 (72.86 प्रतिशत) कार्यालय 1,00,000 से अधिक जनसंख्या वाले स्तर I क्षेत्रों में स्थित हैं। साधारण बीमाकर्ताओं के 981 कार्यालय (12.02 प्रतिशत) 50,000 और 99,999 के बीच की जनसंख्या से युक्त स्तर II क्षेत्रों में स्थित हैं। साधारण बीमाकर्ताओं के 728 (8.92 प्रतिशत) कार्यालय 20,000 और 49,999 के बीच की जनसंख्या से युक्त स्तर III क्षेत्रों में स्थित हैं। साधारण बीमाकर्ताओं के 341 (4.18 प्रतिशत) कार्यालय 10,000 और 19,999 के बीच की आबादी वाले स्तर IV क्षेत्रों में हैं। साधारण बीमाकर्ताओं के 127 (1.56 प्रतिशत) कार्यालय 5,000 से 9,999 के बीच की जनसंख्या से युक्त स्तर V क्षेत्रों में हैं। साधारण बीमाकर्ताओं के 38 (0.47 प्रतिशत) कार्यालय 5,000 से कम जनसंख्या वाले स्तर VI क्षेत्रों में स्थित हैं।

I.2.2.32 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं (एसएएचआई) के कार्यालयों की संख्या 1,657 रही, जबकि यह 31 मार्च 2023 को 1,527 थी। इस स्थिति के होते हुए, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, एसएएचआई कंपनियों के 130 कार्यालयों की बढ़ोतरी है। कार्यालयों के टियर-वार वर्गीकरण के अनुसार यह पाया गया है कि कार्यालयों का 80 प्रतिशत (1,325 कार्यालय) स्तर-I नगरों में है, उक्त कार्यालयों का 11 प्रतिशत (186 कार्यालय) स्तर-II शहरों में स्थित है, उक्त कार्यालयों का 7 प्रतिशत (118 कार्यालय) स्तर-III शहरों में स्थित हैं तथा उक्त कार्यालयों का 2 प्रतिशत (27 कार्यालय) स्तर-IV शहरों में स्थित है। स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कोई कार्यालय स्तर-V में नहीं हैं और स्तर-VI शहरों में इनका एक कार्यालय है।

I.3 प्राधिकृत बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं की संख्या और विवरण

I.3.1 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार, पंजीकृत बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं की कुल संख्या 73 थी। भारत में परिचालन करनेवाले 26 जीवन बीमाकर्ता, 25 साधारण बीमाकर्ता और 7 स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता हैं। पंजीकृत बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं की सूची अनुबंध 1 में दी गई है।

सारणी I.18: पंजीकृत बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं की संख्या

बीमाकर्ता का प्रकार	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल
जीवन	1	25	26
साधारण	4	21	25
विशेषीकृत	2	–	2
स्टैंडअलोन स्वास्थ्य	–	8	8
पुनर्बीमाकर्ता/ एफआरबीएस	1	11	12
कुल	**8**	**65**	**73#**

टिप्पणीः आईआरडीएआई ने आदेश संदर्भ सं. आईआरडीएआई/एफएण्डए/ओआरडी/ एसओएलपी/200/11/2019 दिनांक 06 नवंबर 2019 के द्वारा रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस लि. को नई पालिसियों की बिक्री रोकने के लिए निदेश जारी किये।

आईआरडीएआई द्वारा उनके आदेश दिनांक 2.6.2023 के अनुसार सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसआईएलआईसी) का जीवन बीमा व्यवसाय एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसबीआई लाइफ) को अंतरित किया गया है।

#उपरोक्त सूची में रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड और सहारा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड दोनों शामिल है।

I.4 बीमा बाजार को विकसित करने के लिए नीतियाँ और उपाय

I.4.1 प्रतिभू बीमा दिशानिर्देशों संबंधी आशोधन

I.4.1.1 आईआरडीएआई ने प्रतिभू बीमा दिशानिर्देश, 2022 के संशोधन के संबंध में परिपत्र दिनांक 15 मई 2023 जारी किया। उक्त दिशानिर्देशों ने खंड 6.1(क) के अंतर्गत निर्धारित किया कि साधारण बीमाकर्ता प्रतिभू व्यवसाय का जोखिम-अंकन केवल तभी कर सकता है जब शोधन-क्षमता मार्जिन का अनुरक्षण शोधन-क्षमता के स्तर से 1.25 गुना से अन्यून तौर पर किया जाता है। सभी वाणिज्यिक और संविदागत प्रतिभू अपेक्षाओं तक प्रतिभू बीमा के दायरे का विस्तार करने के अनुसरण में प्रतिभू बीमा उत्पाद प्रस्तावित करने हेतु सभी साधारण बीमाकर्ताओं को समर्थ बनाने के लिए इस अपेक्षा को वापस लिया गया है। इसके अलावा, उक्त दिशानिर्देशों के 6.4(घ) के अंतर्गत संविदा मूल्य के 30 प्रतिशत तक निर्बंधित गारंटी की सीमा संविदाओं की अपेक्षाएँ पूरी करने के लिए हटाई गई है।

इन परिवर्तनों का लक्ष्य प्रतिभू बीमा उत्पादों की अभिगम्यता को बढ़ाना है और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से बुनियादी संरचना क्षेत्र में बढ़ती हुई मांग को पूरा करने में सहभागिता करने के लिए अधिक बीमाकर्ताओं को प्रोत्साहित करना है।

I.4.2 व्यापारिक ऋण बीमा दिशानिर्देशों का आशोधन

I.4.2.1 आईआरडीएआई ने खरीददारों के द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान न करने के जोखिम के विरुद्ध व्यवसाय का संरक्षण करने के लिए सितंबर 2021 में व्यापारिक उधार बीमा संबंधी दिशानिर्देश जारी किये। इन दिशानिर्देशों ने ऐसा विनियामक ढाँचा निर्धारित किया जिसने आपूर्तिकर्ताओं एवं बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के लिए व्यापारिक उधार बीमा कवरों को सुसाध्य बनाया।

आईआरडीएआई ने टीआरईडीएस प्लेटफार्मों पर प्रतिवर्ती फैक्टरिंग लेनदेनों के विरुद्ध व्यापारिक उधार बीमा कवर की व्यवहार्यता की जाँच की। व्यापारिक उधार बीमा कवर वित्तदाताओं को

टीआरईडीएस प्लेटफार्म पर वित्तपोषण किये गये बीजकों के आधार पर खरीदार की चूक को कवर करने के लिए दिया जाता है। आईआरडीएआई (व्यापारिक उधार बीमा) दिशानिर्देश, 2021 बीजक भुनाई ई-प्लेटफार्मों, जैसे टीआरईडीएस, पर बिल भुनाई / फैक्टरिंग के द्वारा एकल बीजक कवरों की अनुमति देते हैं। तथापि, ये टीआरईडीएस में चौथे सहभागी के रूप में सहभागिता करने के लिए प्रतिवर्ती फैक्टरिंग लेनदेनों के आधार पर कवर को प्रतिबंधित करते हैं।

यह देखा गया है कि प्रतिवर्ती फैक्टरिंग का टीआरईडीएस व्यवसाय की मात्रा में 50 प्रतिशत से अधिक अंश है तथा दोनों फैक्टरिंग और टीआरईडीएस पर प्रतिवर्ती फैक्टरिंग लेनदेनों में चूक 0.1 प्रतिशत से कम स्थिति पर निम्न है। इसे और टीआरईडीएस प्लेटफार्मों पर त्वरित वित्त प्राप्त करने में एमएसएमईएस के लाभ को ध्यान में रखते हुए व्यापारिक उधार बीमा कवरों के लिए अनुमति केवल उक्त दिशानिर्देशों के पैरा 5.3क में संशोधन दिनांक 9 अक्तूबर 2023 करने के द्वारा ही टीआरईडीएस प्लेटफार्मों पर प्रतिवर्ती फैक्टरिंग लेनदेनों के लिए दी जाती है।

I.4.3 ग्राहक सूचना पत्रक

I.4.3.1 पालिसीधारकों को उनके बीमा कवरेज की अधिक गहराई से समझ के साथ सशक्त बनाने के लिए, आईआरडीएआई ने पालिसीधारकों को एक संक्षिप्त और अद्यतन ग्राहक सूचना पत्रक (सीआईएस) के निर्गम को अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) कर दिया है। यह सीआईएस पालिसीधारकों को एक नजर में सरल भाषा में उनकी स्वास्थ्य बीमा पालिसी के बारे में समस्त महत्वपूर्ण सूचना उपलब्ध कराने के लिए अभिकल्पित है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ ब्योरा जैसे पालिसी का नाम, कवरेज, प्रतीक्षा अवधियाँ, सीमाएँ, अपवर्जन, और मुख्य संकल्पनाएँ शामिल की जाती हैं। बीमा सेवाओं के अंतिम गंतव्य पर वितरण में गति लाना।


I.4.4 दिव्यांगजन, एचआईवी/एड्स और मानसिक अस्वस्थता से पीड़ित व्यक्तियों के लिए उत्पाद में आशोधन

I.4.4.1 संदर्भ सं. आईआरडीएआई/एचएलटी/सीआईआर/विविध/58/02/2023 से युक्त परिपत्र का आशोधन ऐलोपैथिक या आयुष चिकित्साओं का चयन करने हेतु समान विकल्प उपलब्ध कराने के लिए किया गया है। यह व्यवस्था अब बीमाकृत राशि के 100% तक आयुष अंतरंग रोगी (इनपेशेंट) चिकित्साओं के लिए किये गये व्ययों के कवरेज की अनुमति देती है।

I.4.5 पालिसीधारकों की अदावी राशियों संबंधी मास्टर परिपत्र का आशोधन

I.4.5.1 बीमाकर्ताओं के पास बढ़ती हुई अदावी राशियों की स्थिति की पहचान एक विनियामक चिंता के रूप में की गई है। इस स्थिति के होते हुए, उक्त मास्टर परिपत्र सं. आईआरडीएआई/एफएण्डए/सीआईआर/एम आई एस सी/202/11/2020 दिनांक 17 नवंबर 2020 का आशोधन किया गया था। अदावी राशियों के संबंध में एक विस्तृत आलेख बाक्स मद I.1 में प्रस्तुत है।

बीमा बाजार को विकसित करने के लिए नीतियाँ और प्रयास



अदावी राशियों में कमी लाने की दिशा में प्रयास

वित्त वर्ष 2023-24 की शुरुआत में जीवन बीमा कंपनियों की अदावी राशि 22,237 करोड़ रुपये थी। अदावी राशियों में कमी लाने, उपभोक्ताओं को धनवापसी में शीघ्रता लाने तथा बीमाकर्ताओं के पास अदावी राशियों के आगे और संचयन को नियंत्रित करने के लिए, आईआरडीएआई द्वारा जून, 2023 से नवंबर 2023 तक 6 महीने की अवधि के लिए एक विशेष अभियान संचालित किया गया तथा इस अवधि के दौरान जीवन बीमाकर्ताओं के पास रखी हुई अदावी राशियों की निकासी में प्रगति की निगरानी मासिक आधार पर की गई थी। इस विशेष अभियान की अवधि के दौरान जीवन बीमाकर्ताओं के संबंध में रु. 1,018.23 करोड़ की निवल कमी देखी गई। उपभोक्ताओं के हित के लिए 'अदावी राशि' की परिभाषा सहित, और वर्तमान अदावी राशियों में कमी लाने और अदावी राशियों के आगे और संचयन को नियंत्रित करने की दिशा में बीमाकर्ताओं के द्वारा अपनाये जाने के लिए सुझाये गये उपायों सहित कुछ परिभाषाओं का आशोधन करते हुए, अदावी राशियों की उचित पहचान और कुशल संवितरण के लिए 'अदावी राशियों संबंधी मास्टर परिपत्र' में आशोधन 16 फरवरी 2024 को जारी किया गया।

बीमाकर्ताओं के द्वारा अंगीकरण के लिए सुझाये गये उपायः

वर्तमान अदावी राशियों में कमी लाने के लिए

i. वर्तमान पालिसीधारकों को नवीकरण प्रीमियम का भुगतान (आनलाइन/ आफ़लाइन) करते समय अपने मोबाइल नंबर, ई-मेल पता, वर्तमान पता, बैंक खाता विवरण, नामिती विवरण आदि को अपडेट करने के लिए वर्तमान विवरण को चमकाते (फ्लैश करते) हुए प्रेरित करें और तदनुसार सूचनाएँ भेजें।

ii. वर्तमान पालिसियों के लिए चालू केवाईसी प्राप्त करें तथा अवयस्कों का पुनः-केवाईसी वयस्क होने पर तत्काल प्राप्त करें।

iii. उपभोक्ताओं का पता लगाने के लिए क्रेडिट ब्यूरो, लेखा संग्राहकों, सीएससी/ पीओएस, ई-कामर्स पोर्टलों के साथ संपर्क में रहें।

iv. जिन उपभोक्ताओं का पता नहीं चल रहा हो, उन तक पहुँचने के लिए प्रिंट/ डिजिटल मीडिया में विज्ञापन दें।

v. उपभोक्ता को भेजे गये सभी पत्रादि (संविदाओं के समापन/निर्गम के संबंध में छोड़कर) में उपभोक्ता को परिवर्तन होने की स्थिति में संपर्क का विवरण, नामिती का विवरण और बैंक खाता विवरण अपडेट करने के लिए सूचित करते हुए एक फुट-नोट शामिल करें।

भावी संचयन को रोकने के लिए

i. अपेक्षा (सलिसिटेशन) में संबद्ध संबंधित एजेंटों, मध्यवर्तियों, सामूहिक मास्टर पालिसीधारकों और अन्य वितरण माध्यमों को उपभोक्ताओं की खोज करने तथा संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण आदि को अपडेट करने के लिए उत्तरदायी बनाएँ।

ii. वर्तमान और नये उपभोक्ताओं की मोबाइल संख्याओं और ई-मेल पतों को स्वयमेव विधिमान्य करने के लिए सुस्पष्ट प्रणालियाँ लागू करें, जिससे यह सुनिश्चित किया जाए कि ये विवरण उनके वितरण माध्यमों के न हों।

iii. सुरक्षित लाग-इन के साथ किसी भी समय ई-मेल आईडी, बैंक विवरण और नामिती विवरण सहित अपने संपर्क विवरण को अपडेट करने में पालिसीधारकों को समर्थ बनाने के लिए बीमाकर्ता की वेबसाइट/पोर्टल/ऐप में व्यवस्था की जाए।

iv. सभी संभव पद्धतियों के द्वारा कम से कम 6 महीने पहले अग्रिम रूप से परिपक्वता दावों और उत्तरजीविता लाभों के संबंध में अग्रिम सूचनाएँ भेजें तथा उनको केवाईसी/बैंक विवरण प्रस्तुत करने के लिए सूचित करें; उसके बाद जिन ग्राहकों ने उत्तर नहीं दिया हो उनको हर 2 महीने में अनुवर्ती सूचनाएँ भेजें।

v. बीमाकर्ताओं की वेबसाइटों में अपने लिए प्राप्य राशियों की पहचान जैसे ही उपभोक्ता करते हैं, उनकी अदावी राशियों के प्रसंस्करण और भुगतान के लिए आनलाइन उपकरण विकसित करें।

vi. धोखाधड़ीपूर्ण दावों और पद्धतियों का समाधान करने के लिए उपयुक्त प्रणालियाँ और नियंत्रण लागू करें।

अतिरिक्त रूप से, आईआरडीएआई के बीमा भरोसा पोर्टल में बीमाकर्ताओं की वेबसाइटों के वेब-लिंक उपलब्ध कराये जाते हैं जिससे बीमाकर्ताओं के अंतर्गत अदावी राशियों की खोज करने के लिए उपभोक्ताओं को सहायता मिलती है। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में जीवन बीमा कंपनियों की अदावी राशि ₹20,062 करोड़ थी।

I.5 बीमाकर्ताओं द्वारा की गई अनुसंधान और विकास गतिविधियाँ

प्रत्येक वर्ष बीमाकर्ता उपभोक्ताओं के लिए बीमा समाधानों की अभिगम्यता, समझ और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न अनुसंधान और विकास का कार्यकलाप संचालित करते हैं। 2023-24 के दौरान बीमा कंपनियों के द्वारा किये गये कुछ नवोन्मेष कार्यकलाप/पहलें नीचे प्रस्तुत हैं :

जीवन बीमाकर्ता

- वार्तालापों को कार्रवाई-योग्य अंतर्दृष्टियों के रूप में परिवर्तित करने के लिए उन्नत एनएलपी (सहज भाषा प्रसंस्करण) और मशीनी ज्ञान का उपयोग करते हुए कृत्रिम बुद्धि (एआई) आधारित वार्तालाप बुद्धि प्लेटफार्म प्रारंभ करना।
- काल्स के गुणवत्ता मूल्यांकन को स्वचालित करने के लिए, काल सेंटर गुणवत्ता, ग्राहक की मनोदशा, भविष्यसूचक ग्राहक संतोष स्कोर (सीएसएटी), उन्नयन संकेत, पुनरावृत्ति संभावना, विषय-आधारित विश्लेषण, तथा एजेंट कार्यनिष्पादन जैसे मानदंडों का निर्धारण करते हुए, काल्स के गुणवत्ता मूल्यांकन को स्वचालित करने के लिए कृत्रिम बुद्धि (एआई)/मशीनी ज्ञान (एमएल) का उपयोग करते हुए स्वर वैश्लेषिकी प्रारंभ करना।
- वित्तीय और चिकित्सीय जोखिम-अंकन में प्रणाली द्वारा नियंत्रित जाँच के लिए सह-प्रायोगिक (को-पाइलट) जोखिम-अंकन का कार्यान्वयन, संगत सुझाव तथा सरल और कारगर निर्णयन प्रक्रियाएँ उपलब्ध कराने के लिए एआई/ एमएल और ओसीआर प्रौद्योगिकियों का उन्नयन।
- उपभोक्ताओं के साथ संस्पंदन करनेवाले एआई द्वारा उत्पन्न प्रतिबिंबों का उपयोग करते हुए रोचक और संबद्धतायुक्त सामाजिक माध्यम अभियान निर्मित करना।
- प्रलेख संक्षेपण, मुख्य बिन्दु निष्कर्षण, अंतर्वस्तु की पुनःप्राप्ति, और परिचालनों को सरल और कारगर बनाने और अयांत्रिक प्रयास कम करने के लिए उत्पादक एआई/ बृहद् भाषा माडलों (एलएलएम) की खोज।
- समझदार एआई द्वारा संचालित वाट्सऐप संवादात्मक प्लेटफार्म, तत्काल पालिसी निर्गम के साथ आमूल परिवर्तित ग्राहक पारस्परिक सक्रियताएँ, स्वचालित दावा प्रसंस्करण, तथा व्यक्तिगत बनाया गया 24/7 समर्थन।
- विक्रय और जोखिम प्रबंध के लिए एआई-आधारित प्रवृत्ति माडल, उत्पाद संबंधी सिफारिशों में सहायता, नवीकरण संग्रहण में कार्यकुशलता, तथा धोखाधड़ी और समयपूर्व दावा जोखिमों का न्यूनीकरण।
- व्यक्तिगत किये गये संदेश भेजने के लिए ग्राहक के डेटा का विश्लेषण करने, बाजार की प्रवृत्तियों और ग्राहक जनसांख्यिकी का विश्लेषण करने और उसके द्वारा ग्राहक संतोष को बढ़ाने के लिए उत्पादक एआई का उपयोग करना। प्रायः पूछे जानेवाले स्थिर प्रश्नों (एफएक्यूएस) के अयांत्रिक समन्वय से बचने के लिए चाटबोट में उत्पादक एई समन्वय।
- ग्राहकों को अंग्रेजी, हिन्दी, और हिंग्लिश में मौखिक रूप से परस्पर चर्चा (इंटरएक्ट) करने में समर्थ बनाने के लिए आवक संपर्क केन्द्रों हेतु एआई-आधारित स्वर आईवीआर प्रणाली लागू करना।
- प्रामाणिक निर्णयन के लिए अनेक रिपोर्टों और भावात्मक संदर्भ से अंतर्दृष्टियाँ उपलब्ध कराते हुए अनुसंधान सामग्रियों का एक विपुल भंडार (रिपोजिटरी) का संरक्षण (क्यूरेटिंग) करने के लिए अनुसंधान पुस्तकालय का विकास।
- निर्गम के तत्काल बाद संदिग्ध पालिसियों की पहचान करने के लिए निर्गमोत्तर प्रोफाइल सत्यापन (पीआईपीवी) वैश्लेषिकी, धोखाधड़ी की पहचान में सुधार करना तथा पीआईपीवी के साथ संबद्ध जाँच की लागतें कम करना।
- दावा मूल्यांकनों में शीघ्रता लाने और धोखाधड़ी पहचान क्षमताएँ बढ़ाने के लिए तत्काल निर्धारण प्रक्रियाओं में समन्वित जोखिम प्रवृत्ति पर आधारित, संभावित रूप से कपटपूर्ण समय-पूर्व मृत्यु दावों का संकेत करने के लिए दावा धोखाधड़ी पहचान माडल।
- पर्याप्त बीमा कवर उपलब्ध कराने की दिशा में अल्प सेवा प्राप्त ग्राहक सहगण जैसे कामकाजी महिलाओं, गाड़ीवहक कामगारों (गिग वर्कर), जन जेड जाबरों, आदि की

आवश्यकताएँ, आकांक्षाएँ और सीमाएँ समझने और पहचानने के लिए आवश्यकता पर आधारित अनुसंधान की शृंखला।

- ग्राहकों की अल्पावधि और दीर्घावधि वित्तीय लक्ष्यों के क्षेत्रों में सर्वेक्षण, जैसे सेवानिवृत्ति आयोजना, धन-संपत्ति निर्माण और प्रबंध, संरक्षण बीमा, आदि जो एक सुगठित सामाजिक सुरक्षा पारिस्थितिक तंत्र का विकास करने में समर्थकारी हों।

- महिला ग्राहकों के व्यवहारगत स्वरूपों, मनोवैज्ञानिक अंतर्दृष्टियों, और सामाजिक मीडिया आदतों के विषय में खोज करने, उनके जीवनों के विभिन्न पहलुओं संबंधी मूल्यवान परिप्रेक्ष्य जैसे शिक्षा, व्यवसाय, वैयक्तिक अंतिम लक्ष्य, जो उपयुक्त बीमा समाधान खरीदने के उनके निर्णय को प्रभावित करते हैं, प्राप्त करने के संबंध में अनुसंधान।

- जीवन लक्ष्य प्राप्त करने में ग्राहकों की सहायता करने के लिए बीमा की भूमिकाओं को पुनः परिभाषित करते हुए भारतीय जनता की आकांक्षाओं में गहराई तक खोज करने के लिए सर्वेक्षण।

- डिजिटल युग में विक्रय टीम परिचालनों में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए ऐप का प्रारंभ, सीआरएम समन्वयन के साथ ग्राहक अनुभवों में वृद्धि, प्रत्यक्ष वचनबद्धता के लिए क्लाउड-कालिंग, तथा सेवा के अवसरों के लिए सुव्यवस्थित संकेत।

- अधिक शीघ्रता से प्रसंस्करण के लिए दावा प्रणाली का कार्यान्वयन, ग्राहकों को कागज-रहित प्रक्रिया उपलब्ध कराना, तथा ग्राहक ऐप के द्वारा तत्काल दावा स्थिति की अद्यतन जानकारी देना।

- ग्राहक सेवा संबंधी अनुरोधों के अधिक तेज और कागज-रहित प्रसंस्करण को समर्थ बनाते हुए वितरकों और अग्रिम पंक्ति विक्रय के लिए प्लेटफार्म का प्रारंभ।

- स्वयं कीजिए (डीआईएफ) और कागज-रहित प्रक्रिया के माध्यम से सेवा संबंधी अनुरोधों का प्रबंध करने के लिए ग्राहकों को समर्थ बनाना।

- सेवा की कुशलता बढ़ाते हुए चिकित्सा अभिलेखों की साझेदारी को सुसाध्य करने के लिए आभा आईडी निर्मित करने हेतु आयुष्मान भारत स्वास्थ्य लेखा (आभा) पारिस्थितिक तंत्र (ईको सिस्टम) के साथ समन्वयन।

- नये युग की कंपनियों, स्टार्ट-अपों, फिनटेकों, आदि तक पहुँचने के द्वारा भावी तत्पर क्षमताओं का निर्माण करने के लिए, नवोन्मेषण और सहयोग को प्रोत्साहित करने हेतु कारपोरेट संबद्धता कार्यक्रम प्रारंभ करना।

- एक सुविधाजनक मोबाइल ऐप के द्वारा स्वतंत्र रूप से अपनी सेवाओं का प्रबंध करने के लिए ग्राहकों को सशक्त बनाते हुए, बाट और वाट्सऐप के माध्यम से डिजिटल स्वयं-सेवा विकल्प प्रारंभ करना।

- एनएलपी (सहज भाषा प्रसंस्करण) प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए ग्राहक सेवा ईमेल प्रतिक्रिया का स्वचालन।

- एक निर्बाध अनुभव के लिए स्वर बाट सेवाओं के साथ ग्राहक स्पर्शबिन्दुओं की वृद्धि करना।

- एक लचीला, सहयोगपूर्ण, और प्रयोक्ता-केन्द्रित प्लेटफार्म देने के द्वारा जो प्रयोक्ताओं और भागीदारों की विकसित हो रही आवश्यकताओं को एकसमान ग्रहण करता हो, प्रगामी वेब ऐप (पीडब्ल्यूए) आमूल परिवर्तन से युक्त डिजिटल आनबोर्डिंग।

- जोखिम-अंकन में प्रसंस्करण समय और त्रुटियों को कम करते हुए, विभिन्न प्लेटफार्मों में ग्राहकों के नामों की तुलना करने के लिए फ़ज़ी तुलन उपकरण (एफएमटी) का प्रारंभ।

- उच्च-परिमाण और आवर्ती स्वरूप के कार्यों को स्वचालित करने के द्वारा क्षमता निर्माण करने तथा त्रुटियों और प्रसंस्करण समय को कम करने के लिए रोबोटिक प्रक्रिया स्वचालन (आरपीए) की शक्ति का उन्नयन।

साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ता

- मुख्य शारीरिक मर्मस्थलों (वाइटलों) की गणना करने, संकेत-से-आवाज तक के अनुपातों को इष्टतम बनाने, तथा चेहरे के स्कैनों के लिए दूरस्थ फोटो प्लेथिस्मोग्राफी संचालित करने के लिए, एआई और मशीनी ज्ञान का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य संबंधी मुख्य स्थानों (वाइटलों) के स्क्रीनिंग में आमूल परिवर्तन लाने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य निर्धारण प्लेटफार्म (डीएचएपी) का प्रारंभ।

- प्रतिरूप/वीडियो विश्लेषण के द्वारा निरीक्षण-पूर्व, दावा प्रसंस्करण और धोखाधड़ी की पहचान बढ़ाने के लिए एआई क्षमताएँ तथा उल्लेखनीय रूप में निपटान के समय और धोखाधड़ी जोखिम को कम करते हुए लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग।

- ऐतिहासिक दावा डेटा के साथ चालन व्यवहार डेटा का विश्लेषण करने के द्वारा मोटर जोखिम-अंकन प्रक्रियाओं की वृद्धि करने के लिए एआई और एमएल को लागू करना।

- मोटर दावा फार्म डेटा के संक्षेपण और संदर्भण, अस्पताल डिस्चार्ज डेटा के सरलीकरण तथा ग्राहक की पूछताछ के लिए बुद्धियुक्त चाटबोट के विनियोजन पर संकेन्द्रित उत्पादक एआई को लागू करना।

- ई-मेलों और पीडीएफ भाव (कोट) पर्चियों जैसे असंरचित दस्तावेजों का विश्लेषण करने के द्वारा बीमा भाव उत्पन्न करने के लिए एआई शक्ति से संपन्न एसएमई बीमा प्लेटफार्म का विकास।

- स्वचालित वाणी पहचान (एएसआर), सहज भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी), संवाद प्रबंध और स्वर वैश्लेषिकी का उपयोग करते हुए फ़सल दावों के कुशल संपूर्ण प्रसंस्करण के लिए संवादात्मक दावा बाट और स्मार्ट फ़सल दावा प्रणाली।

- चिकित्सकों के साथ आभासी बैठकों में दावा निर्णयों की समीक्षा करने के द्वारा पारदर्शिता और ग्राहक विश्वास को सुसाध्य बनाने के लिए दावा समाधान सत्र।

- सुस्पष्ट फ़सल निर्धारण के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी के साथ नवोन्मेषण तथा सरल और कारगर बीमा प्रबंध के लिए एक किसान-केन्द्रित ऐप प्रारंभ करना।

- वर्तमान फ़सल बीमा योजनाओं के बारे में किसानों के अवबोधनों को समझने एवं समन्वित बीमा सेवाओं के लिए गुंजाइश तक पहुँचने के लिए अध्ययन।

- पालिसी की खरीद, प्रबंध और दावा प्रसंस्करण के लिए समन्वित संचार उपकरणों का प्रयोग करते हुए एसएमई ग्राहकों के लिए एक निर्बाध प्रयोक्ता अनुभव उपलब्ध करानेवाला पोर्टल।

- स्वचालित प्रक्रियाओं के माध्यम से स्वतंत्र रूप से विशिष्ट प्रश्नों का समाधान करने की सुविधा ग्राहकों को देते हुए, उनको स्वयं-सेवा विकल्प (अपने आप कीजिए) देने के लिए स्पर्श-बिन्दुओं का विकास।

- पालिसीधारकों और दावा प्रसंस्करण के लिए आवश्यकता-आधारित सेवा की सिफारिशों हेतु विभिन्न प्रयोक्ता व्यक्तियों के लिए गणना (स्कोरिंग) इंजनों का विकास।

- खुदरा और कारपोरेट क्षेत्रों में संवर्धित जोखिम संवर्गीकरण के लिए जोखिम-अंकन में भू-आकाशी आसूचना का समन्वय।

- समग्र ग्राहक सेवा में सुधार लाने के लिए मोटर दावों के ग्राहकों और सेवा कार्मिकों के बीच निर्बाध परस्पर सक्रियता (इंटरऐक्शन) को सुसाध्य बनाने के लिए क्लाउड-आधारित कालिंग।

- बहु-भाषा प्रोग्रामिंग क्षमताओं के साथ लागत और समय की बचतों के लिए मार्ग प्रशस्त करनेवाले क्लाउड प्लेटफार्मों पर खुली डेटा संरचना में संक्रमण।

- ग्राहकों की सुविधा और संतोष को सुनिश्चित करने के उद्देश्य के साथ मोटर बीमा के लिए दरवाजे पर मरम्मत, रात के समय मरम्मत, और स्वयं-सर्वेक्षण विकल्पों जैसी पहलों के साथ व्यापक साइबर जोखिमों का समाधान करने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों में साइबर खुदरा उत्पाद।

- ग्राहक अनुभव को बढ़ाते हुए, तत्काल विधिमान्यताओं के साथ पालिसी निर्गम को समर्थ बनाने के लिए इंश्योरटेकों के साथ सहयोग।

- संवर्धित मोबाइल ऐप कार्यात्मकता, न केवल दावे की स्थिति व्यक्त करने की विशेषता के साथ, बल्कि दावा प्रक्रिया प्रारंभ करने, लंबित स्थिति का समाधान करने और समापन का अनुमान लगाने के लिए भी।

- परिचालन कौशल और ग्राहक संतोष में वृद्धि करने के लिए सेवा प्रदाता स्तरीय इंटरफेस को डिजिटलीकृत करने हेतु आईसीआर / ओसीआर प्लेटफार्मों का अनुसरण करना।

I.6 समीक्षा

I.6.1 पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण

I.6.1.1 आईआरडीएआई ने आईआरडीएआई (पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण और बीमाकर्ताओं के संबद्ध विषय) विनियम, 2024 के अंतर्गत पालिसीधारकों के हितों के संरक्षण के लिए विनियामक ढाँचे की आगे और वृद्धि की है और इसे और मजबूत किया है, जो आईआरडीएआई (पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण) विनियम, 2017 का अधिक्रमण करते हैं। ये विनियम बीमा पालिसियों की अपेक्षा (सलिसिटेशन) और विक्रय के दौरान संभावित ग्राहकों के प्रति उचित व्यवहार को सुनिश्चित करते हैं तथा बीमाकर्ताओं और वितरण माध्यमों के साथ उनकी वचनबद्धता के पूरे समय के दौरान पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण करते हैं। ये अधिदेश देते हैं कि बीमाकर्ता और वितरण माध्यम पालिसीधारकों की आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए त्वरित शिकायत समाधान करने सहित, अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए मानकीकृत प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करें।

I.6.1.2 सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (एसआईएलआईसी) के पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए, बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 52बी की उपधारा (2) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआरडीएआई ने 2 जून, 2023 को एसआईएलआईसी के जीवन बीमा व्यवसाय को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया। 2 जून, 2023 को एक विस्तृत आदेश जारी किया गया जो तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। एसबीआई लाइफ को पॉलिसियों की सर्विसिंग के संबंध में एसआईएलआईसी के पॉलिसीधारकों तक पहुँचने के लिए पर्याप्त कदम उठाने का निर्देश दिया गया। इसके अनुसरण में एसबीआई लाइफ ने पॉलिसीधारकों की परिसंपत्तियों द्वारा समर्थित एसआईएलआईसी की लगभग दो लाख पॉलिसियों की पॉलिसी देनदारियों को अपने ऊपर ले लिया। प्राधिकरण ने एसआईएलआईसी के सभी पॉलिसीधारकों के लिए सुचारू संक्रमण सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए हैं।

उपभोक्ता शिक्षा

I.6.1.3 वित्तीय समावेशन के लिए उपभोक्ता शिक्षा अपरिहार्य है। बीमा व्यवसाय को विनियमित करने, उसका संवर्धन करने और उसके सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने का अधिदेश (मैंडेट) केवल समग्र उपभोक्ता शिक्षा के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। समझदारी और शिक्षा के द्वारा उपभोक्ता शिक्षा व्यक्तियों, विशेष रूप से अल्प सुविधा प्राप्त समुदायों के व्यक्तियों को बीमा के बारे में प्रामाणिक निर्णय लेने, उपयुक्त पालिसियों तक पहुँचने, तथा अपनी वित्तीय खुशहाली की रक्षा करने के लिए बीमा का उपयोग प्रभावी ढंग से करने के लिए समर्थ बनाती है। यह शिक्षा बीमा व्यापन को बढ़ाने, वित्तीय आघात-सहनीयता का संवर्धन करने, तथा विभिन्न जनसांख्यिकियों के बीच बीमा सेवाओं तक साम्यिक पहुँच को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है।

आईआरडीएआई उपभोक्ता शैक्षिक सामग्री के विकास और प्रसार के द्वारा उपभोक्ता शिक्षा को प्रोत्साहित करता है। यह एकमात्र तौर पर एक उपभोक्ता शिक्षा वेबसाइट www.policyholder.gov.in संचालित करता है जो बीमा समावेशन की ओर ग्राहक की संपूर्ण यात्रा से बढ़कर व्यापक शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराता है। की गई विभिन्न पहलों के बीच, आईआरडीएआई द्वारा की गई कुछ महत्वपूर्ण बीमा साक्षरता पहलें हैं :

जागरूकता अभियान

1) आकाशवाणी (एआईआर), तेलंगाना के माध्यम से 'पालिसीधारकों का संरक्षण और शिकायत निवारण' विषय पर एक सीधा (लाइव) फोन-इन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का एआईआर द्वारा व्यापक रूप से विज्ञापन किया गया और इसके विषय और प्रासंगिकता के लिए इसकी सराहना की गई। इसने अत्यधिक समीक्षाएँ प्राप्त कीं तथा श्रोताओं के बीच यह काफी सफल रहा।

2) बीमा क्षेत्र में एक विनियामक और विकास निकाय के रूप में आईआरडीएआई की भूमिका को निरूपित करनेवाले कैप्शन की अपेक्षा करते हुए MyGov.in पोर्टल पर एक आनलाइन ध्येय-वाक्य प्रतियोगिता (टैगलाइन कंटेस्ट) आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य देश के सभी क्षेत्रों में और समाज के प्रत्येक खंड के लिए बीमा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आईआरडीएआई की प्रतिबद्धता पर विशेष बल देना था। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए नागरिकों को आमंत्रित किया गया और उन्हें आकर्षक पुरस्कार जीतने के लिए एक अवसर दिया गया। उक्त प्रतियोगिता के लिए 15,000 प्रविष्टियों के साथ एक भारी प्रतिक्रिया मिली, जो व्यापक प्रचार में परिणत हुई।

जिलों के अंगीकरण द्वारा बीमा जागरूकता अभियान

I.6.1.4 बीमा के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए, आईआरडीएआई ने बीमा साक्षरता और कवरेज की व्याप्ति करने के लिए जिलों का अंगीकरण करने हेतु बीमा कंपनियों को प्रोत्साहित किया है। ये अभियान नीति आयोग द्वारा अभिनिर्धारित आकांक्षी जिलों को लक्ष्य बनाते हैं। इस पहल को संचालित किये गये जागरूकता अभियानों और लोकसंपर्क कार्यक्रमों की संख्या के तौर पर गति मिली है। अंतिम गंतव्य तक कवरेज को प्राप्त करने के लिए विविधतापूर्ण जनसाधारण के लिए सही दिशा में अग्रणी सहयोगपूर्ण पहल के रूप में इसका स्वागत किया गया।

वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का कार्यान्वयन

I.6.1.5 वित्तीय शिक्षा के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति (एनएसएफई) 2019-2024 समस्त भारत में व्यक्तियों के बीच वित्तीय साक्षरता और सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लक्ष्य से युक्त एक व्यापक योजना है। इस एनएसएफई का उद्देश्य वित्तीय विवेक और समावेशिता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के द्वारा जनसाधारण के अंदर समग्र वित्तीय खुशहाली और आघात-सहनीयता में सुधार लाना है। एनएसएफई का कार्यान्वयन राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र (एनसीएफई) के द्वारा सुसाध्य बनाया गया है जो भारत में सभी वित्तीय क्षेत्र विनियमनकर्ताओं के प्रतिनिधियों से युक्त एक संस्था है। एनसीएफई के एक प्रवर्तक के रूप में आईआरडीएआई उक्त एनएसएफई के कार्यान्वयन के लिए किये गये बहु-आयामी प्रयासों में लगातार एक निर्देशात्मक भूमिका का निर्वाह कर रहा है।

I.6.1.6 आईआरडीएआई '2047 तक सबके लिए बीमा' प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ सुयोजित करने के लिए राष्ट्रव्यापी तौर पर बीमा जागरूकता और कवरेज में वृद्धि करने के लिए पहलों का सक्रिय रूप से अनुसरण कर रहा है। बीमा जागरूकता संबंधी पहलों पर पर्याप्त राशियों का व्यय करने के लिए बीमाकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए, आईआरडीएआई ने 01 अप्रैल 2023 से आईआरडीएआई (जीवन बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के प्रबंधन व्यय) विनियम, 2023 के विनियम 7 के अधीन जीवन बीमाकर्ताओं के अनुमति-योग्य प्रबंधन व्ययों के 5 प्रतिशत की सीमा तक अतिरिक्त छूट की अनुमति दी है। इसी प्रकार की सुविधा साधारण बीमाकर्ताओं को भी बीमा जागरूकता का निर्माण करने में अनुमतियोग्य सीमा से 5 प्रतिशत अधिक व्यय करने के लिए दी गई है।

I.6.1.7 आईआरडीएआई, बीमा भरोसा, बीमाकर्ताओं और अन्य सरकारी अथवा वित्तीय संस्थाओं से अधिकारियों के तौर पर छद्म रूप से किये जानेवाले कपटपूर्ण काल बीमा उद्योग और जनता के विश्वास के लिए एक महत्वपूर्ण आशंका उत्पन्न करते हैं। आईआरडीएआई ने विभिन्न जनसंपर्क बिन्दुओं पर और मीडिया में भी कपटपूर्ण फोन कालों तथा काल्पनिक/धोखाधड़ीपूर्ण प्रस्तावों के विरुद्ध जनता को सतर्क करने के लिए कई सार्वजनिक सूचनाएँ, प्रेस प्रकाशनियाँ, अग्रणी टीवी चैनलों और अखबारों में विज्ञापन, तथा बीमाकर्ताओं को निदेश जारी किये हैं। ये सूचनाएँ बीमा प्रतिनिधियों के रूप में दिखावा करने वाले कपटपूर्ण संस्थाओं/व्यक्तियों के साथ व्यवहार करने के खतरों के बारे में जनता को सावधान करने के लिए अभिकल्पित हैं।

I.6.2 बीमाकर्ताओं के शोधन-क्षमता मार्जिन का अनुरक्षण

I.6.2.1 प्रत्येक बीमाकर्ता और पुनर्बीमाकर्ता हर समय शोधन-क्षमता के नियंत्रण स्तर से अधिक शोधन-क्षमता मार्जिन का अनुरक्षण करेगा, जो वर्तमान में अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन का कम से कम 150 प्रतिशत है अर्थात् यह सुनिश्चित करना होगा कि उपलब्ध शोधन-क्षमता मार्जिन हर समय अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन का 150 प्रतिशत है। अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 6 के अंतर्गत कथित रूप में न्यूनतम पूँजी की राशि के पचास प्रतिशत से कम नहीं होगा जबकि उपलब्ध शोधन-क्षमता मार्जिन देयताओं की राशि की तुलना में आस्तियों के मूल्य का आधिक्य है। आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 उपलब्ध और अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन की गणना की पद्धति का विस्तार से वर्णन करते हैं।

जीवन बीमाकर्ताओं की शोधन-क्षमता की स्थिति

I.6.2.2 31.03.2024 की स्थिति के अनुसार सभी जीवन बीमाकर्ताओं ने 1.50 के निर्धारित न्यूनतम शोधन-क्षमता अनुपात (शोधन-क्षमता का नियंत्रण स्तर) का अनुपालन किया। जीवन बीमाकर्ताओं के लिए बीमा कंपनी वार शोधन-क्षमता अनुपात विवरण 11 में प्रस्तुत किया गया है।

साधारण, स्वास्थ्य और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं की शोधन-क्षमता की स्थिति

I.6.2.3 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, 26 निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित) ने 1.50 के निर्धारित शोधन-क्षमता अनुपात का अनुपालन किया है। सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं अर्थात् नेशनल, ओरियन्टल और युनाइटेड ने 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार क्रमशः (-) 0.45, (-) 1.06 और (-) 0.59 गुना शोधन-क्षमता अनुपात की सूचना दी।

न्यू इंडिया ने 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार 1.81 के शोधन-क्षमता अनुपात की सूचना दी है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं अर्थात् एआईसी और ईसीजीसी ने क्रमशः 3.34 और 47.87 का शोधन-क्षमता अनुपात सूचित किया।

पुनर्बीमाकर्ताओं की शोधन-क्षमता स्थिति

भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी आरई) ने 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार 3.25 के शोधन-क्षमता अनुपात की सूचना दी। सभी विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं ने 31 मार्च 2024 को 1.5 से अधिक शोधन-क्षमता अनुपात होने की सूचना दी।

I.6.3 पुनर्बीमा की निगरानी

भारतीय पुनर्बीमाकर्ता

I.6.3.1 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, प्राधिकरण के पास केवल एक भारतीय पुनर्बीमाकर्ता, अर्थात् भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी आरई) पंजीकृत है। जीआईसी आरई भारत में परिचालनरत प्रत्यक्ष बीमाकर्ताओं और विदेशी बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं को भी पुनर्बीमा सहायता उपलब्ध करा रहा है। उक्त निगम का पुनर्बीमा कार्यक्रम देश के अंदर प्रतिधारण को इष्टतम बनाने, एक उचित लागत पर अध्यर्पक के

एक्सपोज़र के लिए पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित करने, तथा देशी बाजार के अंदर तकनीकी विशेषज्ञता और पर्याप्त वित्तीय क्षमताएँ विकसित करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए अभिकल्पित किया गया है।

I.6.3.2 जीआईसी आरई नाभिकीय समूह (पूल), आतंकवाद समूह (पूल) और मरीन कार्गो अपवर्जित क्षेत्र समूह (एमसीईटी पूल) का प्रबंध भी कर रहा है। यह देशी साधारण बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई प्रत्येक पालिसी पर कुछ सीमाओं के अधीन अनिवार्य अध्यर्पण प्राप्त करता है तथा इन बीमाकर्ताओं के अधिकांश समझौता कार्यक्रमों और विकल्पी कार्यक्रमों का नेतृत्व करता है। 2023-24 के लिए यह अनिवार्य अध्यर्पण चार प्रतिशत है।

विदेशी पुनर्बीमा शाखाएँ (एफआरबी)

I.6.3.3 भारत को एक वैश्विक पुनर्बीमा केन्द्र (हब) बनाने के उद्देश्य से बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 ने विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं और सोसाइटी आफ लायड्स लंदन को भारत में पुनर्बीमा व्यवसाय करने के लिए भारत में अपनी शाखाएँ खोलने की अनुमति दी है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, भारत में लायड्स सहित ग्यारह विदेशी पुनर्बीमा शाखाएँ (एफआरबी) परिचालन कर रही हैं। लायड्स इंडिया एक सर्विस कंपनी के माध्यम से परिचालन कर रही है। ये एफआरबी विश्व भर में प्रचुर अनुभव, विशेषज्ञता और क्षमता से युक्त प्रमुख पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाएँ हैं।

एफआरबी द्वारा बुक किये गये पुनर्बीमा व्यवसाय का विवरण निम्नानुसार है:

सकल पुनर्बीमा प्रीमियम आय	2022-23	2023-24
भारतीय व्यवसाय (रु. करोड़)	17,911	24,749

इस प्रकार ये एफआरबी भारत के अंदर प्रीमियम प्रतिधारित करने और भारत में पुनर्बीमा क्षमता विकसित करने में सहायता कर रही हैं। उक्त एफआरबी को आईआरडीएआई (विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं लायड्स इंडिया का पंजीकरण और परिचालन) विनियम, 2024 तथा इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये किन्हीं अन्य परिपत्रों/दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

सीमापार पुनर्बीमाकर्ता

I.6.3.4 सीमापार पुनर्बीमाकर्ता (सीबीआर) वे पुनर्बीमाकर्ता हैं, जिनकी भारत में कोई भौतिक उपस्थिति नहीं है, परंतु जो भारतीय बीमाकर्ताओं के साथ पुनर्बीमा व्यवसाय करते हैं। सीमापार पुनर्बीमाकर्ता (सीबीआर) बीमाकर्ताओं को पुनर्बीमा सहायता/क्षमता उपलब्ध कराने में पुनर्बीमा बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। इन बीमाकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि सीबीआर आईआरडीएआई (पुनर्बीमा) विनियम, 2018 के अनुसार आवश्यक अर्हकारी मानदंडों को पूरा करें, तथा उनके पास किसी भी व्यवसाय का स्थानन करने से पहले उनके पास प्राधिकरण द्वारा जारी की गई फाइल संदर्भ संख्या (एफआरएन) हो।

सीबीआर को प्राधिकरण द्वारा एक फाइलिंग संदर्भ संख्या (एफआरएन) दी जाती है, जो एक वित्तीय वर्ष के लिए विधिमान्य है, तथा जो भारतीय बीमाकर्ताओं/पुनर्बीमाकर्ताओं के साथ पुनर्बीमा व्यवसाय करने के लिए सीबीआर को समर्थ बनाती है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में दर्ज 283 सीबीआर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 280 सीबीआर ने भारतीय पुनर्बीमा व्यवसाय में सहभागिता की है।

पुनर्बीमा व्यवसाय का मूल्यांकन

I.6.3.5 भारत में पुनर्बीमा व्यवसाय भारतीय पुनर्बीमाकर्ता (जीआईसी आरई), एफआरबी, और सीबीआर के द्वारा अंकित किया जा रहा है। भारतीय पुनर्बीमाकर्ता और एफआरबी के द्वारा वर्ष 2023-24 में अंकित रु.62,113.28 करोड़ के सकल पुनर्बीमा प्रीमियम में से भारतीय व्यवसाय लगभग 81 प्रतिशत का था तथा शेष विदेशी व्यवसाय का था। वर्ष 2023-24 में रु. 50,553 करोड़ के कुल भारतीय व्यवसाय में से, जीआईसी आरई का व्यवसाय लगभग 51 प्रतिशत का था और शेष 49 प्रतिशत एफआरबी द्वारा अंकित किया गया था। एफआरबी सहित पुनर्बीमाकर्ताओं का सकल पुनर्बीमा प्रीमियम विवरण 14 में दिया गया है।

सारणी I.19: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा पुनर्बीमा स्थानन

(₹ करोड़ में)

विवरण	वर्ष	अग्नि	मरीन कार्गो	मरीन हल	मोटर	विमानन	इंजीनियरिंग	अन्य विविध	कुल
भारत के अंदर स्थानन किये गये पुनर्बीमा प्रीमियम की राशि (₹करोड़)	**2023-24**	13,555.86 47.75	554.35 10.89	502.03 36.32	9,549.27 10.40	597.17 51.06	2,606.66 46.53	22,927.79 14.16	**50,293.14** **17.03**
	2022-23	12,968.32 49.42	723.90 18.54	413.98 32.48	10,223.57 12.46	362.36 34.33	1,918.10 42.26	22,597.88 15.85	**49,208.12** **18.81**
भारत के बाहर स्थानन किये गये पुनर्बीमा प्रीमियम की राशि (₹करोड़)	**2023-24**	7,124.78 25.10	648.88 12.74	453.02 32.78	1,135.14 1.24	400.96 34.28	1,134.98 20.26	15,101.02 9.32	**25,998.78** **8.80**
	2022-23	5,823.89 22.19	694.73 17.79	471.36 36.98	367.43 0.45	483.29 45.79	922.55 20.32	15,481.55 10.86	**24,244.79** **9.27**


प्रतिधारण और पुनर्बीमा स्थानन:

I.6.3.6 2023-24 में, साधारण बीमाकर्ताओं के द्वारा भारत के अंदर और बाहर स्थानन किये गये पुनर्बीमा प्रीमियम क्रमशः जीडब्ल्यूपी का 17.03 प्रतिशत और 8.80 प्रतिशत रहा। साधारण बीमाकर्ताओं के द्वारा निवल प्रतिधारण में सूचित की गई वृद्धि में 2022-23 में दर्ज 71.93 प्रतिशत से 2023-24 में 74.17 प्रतिशत तक बढ़ोतरी रही है।

जीवन बीमाकर्ताओं के द्वारा पुनर्बीमा स्थानन

I.6.3.7 2023-24 के दौरान, सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता द्वारा पुनर्बीमा प्रीमियम के रूप में रु.536.02 करोड़ की राशि (2022-23 में रु.663.53 करोड़) का अध्यर्पण किया गया। निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं ने सब मिलकर पुनर्बीमा के प्रति प्रीमियम के रूप में रु. 7,719.08 करोड़ (2022-23 में रु.6,451.02 करोड़) का अध्यर्पण किया। जीवन बीमा क्षेत्र का प्रतिधारण अनुपात 2022-23 के लिए दर्ज 99.09 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 के लिए 99 प्रतिशत था।

चार्ट I.19: एफआरबी सहित पुनर्बीमाकर्ताओं का सकल पुनर्बीमा प्रीमियम (₹ करोड़ मे)



सारणी I.20: सकल प्रीमियम के प्रतिशत के रूप में साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का निवल प्रतिधारण

खंड	2022–23			2023–24		
	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल
अग्नि	40.82	21.19	28.39	38.42	20.82	27.15
मरीन कार्गो	67.15	62.41	63.72	87.76	67.72	76.37
मरीन हल	34.71	5.14	30.54	34.67	4.32	30.90
मोटर	95.79	83.57	87.09	97.04	84.96	88.36
इंजीनियरिंग	52.26	21.26	37.42	49.24	19.46	33.21
विमानन	25.33	8.07	19.88	18.18	8.39	14.66
अन्य विविध	78.76	69.10	73.29	86.54	70.32	76.52
कुल	**77.53**	**68.44**	**71.93**	**82.45**	**69.63**	**74.17**

बीमा समूह (पूल)

आतंकवाद पूल

I.6.3.8 9/11 घटना के बाद अंतरराष्ट्रीय पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा आतंकवाद कवर को वापस लेने के बाद अप्रैल 2002 में भारत में सभी गैर-जीवन बीमाकर्ताओं की पहल से भारतीय बाजार आतंकवाद जोखिम बीमा पूल बनाया गया। इस पूल का प्रबंध जीआईसी आरई द्वारा किया जाता है। यह पूल अनेक स्थानों पर निवास स्थानों और अचल संपत्तियों के कवर सहित, संपत्ति बीमा पालिसियों के अंतर्गत कवर किये गये आतंकवाद जोखिमों के बीमा के लिए समर्थन देता है। इस पूल की प्रीमियम आय 2022-23 में दर्ज रु. 1,809.01 करोड़ के मुकाबले 2023-24 के लिए रु. 1,654.63 करोड़ थी। उक्त पूल द्वारा 2023-24 के दौरान भुगतान किये गये दावे रु. 3.12 करोड़ हैं। 2023-24 के दौरान उक्त पूल को किन्हीं बड़ी हानियों की सूचना नहीं दी गई है।

नाभिकीय (न्यूक्लियर) पूल

I.6.3.9 नाभिकीय क्षति अधिनियम, 2010 का अधिनियमन अज्ञात और संभावित रूप में नाभिकीय घटना से उत्पन्न होने वाले आपाती जोखिम के संरक्षण को अनिवार्य बनाता है। सामान्यतः नाभिकीय संकट परंपरागत बीमा कवरों से अपवर्जित किये जाते हैं क्योंकि इसके लिए बड़ी बीमा क्षमता अपेक्षित है। अतः नाभिकीय संकटों से उत्पन्न होने वाली देयता का संरक्षण करने के लिए भारतीय नाभिकीय बीमा पूल (आईएनआईपी) 2015 में बनाया गया जिसका प्रबंध भी जीआईसी आरई द्वारा किया जाता है। यह पूल देश में नाभिकीय परिचालकों को और नाभिकीय आपूर्तिकर्ताओं को भी कवरेज प्रदान करता है। उक्त पूल की प्रीमियम आय 2023-24 के लिए 2022-23 के रु. 103.50 करोड़ के मुकाबले रु.107.01 करोड़ थी। वर्ष 2023-24 के दौरान पूल द्वारा किसी भी दावे का भुगतान नहीं किया गया है।

मरीन कार्गो अपवर्जित क्षेत्र पूल (एमसीईटी पूल)

I.6.3.10 रूस-उक्रेन युद्ध के अनुसरण में रूस के साथ व्यापार पर शास्तियाँ (सैंक्शन्स) लगाई गई थीं। इसके कारण, भारतीय बीमाकृत व्यक्तियों आदि के लिए बेलारूस गणराज्य, उक्रेन और/या रूसी राज्यसंघ ('अपवर्जित क्षेत्र' कहलाने वाले) के क्षेत्रों से उर्वरकों और अन्य पण्यों के मरीन कार्गो शिपमेंटों के लिए पुनर्बीमा क्षमता उपलब्ध नहीं थी।

अतः, इस समस्या का समाधान करने के लिए, मरीन कार्गो अपवर्जित क्षेत्र पूल (एमसीईटी पूल) वर्ष 2022 में साधारण

बीमा परिषद की पहल से बनाया गया था और इस पूल का प्रबंध जीआईसी आरई द्वारा किया जाता है।

इस पूल का मुख्य उद्देश्य केवल अपवर्जित क्षेत्रों से भारतीय बीमाकृत व्यक्तियों आदि के लिए उर्वरकों के आयातों और निर्यातों के मरीन कार्गो शिपमेंटों के लिए बीमा कवर देने के लिए पूल के सदस्यों को समर्थ बनाना है तथा इस पूल की जोखिम-अंकन समिति के साथ परामर्श करते हुए अपेक्षित रूप में और सहमति-प्राप्त होने वाली दरों/शर्तों के साथ भारतीय बीमाकृत व्यक्तियों आदि के लिए अन्य पण्यों को कवर देना है।

इस पूल की प्रीमियम आय 2022-23 में दर्ज रु.42.60 करोड़ की तुलना में 2023-24 के लिए रु.41.53 करोड़ थी। 2023-24 के दौरान उक्त पूल को किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं दी गई।

I.6.4 बीमाकर्ताओं के निवेश की निगरानी

I.6.4.1 बीमाकर्ताओं के लिए अनिवार्य किया गया है कि वे आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 के अंतर्गत अपेक्षित रूप में निवेश के स्वरूप का अनुसरण करें। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, बीमा उद्योग द्वारा किये गये निवेश 31 मार्च 2023 को विद्यमान रु.60.04 लाख करोड़ के मुकाबले रु.67.58 लाख करोड़ थे और इस प्रकार उन्होंने 12.55 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार जीवन बीमाकर्ताओं का अंश 91.11 प्रतिशत था, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं (एसएएचआई) सहित साधारण बीमाकर्ताओं का अंश 7.03 प्रतिशत तथा विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं सहित पुनर्बीमाकर्ताओं का अंश 1.86 प्रतिशत रहा। इसी अवधि में सरकारी क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) का अंश 69.46 प्रतिशत पर था और निजी क्षेत्र ने 30.54 प्रतिशत अंश बनाया।

सारणी I.21: बीमा उद्योग में निवेश (31 मार्च को)

(रु.करोड़)

खंड	2023			2024		
	सरकारी	निजी	कुल	सरकारी	निजी	कुल
जीवन बीमाकर्ता	40,43,655	14,19,759	**54,63,414**	44,23,580	17,33,269	**61,56,849**
	(9.90)	(11.55)	(10.32)	(9.40)	(22.08)	(12.69)
साधारण बीमाकर्ता	1,70,167	2,59,164	**4,29,331**	1,74,283	3,00,818	**4,75,101**
	(1.37)	(18.77)	(11.17)	(2.42)	(16.07)	(10.66)
पुनर्बीमाकर्ता	86,175	25,289	**1,11,464**	96,299	29,711	**1,26,010**
	(11.41)	(20.51)	(13.35)	(11.75)	(17.49)	(13.05)
कुल	**42,99,997**	**17,04,212**	**60,04,209**	**46,94,162**	**20,63,798**	**67,57,960**
	(9.56)	**(12.72)**	**(10.44)**	**(9.17)**	**(21.10)**	**(12.55)**

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत में वृद्धि दर्शाते हैं।
साधारण बीमाकर्ताओं में विशेषीकृत बीमाकर्ता और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता (एसएएचआई) शामिल हैं।
पुनर्बीमाकर्ताओं में विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाएँ शामिल हैं।

जीवन बीमाकर्ताओं के निवेश

I.6.4.2 जीवन बीमाकर्ताओं की निधियाँ पारंपरिक उत्पादों और यूलिप उत्पादों में से किये गये निवेशों के आधार पर विभाजित की गई हैं। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार जीवन बीमाकर्ताओं की कुल निधियाँ रु.61.57 लाख करोड़ थीं, जिनमें से रु.53.96 लाख करोड़ (कुल निधियों का 87.64 प्रतिशत) पारंपरिक उत्पादों से थीं और शेष रु.7.61 लाख करोड़ (कुल निधियों का 12.36 प्रतिशत) यूलिप उत्पादों से थीं। जीवन बीमा कंपनी-वार निवेश विवरण 16 में प्रस्तुत किये गये हैं।

सारणी I.22: 31 मार्च तक जीवन बीमाकर्ताओं के निवेश – श्रेणी वार

(रु. करोड़)

क्र.सं.	श्रेणी	2023	2024
	पारंपरिक उत्पाद		
1	केन्द्र सरकार प्रतिभूतियाँ	21,82,289 (44.95)	24,37,256 (45.17)
2	राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	11,60,415 (23.90)	12,95,510 (24.01)
3	आवास और बुनियादी संरचना	4,57,272 (9.42)	4,99,520 (9.26)
4	अनुमोदित निवेश	9,13,359 (18.82)	10,65,425 (19.74)
5	अन्य निवेश	1,41,084 (2.91)	98,421 (1.82)
क	**कुल (1+2+3+4+5)**	**48,54,419 (100.00)**	**53,96,132 (100.00)**
	यूलिप उत्पाद		
6	अनुमोदित निवेश	5,50,523 (90.40)	6,85,216 (90.08)
7	अन्य निवेश	58,472 (9.60)	75,501 (9.92)
ख	**कुल (6+7)**	**6,08,995 (100.00)**	**7,60,717 100.00**
	कुल जोड़ (क+ख)	**54,63,414**	**61,56,849**

टिप्पणीः कोष्ठक में आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं।

I.6.4.3 निधियों के वर्गीकरण की पद्धति के आधार पर, 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, कुल निवेशों में जीवन निधि ने रु.39.22 लाख करोड़ (कुल निधियों का 63.70 प्रतिशत) का अंशदान किया, पेंशन और सामान्य वार्षिकी और सामूहिक निधि ने रु.14.74 लाख करोड़ (कुल निधियों का 23.95 प्रतिशत) तथा यूनिट सहबद्ध निधि (यूलिप) ने रु.7.60 लाख करोड़ (कुल निधियों का 12.36 प्रतिशत) का अंशदान किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कुल निवेशों में पेंशन और सामान्य वार्षिकी तथा सामूहिक निधि का अंश 24.45 प्रतिशत से घटकर 23.95 प्रतिशत हुआ तथा यूलिप निधि का अंश 11.15 प्रतिशत से बढ़कर 12.36 प्रतिशत हो गया। 2023-24 में जीवन निधि के अंश में 64.40 प्रतिशत से 63.70 प्रतिशत तक कमी आई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जीवन, पेंशन/वार्षिकी निधि और यूलिप निधि की मात्रा में क्रमशः रु.4.03 लाख करोड़, रु.1.38 लाख करोड़ और रु.1.52 लाख करोड़ की वृद्धि हुई।

सारणी I.23: जीवन बीमाकर्ताओं के निवेश: निधि–वार (31 मार्च को)

(रु. करोड़)

खंड	2023			2024		
	सरकारी	निजी	कुल	सरकारी	निजी	कुल
जीवन	28,61,600	6,56,781	**35,18,381**	31,29,515	7,92,268	**39,21,783**
पेंशन और सामान्य वार्षिकी तथा सामूहिक निधि	11,55,875	1,80,163	**13,36,038**	12,59,025	2,15,324	**14,74,349**
यूलिप	26,180	5,82,815	**6,08,995**	35,040	7,25,677	**7,60,717**
कुल	**40,43,655**	**14,19,759**	**54,63,414**	**44,23,580**	**17,33,269**	**61,56,849**

साधारण बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं के निवेश

I.6.4.4 बीमा क्षेत्र के द्वारा किये गये कुल निवेशों में साधारण, स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं के द्वारा निवेशों का अंश 8.89 प्रतिशत रहा। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार साधारण बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं द्वारा किये गये निवेशों की कुल राशि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि के रु.5.41 लाख करोड़ की तुलना में रु.6.01 लाख करोड़ थी, जिसने 10.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

I.6.4.5 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, साधारण बीमाकर्ताओं और पुनर्बीमाकर्ताओं ने रु.2.99 लाख करोड़ (49.89 प्रतिशत) का निवेश प्रमुख रूप से केन्द्र, राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में किया है तथा रु.1.62 लाख करोड़ (27.07 प्रतिशत) का निवेश अनुमोदित निवेशों में किया है। साधारण बीमा और पुनर्बीमा कंपनी–वार निवेश विवरण 17 में प्रस्तुत किये गये हैं।

सारणी I.24: साधारण, स्वास्थ्य, विशेषीकृत बीमाकर्ताओं के निवेश

(रु. करोड़)

श्रेणी	31 मार्च 2023 को			31 मार्च 2024 को		
	साधारण बीमाकर्ता^^	पुनर्बीमाकर्ता ##	कुल	साधारण बीमाकर्ता^^	पुनर्बीमाकर्ता ##	कुल
केन्द्र सरकार प्रतिभूतियाँ	1,32,774 (30.93)	40,797 (36.60)	1,73,571 (32.10)	1,34,832 (28.38)	44,566 (35.37)	1,79,398 (29.84)
राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	88,464 (20.61)	24,614 (22.08)	1,13,078 (20.91)	92,139 (19.39)	28,369 (22.51)	1,20,508 (20.05)
आवास तथा एफएफई के लिए राज्य सरकार को ऋण	37,703 (8.78)	7,466 (6.70)	45,169 (8.35)	34,291 (7.22)	7,966 (6.32)	42,257 (7.03)
बुनियादी संरचना निवेश	60,778 (14.16)	12,488 (11.20)	73,266 (13.55)	66,691 (14.04)	17,038 (13.52)	83,729 (13.93)
अनुमोदित निवेश	97,655 (22.75)	22,174 (19.89)	1,19,829 (22.16)	1,36,974 (28.83)	25,726 (20.42)	1,62,700 (27.07)
अन्य निवेश	11,956 (2.78)	3,926 (3.52)	15,882 (2.94)	10,174 (2.14)	2,344 (1.86)	12,518 (2.08)
कुल	**4,29,330 (100.00)**	**1,11,465 (100.00)**	**5,40,795 (100.00)**	**4,75,101 (100.00)**	**1,26,010 (100.00)**	**6,01,111 (100.00)**

टिप्पणी: 1. ^^ साधारण बीमाकर्ताओं में विशेषीकृत बीमाकर्ता और एसएएचआई शामिल हैं।
2. ## पुनर्बीमाकर्ताओं में विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाएँ शामिल हैं।
3. कोष्ठक में आंकड़े कुल निधियों में से संबंधित निधियों का प्रतिशत है।

I.6.5 साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं का स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय

स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम (यात्रा और वैयक्तिक दुर्घटना बीमा को छोड़कर)

I.6.5.1 वर्ष 2023-24 के दौरान, साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने स्वास्थ्य (वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा को छोड़कर) बीमा प्रीमियम के रूप में रु. 1,07,681 करोड़ का संग्रहण किया और इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20.32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

सारणी I.25: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा जोखिम-अंकित स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम

(रु. करोड़)


बीमाकर्ता	2022-23	2023-24
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता	39,058.09 (18.56)	40,992.94 (4.95)
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	25,182.04 (25.24)	34,507.71 (37.03)
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	25,251.63 (26.25)	32,180.09 (27.44)
कुल	**89,491.76** **(22.51)**	**1,07,680.74** **(20.32)**

टिप्पणी:
1. *कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि (प्रतिशत में) दर्शाते हैं।*
2. *उक्त डेटा में विदेशों में किये गये स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का ब्योरा शामिल नहीं है।*
3. *उक्त प्रीमियम वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा व्यवसाय प्रीमियम को छोड़कर है।*
4. *डेटा बीमाकर्ताओं के द्वारा प्रस्तुत स्वास्थ्य बीमा विवरणियों के अनुसार है।*


स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत पालिसियाँ और कवर किये गये जीवन

I.6.5.2 2023-24 के दौरान, साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों ने 2.68 करोड़ स्वास्थ्य बीमा पालिसियों (वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा के अंतर्गत जारी की गई पालिसियों को छोड़कर) के अंतर्गत 57 करोड़ जीवनों को कवर किया है।

चार्ट I.20: स्वास्थ्य बीमा के प्रीमियम में क्षेत्र-वार अंश (2023-24)




I.6.5.3 स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का वर्गीकरण व्यवसाय के तीन वर्गों अर्थात् सरकार प्रायोजित, सामूहिक और वैयक्तिक, में किया गया है। कवर किये गये जीवनों की संख्या के तौर पर, जीवनों के लगभग 45 प्रतिशत को सरकार प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के अंतर्गत कवर किया गया, लगभग 45 प्रतिशत को सामूहिक व्यवसाय में तथा शेष लगभग 10 प्रतिशत को साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई वैयक्तिक पालिसियों के अंतर्गत कवर किया गया था। प्रीमियम की राशि के तौर पर सामूहिक व्यवसाय का अंश सबसे अधिक (51.68 प्रतिशत) था, जिसके बाद वैयक्तिक (38.55 प्रतिशत) का अंश और सरकारी व्यवसाय (9.77 प्रतिशत) का अंश था।



सारणी I.26: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत पालिसियाँ, कवर किये गये जीवन, और प्रीमियम

व्यवसाय की श्रेणी	पालिसियों की संख्या (लाख)		कवर किये गये जीवनों की संख्या (लाख)		सकल प्रीमियम (₹करोड़)	
	2022–23	2023–24	2022–23	2023–24	2022–23	2023–24
सरकार प्रायोजित व्यवसाय	0.001 (0.00)	0.00 (0.00)	2,977.48 (-2.86)	2611.04 (-12.31)	8,480.28 (39.57)	10,513.67 (23.98)
सामूहिक व्यवसाय	6.50 (-7.07)	37.29 (473.69)	1,993.97 (22.87)	2,559.09 (28.34)	46,245.87 (25.36)	55,666.01 (20.37)
वैयक्तिक व्यवसाय	219.92 (0.31)	230.99 (5.03)	528.91 (2.46)	558.57 (5.61)	34,765.61 (15.56)	41,501.06 (19.37)
कुल	**226.42 (0.08)**	**268.29 (18.49)**	**5500.36 (5.69)**	**5728.71 (4.15)**	**89,491.76 (22.50)**	**1,07,680.74 (20.32)**


टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि (प्रतिशत में) दर्शाते हैं। डेटा वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा को छोड़कर है।



स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत दावे

I.6.5.4 साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत निवल उपगत दावे 2023–24 में रु. 76,160 करोड़ पर थे जिन्होंने पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत की वृद्धि सूचित की। स्वास्थ्य व्यवसाय के उपगत दावा अनुपात (आईसीआर) में 2022–23 के 88.89 प्रतिशत से 2023–24 में 88.15 प्रतिशत तक गिरावट रही।

चार्ट I.23: स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत निवल उपगत दावे (रु. करोड़)




सारणी I.27: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत उपगत दावा अनुपात


(प्रतिशत में)

बीमाकर्ता	सरकारी व्यवसाय		सामूहिक व्यवसाय		वैयक्तिक व्यवसाय		कुल	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता	101.49	114.88	106.98	103.07	101.65	95.74	104.91	103.38
निजी क्षेत्र बीमाकर्ता	123.67	121.23	89.38	90.79	79.98	81.28	86.82	88.71
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	0.00	0.00	60.60	66.59	62.66	64.08	62.17	64.71
कुल	**102.28**	**115.28**	**95.89**	**93.75**	**76.03**	**75.06**	**88.89**	**88.15**

चार्ट I.24: स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत उपगत दावा अनुपात की प्रवृत्ति: क्षेत्र-वार



चार्ट I.25: स्वास्थ्य बीमा के अंतर्गत उपगत दावा अनुपात की प्रवृत्ति: खंड-वार



I.6.5.5 2023-24 के दौरान, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने 2.69 करोड़ स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान किया और स्वास्थ्य बीमा दावों के निपटान के लिए रु.83,493 करोड़ की राशि का भुगतान किया। प्रति दावा भुगतान की गई औसत राशि रु. 31,086 थी। निपटाये गये दावों की संख्या के तौर पर दावों के 72 प्रतिशत का निपटान टीपीए के माध्यम से किया गया तथा शेष 28 प्रतिशत दावों को आंतरिक व्यवस्था के द्वारा निपटाया गया। दावों के निपटान की पद्धति के तौर पर, दावों की कुल संख्या के 66.16 प्रतिशत का निपटान नकदीरहित पद्धति के माध्यम से किया गया और अन्य 39 प्रतिशत को प्रतिपूर्ति पद्धति के द्वारा निपटाया गया। बीमाकर्ताओं ने अपनी दावा राशियों के 1 प्रतिशत का निपटान दोनों नकदीरहित और प्रतिपूर्ति पद्धति के द्वारा किया है। मात्रा में नकदीरहित दावों के तौर पर, 66.17 प्रतिशत का निपटान नकदीरहित पद्धति के द्वारा किया गया।

I.6.5.6 2023-24 के दौरान, बीमाकर्ताओं ने अपनी बहियों में पंजीकृत दावों की कुल संख्या के लगभग 83 प्रतिशत का निपटान किया है और उनके लगभग ग्यारह प्रतिशत को निराकृत किया है तथा 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार शेष छह प्रतिशत लंबित थे।

सारणी I.28: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत भुगतान किये गये दावे (2023-24)

दावा निपटान की पद्धति	टीपीए		आंतरिक		कुल	
	संख्या. (लाख)	राशि (₹करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹करोड़)
केवल नकदीरहित	114.84	34,710.02	42.00	20,525.07	156.84	55,235.09
	(59.69)	(66.94)	(55.12)	(64.87)	(58.39)	(66.16)
केवल प्रतिपूर्ति	73.58	16,302.99	31.07	9,873.56	104.65	26,176.56
	(38.25)	(31.44)	(40.77)	(31.20)	(38.96)	(31.35)
दोनों नकदीरहित और प्रतिपूर्ति	1.64	710.98	1.05	763.02	2.69	1,474.00
	(0.85)	(1.37)	(1.38)	(2.41)	(1.00)	(1.77)
लाभ आधारित	2.33	128.12	2.08	479.40	4.41	607.52
	(1.21)	(0.25)	(2.73)	(1.52)	(1.64)	(0.73)
कुल	**192.39**	**51,852.11**	**76.20**	**31,625.14**	**268.59**	**83,493.17**
	(100)	**(100)**	**(100)**	**(100)**	**(100)**	**(100)**

टिप्पणीः कोष्ठक में आंकड़े कुल में से प्रतिशत हैं। डेटा वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा को छोड़कर है।

सारणी I.29: साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत दावों की स्थिति (2023-24)

अवधि के प्रारंभ में बकाया दावे		अवधि के दौरान पंजीकृत नये दावे		कुल दावे		अवधि के दौरान भुगतान किये गये दावे		पालिसी संविदा की शर्तों के अनुसार अस्वीकृत दावे		अवधि के दौरान निराकृत दावे		वर्ष के अंत में बकाया दावे	
संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)	संख्या (लाख)	राशि (₹ करोड़)
17.85	6,290.28	307.87	1,10,825.06	325.72	1,17,115.34	268.59	83,493.17	0.00	15,100.42	36.40	10,937.18	20.73	7,584.57
				(100)	(100)	(82.46)	(71.29)	(0)	(12.90)	(11.18)	(9.34)	(6.36)	(6.48)


टिप्पणीः कोष्ठक में आंकड़े कुल में से प्रतिशत हैं।

जीवन बीमाकर्ताओं का स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय

प्रीमियम, पालिसियाँ और कवर किये गये जीवन

I.6.5.7 वर्ष 2023-24 के दौरान, जीवन बीमाकर्ताओं ने स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के रूप में 2022-23 में प्राप्त रु.1,483 करोड़ की तुलना में 4.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए रु. 1,554 करोड़ का संग्रहण किया।

चार्ट I.26: जीवन बीमाकर्ताओं का स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम (रु. करोड़)



जीवन बीमाकर्ताओं के द्वारा विपणन किये गये स्वास्थ्य बीमा उत्पाद

I.6.5.8 2023-24 के दौरान, जीवन बीमाकर्ताओं ने विभिन्न स्वास्थ्य बीमा उत्पादों से रु.722 करोड़ का कुल प्रीमियम प्राप्त किया। जबकि नवीकरण प्रीमियम ने कुल प्रीमियम के लगभग 85 प्रतिशत का अंशदान किया, नये व्यवसाय ने शेष 15 प्रतिशत का अंशदान किया। 2023-24 के दौरान जीवन बीमाकर्ताओं ने 1.98 लाख जीवनों को कवर करते हुए 0.91 लाख नई पालिसियाँ जारी की हैं, जबकि उन्होंने 9.46 जीवनों को कवर करते हुए 9.16 लाख पालिसियों का नवीकरण किया है।

जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य बीमा राइडर

I.6.5.9 राइडर जो मूल उत्पादों के साथ संबद्ध हैं, पालिसीधारकों को मूल्य के परिवर्धन के रूप में प्रस्तावित किये जाते हैं। 2023-24 के दौरान जीवन बीमा पालिसियों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य बीमा राइडरों के माध्यम से रु. 832 करोड़ का प्रीमियम प्राप्त किया गया। इन राइडरों से प्राप्त कुल प्रीमियम में से 58 प्रतिशत नवीकरण के कारण था, जबकि शेष 42 प्रतिशत का अंशदान नये व्यवसाय के द्वारा किया गया। 2023-24 के दौरान, 30.82 लाख जीवनों को कवर करनेवाले नये जीवन बीमा उत्पादों के साथ 7.68 लाख स्वास्थ्य बीमा राइडर जारी किये गये। इसी अवधि के दौरान, जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध 25.23 लाख राइडरों का नवीकरण किया गया जिन्होंने 31.25 लाख जीवनों को कवर किया।

सारणी I.30: जीवन बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत पालिसियों की संख्या, कवर किये गये जीवन, प्रीमियम

व्यवसाय की श्रेणी	पालिसियो की संख्या / राइडरों की संख्या		कवर किये गये जीवनों की संख्या ('000)		सकल प्रीमियम (₹करोड़)	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा विपणन किये गये स्वास्थ्य बीमा उत्पाद						
नया व्यवसाय	2,86,397	90,605	298.76	197.99	98.86	109.44
नवीकरण व्यवसाय	6,52,631	9,15,960	1019.35	945.61	442.03	612.44
जीवन बीमा उत्पादों के साथ संबद्ध स्वास्थ्य राइडर						
नया व्यवसाय	8,19,586	7,68,372	5,861.60	3,082.38	479.65	347.01
नवीकरण व्यवसाय	31,09,308	25,23,119	3,441.80	3,124.93	462.76	484.84

जीवन बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत दावे

I.6.5.10 वर्ष 2023-24 के दौरान, जीवन बीमाकर्ताओं ने स्वास्थ्य बीमा उत्पादों के संबंध में 30,258 दावों (पंजीकृत कुल दावों का 83 प्रतिशत) के निपटान के लिए दावों के रूप में रु.315 करोड़ का भुगतान किया है। राइडर दावों के संबंध में, बीमाकर्ताओं के द्वारा रु.181 करोड़ की राशि का भुगतान पंजीकृत 96 प्रतिशत दावों के लिए किया गया।

सारणी I.31: जीवन बीमाकर्ताओं के स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के अंतर्गत दावों की स्थिति

(संख्या लाख में और राशि य करोड़ में)

खंड	वर्ष के प्रारंभ में बकाया दावे		वर्ष के दौरान सूचित किये गये दावे		वर्ष के दौरान भुगतान किये गये दावे		निराकृत/ अस्वीकृत दावे		वर्ष के अंत में बकाया दावे	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
स्वास्थ्य बीमा उत्पाद	584	17.34	36,389	366.09	30,258	314.55	6,291	51.42	424	17.46
स्वास्थ्य बीमा राइडर	230	23.02	23,894	229.88	23,063	181.41	704	53.36	357	18.12

वैयक्तिक दुर्घटना बीमा

I.6.5.11 2023-24 के दौरान, बीमा उद्योग ने वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत कुल 165.05 करोड़ जीवनों को कवर किया है। इसमें सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं अर्थात् प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई), तथा ई-टिकट यात्रियों के लिए आईआरसीटीसी यात्रा बीमा के अंतर्गत कवर किये गये 90.10 करोड़ जीवन शामिल हैं।

I.6.5.12 2023-24 के दौरान, वैयक्तिक दुर्घटना बीमा व्यवसाय से सकल प्रीमियम आय रु. 7,788 करोड़ थी। जबकि निजी क्षेत्र के सामान्य बीमाकर्ताओं ने कुल प्रीमियम में लगभग 57 प्रतिशत का योगदान दिया है, सार्वजनिक क्षेत्र के सामान्य बीमाकर्ताओं और एकल स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने क्रमशः लगभग 33 प्रतिशत और 10 प्रतिशत प्रीमियम का योगदान दिया है। वर्ष 2023-24 के लिए इस व्यवसाय के लिए आईसीआर लगभग 67 प्रतिशत था।

सारणी I.32: वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत व्यवसाय

बीमाकर्ता	जीवनो की संख्या (लाख)		सकल प्रीमियम (₹करोड़)		उपगत दावा अनुपात (%)	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
सरकारी क्षेत्र	5,546.56	7,975.95	2,089.75	2,554.99	96.20	96.82
निजी क्षेत्र	6,082.04	8316.54	4,171.23	4,468.73	48.14	53.80
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य	272.30	212.02	786.60	764.76	24.54	23.99
कुल	**11,900.90**	**16,504.51**	**7,047.58**	**7,788.47**	**60.77**	**66.87**

टिप्पणी:

1. *उक्त डेटा में आईआरसीटीसी, पीएमएसबीवाई और पीएमजेडीवाई व्यवसायों के अंतर्गत कवर किये गये जीवनों की संख्या शामिल है।*
2. *उक्त डेटा में विदेशों में किये गये वैयक्तिक दुर्घटना का ब्योरा शामिल नहीं है।*
3. *यह ध्यान रखा जाए कि आईआरसीटीसी योजना के अंतर्गत, वैयक्तिक दुर्घटना कवर रेल यात्रियों को यात्री द्वारा की गई केवल एक विनिर्दिष्ट यात्रा के लिए दिया जाता है तथा एक व्यक्ति सूचित की गई अवधि के दौरान कई यात्राएँ कर सकता है। किसी भी वैयक्तिक दुर्घटना पालिसी/योजनाओं में कवर किये गये जीवनों के लिए, एक व्यक्ति को कई बार कवर किया गया होगा।*

सारणी I.33: सरकार प्रायोजित वैयक्तिक दुर्घटना योजनाओं के अंतर्गत कवरेज

योजना	कवर किये गये व्यक्तियों की संख्या (लाख)	सकल प्रीमियम (₹करोड़)
आईआरसीटीसी	3,734.70	11.67
पीएमजेडीवाई	1,874.75	5.65
पीएमएसबीवाई	3,400.06	685.13
कुल	**9,009.51**	**702.45**

यात्रा बीमा

I.6.5.13 2023-24 के दौरान, 23.23 लाख सीमापार यात्रा बीमा पालिसियों के अंतर्गत 74.96 लाख जीवन कवर किये गये। 2023-24 के लिए सीमापार यात्रा बीमा व्यवसाय से सकल प्रीमियम आय रु. 1,099 करोड़ थी। व्यवसाय की इस व्यवस्था में, निजी साधारण बीमाकर्ता बड़े खिलाड़ी हैं जिनका बाजार अंश सकल प्रीमियम में लगभग 85 प्रतिशत है। व्यवसाय की इस व्यवस्था के लिए आईसीआर वर्ष 2023-24 के लिए 42 प्रतिशत था।

I.6.5.14 2023-24 के दौरान, देशी यात्रा बीमा व्यवसाय से संगृहीत सकल प्रीमियम रु. 125.53 करोड़ था, जिसने पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं ने 1.62 लाख पालिसियों के अंतर्गत 43.31 करोड़ जीवनों को कवर किया है।

सारणी I.34: सीमापार यात्रा बीमा के अंतर्गत व्यवसाय

बीमाकर्ता	जीवनों की संख्या (लाख)		सकल प्रीमियम (₹करोड़)		उपगत दावा अनुपात (%)	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
सरकारी क्षेत्र	0.57	0.74	20.05	19.05	41.91	50.96
निजी क्षेत्र	69.54	58.69	746.99	931.99	43.68	43.43
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य	8.60	15.53	138.49	148.00	32.10	33.58
कुल	**78.71**	**74.96**	**905.53**	**1099.04**	**41.59**	**42.16**

टिप्पणीः उक्त डेटा में विदेशों में किये गये सीमापार यात्रा बीमा व्यवसाय का ब्योरा शामिल नहीं है।

सारणी I.35: देशी यात्रा बीमा के अंतर्गत व्यवसाय

बीमाकर्ता	जीवनों की संख्या (लाख)		सकल प्रीमियम (₹करोड़)		उपगत दावा अनुपात (%)	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
सरकारी क्षेत्र	0.01	0.00	0.01	0.03	0.00	0.00
निजी क्षेत्र	4,776.34	4,306.97	162.70	99.05	21.94	20.70
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य	18.39	24.41	67.12	26.45	4.94	10.81
कुल	**4,794.74**	**4,331.38**	**229.83**	**125.53**	**16.90**	**18.77**

भारत के बाहर जोखिम-अंकित स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय

I.6.5.15 सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता अर्थात् न्यू इंडिया, नेशनल और ओरियन्टल इंश्योरेंस विदेशों में स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय कर रहे हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान, उन्होंने स्वास्थ्य, वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा से रु. 154 करोड़ का सकल प्रीमियम प्राप्त किया है तथा 10.17 लाख जीवनों को कवर किया है। भारत के बाहर किये गये इस व्यवसाय के लिए आईसीआर 2023-24 के दौरान 107 प्रतिशत है।

सारणी I.36: भारत के बाहर जोखिम-अंकित स्वास्थ्य, वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा बीमा व्यवसाय

बीमाकर्ता	कवर किये गये जीवनों की संख्या ('000)		सकल प्रीमियम (₹करोड़)		उपगत दावा अनुपात (%)	
	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24	2022-23	2023-24
नेशनल	98.00	10.73	2.67	1.53	189.96	210.28
न्यू इंडिया	1,033.32	992.39	218.80	150.96	81.12	106.12
ओरियन्टल	15.45	13.88	41.20	1.62	104.50	89.50
कुल	**1,146.77**	**1017.00**	**262.67**	**154.11**	**85.24**	**106.83**

I.6.6 ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में किए जाने वाले व्यवसाय का विनिर्दिष्ट प्रतिशत

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 32बी और 32सी तथा आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 वार्षिक आधार पर बीमाकर्ताओं द्वारा पूरे किये जानेवाले ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों से व्यवसाय के लक्ष्य निर्धारित करते हैं।

ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में बीमाकर्ताओं के दायित्वों संबंधी विनियम

I.6.6.1 आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 ने वार्षिक आधार पर बीमाकर्ताओं के द्वारा पूरे किये जानेवाले ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों से व्यवसाय के लक्ष्य निर्धारित किये हैं। इन विनियमों के अनुसार, बीमाकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे निर्धारित वर्ष-वार व्यवसाय के लक्ष्यों को पूरा करें :

i. कुल व्यवसाय पर परिकलित सामाजिक क्षेत्र जीवनों के प्रतिशत के तौर पर; और

ii. ग्रामीण क्षेत्रों से, जीवन बीमाकर्ताओं के लिए पालिसियों की संख्या के प्रतिशत के तौर पर तथा साधारण और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए प्रत्यक्ष जोखिम-अंकित सकल प्रीमियम के तौर पर्। इन विनियमों का संशोधन किया गया है और इन्हें आईआरडीएआई (ग्रामीण, सामाजिक और मोटर अन्य पक्ष दायित्व) विनियम, 2024 के रूप में समेकित किया गया है जो 1 अप्रैल 2024 से प्रवृत्त होंगे। उक्त विनियम के संबंध में एक विस्तृत बाक्स मद भाग II में उपलब्ध है।

I.6.6.2 आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 बीमाकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे परिचालन के वर्षों की सख्या के आधार पर इन खंडों में व्यवसाय का जोखिम-अंकन करें्। इन विनियमों में यह भी व्यवस्था है कि, यदि कोई बीमा कंपनी परिचालन वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही में प्रारंभ करती है और संबंधित वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को छह महीने से कम अवधि के लिए परिचालन में है:

i. उपर्युक्त अवधि के लिए कोई ग्रामीण अथवा सामाजिक क्षेत्र दायित्व लागू नहीं होंगे; तथा

ii. उक्त विनियमों में निर्दिष्ट रूप में वार्षिक दायित्वों की गणना अगले वित्तीय वर्ष से की जाएगी जो अनुपालन के प्रयोजन के लिए परिचालन के प्रथम वर्ष के रूप में माना जाएगा।

iii. उस स्थिति में जहाँ कोई जीवन बीमा कंपनी परिचालन वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में प्रारंभ करती है, वहाँ प्रथम वर्ष के लिए लागू दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए दायित्वों का 50 प्रतिशत होंगे और सामाजिक क्षेत्र के लिए 2500 जीवन होंगे।

2023-24 के दौरान बीमाकर्ताओं द्वारा दायित्वों की पूर्ति

जीवन बीमाकर्ता

I.6.6.3 वर्ष 2023-24 के दौरान, सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता एवं सभी पच्चीस निजी क्षेत्र जीवन बीमा कंपनियों ने अपने ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों को पूरा किया है।

I.6.6.4 जीवन बीमा कंपनियों ने 2023-24 में अपने द्वारा जोखिम-अंकित कुल 291.77 लाख पालिसियों में से ग्रामीण क्षेत्र में 122.70 लाख पालिसियों का जोखिम-अंकन किया।

सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता ने नई पालिसियों के 47.72 प्रतिशत का जोखिम-अंकन ग्रामीण क्षेत्र में किया और निजी बीमाकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में अपनी नई वैयक्तिक पालिसियों के 28.91 प्रतिशत का जोखिम-अंकन किया।

I.6.6.5 जीवन बीमाकर्ताओं ने सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत 6.66 करोड़ जीवनों को कवर किया है, यानि 22.75 प्रतिशत जो निर्धारित 5 प्रतिशत से अधिक है । सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता ने 5.73 प्रतिशत प्राप्त किया और निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं ने 26.88 प्रतिशत प्राप्त किया।

I.6.6.6 मेसर्स सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. को बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 52बी (2) के अधीन आईआरडीएआई के आदेश संदर्भ आईआरडीएआई/एफएण्डए/ ओआर/एफए/ 148/06/2017 के अनुसार 24 जून 2017 से नये व्यवसाय का जोखिम-अंकन न करने के लिए निदेश दिया गया था। अतः सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. को ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों के अनुपालन से छूट दी गई है।

साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ता

I.6.6.7 2023-24 के दौरान, सभी 25 साधारण बीमाकर्ताओं (विशेषीकृत और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) ने अपने ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्वों की पूर्ति की है। सभी साधारण बीमाकर्ताओं (विशेषीकृत और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) ने 2023-24 में ग्रामीण क्षेत्र में रु. 40,857 करोड़ के प्रीमियम का जोखिम-अंकन किया। सरकारी क्षेत्र और निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र सकल प्रीमियम (विशेषीकृत और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) के क्रमशः 21 प्रतिशत और 79 प्रतिशत का जोखिम-अंकन किया।

I.6.6.8 सात एसएएचआई बीमाकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्र में रु.4,712 करोड़ प्रीमियम प्राप्त किया जो वर्ष 2023-24 में उनके द्वारा प्राप्त किये गये सकल प्रीमियम का 14.23 प्रतिशत बनता है तथा उन्होंने सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत 59.32 लाख जीवनों को अर्थात् पिछले वर्ष में कवर किये गये कुल जीवनों के 6.73 प्रतिशत को कवर किया है।

मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय दायित्व

I.6.6.9 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 32डी विनिर्दिष्ट करती है कि साधारण बीमा व्यवसाय करनेवाला प्रत्येक बीमाकर्ता बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के प्रारंभ होने के बाद उक्त विनियमों के द्वारा विनिर्दिष्ट किये जानेवाले रूप में मोटर वाहनों के अन्य पक्ष जोखिमों में बीमा व्यवसाय के न्यूनतम प्रतिशत का जोखिम-अंकन करेगा। तदनुसार, आईआरडीएआई (मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 वार्षिक आधार पर मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं के न्यूनतम दायित्व को निर्धारित करता है।

वर्ष 2023-24 में 25 साधारण बीमाकर्ताओं (विशेषीकृत और स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं को छोड़कर) में से दो बीमाकर्ताओं ने मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में न्यूनतम दायित्व का अनुपालन नहीं किया। यह विषय विनियामक परिप्रेक्ष्य से जाँच के अधीन है। क्षेमा साधारण बीमाकर्ता को 2023-24 के दौरान उक्त बाध्यकर अपेक्षा लागू करने से छूट दी गई है क्योंकि उसने परिचालन माह मई 2023 में प्रारंभ किया है तथा आईआरडीएआई (मोटर अन्य पक्ष बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ता का दायित्व) विनियम, 2015 के अनुसार नये साधारण बीमाकर्ता को उस वित्तीय वर्ष सहित जिसमें उसके परिचालन प्रारंभ किये जाते हैं, उसके परिचालनों के प्रथम दो वित्तीय वर्षों के दौरान उक्त बाध्यकर अपेक्षा को लागू करने से छूट दी जाती है।

I.6.7 लेखा और बीमांकिक मानक

I.6.7.1 बीमाकर्ताओं के वित्तीय विवरण समय-समय पर यथासंशोधित आईआरडीए (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 के अंतर्गत तथा समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों के द्वारा भी निर्धारित फार्म में और निर्धारित तरीके से तैयार किये जाते हैं। लेखा-बहियों का अनुरक्षण इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं की मदें प्रस्तुत करने के लिए किया जाता है।

नियुक्त बीमांकक प्रणाली

I.6.7.2 प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों की वित्तीय समग्रता को बनाये रखने, पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने और एक सुदृढ़ बीमा बाजार को सुनिश्चित करने के लिए आईआरडीए (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2000 जारी किये। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, प्राधिकरण ने नियुक्त बीमांकक संबंधी पिछले विनियमों को सम्मिलित करते हुए आईआरडीएआई (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2022 जारी किये। बीमा व्यवसाय के संचालन में कार्यकुशलताओं की वृद्धि करने और बीमा बाजार के बदलते गतिसिद्धांत के साथ बराबर चलने के लिए, प्राधिकरण

ने आईआरडीएआई (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2022 की समीक्षा की और समेकित आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 में संगत उपबंध शामिल किये, जिसमें अन्य बातों के साथ नियुक्त बीमांकक की नियुक्ति के लिए क्रियाविधि, नियुक्त बीमांकक की शक्तियाँ, नियुक्त बीमांकक के कर्तव्य और दायित्व तथा नियुक्त बीमांकक प्रणाली के संबंध में कई अन्य उपबंध शामिल किये गये हैं।

I.6.7.3 नियुक्त बीमांकक अन्य बातों के साथ-साथ बीमाकर्ता के प्रबंधन को बीमांकिक परामर्श देने, विशेष रूप से उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण में परामर्श देने, तकनीकी व्यवस्थाओं का परिकलन करने, बीमा संविदा शब्दावली/ वाक्यरचना, निवेश और पुनर्बीमा, कंपनी की शोधन-क्षमता सुनिश्चित करने, जोखिम प्रबंध प्रणाली का प्रभावी कार्यान्वयन करने, तथा समय-समय पर जारी किये जानेवाले प्राधिकरण के निदेशों का अनुपालन करने के लिए उत्तरदायी है। इसके अलावा, नियुक्त बीमांकक बीमाकर्ता के कब्जे में अथवा नियंत्रण में विद्यमान समस्त सूचना अथवा दस्तावेजों तक पहुँच रखता है, यदि ऐसी पहुँच नियुक्त बीमांकक के कार्यों और कर्तव्यों के उचित और प्रभावी कार्यनिष्पादन के लिए आवश्यक है।

I.6.8 प्राधिकरण द्वारा जारी किये गये निदेश, आदेश और विनियम

I.6.8.1 आईआरडीएआई ने 2023-24 के दौरान कई आदेश और परिपत्र जारी किये, जिनकी सूची अनुबंध 4 में प्रस्तुत की गई है। वर्ष के दौरान अधिसूचित किये गये विनियमों की सूची अनुबंध 5 में प्रस्तुत है।

I.6.9 प्राधिकरण द्वारा प्रत्यायोजित शक्तियाँ और कार्य

वित्तीय वर्ष 2023-24 में आयोजित प्राधिकरण की 123वीं बैठक दिनांक 18.08.2023 के दौरान, प्राधिकरण ने निम्नलिखित विनियमों के अधीन अपनी कुछ शक्तियाँ अध्यक्ष/ पूर्णकालिक सदस्यों / प्राधिकरण के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रत्यायोजित की हैं :

i. आईआरडीएआई (नियुक्त बीमांकक) विनियम, 2022

ii. आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018

iii. आईआरडीएआई (कारपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015

iv. आईआरडीएआई (वैयक्तिक एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016

v. आईआरडीएआई (बीमा विपणन फर्म का पंजीकरण) विनियम, 2015

vi. आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015

vii. आईआरडीएआई (वेब संग्राहक) विनियम, 2017

viii. बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पालिसियों के इलेक्ट्रानिक निर्गम संबंधी दिशानिर्देश, 2015

ix. बीमा ई-कामर्स संबंधी दिशानिर्देश, 2017

x. आईआरडीएआई (अन्य पक्ष प्रबंधक स्वास्थ्य सेवाएँ) विनियम, 2016

xi. आईआरडीएआई (सामान्य सेवा केन्द्रों के द्वारा बीमा सेवाएँ) विनियम, 2015

xii. मोटर बीमा सेवा प्रदाता संबंधी दिशानिर्देश, 2017

I.6.10 बीमा बाजार के कार्यचालन से संबंध रखनेवाली अन्य नीतियाँ और कार्यक्रम

क. धन-शोधन निवारण/आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने का (एएमएल/सीएफटी) कार्यक्रम

धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) और उसके अधीन बनाये गये नियमों के द्वारा सशक्त किये जाने के बाद उक्त एएमएल/सीएफटी दिशानिर्देश (दिशानिर्देश) बीमा क्षेत्र को सर्वप्रथम मार्च 2006 में जारी किये गये। तब से बीमा क्षेत्र भारत में एएमएल/सीएफटी व्यवस्था के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में कार्य कर रहा है।

वर्तमान में एएमएल/सीएफटी संबंधी दिशानिर्देश 2022 (समय-समय पर यथासंशोधित) बीमा क्षेत्र के लिए लागू हैं। उक्त मास्टर दिशानिर्देश अन्य बातों के साथ ग्राहक संबंधी समुचित सावधानी प्रक्रियाओं, रिपोर्टिंग बाध्यताओं और अभिलेख अनुरक्षण की आवश्यकताओं से संबंधित अपेक्षाएँ निर्धारित करते हैं। बीमाकर्ता के आंतरिक लेखा-परीक्षा/निरीक्षण विभागों के माध्यम से प्रणालियों की प्रभावात्मकता की नियमित समीक्षा की एक निर्धारित प्रक्रिया है। इसके अलावा, उक्त दिशानिर्देशों के अनुपालन की

निगरानी भी आईआरडीएआई द्वारा आन-साइट और परोक्ष (आफ़-साइट) दोनों प्रक्रियाओं के द्वारा की जाती है।

विनियमित संस्थाओं के द्वारा एएमएल/सीएफटी दायित्वों और धन-शोधन (एमएल)/आतंकवाद के वित्तपोषण (टीएफ) जोखिमों की सुस्पष्ट समझ को सुनिश्चित करने के लिए, आईआरडीएआई ने 2023-24 के दौरान अनेक जनसंपर्क कार्यक्रम संचालित किये हैं। आईआरडीएआई के पास वित्तीय क्षेत्र में एमएल/टीएफ जोखिमों की समझ की साझेदारी तथा एमएल/टीएफ जोखिम संबंधी सूचना की साझेदारी को समर्थ बनानेवाली निम्नलिखित व्यवस्थाएँ भी विद्यमान हैं :

i. अंतर-मंत्रालय समन्वय समिति (आईएमसीसी) के अधीन संयुक्त कार्य-दल (जेडब्ल्यूजी) जो भारत की एएमएल/सीएफटी व्यवस्था की प्रभावात्मकता में सुधार लाने हेतु प्रभावी समन्वय और सहयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर गठित की गई है

ii. वित्तीय आसूचना यूनिट-इंडिया (एफआईयू-इंड) के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू)

iii. एफआईयू-इंड के साथ वित्तीय क्षेत्र विनियमनकर्ताओं की तिमाही बैठक

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ), जो धन-शोधन (एमएल) और आतंकवाद वित्तपोषण (टीएफ) के लिए एक वैश्विक हितप्रहरी (वाचडाग) है, ने भारत के एएमएल/सीएफटी ढाँचे का पारस्परिक मूल्यांकन (एमई) प्रारंभ किया है। उक्त एमएल प्रक्रिया, अंन्य बातों के साथ-साथ एफएटीएफ की सिफारिशों (तकनीकी अनुपालन) के अनुपालन तथा एमएल/टीएफ/पीएफ प्रयोजनों के लिए वित्तीय क्षेत्र के दुरुपयोग का निवारण करने में न्यायव्यवस्था द्वारा लागू किये गये एएमएल/सीएफटी/सीपीएफ ढाँचे की प्रभावात्मकता के मूल्यांकन को संबद्ध करती है।

आईआरडीएआई ने राजस्व विभाग के तत्वावधान में उक्त एमई प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले चुका है। एफएटीएफ मूल्यांकन टीम (एटी) का आनसाइट विजिट नवंबर 2023 में संचालित किया गया था। आईआरडीएआई ने बीमा उद्योग के चयनित प्रतिनिधियों के साथ एफएटीएफ एटी के साथ परस्पर सक्रिय विचार-विमर्श (इंटरऐक्शन) किया तथा एमएल/टीएफ/पीएफ के लिए बीमा क्षेत्र के दुरुपयोग का निवारण करने के लिए लागू किये गये उपायों का प्रदर्शन किया।

ख. सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005

वर्ष के दौरान, उक्त अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कर्तव्यों और दायित्वों के प्रभावी निर्वहण के लिए आरटीआई अधिनियम, 2005 के उपबंधों पर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी (एफएए) द्वारा केन्द्रीय जन सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) के लिए परस्पर सक्रिय विचार-विमर्श (इंटरऐक्शन) सत्र का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, अधिनियम के अध्याय, धारा 4(2) के अनुसरण में आवेदकों के द्वारा प्रायः पूछी जानेवाली सूचना की श्रेणियों की पहचान और आवधिक तौर पर उसकी समीक्षा करने तथा आरटीआई के संदर्भ में सार्वजनिक पहुँच (पब्लिक डोमेन) में ऐसी सूचना के प्रकटीकरण की समीक्षा करने के लिए सीपीआईओ और एफएए की एक समिति का गठन पहले ही किया जा चुका है।

सरकार द्वारा प्रायोजित सामाजिक रूप से उन्मुख बीमा योजनाएँ

प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):

प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) एक वर्ष की सामूहिक सावधि जीवन बीमा योजना है जो किसी भी कारण से मृत्यु के लिए जीवन बीमा कवर देने के लिए भारत सरकार द्वारा अभिकल्पित है। सहभागी बैंकों / डाक घर के सभी वैयक्तिक (एकल अथवा संयुक्त) खाताधारक जो 18 से 50 वर्ष के आयु समूह के हैं, इस योजना में सम्मिलित होने / आटो-डेबिट करने के लिए अपनी सहमति देने के द्वारा इस योजना में शामिल होने के लिए पात्र हैं। किसी व्यक्ति के द्वारा एक या विभिन्न बैंकों / डाक घरों में एक से अधिक खाते धारित करने की स्थिति में ऐसा व्यक्ति केवल एक ही बैंक / डाक घर खाते में इस योजना में सम्मिलित होने के लिए पात्र है। दो लाख रुपये का जीवन कवर एक वर्ष की अवधि के लिए होगा जो वर्ष के 1 जून से अगले वर्ष के 31 मई तक व्याप्त होगा तथा यह उसके बाद प्रत्येक वर्ष में स्वतः नवीकरण-योग्य होगा। प्रीमियम रु. 436 प्रति वर्ष है (पालिसी वर्ष 2023-24 के लिए)। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार यह योजना सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता और 13 निजी जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित की जा रही है।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई)

यह योजना 18 से 70 वर्ष की आयु के उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिनके पास बैंक खाता है और जो 31 मई को या उससे पहले 1 जून से 31 मई तक की कवरेज अवधि के लिए वार्षिक नवीनीकरण के आधार पर शामिल होने/ऑटो-डेबिट सक्षम करने के लिए अपनी सहमति देते हैं। इस योजना के तहत जोखिम कवरेज आकस्मिक मृत्यु और पूर्ण विकलांगता के लिए ₹2 लाख और आंशिक विकलांगता के लिए ₹1 लाख है। पॉलिसी वर्ष 2022-23 के लिए प्रीमियम ₹20 प्रति वर्ष था। यह योजना सामान्य बीमा कंपनियों द्वारा पेश की जाती है, जो इस उद्देश्य के लिए बैंकों के साथ गठजोड़ कर रही हैं।

प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)

यह योजना वर्तमान विशेषताओं के साथ जारी है तथा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

1. प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) बुआई-पूर्व स्तर से फ़सल कटाई के बाद के स्तर तक सभी अनिवारणीय प्राकृतिक जोखिमों के विरुद्ध किसानों की फ़सलों के लिए व्यापक जोखिम कवर सुनिश्चित करने हेतु वहनीय फ़सल बीमा उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए कृषि में उत्पादन को समर्थन देने के उद्देश्य के साथ खरीफ़ 2016 से प्रारंभ की गई थी। पीएमएफबीवाई भारत में कुल फ़सल बीमा व्यवसाय के 90 प्रतिशत से अधिक बनती है। इस योजना का कार्यान्वयन सूचीबद्ध साधारण बीमा कंपनियों के द्वारा किया जाता है। पीएमएफबीवाई योजना का संवर्धन निम्नानुसार किया गया हैः

क. जोखिम अंतरण विकल्प का चयन करने के लिए राज्यों को अधिक लचीलापन

i. लाभ साझेदारी माडल

ii. कप और कैप माडल (60:130)

iii. कप और कैप माडल (80:110)

iv. यह राज्य को उनके बजट और आवश्यकता के अनुसार जोखिम अंतरण विकल्प का चयन करने के लिए सुविधा प्रदान करेगा।

ख. प्रीमियम सब्सिडी के समय पर निर्मोचन (रिलीज़) को सुनिश्चित करने और कठोर वित्तीय अनुशासन को बनाये रखने के लिए सब्सिडी भुगतान को राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित निलंब (एस्क्रो) खाते के माध्यम से सरल और कारगर बनाया जाएगा। साथ ही, सारा वित्तीय लेनदेन राष्ट्रीय फ़सल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) के द्वारा किया जाएगा।


ग. भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से अभिकल्पित मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से सीसीई का संचालन करना। यह पारदर्शिता को बढ़ायेगा और तेजी से डेटा का प्रसार करने में सहायता करेगा।

घ. उपज के अनुमान और फ़सल के स्वास्थ्य के लिए प्रौद्योगिकीगत मध्यक्षेपों (इंटरवेन्शन्स) यसटेक (यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम थ्रू टेक्नलाजी), विंड्स (वेदर इन्फर्मेशन नेटवर्क एण्ड डेटा सिस्टम), क्रापिक (कलेक्शन आफ़ रियल-टाइम फोटो एण्ड अब्जर्वेशन आफ़ क्राप) को संबद्ध करना। यह हितधारकों के विश्वास का निर्माण करने में सहायता करेगा तथा एवाई डेटा की उपलब्धता में विलंब को कम करेगा।

2. पुनःसंरचित मौसम आधारित फ़सल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) 18 फरवरी 2016 को प्रारंभ की गई थी तथा इसका उद्देश्य वर्षा, तापमान, वायु, नमी आदि से संबंधित प्रतिकूल मौसमी स्थितियों के परिणामस्वरूप होनेवाली प्रत्याशित फ़सल हानि के कारण वित्तीय हानि की संभावना के विरुद्ध बीमाकृत किसानों की कठिनाई को कम करना है। आरडब्ल्यूबीसीआईएस मानी गई फ़सल हानियों के लिए किसानों की क्षतिपूर्ति करने हेतु फ़सल उपजों के लिए परोक्षी (प्राक्सी) के रूप में मौसम के पैरामीटरों का प्रयोग करती है। सभी मानक दावों का प्रसंस्करण और भुगतान जोखिम अवधि की समाप्ति से 45 दिन के अंदर किया जाता है। दोनों पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस का प्रबंध कृषि मंत्रालय के द्वारा किया जा रहा है।

प्रमुखताएँ

बीमा शिकायतें – एक नजर में



यानी प्रति लाख पॉलिसियों और कवर किए गए जीवन पर केवल 6 शिकायतें

बीमा उद्योग को भविष्य के लिए तैयार करना

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक

- आईएफआरएस का अंगीकरण वित्तीय रिपोर्टिंग में वैश्विक सुयोजन को बढ़ावा देता है।
- यह हितधारकों को किसी कंपनी के वित्तीय स्वास्थ्य और कार्यनिष्पादन को स्पष्ट रूप से समझने का प्रबंध करते हुए पारदर्शिता, सामंजस्य और तुलनीयता का संवर्धन करता है।
- बीमाकर्ता आईआरडीएआई द्वारा उपलब्ध कराए गए मानक प्रारूप के आधार पर वित्तीय प्रभाव और अंतर मूल्यांकन अध्ययन पर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, रिपोर्टिंग और प्रकटीकरण के लिए मानकीकृत प्रारूप तैयार करने का काम भी प्रगति पर है।

जोखिम आधारित पूँजी

- जोखिम आधारित पूँजी (आरबीसी) एक कारक-आधारित से जोखिम-आधारित दृष्टिकोण वाले प्रबंध की ओर अवस्थांतर है।
- यह संस्थाओं को बेहतर जोखिम प्रबंध, संवर्धित बाजार अनुशासन प्राप्त करने के लिए समर्थ बनाती है तथा समग्र वित्तीय स्थिरता में योगदान करती है।
- इस दिशा में, इसके निहितार्थों का आकलन करने के लिए मात्रात्मक प्रभाव अध्ययन (क्यूआईएस1) संचालित किया गया है।

जोखिम आधारित पर्यवेक्षण ढाँचा

- जोखिम आधारित पर्यवेक्षण ढाँचा (आरबीएसएफ) संभावित जोखिमों के न्यूनीकरण हेतु सक्रिय उपायों को समर्थ बनाते हुए प्रत्येक संस्था के विशिष्ट जोखिम प्रोफाइल की आवश्यकता के अनुरूप एक व्यापक जोखिम प्रबंध दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।
- यह चालू अनुपालन और आघात-सहनीयता को सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षी निगरानी को मजबूत करता है।
- उक्त ढाँचे का परीक्षण करने के लिए उसकी प्रभावात्मकता में मूल्यवान अंतर्दृष्टियाँ देते हुए प्रायोगिक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

बीमा पुनर्नबीकृत विनियामक संरचना



बीमाकर्ताओं के लिए प्रवेश की सुगमता



भाग – II
कार्यप्रणाली और परिचालनों की समीक्षा

II.1 बीमा और पुनर्बीमा कंपनियों का विनियमन

विनियामक ढाँचे की व्यापक समीक्षा और सरलीकरण:

आईआरडीएआई ने पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करने के साथ ही, व्यवसाय करने की सुगमता का संवर्धन करने और अनुपालन के भार को कम करने के लिए बीमा क्षेत्र से संबंधित विनियामक ढाँचे की एक व्यापक समीक्षा प्रारंभ की है।

इसके परिणामस्वरूप, बीमा क्षेत्र से संबंधित सभी विनियमों, परिपत्रों और दिशानिर्देशों का एक गहन मूल्यांकन और परीक्षण, अनुपालनों के संबद्ध भार और लागत सहित, उनकी संगतता, दक्षता, सरलता और अनुकूलनशीलता के लिए किया गया है। मूल्यांकन का एक मुख्य तत्व विशेष रूप से हितधारकों के साथ और सामान्य रूप से जनसाधारण के साथ विस्तृत परामर्श था। इन परामर्शों ने महत्वपूर्ण निविष्टियाँ और गहरी अंतर्दृष्टियाँ दी हैं जो जमीनी वास्तविकताओं, क्षेत्र की आवश्यकताओं और उसमें अपेक्षित परिवर्तनों की बेहतर समझ में परिणत हुई हैं।

इस व्यापक और सहभागितापूर्ण प्रक्रिया ने क्षेत्र को प्रारंभ करने के समय से लेकर बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों से संबंधित 78 से अधिक विनियमों की संख्या को घटाकर 28 (31 मार्च, 2024) तक करने की ओर मार्ग प्रशस्त किया है। इसी प्रकार, बीमा क्षेत्र में अनुपालन का भार कम करने और परिचालनगत कार्यकुशलताओं की वृद्धि करने के लिए 167 परिपत्र निरस्त किये गये।

इसके अलावा, 82 विवरणियों को युक्तियुक्त बनाया गया है तथा आईआरडीएआई के पास फाइल की जानेवाली सभी विनियामक विवरणियों के लिए एक समग्र संदर्भ उपलब्ध कराया गया है।

उक्त संशोधित ढाँचा अधिक सिद्धांत आधारित है तथा बीमाकर्ताओं को आवश्यक सुरक्षित घेरों (गार्डरेलों) के साथ पर्याप्त लचीलापन मुहैया करता है तथा इसके साथ ही, अनुपालन की लागत को कम करता है। नियमित / आवधिक समीक्षा को सुनिश्चित करने तथा विनियामक परिदृश्य में गतिवाद (डाइनमिज्म) को शामिल करने के लिए तीन वर्ष का एक समापन खंड (सनसेट क्लाज़) जोड़ दिया गया है।

बीमा क्षेत्र में नवोन्मेषण, प्रतिस्पर्धा, और धारणीय वृद्धि को प्रोत्साहित करने के साथ ही, पालिसीधाकरों के हितों को प्राथमिकता देनेवाले समर्थकारी विनियामक परिवेश के निर्माण के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, आईआरडीएआई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दस सिद्धांत-आधारित विनियमों का अनुमोदन किया है। इनमें से आठ समेकित विनियम थे, तथा दो नये विनियम थे। ये विनियम बीमा क्षेत्र के विनियामक ढाँचे की गहन समीक्षा के बाद प्रस्तुत किये गये हैं।

ये आठ विनियम महत्वपूर्ण क्षेत्रों को कवर करते हैं, जैसे पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण, ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति दायित्व, मोटर अन्य पक्ष बीमा, इलेक्ट्रानिक बीमा बाजार स्थान जो आम तौर पर 'बीमा सुगम' के रूप में जाना जाता है, बीमा उत्पादों की सभी श्रेणियों के लिए एकीकृत मानदंड, विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं का परिचालन, तथा बीमा कंपनियों के पंजीकरण से संबंधित पहलू, बीमांकिक प्रथाएँ, वित्त, निवेश, कमीशन सहित प्रबंधन के व्यय एवं कारपोरेट अभिशासन।

विनियमों को युक्तिसंगत बनाने के अतिरिक्त, विनियामक कार्य रिपोर्ट प्रणाली (आरएआरएस), जो विनियमित संस्थाओं के उल्लंघनों के संबंध में आईआरडीएआई द्वारा की गई एक केन्द्रीकृत डेटा (भंडार) रिपोजिटरी है, भी सक्रिय रूप से विचाराधीन है। यह प्रत्याशित है कि उक्त आरएआरएस पारदर्शिता और ऐतिहासिक अभिलेखों तक पहुँच को उपलब्ध कराएगी। इस प्रणाली के संबंध में बाक्स मद खखख.2 में विस्तार से चर्चा की गई है।

व्यवसाय करने की सुगमता को सुसाध्य बनाने, अनुपालन के भार को कम करने, और प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य के साथ, आईआरडीएआई ने साधारण बीमा उत्पादों को सभी प्रचलित प्रशुल्कों से संबंधित सामान्य विनियमों, निबंधनो और शर्तों तथा अन्य विशिष्टियों की अधिसूचना को निरस्त (डी-नोटिफाई) किया है। इन प्रशुल्कों की अधिसूचना का निरसन एक महत्वपूर्ण मील-पत्थर है जिसके बारे में बाक्स मद खखख.1 में विस्तार से चर्चा की गई है।

आईआरडीएआई पूँजी के उपयोग और जोखिम प्रबंध को इष्टतम बनाते हुए, बीमाकर्ताओं की सहायता उनके जोखिमों के लिए संगत रूप में पर्याप्त पूँजी के अनुरक्षण हेतु करने के लिए भारतीय

जोखिम-आधारित पूँजी (इंड-आरबीसी) का विकास कर रहा है। वर्तमान कारक-आधारित माडल से इस संक्रमण के भाग के रूप में, आईआरडीएआई ने एक 'तकनीकी मार्गदर्शन' दस्तावेज के साथ प्रथम मात्रात्मक प्रभाव अध्ययन (क्यूआईएस1), बीमाकर्ता की पूँजी और शोधन-क्षमता पर उसके प्रभाव का आकलन करने के लिए प्रारंभ किया है। बीमाकर्ताओं को अनिवार्यतः उक्त ढाँचे को परिष्कृत करने के लिए आयोजित अनुवर्ती अध्ययनों के साथ एक निर्धारित समय-सीमा के अंदर क्यूआईएस1 के परिणाम प्रस्तुत करने चाहिए।

एक सिद्धांत-आधारित विनियामक ढाँचे का सुदृढ़ीकरण करने के लिए, आईआरडीएआई भारतीय बीमा उद्योग के लिए एक जोखिम-आधारित पर्यवेक्षी (आरबीएस) ढाँचे का भी विकास और कार्यान्वयन कर रहा है। आईआरडीएआई का लक्ष्य उपभोक्ता संरक्षण पर फोकस से युक्त सुदृढ़ पर्यवेक्षण का संवर्धन करना है। यह पहल विनियमित संस्थाओं की आनुपातिकता, महत्वपूर्णता, और कार्यकलापों के एक व्यापक विश्लेषण पर बल देते हुए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन को निरूपित करती है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अधिसूचित विनियमों का संक्षेप निम्नानुसार है:

II.1.1 आईआरडीएआई (पुनर्बीमा) (संशोधन) विनियम, 2023

II.1.1.1 बीमाकर्ताओं के लिए अर्जन और तुलन-पत्र की अस्थिरता का प्रबंध अधिक प्रभावी ढंग से करने के लिए पुनर्बीमा एक महत्वपूर्ण साधन है। पुनर्बीमा में लगे रहने के द्वारा बीमाकर्ता अपने एक्सपोज़र को बड़े जोखिमों, आपाती घटनाओं तक सीमित कर सकते हैं तथा अपनी वित्तीय स्थिरता में वृद्धि कर सकते हैं।

भारत में पुनर्बीमा का परिदृश्य का उल्लेखनीय रूप में विकास हुआ है, विशेष रूप से बीमा विधि (संशोधन) अधिनियम, 2015 के अधिनियमन से लेकर, जिसने भारतीय बाजार में वैश्विक पुनर्बीमाकर्ताओं को अपनी शाखाओं के माध्यम से प्रवेश को सुसाध्य बना दिया है।

वर्तमान पुनर्बीमा विनियामक ढाँचे के अंतर्गत, भारतीय पुनर्बीमाकर्ता (वर्तमान में केवल भारतीय साधारण बीमा परिषद जीआईसी आफ़ इंडिया) और आईआरडीएआई के पास पंजीकृत विदेशी पुनर्बीमा शाखाओं को भारत में पुनर्बीमा सेवाएँ देने की अनुमति है। अतिरिक्त रूप से, आईएफएससीए बीमा कार्यालयों (आईआईओएस) और सीमापार पुनर्बीमाकर्ताओं (सीबीआरएस) को भी पुनर्बीमा सेवाएँ देने के लिए अनुमति दी गई है।

एफआरबीएस और आईआईओएस सहित भारतीय बीमाकर्ताओं के लिए, पुनर्बीमा व्यवसाय की वृद्धि करने और विनियामक उपबंधों को सरल और कारगर बनाने के लिए आईआरडीएआई ने 23 अगस्त 2023 को आईआरडीएआई (पुनर्बीमा) (संशोधन) विनियम, 2023 अधिसूचित किये हैं। ये विनियामक परिवर्तन भारत को एक पुनर्बीमा केन्द्र (हब) बनाने के लिए एक समर्थकारी विधिक ढाँचे को लागू करने के उद्देश्य के अनुरूप हैं।

उक्त संशोधन विनियमों ने आईआरडीएआई (पुनर्बीमा) विनियम, 2018, आईआरडीएआई (लायड्स को छोड़कर अन्य विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के शाखा कार्यालयों का पंजीकरण और परिचालन) विनियम, 2015, तथा आईआरडीएआई (लायड्स इंडिया) विनियम, 2016 में परिवर्तन किये हैं। उक्त संशोधन विनियमों के द्वारा लागू किये गये मुख्य परिवर्तनों में शामिल हैं-

- भारतीय पुनर्बीमाकर्ताओं (एफआरबीएस सहित) से अपेक्षित है कि वे भारत के अंदर जोखिम-अंकन किये गये भारतीय पुनर्बीमा व्यवसाय के 50 प्रतिशत का न्यूनतम प्रतिधारण बनाये रखें तथा आईआईओ को 20 प्रतिशत तक किसी भी वापसी (रेट्रोसेशन) की गणना इस न्यूनतम प्रतिधारण की आवश्यकता के लिए की जाती है।

- एक नया और सरलीकृत वरीयता-क्रम लागू किया है, सभी पुनर्बीमा स्थाननों के लिए जिसका अनुसरण करने की अपेक्षा अध्यर्पक बीमाकर्ताओं से है। पूर्व में छह स्तरों तक व्याप्त इस अपेक्षा को अब निम्नानुसार चार स्तरों तक सीमित किया गया है:

क) श्रेणी 1: भारतीय पुनर्बीमाकर्ता (वर्तमान में, केवल जीआईसी आरई);

ख) श्रेणी 2: आईआईओएस (जो देशी प्रशुल्क क्षेत्र के अंदर भारतीय बीमाकर्ताओं से उत्पन्न, प्रतिधारित प्रीमियमों के 100 प्रतिशत का निवेश करते हैं) और एफआरबीएस;

ग) श्रेणी 3: अन्य आईआईओएस

घ) श्रेणी 4: अन्य भारतीय बीमाकर्ता (केवल बीमा खंड में प्रति-जोखिम विकल्पी स्थाननों के संबंध में जिनके लिए बीमाकर्ता को व्यवसाय करने के लिए पंजीकृत किया गया है) और सीबीआरएस

- अनुपालन और रिपोर्टिंग की अपेक्षाएँ सरल की गई हैं। उक्त संशोधन विनियमों ने विनियामक फाइलिंगों एवं भारतीय बीमाकर्ताओं द्वारा अनुरक्षित किये जाने हेतु अपेक्षित अभिलेखों की पद्धति/फार्मेट के तौर पर कुछ छूटें लागू की हैं।

- नया एफआरबी खोलने के लिए न्यूनतम पूँजीगत अपेक्षा इस उपबंध के साथ रु. 100 करोड़ से घटाकर रु. 50 करोड़ की गई है कि किसी भी समनुदेशित पूँजी के आधिक्य का प्रत्यावर्तन किया जाएगा।

उक्त संशोधन विनियम एक अधिक अनुकूल व्यावसायिक परिवेश को प्रोत्साहित करते हुए तथा भारत को एक अग्रणी वैश्विक पुनर्बीमा केन्द्र (हब) के रूप में रखते हुए, भारत के पुनर्बीमा परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दर्शाते हैं।

II.1.2 आईआरडीएआई (कमीशन सहित, बीमाकर्ताओं के प्रबंधन व्यय) विनियम, 2024

II.1.2.1 आईआरडीएआई (कमीशन सहित, बीमाकर्ताओं के प्रबंधन व्यय) विनियम, 2024 का संशोधन बीमाकर्ताओं को कमीशनों सहित अपने व्ययों के प्रबंधन में अधिकाधिक लचीलापन देने के लिए किया गया। इसका उद्देश्य संसाधनों के उपयोग को इष्टतम बनाने, पालिसीधारकों के लिए लाभों में वृद्धि करने, तथा बीमा व्यापन में सुधार लाने, ये सभी आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित सीमाओं के अंदर करने के लिए उनकी सहायता करना है।

ये संशोधन जीवन बीमा के लिए निगरानी प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए, साधारण और स्वास्थ्य बीमा क्षेत्रों के लिए पिछले खंडीय स्तर के बजाय कंपनी स्तर पर प्रबंधन व्ययों (ईओएम) की सीमाएँ लागू करने के द्वारा परिचालनगत लचीलेपन और विनियामक पर्यवेक्षण में संतुलन रखने की अपेक्षा करते हैं। यह पहल सिद्धांत-आधारित विनियमों और वर्तमान विनियामक ढाँचे को युक्तियुक्त बनाने की दिशा में अंतरण करने के बृहत्तर विनियामक सुधार का भाग है।

ये विनियम पिछले तीन विनियमों अर्थात् भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (साधारण अथवा स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के प्रबंधन व्यय) विनियम, 2023, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (जीवन बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ताओं के प्रबंधन व्यय) विनियम, 2023 तथा भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (कमीशन का भुगतान) विनियम, 2023 का संयोजन करते हैं।

II.1.3 आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024

II.1.3.1 आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 बाजार की गतिशील माँगों के प्रति उद्योग की अनुक्रियाशीलता को सुसाध्य बनाने तथा इस प्रकार व्यवसाय करने की सुगमता में वृद्धि करने और बीमा व्यापन को बढ़ाने के उद्देश्य के साथ पूर्व के छह विनियमों का विलयन करते हुए एक एकीकृत ढाँचा उपलब्ध कराते हैं। इस विनियम के बारे में एक विस्तृत आलेख बाक्स मद खख.1 में प्रस्तुत है।

II.1.4 आईआरडीएआई (पंजीकरण, पूँजी विन्यास, शेयरों का अंतरण और बीमाकर्ताओं का समामेलन) विनियम, 2024

II.1.4.1 आईआरडीएआई ने आईआरडीएआई (पंजीकरण, पूँजी विन्यास, शेयरों का अंतरण और बीमाकर्ताओं का समामेलन) विनियम, 2024 अधिसूचित किये हैं जिन्होंने आईआरडीएआई (भारतीय बीमा कंपनियों का पंजीकरण) विनियम, 2022 का अधिक्रमण किया। उक्त विनियमों के बड़े परिवर्तन निम्नानुसार हैं:

क. **अवरुद्धता (लाक–इन) अवधिः**

i. वर्तमान विनियम केवल सूचीबद्धता को सुसाध्य बनाने के लिए छूट की अनुमति देता है। बीमाकर्ता अथवा शेयरधारक की वित्तीय संकट की स्थिति में छूट देने के लिए समर्थकारी उपबंध बनाया गया है।

ii. निम्नलिखित मामलों में अवरुद्धता नहीं हैः

1. बीमाकर्ता के कर्मचारियों अथवा निदेशकों के हित के लिए किसी भी योजना के अनुसरण में बीमाकर्ता के कर्मचारियों अथवा निदेशकों को शेयर आबंटित किये जाते हैं।

2. निवेशक बीमाकर्ता की ईक्विटी पूँजी के 1 प्रतिशत से अनधिक धारित करते हैं।

ख. सुरक्षा प्रीमियमः पंजीकरण के स्तर पर (व्यवसाय के प्रारंभ तक)

i. आवेदक अथवा एसपीवी (विशेष प्रयोजन माध्यम) के शेयर केवल अंकित मूल्य पर ही जारी किये जाने चाहिए्।

ii. आवेदक के शेयरधारकों अथवा एसपीवी द्वारा निधियों का आधान (इनफ्यूज़न) ईक्विटी हित के अनुपात में होना चाहिए्।

ग. निदेशक का नामांकनः कोई शेयरधारक किसी बीमाकर्ता के बोर्ड में किसी निदेशक का नामांकन नहीं करेगा यदि उसने बीमा व्यवसाय की उसी श्रेणी में लगे हुए किसी अन्य बीमाकर्ता के बोर्ड में निदेशक का नामांकन पहले से किया हो।

घ. शेयरों के अंतरण के लिए अनुमोदनः एक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक 5 प्रतिशत के अंतरण (अंतरिती के लिए) और प्रत्येक 1प्रतिशत के अंतरण (अंतरणकर्ता के लिए) के पूर्व–अनुमोदन की अपेक्षा करने के संबंध में स्पष्टता दी गई है।

ङ. शेयर बाजारों में शेयरों की सूचीबद्धता के लिए पूर्व–अनुमोदन की अपेक्षा निम्नलिखित सहित कुछ शर्तों का अनुपालन करने के अधीन समाप्त की गई हैः

i. सेबी के साथ संपर्क करने से कम से कम 15 दिन पहले बीमाकर्ता आईआरडीएआई को सूचित करेगा।

ii. बीमाकर्ता धारा 6ए के अधीन शेयरों के अंतरण के लिए पूर्व–अनुमोदन की अपेक्षा करेगा।

च. प्रसंस्करण और वार्षिक शुल्क में संशोधनः

i. बीमाकर्ताओं द्वारा अदा किये जानेवाले वार्षिक शुल्क की अधिकतम राशि रु. 10 करोड़ से बढ़ाकर रु. 15 करोड़ की गई है।

ii. समामेलन के लिए आवेदन शुल्क प्रत्येक बीमाकर्ता के द्वारा अलग–अलग अदा किया जाएगा।

iii. शेयरों के अंतरण के लिए आवेदन शुल्क रु. 50 लाख (यदि प्रस्तावित अंतरण 50 प्रतिशत ईक्विटी से अधिक है) अथवा रु. 5 लाख (अन्य मामलों में) है।

II.1.5 आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के लिए कारपोरेट अभिशासन) विनियम, 2024

II.1.5.1 आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के लिए कारपोरेट अभिशासन) विनियम, 2024 बीमाकर्ताओं के लिए एक मजबूत अभिशासन ढाँचे की स्थापना करने तथा बोर्ड और प्रबंधक–वर्ग की भूमिकाओं और दायित्वों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने के लिए प्रारंभ किये गये। पहली बार, वर्तमान अभिशासन दिशानिर्देशों को विनियमों के रूप में औपचारिक बनाया गया है। ये विनियम सभी हितधारकों, विशेष रूप से पालिसीधारकों की प्रत्याशाओं को पूरा करने पर फोकस के साथ, सुदृढ़ और विवेकपूर्ण अभिशासन पद्धतियों को अपनाने के महत्व पर विशेष रूप से बल देते हैं। पारदर्शिता, उत्तरदायित्व, और नैतिक आचरण पर बल देते हुए उनका लक्ष्य हितधारकों के बीच विश्वास और भरोसे को प्रोत्साहित करना है।

II.1.6 आईआरडीएआई (विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं और लायड्स इंडिया का पंजीकरण और परिचालन) विनियम, 2024:

II.1.6.1 बीमा व्यवसाय करने में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए तथा विभिन्न विनियमों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य के साथ प्राधिकरण ने आईआरडीएआई (विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं और लायड्स इंडिया का पंजीकरण और परिचालन) विनियम, 2024, 20 मार्च 2024 को अधिसूचित किये। उक्त नये विनियम दो पूर्ववर्ती विनियमों, अर्थात् आईआरडीएआई (लायड्स को छोड़कर अन्य विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं की शाखाओं का पंजीकरण और परिचालन) विनियम, 2015 और आईआरडीएआई (लायड्स इंडिया) विनियम, 2016 का संयोजन करते हैं।

उक्त नये विनियम दोनों लायड्स और लायड्स को छोड़कर अन्य के लिए लागू सामान्य उपबंधों का विनियमों के एक एकल सेट के रूप में एकीकरण हैं। ये विनियम शर्तों में अधिक स्पष्टता लाने के लिए कुछ परिचालन और अभिसासन से संबंधित उपबंध भी प्रारंभ करते हैं। उक्त नये विनियमों की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं :

- 'व्यवसाय की व्यवस्था' एफआरबीएस के पंजीकरण के लिए व्यवसाय की श्रेणी को विनिर्दिष्ट करने के लिए शामिल की गई;
- एफआरबीएस हेतु माँग-पत्र और आर1 अनुमोदन के लिए 3 महीने की विधिमान्यता अवधि प्रारंभ की गई है;
- 'सेवा कंपनी' की परिभाषा इसे अधिक लचीला बनाने तथा लायड्स इंडिया प्लेटफार्म के अंतर्गत अधिक संस्थाओं को समर्थ बनाने के लिए आशोधित की गई है;
- लायड्स की सेवा कंपनी के लिए पंजीकरण की विधिमान्यता अवधि हटाई गई है;
- एफआरबीएस के समामेलन, अंतरण अथवा पुनःसंरचना के संबंध में उपबंध प्रारंभ किये गये हैं;
- एफआरबीएस द्वारा अतिरिक्त कार्यालय खोलने तथा भारत परिचालन शाखाओं लाभों/अधिशेष के अंतरण के लिए प्राधिकरण का पूर्व-अनुमोदन कुछ शर्तों के अधीन समाप्त किया गया है;
- एफआरबीएस के सीईओ और केएमपीएस की नियुक्ति और पारिश्रमिक तथा एफआरबीएस द्वारा कार्यकलापों के बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) से संबंधित उपबंध आशोधित किये गये हैं;

सभी फार्मेट और गैर-मूल (नान-सब्स्टैन्टिव) उपबंध मास्टर परिपत्र में प्रस्तुत किये गये हैं।

II.1.7 आईआरडीएआई (बीमा सुगम बीमा इलेक्ट्रानिक बाजार स्थान) विनियम, 2024

II.1.7.1 इन विनियमों का उद्देश्य बीमा का सार्वजनीकरण और लोकतंत्रीकरण करने एवं पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने की दिशा में बीमा सुगम नामक एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी संरचना स्थापित करना है। यह बाजार-स्थान ग्राहकों, बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों, और एजेंटों सहित सभी बीमा हितधारकों के लिए एक समग्र समाधान के रूप में तथा इसके द्वारा समूची बीमा मूल्य शृंखला में कार्यकुशलता, पारदर्शिता और सहयोग को बढ़ाने में काम आयेगा।

उक्त ई-बाजार स्थान के संबंध में प्रत्याशित है कि यह बीमा कवरेज की पहुँच को बढ़ाएगा, सभी हितधारकों को डिजिटल तौर पर सशक्त बनायेगा तथा संपूर्ण समाधान सुनिश्चित करेगा।

बाक्स II.1

आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 व्यापक उत्पाद समाधानों के लिए समर्थकारक

उत्प्रेरक विनियामक परिवेश के लिए विनियामक सुधारों की शृंखला के अनुक्रम में, जो पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण करता है, बीमाकृत जनता को निर्बाध सेवाएँ उपलब्ध कराता है तथा बीमा उद्योग में नवोन्मेषण, प्रतियोगिता और धारणीय वृद्धि को प्रोत्साहित करता है, आईआरडीएआई ने जीवन, स्वास्थ्य और साधारण बीमा व्यवसाय के लिए लागू एक एकल सिद्धांत आधारित ढाँचे में निम्नलिखित छह विनियमों का विलयन करते हुए आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 जारी किये हैं :

- आईआरडीएआई (सूक्ष्म बीमा) विनियम, 2015;
- आईआरडीएआई (वार्षिकियों और अन्य लाभों के लिए न्यूनतम सीमाएँ) विनियम, 2015;
- आईआरडीएआई (अभ्यर्पण और प्रदत्त मूल्यों का अधिग्रहण) विनियम, 2015;
- आईआरडीएआई (स्वास्थ्य बीमा) विनियम, 2016;
- आईआरडीएआई (यूनिट सहबद्ध बीमा उत्पाद) विनियम, 2019;
- आईआरडीएआई (असंबद्ध बीमा उत्पाद) विनियम, 2019;

उक्त बीमा उत्पाद विनियमों का उद्देश्य उभरती बाजार आवश्यकताओं के प्रति बीमाकर्ताओं को तत्परतापूर्वक प्रतिक्रिया देने में समर्थ बनाना, व्यवसाय करने की सुगमता में वृद्धि करना, तथा बीमा व्यापन को बढ़ावा देने के लिए अनुपालन भार को कम करना है। इन विनियमों का लक्ष्य उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण में श्रेष्ठ अभिशासन को बढ़ावा देना तथा पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करना एवं इसके द्वारा एक प्रतिस्पर्धी बाजार स्थान को विकसित करना है। अतिरिक्त रूप से, ये विनियम सुनिश्चित करते हैं कि बीमाकर्ता प्रभावी निगरानी और समुचित सावधानी के लिए सुदृढ़ प्रबंध पद्धतियों को अपनाते हैं।

जीवन बीमा उत्पादों की मुख्य विशेषताएँ :

- पालिसीधारकों के हितों के संरक्षण के उद्देश्य के साथ अधिकांशतः सिद्धांत आधारित।
- जोखिम-अंकन, विज्ञापन, उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण को सम्मिलित करते हुए अभिशासन ढाँचे को मजबूत करना।
- प्रकटीकरणों के साथ गारंटीकृत अभ्यर्पण मूल्य और विशेष अभ्यर्पण मूल्य को नियंत्रित करनेवाले सिद्धांतों को मजबूत करना।
- समाज के विभिन्न खंडों/स्तरों के लिए उनकी गतिशील आवश्यकताओं के अनुसार नवोन्मेष बीमा उत्पादों के विकास के लिए प्रोत्साहन।
- परिवर्ती वार्षिकी भुगतान का प्रारंभ जिसके द्वारा वार्षिकी भुगतान पालिसीधारकों/ग्राहकों को उपयुक्त प्रकटीकरण और लाभ निदर्शनों सहित सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध बेंचमार्क के साथ भिन्न हो सकते हैं।
- यूनिट सहबद्ध प्लेटफार्म के अंतर्गत 'सूचकांक-युक्त संबद्ध उत्पादों' का प्रारंभ।
- 'गैर-नियोक्ता-कर्मचारी समूहों' के लिए 'समूह निधि आधारित उत्पादों' का सरलीकरण।

स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की मुख्य विशेषताएँ :

- बीमाकर्ता सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पाद प्रस्तावित करेंगे तथा वे सभी प्रकार की वर्तमान चिकित्सा स्थितियों से युक्त व्यक्तियों के लिए कवरेज देने का प्रयास करेंगे।

- पहले से चल रही बीमारियों (पीईडी) के संबंध में : प्रकटीकृत पीईडी के लिए अधिकतम प्रतीक्षा अवधि वर्तमान 48 महीने से घटाकर 36 महीने की गई है, अप्रकटीकृत पीईडी के लिए अनुमत अधिकतम प्रतीक्षा अवधि वर्तमान 96 महीने से घटाकर 60 महीने की गई है तथा पीईडी के रूप में न्यूनीकृत किसी भी स्थिति, बीमारी, क्षति या रोग के श्रेणीकरण के लिए अवधि पालिसी के प्रारंभ से 48 महीने से घटाकर पालिसी के प्रारंभ से 36 महीने कर दी गई है।

- विनिर्दिष्ट बीमारियों/चिकित्सा के लिए अनुमत अधिकतम प्रतीक्षा अवधि वर्तमान 48 महीने से घटाकर 36 महीने की गई है। यह विशिष्ट प्रतीक्षा अवधि किसी दुर्घटना के कारण किये गये दावों के लिए लागू नहीं होगी।

- बीमाकर्ताओं के पास आयुष चिकित्सा को अन्य चिकित्साओं के समान रखने तथा पालिसीधारकों को एक विकल्प उपलब्ध कराने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति होगी।

- बीमाकृत व्यक्ति के द्वारा प्रमाणित धोखाधड़ी, नैतिक परिसंकट या गलतबयानी के कारणों को छोड़कर स्वास्थ्य बीमा पालिसी नवीकरणयोग्य होगी, बशर्ते कि पालिसी वापस नहीं ली गई हो तथा अच्छे दावा अनुभव के आधार पर छूटें देने के लिए विशिष्ट रूप से बीमाकर्ताओं को अनुमति दी गई हो।

- साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ता अब एक वर्ष से कम और 3 वर्ष से अधिक अवधि के लिए वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा उत्पाद (लाभ और क्षतिपूर्ति उत्पाद) प्रस्तावित कर सकते हैं। ऋण संबद्ध उत्पाद 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रस्तावित किये जा सकते हैं। जीवन बीमाकर्ता अब पाँच वर्ष से कम अवधि के लिए लाभ आधारित वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा उत्पाद प्रस्तावित कर सकते हैं।

- अनुग्रह अवधि के दौरान कवरेज दिया जा सकता है, यदि प्रीमियम का भुगतान किस्तों में किया जाता है।

- प्रीमियम पालिसी अवधि के लिए अपरिवर्तित रहेगा। यह विनिर्दिष्ट किया जाता है कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रीमियम दरें उचित हों, न कि अत्यधिक, अपर्याप्त, और अनुचित रूप से भेदभावपूर्ण, तथा धनराशि के लिए मूल्य देनेवाली हों। बीमाकर्ताओं को उत्पाद अनुभव के अनुसार उत्पाद की कीमत निर्धारित करने और उत्पाद का संशोधन करने के लिए अनुमति दी गई है।

उपर्युक्त विशेषताएँ बीमाकर्ताओं को निर्बाध रूप से परिवर्ती बाजार खंडों को आवश्यकतानुरूप बीमा उत्पाद प्रस्तावित करने के लिए समर्थ बनाती हैं।

II.1.8 भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024

II.1.8.1 आईआरडीएआई ने आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के लिए बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 अधिसूचित किये हैं जिन्होंने आईआरडीएआई (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 तथा अनुवर्ती संशोधनों का अधिक्रमण किया है। उक्त विनियमों के प्रमुख परिवर्तन निम्नानुसार हैं:

बीमांकिक कार्य:

क) बीमांकिक कार्यों में नियुक्त बीमांकक प्रणाली, शोधन-क्षमता मार्जिन की संगणना सहित जीवन और साधारण बीमा व्यवसाय के लिए आस्तियों और देयताओं का मूल्यांकन शामिल हैं।

ख) किसी बीमा / पुनर्बीमा कंपनी में नियुक्त बीमांकक अन्य विषयों के बीच उत्पाद अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण, पुनर्बीमा, जोखिम प्रबंध, शोधन-क्षमता के अनुरक्षण, निवेश तथा विभिन्न विनियामक अधिदेशों के अनुपालन को सम्मिलित करते हुए उक्त क्षेत्रों में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करता है।

ग) ये विनियम बीमाकर्ताओं/ पुनर्बीमाकर्ताओं की शोधन-क्षमता स्थिति के प्रदर्शन और निर्धारण के प्रयोजन के लिए आस्तियों और देयताओं के मूल्यांकन की विस्तृत कार्यपद्धतियों और सिद्धांतों को सम्मिलित करते हैं।

घ) आस्तियों का मूल्यांकन बीमाकर्ता के वित्तीय विवरणों की तैयारी में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार किया जाता है। तथापि, कुछ सूचीबद्ध आस्तियाँ शोधन-क्षमता मार्जिन के प्रदर्शन में स्वीकार्य नहीं हैं। इसी प्रकार, सावधानी के प्रयोजन के लिए, शोधन-क्षमता के परिकलन में उचित मूल्य परिवर्तन खाते में विचार किये जाने के लिए किसी सकारात्मक गतिविधि को अनुमति नहीं है। देयताओं का मूल्यांकन उक्त विनियमों में निर्धारित रूप में बीमांकिक सिद्धांतों और कार्यपद्धतियों के अनुरूप किया जाता है।

वित्त संबंधी कार्य:

क) स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं सहित साधारण बीमाकर्ताओं और उन बीमाकर्ताओं के मामले में जो एकमात्र तौर पर पुनर्बीमा व्यवसाय में लगे हुए हैं, 'स्थावर संपदा (रियल एस्टेट) निवेश संपत्ति' के मूल्यांकन को निर्धारित करने की क्रियाविधि को जीवन बीमाकर्ताओं के मामले में 'स्थावर संपदा (रियल एस्टेट) निवेश संपत्ति' के मूल्यांकन को निर्धारित करने के लिए क्रियाविधि के साथ सुसंगत बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप, विभिन्न प्रकार के बीमाकर्ताओं के अंतर्गत स्थावर संपदा निवेश संपत्तियों के लिए मूल्यांकन प्रक्रियाओं का सुमेलन हुआ है।

ख) आईआरडीएआई (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 के निर्गम के बाद विभिन्न परिपत्रों / निदेशों के द्वारा विनिर्दिष्ट फार्मेट/ लाइन मदें सार्वजनिक प्रकटीकरण की अपेक्षाओं के साथ सुसंगति सुनिश्चित करने के लिए आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 में निविष्ट की गई हैं।

निवेश कार्य:

क) किसी ऐसी कंपनी की किसी अचल संपत्ति, संयंत्र अथवा उपस्कर पर प्रथम भार द्वारा सुरक्षित डिबेंचर जिसने किसी चूक के बिना ब्याज का भुगतान पूर्णतः किया है, को अनुमोदित निवेश के रूप में माना जाएगा। ब्याज की प्राप्ति के लिए वर्षों की संख्या के मानदंड को बदलकर अब किसी चूक के बिना ब्याज के भुगतान से प्रतिस्थापित किया गया है।

ख) आवास क्षेत्र में आगे और निवेशों को प्रोत्साहित करने के लिए, बांडों/डिबेंचरों के साथ-साथ, आवास वित्त कंपनियों/हुडको में ईक्विटी निवेश को आवास और बुनियादी संरचना में एक्सपोजर के भाग के रूप में माना जाएगा।

ग) तिमाही विवरणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा अब तिमाही की समाप्ति से वर्तमान 30 दिन से बढ़ाकर 45 दिन कर दी गई है।

घ) व्यवसाय करने की सुगमता में वृद्धि करने और बुनियादी संरचना में निवेशों को प्रोत्साहित करने के लिए बुनियादी संरचना कर्ज निधियों में निवेशों को पूर्व अनुमोदन की अपेक्षा के बिना कुछ शर्तों के आधार पर अनुमति दी गई है।

ङ) बाजार पूँजीकरण और केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र उद्यम के द्वारा शीर्षस्थ 100 सूचीबद्ध कंपनियों के अंतर्गत आनेवाली प्रवर्तक समूह कंपनियों के निजी स्थानन में निवेश की अनुमति दी गई है।

च) बैंकिंग, वित्तीय सेवाएँ, और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में निवेश के लिए एक्सपोजर सीमा 30 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है।

छ) प्रीमियम, दावा, व्यय और निवेश प्रतिफल आदि जैसे मानदंडों की बोर्ड द्वारा निगरानी के अनुपालन के लिए तिमाही आधार पर बीमाकर्ता के सांविधिक लेखा-परीक्षक द्वारा पुष्टीकरण की अपेक्षा समाप्त की गई है।

II.1.9 आईआरडीएआई (ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर अन्य पक्ष दायित्व) विनियम, 2024

II.1.9.1 ये विनियम बीमाकर्ताओं के लिए ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों तथा मोटर अन्य पक्ष व्यवसाय के संबंध में न्यूनतम व्यावसायिक दायित्वों संबंधी पूर्व के दो विनियमों का समेकन करने के द्वारा संशोधित किये गये थे। इन विनियमों ने ग्रामीण क्षेत्र दायित्वों की पूर्ति के लिए मापन के यूनिट को ग्राम पंचायत के रूप में पुनः परिभाषित किया है। विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कार्डधारकों और लाभार्थियों को सम्मिलित करने के लिए सामाजिक क्षेत्र के दायरे का विस्तार किया गया है। मोटर अन्य पक्ष दायित्वों की पूर्ति के लिए मापन का यूनिट यात्री वाहनों, माल वाहनों और ट्रैक्टरों को बीमा कवरेज का नवीकरण होगा। इन विनियमों के संबंध में एक आलेख बाक्स मद खख.2 में प्रस्तुत है।

II.1.10 आईआरडीएआई (पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण, बीमाकर्ताओं के परिचालन और संबद्ध विषय) विनियम, 2024

II.1.10.1 आईआरडीएआई (पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण, बीमाकर्ताओं के परिचालन और संबद्ध विषय) विनियम, 2024, 20 मार्च 2024 को अधिसूचित किये गये। ये विनियम दो भागों में हैं। भाग क पालिसीधारकों के हितों के संरक्षण से संबंधित उपबंधों से संबंधित है तथा भाग ख बीमाकर्ताओं के परिचालनों और संबद्ध विषयों से संबंधित उपबंधों को कवर करता है। इस विनियम ने बीमा पालिसियों की अपेक्षा (सलिसिटेशन) और विक्रय के दौरान संभावित ग्राहकों के प्रति उचित व्यवहार को सुनिश्चित करने तथा पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण बीमाकर्ताओं और वितरण माध्यमों के साथ उनकी पूरी संबद्धता के दौरान करने के संबंध में कई मुख्य उद्देशों पर फोकस करते हुए आठ विनियमों को एक एकीकृत संरचना में समेकित किया है। इन विनियमों ने बीमाकर्ताओं और वितरण माध्यमों के द्वारा शिकायतों के निवारण और पालिसीधारक-केन्द्रित अभिशासन सहित पालिसीधारकों के प्रति अपने दायित्वों की पूर्ति करने के लिए मानक क्रियाविधियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर विशेष बल दिया है। ये विनियम प्रत्येक बीमाकर्ता से अपेक्षा करते हैं कि उसके पास पालिसीधारकों के हितों के संरक्षण के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति लागू हो। उक्त नये विनियमों के अन्य मुख्य उपबंधों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- **संवर्धित नि:शुल्क अवलोकन अवधि:**

  पालिसीधारकों के पास अब अपनी बीमा पालिसियों की समीक्षा करने तथा खरीद की पद्धति का विचार किये बिना, यदि पालिसी (जीवन और स्वास्थ्य) की शर्तें स्वीकार्य नहीं हैं तो उन्हें निरस्त करने के लिए 30 दिन का समय होगा।

- **अधिक तेज धनवापसी प्रसंस्करण:**

  नि:शुल्क अवलोकन के बाद निरसन के अनुरोधों पर धनवापसी के प्रसंस्करण के लिए घटाई गई समय-सीमाएँ।

- **अधिदेशात्मक बैंक खाता संबंधी सूचना:**

  धनवापसी अथवा दावा संबंधी भुगतानों के इलेक्ट्रानिक अंतरण को सुसाध्य बनाने के लिए बीमाकर्ताओं के लिए यह अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) किया गया है कि वे प्रस्ताव के स्तर के दौरान बीमाकृत व्यक्ति के बैंक खाते से संबंधित सूचना प्राप्त करें।

- **अधिदेशात्मक नामांकन:**

  सभी जीवन बीमा पालिसियों के लिए अब नामांकन अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) है।

- **साधारण और स्वास्थ्य बीमा के लिए नामांकन:**

  साधारण और स्वस्थ्य बीमा पालिसियों के लिए जहाँ भी लागू है वहाँ नामांकन के उपबंध प्रारंभ किये गये हैं।

- **इलेक्ट्रानिक पालिसी निर्गम:**

  सभी बीमा पालिसियाँ अनिवार्यत: इलेक्ट्रानिक फार्मेट में जारी की जानी चाहिए तथा यदि पालिसीधारक के द्वारा अनुरोध किया गया हो तो बीमाकर्ता से अपेक्षित है कि वह एक भौतिक प्रति भी जारी करे।

- **ग्राहक सूचना पत्रक (सीआईएस):**

  बीमाकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे पालिसी दस्तावेज के साथ एक विस्तृत ग्राहक सूचना पत्रक उपलब्ध कराएँ जो एक ऐसा विवरण है जो जारी की गई पालिसी की महत्वपूर्ण सूचना और पालिसी की मुख्य विशेषताएँ सरल शब्दों में प्रस्तुत करता है।

- **वित्तीय जोखिम-अंकन:**

  वित्तीय जोखिम-अंकन जीवन बीमा पालिसियों मामले में अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) किया गया है।

अतिरिक्त रूप से, उक्त विनियमों ने बीमाकर्ताओं के द्वारा बाह्यस्रोतीकरण (आउटसोर्सिंग) के कार्यकलापों से संबंधित जोखिम प्रबंध में विवेकपूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए मानदंड विनिर्दिष्ट किये हैं। इसके अलावा, इन विनियमों ने सुनिश्चित किया है कि बीमाकर्ताओं के द्वारा दोनों देशी और अंतरराष्ट्रीय तौर पर व्यवसाय के स्थान खोलने अथवा बंद करने का संचालन ऐसे तरीके से किया जाए जो पालिसीधारकों के हितों को प्राथमिकता देता हो।

II.2 बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध बीमा एजेंट और बीमा मध्यवर्ती

II.2.1. बीमा एजेंट

बीमा एजेंट बीमाकर्ता द्वारा बीमा पालिसियों की निरंतरता, नवीकरण या पुन:प्रवर्तन से संबंधित व्यवसाय सहित, बीमा व्यवसाय की अपेक्षा या प्राप्ति के प्रयोजन के लिए नियुक्त व्यक्ति है। कोई भी व्यक्ति एक जीवन बीमाकर्ता, एक साधारण बीमाकर्ता और एक स्वास्थ्य बीमाकर्ता तथा विशेषीकृत बीमाकर्ताओं में से प्रत्येक श्रेणी के एक से अधिक के लिए बीमा एजेंट के रूप में कार्य नहीं करेगा। वैयक्तिक एजेंटों की नियुक्ति आईआरडीएआई (बीमा एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016 द्वारा नियंत्रित की जाती है।

ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर अन्य पक्ष दायित्व समावेशी बीमा को बढ़ावा देना

ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र दायित्व, बीमा अधिनियम, 1938 की धाराओं 32बी और 32सी से प्राप्त किये गये हैं जो निर्धारित करता है कि भारत में प्रत्येक बीमाकर्ता अपने व्यवसाय का एक विनिर्दिष्ट प्रतिशत ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में करेगा। धारा 32डी उस न्यूनतम अन्य पक्ष मोटर बीमा व्यवसाय को विनिर्दिष्ट करती है जिसका जोखिम-अंकन विनियमों में आईआरडीएआई द्वारा विनिर्दिष्ट रूप में करना साधारण बीमा व्यवसाय करनेवाले बीमाकर्ता से अपेक्षित है। ये सांविधिक दायित्व बीमाकर्ताओं के लिए ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों में अदोहित खंडों में बीमा समावेश का लक्ष्य प्राप्त करने एवं अबीमाकृत वाहनों को कवरेज के अंतर्गत लाने में समर्थकों के रूप में काम आते हैं।

यह सुनिश्चित करने के लिए कि बीमा संरक्षण इन सभी खंडों तक पहुँचे, आईआरडीएआई ने उद्योग के लिए उक्त ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर अन्य पक्ष (एमटीपी) दायित्वों की समीक्षा करने के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति को आईआरडीएआई की 2047 तक सबके लिए बीमा की परिदृष्टि के अनुरूप अधिकाधिक बीमा व्यापन को समर्थ बनानेवाली पद्धतियाँ सुझाने का कार्य भी सौंपा गया। उक्त समिति के द्वारा व्यापक समीक्षा करने के उपरांत, बीमाकर्ताओं के लिए ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर अन्य पक्ष व्यवसाय में न्यूनतम व्यवसाय के दायित्वों से संबधित पूर्व के 2 विनियमों का समेकन करते हुए आईआरडीएआई (ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र, और मोटर अन्य पक्ष दायित्व) विनियम, 2024 अधिसूचित किये गये हैं।

उक्त संशोधित विनियम इस विषय में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन अंकित करते हैं कि बीमा समावेश का मापन कैसे किया जाता है। साधारण बीमा के लिए, फोकस सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम से ग्राम पंचायत स्तर पर जारी की गई पालिसियों की संख्या पर अंतरित किया गया है, जहाँ मोटर वाहनों, निवास-गृहों और दुकानों को कवर करने पर बल दिया गया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा के लिए, ग्राम पंचायत में जीवन बीमा या स्वास्थ्य और वैयक्तिक दुर्घटना बीमा के अंतर्गत, जारी की गई पालिसियों की संख्या के स्थान पर, कवर किये गये जीवनों की संख्या की गणना की जाती है।

नये विनियमों में विभिन्न हितधारकों, अर्थात् : बीमाकर्ताओं, ग्राम पंचायतों, और ग्राम सचिवों के बीच सहयोग की अपेक्षा की जाती है। ये हितधारक 2047 तक सबके लिए बीमा की समग्र परिदृष्टि में बीमा समावेश को प्राप्त करने के लिए मिलकर एक साथ कार्य करेंगे। इसके अलावा, जीवन और साधारण बीमा परिषदें सहमति-प्राप्त मानदंडों के आधार पर ग्राम पंचायतों की पहचान करेंगी और उन्हें बीमाकर्ताओं को आबंटित करेंगी, तथा ग्राम पंचायत में जीवनों की संख्या, निवास-गृहों, दुकानों और मोटर वाहनों की संख्या संबंधी डेटा एकत्र करने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों के साथ सहयोग करेंगी।

सामाजिक क्षेत्र के विस्तार को बढ़ाकर कार्डधारकों (जैसे बीपीएल कार्डधारक, ई-श्रम कार्डधारक, मनरेगा कार्डधारक, डीबीटी लाभार्थी, जन धन खाताधारक आदि) एवं विभिन्न योजनाओं (जैसे प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधान मंत्री मुद्रा योजना आदि) के अंतर्गत लाभार्थियों को सम्मिलित किया गया है। जीवनों के अधिकाधिक कवरेज को समर्थ बनाने के लिए, सामाजिक क्षेत्र दायित्व के रूप में निर्धारित जीवनों के अनुपात को 0.5-5 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी जीवन, साधारण और स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए कवर किये गये सभी जीवनों का 10 प्रतिशत किया गया है। यह परिवर्तन अपने संरक्षण में अधिक जीवनों को शामिल करते हुए सामाजिक क्षेत्र बीमा नेटवर्क को उल्लेखनीय रूप में व्यापक बनाता है। सामाजिक क्षेत्र जनसंख्या हेतु डेटा एकत्र करने के लिए परिषदें सरकारी एजेंसियों और उपयुक्त प्राधिकारियों के साथ समन्वय करेंगी तथा सामाजिक दायित्वों को पूरा करने के लिए बीमाकर्ताओं के साथ उसे साझा करेंगी।

संशोधित मोटर अन्य पक्ष विनियम प्रत्येक बीमाकर्ता के सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम (जीडीपी) पर फोकस करने के बजाय इसके स्थान पर बीमाकर्ता के बाजार अंश तथा विशिष्ट रूप से मालवाहक, यात्रीवाहक वाहनों और ट्रैक्टरों के अंतर्गत बीमाकृत वाहनों की संख्या में वृद्धि पर बल देते हैं। एक सावधानीपूर्वक अभिकल्पित कार्यपद्धति में साधारण बीमाकर्ताओं (स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं और विशेषीकृत बीमाकर्ताओं को छोड़कर) को बीमाकृत वाहनों की नवीकृत पालिसियों के प्रतिशत के संबंध में तथा यात्रीवाहक वाहनों (पीसीवी), मालवाहक वाहनों (जीसीवी) और ट्रैक्टरों (विविध खंड) की श्रेणियों में अबीमाकृत वाहनों के कवरेज के संबंध में वर्षानुवर्ष वृद्धि का लक्ष्य सौंपा गया है।

अबीमाकृत वाहनों का विलोपन करने के लिए, बीमाकर्ताओं के द्वारा एमटीपी दायित्वों की पूर्ति हेतु बीमा के न्यूनतम 30 दिन के अंतराल का परिचालन खंड निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, बीमाकर्ताओं से अपेक्षित है कि वे पीसीवी, जीसीवी और ट्रैक्टरों की प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत ऐसे अबीमाकृत वाहनों की पहचान करने तथा पंजीकरण संख्या और वाहन के मालिक के नाम से युक्त सूची बनाने के लिए साधारण बीमा परिषद के साथ समन्वय करते हुए बीमा सूचना ब्यूरो (आईआईबी) तथा प्रत्येक राज्य के सड़क परिवहन प्राधिकरण के साथ सहयोग करें।

नया ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर अन्य पक्ष दायित्व विनियम 2024, '2047 तक सबके लिए बीमा' की आईआरडीएआई की प्रतिबद्धता की दिशा में, एवं अबीमाकृत वाहनों का कुल कवरेज सुनिश्चित करनेवाला एक अग्रगामी कदम है।

जीवन बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंट

II.2.1.1 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार वैयक्तिक एजेंटों की संख्या 31 मार्च 2023 को विद्यमान 26.28 लाख की तुलना में 28.95 लाख थी। उद्योग ने पिछले वर्ष की तुलना में एजेंटों की निवल संख्या में 10.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई। जबकि निजी जीवन बीमाकर्ताओं ने 15.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, वहीं सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं ने 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। 31 मार्च 2024 को सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ताओं के पास एजेंटों की संख्या 14.15 लाख थी, और निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं के पास तदनुरूपी संख्या 14.81 लाख थी।

II.2.1.2 वर्ष 2023-24 के दौरान, 9.75 लाख एजेंट नियुक्त किये गये और 6.98 लाख एजेंटों की सेवा समाप्त की गई थी। जीवन बीमा उद्योग के कुल 28.95 लाख वैयक्तिक एजेंटों में से पुरुष वैयक्तिक एजेंट 69.87% हैं और महिला वैयक्तिक एजेंट 30.13% हैं।

साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंट

II.2.1.3 31 मार्च 2024 को साधारण बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध एजेंटों की संख्या ने 31 मार्च 2023 को विद्यमान एजेंटों की तुलना में 3.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की। विशेषीकृत एजेंटों के साथ कोई एजेंट संबद्ध नहीं थे। साधारण बीमाकर्ताओं के कुल 6,99,150 एजेंटों में से 76.30 प्रतिशत पुरुष हैं और 23.70 प्रतिशत महिलाएँ हैं।

II.2.1.4 स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध एजेंटों की संख्या ने पिछले वर्ष की तुलना में 12.71 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के कुल 13.06 लाख वैयक्तिक एजेंटों में से 71 प्रतिशत पुरुष हैं और 29 प्रतिशत महिलाएँ हैं। 2023-24 की समाप्ति पर साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों की समग्र संख्या ने पिछले वर्ष की तुलना में 6.30 प्रतिशत वृद्धि देखी।

सारणी II.1: जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंट

बीमाकर्ता	31 मार्च 2023 को	2023-24 के दौरान नियुक्ति	2023-24 के दौरान सेवासमाप्ति	31 मार्च 2024 को
सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता	13,47,325	4,18,596	3,51,178	14,14,743
निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता	12,80,883*	5,56,380	3,46,322	14,80,695
जीवन बीमा उद्योग कुल#	**26,28,208**	**9,74,976**	**6,97,500**	**28,95,438**
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	3,09,748	11,034	2,686	3,18,096
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	4,17,745	85,923	1,22,614	3,81,054
साधारण बीमा उद्योग कुल	**7,27,493**	**96,957**	**1,25,300**	**6,99,150**
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	11,58,294	2,15,457	68,182	13,05,569
उद्योग कुल	**45,13,995**	**12,87,390**	**8,90,982**	**49,00,157**

नोट: एक व्यक्तिगत एजेंट किसी भी संयोजन में एक जीवन, एक सामान्य और एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी से जुड़ा हो सकता है।

** 31.03.2023 तक व्यक्तिगत एजेंटों की संख्या में सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के एजेंट शामिल हैं।*

#सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसआईएलआईसी) का जीवन बीमा कारोबार आईआरडीएआई द्वारा अपने आदेश दिनांक 2.6.2023 के तहत एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई लाइफ) को हस्तांतरित किया गया है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उपरोक्त डेटा/सूचना में एसआईएलआईसी से संबंधित डेटा/सूचना शामिल नहीं है।

सारणी II.2: जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों का लिंग-वार वितरण

बीमाकर्ता	पुरुष	महिला	अन्य	कुल
सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता	10,55,671 (74.62)	3,59,072 (25.38)	0 (0.00)	14,14,743 (100)
निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ता	9,67,277 (65.33)	5,13,417 (34.67)	1 (0.00)	14,80,695 (100)
जीवन बीमा उद्योग कुल#	**20,22,948 (69.87)**	**8,72,489 (30.13)**	**1 (0.00)**	**28,95,438 (100)**
सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	2,57,907 (81)	60,189 (19)	0 (0.00)	3,18,096 (100)
निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ता	2,75,571 (72)	1,05,483 (28)	0 (0.00)	3,81,054 (100)
साधारण बीमा उद्योग कुल	**5,33,478 (76.30)**	**1,65,672 (26.70)**	**0 (0.00)**	**6,99,150 (100)**
स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता	9,31,564 (71)	3,74,005 (29)	0 (0.00)	13,05,569 (100)
उद्योग कुल	**34,87,990 (71.18)**	**14,12,166 (28.82)**	**1 (0.00)**	**49,00,157 (100)**

नोट: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं ।

#सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसआईएलआईसी) का जीवन बीमा कारोबार आईआरडीएआई द्वारा अपने आदेश दिनांक 2.6.2023 के तहत एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एसबीआई लाइफ) को हस्तांतरित किया जा रहा है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उपरोक्त डेटा/सूचना में एसआईएलआईसी से संबंधित डेटा/सूचना शामिल नहीं है।

II.2.2 कारपोरेट एजेंट

II.2.2.1 कारपोरेट एजेंट आईआरडीएआई (कारपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015 के अधीन प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया विधिमान्य पंजीकरण प्रमाणपत्र धारित करनेवाले बीमा मध्यवर्ती हैं। यह प्रमाणीकरण उन्हें जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न श्रेणियों के बीमा व्यवसाय की अपेक्षा (सलिसिटेशन) और सेवा करने के लिए समर्थ बनाता है। कारपोरेट एजेंटों में प्राथमिक रूप से बीमा वितरण को छोड़कर अन्य व्यवसाय क्षेत्रों में लगी हुई संस्थाएँ होती हैं। ये संस्थाएँ बीमा उत्पादों के प्रति-विक्रय (क्रास-सेलिंग) को सुसाध्य बनाने के लिए अपने वर्तमान ग्राहक आधार और बाजार उपस्थिति का उन्नयन करती हैं। ग्राहकों के लिए उपलब्ध बीमा विकल्पों की विविधता में वृद्धि करने के लिए, आईआरडीएआई ने कारपोरेट एजेंटों के लिए उक्त विनियमों का संशोधन किया है जिससे उन्हें नौ जीवन बीमाकर्ताओं, नौ गैर-जीवन बीमाकर्ताओं, और नौ स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं तक के साथ भागीदारी स्थापित करने के लिए अनुमति दी गई है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, 635 सक्रिय कारपोरेट एजेंट हैं जिनमें 247 बैंक, 388 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ (एनबीएफसी), सहकारी समितियाँ, सीमित देयता वाली भागीदारी फर्म, और अन्य पात्र संस्थाएँ शामिल हैं।

31 मार्च 2024 को यथाविद्यमान बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध कारपोरेट एजेंटों की स्थिति सारणी II.3 में दी गई है।

सारणी II.3: बीमा व्यवसाय मे सक्रिय कारपोरेट एजेंट (31 मार्च 2024 को)

श्रेणी	बैंक	एनबीएफसी और अन्य	कुल
जीवन	8	12	20
साधारण	9	26	35
स्वास्थ्य	0	0	0
सम्मिश्र	230	350	580
कुल	**247**	**388**	**635**

II.2.3 बीमा दलाल

31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत दलालों की संख्या 854 है। इसमें से, विधिमान्य दलालों की संख्या 683 रही, जबकि 31 मार्च 2024 को शेष 171 प्रचलन में नहीं हैं। उक्त 683 विधिमान्य दलालों में से 609 प्रत्यक्ष दलाल हैं, 70 सम्मिश्र दलाल और 4 पुनर्बीमा दलाल हैं।

01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की अवधि के दौरान कुल 64 नये पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) जारी किये गये जिनमें से 61 प्रत्यक्ष दलाल (जीवन और साधारण) और 3 प्रत्यक्ष बीमा दलाल (साधारण) थे। उक्त अवधि के दौरान, 189 बीमा दलाल पंजीकरणों का नवीकरण किया गया।

II.2.4 सूक्ष्म बीमा एजेंट

निम्न आय वर्गों और आर्थिक रूप से वंचित वर्गों वर्गों को समर्थ बनाने के लिए स्थिति का सामना कर सकने हेतु और वित्तीय हानियों से समुत्थान करने में उनकी सहायता करने के लिए वहनीय बीमा उत्पादों के तौर पर एक संकल्पना के रूप में सूक्ष्म बीमा प्रस्तुत किया गया है।

प्रारंभ में आईआरडीएआई ने सूक्ष्म बीमा विनियमों को 2005 में अधिसूचित किया था और बाद में 2015 में आईआरडीएआई (सूक्ष्म बीमा) विनियमों का आशोधन किया गया जिसके द्वारा कई बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं, सहकारी सोसाइटियों को सूक्ष्म बीमा एजेंटों के रूप में नियुक्त करने के लिए अनुमति दी गई।

जीवन बीमा क्षेत्र में सूक्ष्म बीमा

II.2.4.1 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, 22 जीवन बीमाकर्ताओं के 54 सूक्ष्म बीमा उत्पाद विक्रय के लिए बाजार में उपलब्ध थे। इन 54 उत्पादों में से, 16 वैयक्तिक उत्पाद हैं और शेष 38 सामूहिक उत्पाद हैं (अनुबंध 6)। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जीवन बीमा क्षेत्र में सूक्ष्म बीमा व्यवसाय का कार्यनिष्पादन सारणी II.4 में दिया गया है।

जबकि वर्ष 2023-24 के लिए सूक्ष्म बीमा खंड के अंतर्गत वैयक्तिक नया व्यवसाय रु. 152.57 करोड़ के प्रीमियम के साथ 3.41 लाख नई पालिसियों पर रहा, सामूहिक सूक्ष्म बीमा व्यवसाय के अंतर्गत सम्मिलित जीवनों की संख्या रु. 10707.82 करोड़ के प्रीमियम के साथ 1783.92 लाख है। सूक्ष्म बीमा के प्रति एलआईसी का अंशदान वैयक्तिक व्यवसाय के अंतर्गत रु.134.85 करोड़ के प्रीमियम के साथ 2.39 लाख पालिसियाँ रहा तथा सामूहिक व्यवसाय के अंतर्गत रु.17.09 करोड़ प्रीमियम के साथ 30.49 लाख जीवन था। सूक्ष्म बीमा के प्रति निजी क्षेत्र का अंशदान वैयक्तिक व्यवसाय में 1.02 लाख पालिसियाँ और रु.17.72 करोड़ प्रीमियम था और सामूहिक व्यवसाय के अंतर्गत रु. 10690.73 करोड़ प्रीमियम के साथ 1753.43 लाख जीवन था।

सारणी II.4: जीवन बीमा क्षेत्र में सूक्ष्म बीमा व्यवसाय का कार्यनिष्पादन

बीमाकर्ता	वैयक्तिक नया व्यवसाय		सामूहिक नया व्यवसाय		
	पालिसियाँ (लाख)	प्रीमियम (₹करोड़)	योजनाएँ	प्रीमियम (₹करोड़)	रक्षित जीवन (लाख)
निजी क्षेत्र	1.02	17.72	469	10,690.73	1,753.43
सरकारी क्षेत्र	2.39	134.85	4993	17.09	30.49
कुल	**3.41**	**152.57**	**5462**	**10707.82**	**1783.92**

टिप्पणी: नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल हैं।

31 मार्च 2024 को सूक्ष्म बीमा एजेंटों की संख्या 1,01,848 थी, जिसमें से 19,166 एजेंट एलआईसी से संबंधित हैं तथा शेष 82,682 निजी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं के हैं। कुल सूक्ष्म बीमा एजेंटों में से एनजीओ 4.49 प्रतिशत बनाते हैं, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) 0.25 प्रतिशत बनाते हैं, सूक्ष्म वित्त संस्थाएँ (एमएफआई) 0.24 प्रतिशत बनाती हैं, व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) 0.12 प्रतिशत बनाते हैं तथा अन्य सूक्ष्म बीमा एजेंट 94.90 प्रतिशत बनाते हैं।

सारणी II.5 : जीवन बीमाकर्ताओं के सूक्ष्म बीमा एजेंट

एजेंट	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल
एनजीओ	4,560	9	4,569
एसएचजी	257	1	258
एमएफआई	214	28	242
व्यवसाय प्रतिनिधि	103	24	127
अन्य सूक्ष्म बीमा एजेंट	14,032	82,620	96,652
कुल	**19,166**	**82,682**	**1,01,848**

साधारण बीमा क्षेत्र में सूक्ष्म बीमा

II.2.4.2 साधारण सूक्ष्म बीमा उत्पाद स्वास्थ्य बीमा, वैयक्तिक दुर्घटना, और सामान जैसे पशुधन, झोपड़ी, अथवा साधन या औजार आदि को कवर करता है। यह उत्पाद वैयक्तिक या सामूहिक आधार पर प्राप्त किया जा सकता है। साधारण बीमा कंपनियों द्वारा प्रस्तावित सूक्ष्म बीमा उत्पादों में शामिल हैं मवेशी सूक्ष्म बीमा, किसान कृषि पम्प सेट सूक्ष्म बीमा, जनता वैयक्तिक दुर्घटना सूक्ष्म बीमा, सूक्ष्म ग्रामीण वैयक्तिक दुर्घटना बीमा, सूक्ष्म सर्वव्यापी (यूनिवर्सल) स्वास्थ्य बीमा, संपूर्ण गृह सुरक्षा पालिसी आदि।

प्राधिकरण ने सूक्ष्म बीमा एजेंटो के द्वारा अपेक्षा (सलिसिटेशन) और विपणन किये जाने के लिए गैर-ऋणी किसानों को कवर करते हुए प्रधान मंत्री फ़सल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) को अनुमति दी है।

वर्ष 2023-24 में सूक्ष्म बीमा एजेंटों के द्वारा जारी की जानेवाली साधारण बीमा पालिसियों की कुल संख्या निम्नानुसार है:

सारणी II.6 : जारी की गई सूक्ष्म बीमा पालिसियों की संख्या

निजी	सरकारी	कुल
228	23,518	23,746

टिप्पणीः इसमें स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा जारी की गई सूक्ष्म बीमा पालिसियाँ शामिल नहीं हैं।

II.2.5 बीमा विपणन फर्म

II.2.5.1 बीमा विपणन फर्म (आईएमएफएस) बीमा उत्पादों की अपेक्षा (सलिसिटेशन) और प्रापण करने के लिए भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा विनियमित वितरण माध्यम हैं। अतिरिक्त रूप से, ये अन्यों के बीच भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए), डाक विभाग द्वारा विनियमित अन्य वित्तीय उत्पादों का वितरण कर सकते हैं। आईएमएफएस इन्हें इन उत्पादों का विपणन करने के लिए लाइसेंसप्राप्त व्यक्तियों को नियोजित करने के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं। ये आईआरडीएआई (बीमा विपणन फर्म) विनियम, 2015 के अंतर्गत पंजीकृत किये जाते हैं।

एक खुली संरचना माडल के अंतर्गत परिचालन करते हुए, आईएमएफ जीवन, साधारण, और स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न क्षेत्रों में छह बीमा कंपनियों तक के साथ भागीदारी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, आईएमएफएस को भारतीय कृषि बीमा कंपनी लि. (एआईसी) और निर्यात ऋण गारंटी निगम लि. (ईसीजीसी) के साथ तालमेल व्यवस्था करने की अनुमति है।

आईएमएफएस व्यवसाय की वाणिज्यिक व्यवस्थाओं के अपवाद के साथ, वैयक्तिक या खुदरा आधार पर बेचे जानेवाले एक व्यापक दायरे के उत्पाद प्रस्तावित कर सकते हैं, जो सूक्ष्म, छोटे और मझौले उद्यमों (एमएसएमईएस) तक सीमित हैं। उक्त आईएमएफ माध्यम का प्राथमिक लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक बीमा कवरेज का विस्तार करना, और इसके द्वारा देश में समावेशी वृद्धि में अंशदान करना है।

II.2.5.1 वर्ष 2023-24 के दौरान आईएमएफ के अंतर्गत संस्थाओं की संख्या और उनकी तदनुरूपी व्यवसाय निम्नानुसार है:

- वर्ष के दौरान 302 एनओसी जारी किये गये।
- 31 मार्च 2024 तक कुल 3,126 एनओसी जारी किये गये।
- वर्ष के दौरान 85 पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किये गये।
- 31 मार्च 2024 तक कुल 679 पंजीकरण जारी किये गये।
- वर्ष के दौरान आईएमएफएस के द्वारा जारी की गई पालिसियों की कुल संख्याः 1,67,406
- ऐसी पालिसियों के द्वारा संगृहीत कुल प्रीमियमः रु. 223.60 करोड़

उक्त 679 पंजीकृत आईएमएफएस में से, 470 परिचालनरत हैं तथा शेष 209 सक्रिय नहीं हैं।

बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन



साधारण और स्वास्थ्य बीमाकर्ता
स्रोतीकृत पालिसियों की संख्या: 1,90,822
प्रीमियम (करोड़ मे): 275.66



जीवन बीमाकर्ता
स्रोतीकृत पालिसियों की संख्या: 23,827
प्रीमियम (करोड़ मे): 246.36

स्रोतीकृत पालिसियों की कुल संख्या: 2,14,649
कुल प्रीमियम (करोड़ में): ₹ 522.02

II.2.6 सामान्य लोक सेवा केन्द्र एसपीवी

II.2.6.1 सामान्य लोक सेवा केन्द्र (सीएससी) भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित किये गये हैं और इनका प्रबंध सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जाता है। प्राधिकरण ने प्रारंभ में आईआरडीएआई

(सामान्य सेवा केन्द्रों के द्वारा बीमा सेवाएँ) विनियम, 2015 जारी किये थे जिनको बाद में आईआरडीएआई (सामान्य लोक सेवा केन्द्रों के द्वारा बीमा सेवाएँ) विनियम, 2019 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था।


वर्ष 2023–24 के दौरान सीपीएससी–एसवीपी माध्यम के द्वारा कार्यनिष्पादन निम्नानुसार है:

- प्राप्त कुल नया व्यवसाय प्रीमियम: रु. 511.9 करोड़
- संगृहीत कुल नवीकरण प्रीमियम (जीवन) : रु. 1,858 करोड़
- आरएपी की संख्या जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिनको 2023–24 में प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं : 5,094
- आरएपी की संख्या जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिनको प्रारंभ से लेकर प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं : 1,05,742
- वीएलई–इन्स. की संख्या जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिनको 2023–24 में प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं : 22,899
- वीएलई–इन्स. की संख्या जिन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा जिनको प्रारंभ से लेकर प्रमाणपत्र जारी किये गये हैं : 2,68,430

II.2.7 बीमा वेब संग्राहक

II.2.7.1 बीमा वेब संग्राहकों का पर्यवेक्षण और विनियमन करने के लिए आईआरडीएआई (बीमा वेब संग्राहक) विनियम, 2017, 13 अप्रैल 2017 को जारी किये गये थे। इन संग्राहकों को आनलाइन और दूरस्थ विपणन माध्यमों के द्वारा जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा उत्पाद बेचने के लिए प्राधिकृत किया गया है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, 29 प्रमाणित बीमा वेब संग्राहक थे। वर्ष 2023–24 के लिए वेब संग्राहक माध्यम का कार्यनिष्पादन नीचे प्रस्तुत है:

वेब संग्राहकों के द्वारा उत्पन्न किया गया व्यवसाय



II.2.8 बिक्री केन्द्र विक्रेता (पीओएसपीएस)

II.2.8.1 देश में बीमा व्यवसाय की वृद्धि को सुसाध्य बनाने तथा बीमा व्यापन और बीमा सघनता में वृद्धि करने के लिए आईआरडीएआई ने अपनी विकासात्मक कार्यसूची के भाग के रूप में बिक्री केन्द्र विक्रेताओं संबंधी दिशानिर्देश जारी किये हैं। पीओएसपी से एक ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके पास न्यूनतम अर्हताएँ हैं तथा जिसने पीओएसपी दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया है और परीक्षा उत्तीर्ण की है एवं केवल ऐसे उत्पादों की अपेक्षा (सलिसिटेशन) और विपणन करता है जो आईआरडीएआई द्वारा विनिर्दिष्ट किये गये हैं।

31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार पीओएसपी की संख्या 20,43,272 थी।

सारणी II.7: तदनुरूपी प्रायोजक एजेंसियों के पास पीओएसपीएस की संख्या

प्रायोजक एजेंसी	प्रायोजक एजेंसियों की संख्या	पीओएसपी की संख्या
बीमाकर्ता	48	7,80,392
बीमा दलाल	256	9,92,721
कारपोरेट एजेंट	62	2,70,159
कुल	**366**	**20,43,272**

II.2.9 मोटर बीमा सेवा प्रदाता

II.2.9.1 आईआरडीएआई ने मोटर बीमा सेवा प्रदाता (एमआईएसपी) दिशानिर्देश 2017 में जारी किये हैं जिसका उद्देश्य मोटर बीमा पालिसियों के वितरण और सर्विसिंग में आटोमोटिव विक्रेताओं की भूमिका को मान्यता देना और बीमा से संबद्ध उनके कार्यकलापों का विनियामक पर्यवेक्षण करना था।

31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत एमआईएसपी की संख्या 25,206 थी।

सारणी II.8 : विभिन्न प्रायोजक एजेंसियों के साथ एमआईएसपी की संख्या

प्रायोजक एजेंसी	प्रायोजक एजेंसियों की संख्या	एमआईएसपी की संख्या
बीमाकर्तका	19	9,499
बीमा दलाल	27	15,336
कारपोरेट एजेंट	6	371
कुल	**52**	**25,206**

II.2.10 बीमा भंडार

II.2.10.1 बीमा भंडार (रिपोजिटरी) प्रणाली जो आईआरडीएआई द्वारा की गई एक पहल है, का उद्देश्य बीमा पालिसियों का अमूर्तीकरण (डीमेटीरियलाइजेशन) करना है। इसे प्राप्त करने के लिए आईआरडीएआई ने वर्ष 2011 में बीमा रिपोजिटरियों और बीमा पालिसियों के इलेक्ट्रानिक निर्गम के संबंध में दिशानिर्देश जारी किये। बाद में इन दिशानिर्देशों का संशोधन मई 2015 में किया गया। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, कुल 1.83 करोड़ इलेक्ट्रानिक बीमा खातों (ईएलएएस) का निर्माण किया गया, और अप्रैल 2011 से 1.83 करोड़ पालिसियों को इलेक्ट्रानिक पद्धति में परिवर्तित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 42.18 लाख ईएलए का निर्माण किया गया है और 46.52 लाख ई-बीमा पालिसियाँ जमा की गई हैं।

31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, आईआरडीएआई द्वारा अनुमोदित बीमा भंडार (रिपोजिटरीज़) चार हैं।

वे हैं :

- एनएसडीएल नेशनल इंश्योरेंस रिपोजिटरी
- सीडीएसएल इंश्योरेंस रिपोजिटरी लिमिटेड
- सीएएमएस रिपोजिटरी सर्विसेज़ लिमिटेड
- कार्वी इंश्योरेंस रिपोजिटरी लिमिटेड

II.2.11 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक

II.2.11.1 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक (एसएलए) साधारण बीमा पालिसियों से संबंधित दावों के मूल्यांकन और निपटान में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के रूप में कार्य करने के लिए, किसी भी व्यक्ति के पास अनिवार्यतः भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) द्वारा विनिर्दिष्ट शैक्षिक अर्हताएँ होनी चाहिए और उसे बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64यूएम के अनुसार, अवश्य एक व्यावसायिक निकाय अर्थात् बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) का सदस्य होना चाहिए। तथापि, आईआईआईएसएलए के पास सदस्यता प्राप्त करने में असमर्थ आवेदकों के लिए आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनयम, 2015 के अंतर्गत अपील का एक उपबंध है। बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 42डी के

साथ पठित बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 की धारा 2 की उप-धारा 1(च) द्वारा अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) किये गये अनुसार, सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के लिए अनिवार्यतः आईआरडीएआई के पास मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। अपेक्षित शैक्षिक अर्हताएँ और व्यावसायिक सदस्यता आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित हैं, जहाँ उन व्यक्तियों के लिए जो आईआईआईएसएलए सदस्यता प्राप्त नहीं करते, आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 के अंतर्गत अपील का एक विकल्प उपलब्ध है। बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64यूएम यह अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) बनाता है कि भारत में घटित होनेवाली किसी हानि के लिए और भारत में निपटान की अपेक्षा से युक्त किसी भी दावे को, जहाँ दावे की राशि आईआरडीएआई द्वारा उक्त विनियमों में विनिर्दिष्ट मूल्य को पूरा करती है अथवा उसके अधिक है, बीमाकर्ता द्वारा तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा अथवा उसका निपटान नहीं किया जाएगा, जब तक उक्त हानि के संबंध में एक रिपोर्ट किसी लाइसेंसप्राप्त सर्वेक्षक और हानि निर्धारक से प्राप्त नहीं की जाती।

जारी किये गये सर्वेक्षक और हानि निर्धारक लाइसेंस

एसएलए का प्रकार	2022-23	2023-24
नये लाइसेंस		
वैयक्तिक	325	395
कारपोरेट	27	24
कुल	**352**	**419**
नवीकरण		
वैयक्तिक	3,115	2,809
कारपोरेट	60	56
कुल	**3,175**	**2,865**

II.2.12 अन्य पक्ष प्रबंधक (टीपीए)

II.2.12.1 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, 19 सक्रिय टीपीए थे। वर्ष 2023-24 के दौरान दो नये टीपीए अर्थात् अक्ना हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड और लिंक-के इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड को टीपीए के रूप में कार्य करने के लिए अनुमति दी गई थी। उक्त टीपीएएस ने अपने नेटवर्कों में 69,334 स्वास्थ्य सेवा करार जोड़ने के द्वारा अस्पतालों के नेटवर्क का विस्तार किया। 10,782 के प्रत्याहरण/विलोपन के बाद उक्त नेटवर्क में करारों की संख्या 31 मार्च 2024 को 2.44 लाख थी। टीपीए-वार नेटवर्क समझौते अनुबंध 11 में दिए गए हैं।

II.2.13 बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों और मध्यवर्तियों का कार्यनिष्पादन

जीवन बीमा व्यवसाय में बीमा एजेंटों और मध्यवर्तियों का कार्यनिष्पादन

वैयक्तिक नया व्यवसाय

II.2.13.1 वैयक्तिक एजेंट वैयक्तिक नये व्यवसाय के लिए प्रमुख वितरण माध्यम के रूप में बने हुए हैं। तथापि, वैयक्तिक नये व्यवसाय प्रीमियम में वैयक्तिक एजेंटों के अंशदान में 2022-23 के 52.76 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2023-24 के दौरान सीमांत रूप से 50.90 प्रतिशत तक गिरावट आई है। सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता के लिए, वैयक्तिक एजेंट वैयक्तिक नये व्यवसाय प्रीमियम में 96 प्रतिशत के अंश के साथ वितरण का प्रबल माध्यम हैं, जबकि निजी क्षेत्र के अंतर्गत वैयक्तिक एजेंट अपने वैयक्तिक नये व्यवसाय प्रीमियम के 22.69 प्रतिशत का अंशदान करते हैं। वैयक्तिक नये व्यवसाय का दूसरा प्रधान वितरण माध्यम

कारपोरेट एजेंट हैं। कारपोरेट एजेंटों का अंशदान जो 2022-23 के दौरान 35.11 प्रतिशत पर था, वर्ष 2023-24 में सीमांत रूप से घटकर 35.05 प्रतिशत हो गया है। निजी जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्राप्त नये व्यवसाय प्रीमियम में कारपोरेट एजेंटों का अंश 2023-24 में 55.12 प्रतिशत पर उल्लेखनीय रहा (2022-23 में 57.02 प्रतिशत)। दूसरी ओर, सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता के वैयक्तिक नये व्यवसाय प्रीमियम में कारपोरेट एजेंटों का अंश 2022-23 में विद्यमान 3.08 प्रतिशत से सीमांत रूप से घटकर 2023-24 में 2.96 प्रतिशत हुआ।

II.2.13.2 वैयक्तिक नये व्यवसाय के अंतर्गत बीमाकर्ताओं के प्रत्यक्ष विक्रय माध्यम का अंश 2022-23 में विद्यमान 7.81 की तुलना में 2023-24 में 9.91 प्रतिशत था। वित्तीय वर्ष 2023-24 में जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने प्रत्यक्ष विक्रय के माध्यम से अपने नये व्यवसाय प्रीमियम का 16.11 प्रतिशत प्राप्त किया, वहीं सरकारी क्षेत्र जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा प्रत्यक्ष विक्रय में कोई व्यवसाय नहीं किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दलाल माध्यम ने 3.06 प्रतिशत पर अंशदान किया, जिसने वर्ष 2022-23 में विद्यमान 3.07 प्रतिशत से सीमांत रूप से गिरावट दर्शाई। आनलाइन विक्रय माध्यम ने वर्ष 2022-23 में विद्यमान 0.84 प्रतिशत से सीमांत रूप से गिरावट दर्शाते हुए वर्ष 2023-24 में 0.65 प्रतिशत का अंशदान किया। सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंटों, सामान्य सेवा केन्द्रों (सीएससीएस), बीमा वेब संग्राहकों, बीमा विपणन फर्मों (आईएमएफ) और बिक्री केन्द्र (पीओएस) माध्यमों ने एकसाथ मिलकर वैयक्तिक नये व्यवसाय प्रीमियम में 2022-23 में विद्यमान 0.41 प्रतिशत के मुकाबले 2023-24 में 1 प्रतिशत से कम (0.42 प्रतिशत) अंशदान किया (सारणी II.13)।

सामूहिक नया व्यवसाय

II.2.13.3 प्रत्यक्ष विक्रय ने सामूहिक व्यवसाय के लिए वितरण के प्रमुख माध्यम के रूप में कुछ गिरावट दर्शाई, परंतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान प्रीमियम के 82.74 प्रतिशत के अंश के साथ यह वितरण के एक प्रधान माध्यम के रूप में जारी रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 में तदनुरूपी अंश 84.55 प्रतिशत था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, इस माध्यम ने निजी क्षेत्र बीमाकर्ताओं और सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता के सामूहिक नये व्यवसाय प्रीमियम के क्रमशः 54.94 प्रतिशत और 93.34 प्रतिशत का अंशदान किया। निजी बीमाकर्ताओं के सामूहिक व्यवसाय के लिए एक और महत्वपूर्ण वितरण माध्यम कारपोरेट एजेंट बैंक था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में विद्यमान निजी बीमाकर्ताओं और सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता के लिए विद्यमान क्रमशः 19.73 प्रतिशत और 3.97 प्रतिशत की तुलना में निजी बीमाकर्ताओं और सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता के मामले में कुल सामूहिक नये व्यवसाय प्रीमियम के क्रमशः 22.94 प्रतिशत और 1.64 प्रतिशत का अंशदान किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, सरकारी क्षेत्र बीमाकर्ता ने अपने वैयक्तिक एजेंसी बल के द्वारा सामूहिक व्यवसाय प्रीमियम का 4.91 प्रतिशत प्राप्त किया, जबकि निजी बीमाकर्ताओं ने अपने माध्यम के द्वारा 2.17 प्रतिशत प्राप्त किया। दलाल माध्यम का अंशदान 2023-24 में 2.11 प्रतिशत तक बढ़ा, जो सामूहिक व्यवसाय के अंतर्गत उद्योग के नये व्यवसाय प्रीमियम में 2022-23 में 1.67 प्रतिशत था (सारणी II.13)।

सारणी II.9 : जीवन बीमा में मध्यवर्तियों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन (2023–24)

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)


क्रम सं.	मध्यवर्ती का प्रकार	वैयक्तिक नया व्यवसाय			सामूहिक नया व्यवसाय		
		निजी क्षेत्र	सरकारी क्षेत्र	उद्योग	निजी क्षेत्र	सरकारी क्षेत्र	उद्योग
1	वैयक्तिक एजेंट	22.69	96.00	50.90	2.17	4.91	4.15
2	कारपोरेट एजेंट बैंक	51.98	2.85	33.07	22.94	1.64	7.52
3	कारपोरेट एजेंट अन्य	3.14	0.11	1.98	11.77	0.01	3.26
4	दलाल	4.85	0.21	3.06	7.38	0.10	2.11
5	प्रत्यक्ष व्यवसाय	16.11	0.00	9.91	54.94	93.34	82.74
6	सूक्ष्म बीमा (एमआई) एजेंट	0.01	0.23	0.09	0.80	0.00	0.22
7	सामान्य सेवा केन्द्र (सीएससी)	0.01	0.29	0.12	0.00	0.00	0.00
8	वेब संग्राहक	0.02	0.00	0.01	0.00	0.00	0.00
9	बीमा विपणन फर्म (आईएमएफ)	0.17	0.16	0.16	0.00	0.00	0.00
10	आनलाइन	0.96	0.15	0.65	0.00	0.00	0.00
11	बिक्री केन्द्र (पीओएस)	0.06	0.01	0.04	0.00	0.00	0.00
	कुल व्यवसाय	**100.00**	**100.00**	**100.00**	**100.00**	**100.00**	**100.00**

टिप्पणी:


1. नये व्यवसाय प्रीमियम में प्रथम वर्ष प्रीमियम और एकल प्रीमियम शामिल हैं।

''सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसआईएलआईसी) का जीवन बीमा व्यवसाय आईआरडीएआई द्वारा उनके आदेश दिनांक 2.6.2023 के अनुसार एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. (एसबीआई लाइफ) को अंतरित किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए उपर्युक्त डेटा / सूचना में एसआईएलआईसी से संबंधित डेटा / सूचना शामिल नहीं की गई है।''

चार्ट II.1: जीवन बीमा व्यवसाय में माध्यम–वार वैयक्ति नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन



चार्ट II.2: जीवन बीमा व्यवसाय में माध्यम-वार सामूहिक नया व्यवसाय कार्यनिष्पादन



साधारण बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों और मध्यवर्तियों का कार्यनिष्पादन


II.2.13.4 वर्ष 2023-24 में साधारण बीमाकर्ताओं के लिए व्यवसाय के वितरण के विभिन्न माध्यमों के बीच, दलाल माध्यम ने 37.1 प्रतिशत प्रीमियम के साथ बड़े भाग का अंशदान किया है जिसके बाद क्रमशः 25.6 प्रतिशत और 20.1 प्रतिशत के साथ प्रत्यक्ष विक्रय माध्यम और वैयक्तिक एजेंटों का स्थान है। कारपोरेट एजेंटों का अंशदान प्रीमियम का 9.4 प्रतिशत है। सभी अन्य माध्यमों ने एकसाथ मिलकर प्रीमियम के शेष 8.8 प्रतिशत का अंशदान किया है। सरकारी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं के लिए, वैयक्तिक एजेंट (32.3 प्रतिशत) और उनके बाद दलाल (32.1 प्रतिशत) और प्रत्यक्ष (31.1 प्रतिशत) वितरण के प्रमुख माध्यम हैं जबकि निजी क्षेत्र साधारण बीमाकर्ताओं के लिए, दलाल (42.4 प्रतिशत) और प्रत्यक्ष विक्रय (23.6 प्रतिशत) वितरण के प्रमुख माध्यम हैं।

सारणी II.10: साधारण बीमाकर्ताओं के साथ संबद्ध बीमा एजेंटों और मध्यवर्तियों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन (2023-24)

(आंकड़े प्रीमियम के प्रतिशत में)

वितरण माध्यम	सरकारी क्षेत्र	नजी क्षित्र साही को छोड़कर	विशेषीकृत बीमाकर्ता	कुल
1. वैयक्तिक एजेंट	32.3	14.4	0.0	**20.1**
2. क कारपोरेट एजेंट बैंक	0.7	9.1	0.0	**5.7**
2. ख कारपोरेट एजेंट - अन्य	0.2	5.9	0.0	**3.7**
कारपोरेट एजेंट (कुल)	0.9	15.1	0.0	**9.4**
3. दलाल	32.1	42.4	3.8	**37.1**
4. क प्रत्यक्ष व्यवसाय-इंटरनेट	0.5	1.7	0.2	**1.2**
4. ख प्रत्यक्ष व्यवसाय-इंटरनेट को छोड़कर अन्य	30.6	21.8	9.4	**24.4**
प्रत्यक्ष व्यवसाय (कुल)	31.1	23.6	9.6	**25.6**
5. सूक्ष्म बीमा एजेंट	0.0	0.0	0.1	**0.0**
6. अन्य	3.6	4.5	86.5	**7.8**
कुल जोड़	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

चार्ट II.3: जीवन बीमा व्यवसाय का माध्यम–वार कार्यनिष्पादन



II.2.13.5 स्वास्थ्य बीमा पालिसियों के वितरण के लिए विभिन्न माध्यमों के बीच, वैयक्तिक एजेंटों ने 30 प्रतिशत पर कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में बड़े भाग का अंशदान किया। इस माध्यम का अंश वैयक्तिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में 72 प्रतिशत पर उच्च रहा। स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय के वितरण के लिए दूसरा महत्वपूर्ण माध्यम दलाल है, जिसने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के 29 प्रतिशत का अंशदान किया। दलालों का अंश सामूहिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में दलालों का अंश 50 प्रतिशत पर उच्च रहा।

सरकारी व्यवसाय के शत प्रतिशत और कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लगभग 27 प्रतिशत को बीमाकर्ताओं ने प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त किया। बैंकेश्योरेंस माध्यम ने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के नौ प्रतिशत का और आनलाइन विक्रय माध्यम ने कुल स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के दो प्रतिशत का अंशदान किया।


सारणी II.11: स्वास्थ्य बीमा (वैयक्तिक दुर्घटना और यात्रा को छोड़कर) में मध्यवर्तियों और बीमा एजेंटों का व्यावसायिक कार्यनिष्पादन

क्र. सं.	वितरण माध्यम	सरकारी व्यवसाय	सामूहिक व्यवसाय	वैयक्तिक व्यवसाय	कुल
1	वैयक्तिक एजेंट	–	3.58	72.32	**29.73**
2	कारपोरेट एजेंट				
	i. बैंक	–	12.41	6.33	**8.85**
	ii. अन्य	–	5.59	1.09	**3.31**
3	दलाल	–	49.64	9.46	**29.30**
4	प्रत्यक्ष विक्रय				
	i. आनलाइन	–	0.30	3.90	**1.65**
	ii. आनलाइन से इतर	100.00	28.37	5.82	**26.67**
5	सूक्ष्म बीमा एजेंट	–	0.09	0.00	**0.05**
6	सामान्य सेवा केन्द्र	–	0.00	0.01	**0.01**
7	वेब संग्राहक	–	0.01	0.14	**0.06**
8	बीमा विपणन फर्म	–	0.02	0.22	**0.09**
9	बिक्री केन्द्र	–	0.00	0.71	**0.28**
	कुल	**100.00**	**100**	**100**	**100**

टिप्पणी: आंकड़े प्रतिशत मे हैं।

प्रीमियम का प्रतिशत

चार्ट II.4: स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय का माध्यम-वार कार्यनिष्पादन (2023-24)



II.3 बीमा शिक्षण से संबद्ध व्यावसायिक संस्थान

II.3.1 बीमा और जोखिम प्रबंध संस्थान (आईआईआरएम)

II.3.1.1 आईआरडीएआई द्वारा सह-प्रवर्तित आईआईआरएम को बीमा क्षेत्र के लिए, जो अनेक विनियामक पहलों के कारण बड़े पैमाने पर बदलावों से गुजर रहा है, कुशलताप्राप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है। 2023-24 के दौरान, इस संस्थान ने बीमा व्यवसायियों और छात्रों के बीच प्रशिक्षण, अनुसंधान और बीमा जागरूकता को प्राथमिकता देना जारी रखा है।

उद्योग-अकादमिक सहयोग ने और गति पकड़ी। पहले कदम के रूप में, आईआईआरएम ने 'मंथन' के थिंक टैंक कार्यक्रम के दौरान बीमा कंपनियो से संपर्क किया और 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' मिशन को प्राप्त करने की दिशा में उद्योग को अपनी सेवाओं का गुलदस्ता पेश किया। बीमा क्षेत्र के कई संगठन अपने अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए आईआईआरएम से संपर्क कर रहे हैं। इनमें से कुछ हैं;

a) भारत सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग के अधिकारियों के लिए रिट्रीट कार्यक्रम।
b) बैंकएश्योरेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम।
c) माइक्रोइंश्योरेंस एक्सेलेरेटर कार्यक्रम।
d) प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

II.3.1.2 संस्थान ने जीवन बीमा, साधारण बीमा और पुनर्बीमा में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहभागियों के साथ प्रासंगिक विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया है। संस्थान ने उन कारकों की पहचान करने के लिए एक अध्ययन भी संचालित किया है जो छत्तीसगढ़ राज्य में बीमा व्यापन में बाधा डाल रहे हैं तथा बीमा क्षेत्र के विकास में बैंकेश्योरेंस माध्यम की भूमिका पर एक और अध्ययन का भी संचालन किया है।

II.3.1.3 बीमा क्षेत्र कई संगठन अपने आवश्यकतानुरूप अपेक्षित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए संस्थान से संपर्क कर रहे हैं तथा अपने प्रतिभा-समूह के कौशल को बढ़ा रहे हैं। उद्योग द्वारा महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए आईआईआरएम से छात्रों की भर्ती करना जारी है जो उसके पीजीडीएम छात्रों के लगभग 100 प्रतिशत स्थाननों में प्रतिबिंबित है। बीमांकिक विज्ञानों में श्रेष्ठता के एक विद्यालय की स्थापना करने के लिए प्रयास भी 2023-24 के दौरान आईआईआरएम बोर्ड से मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए आगे पुनः अनुप्राणित किये गये हैं।

II.3.1.4 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, संस्थान ने ज्ञान के भागीदार के रूप में इंडियन स्कूल आफ़ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद के साथ समन्वय करते हुए, आईआरडीएआई के प्रवेश स्तर के कर्मचारियों के लिए एक चार-महीने की अवधि वाले प्रवेश पाठ्यक्रम काखख संचालन किया था। उक्त कार्यक्रम की विशेषता कक्षा में सत्रों, उद्योग की गतिविधि संबंधी व्यावहारिक व क्रियाशील (हैंड्स आन) एक्सपोज़र, परियोजनाओं के संबंध में स्व-अध्ययन तथा उद्योग के शीर्षस्थ विशेषज्ञों,

विनियमनकर्ताओं, और बीमा व्यवसायियों के साथ परस्पर सक्रियता (इंटरऐक्शन) के माध्यम से उदीयमान व्यवसायियों की अभिमुखता रही।

II.3.2 भारतीय बीमा संस्थान (आईआईआई)

II.3.2.1 भारतीय बीमा संस्थान (आईआईआई) बीमा शिक्षण, प्रशिक्षण और विकास के क्षेत्र में पिछले 69 वर्षों से कार्य कर रहा है। इस संस्थान को भारत, सार्क देशों और अनेक अन्य बीमा बाजारों में बीमा शिक्षण और प्रशिक्षण में एक अग्रणी के रूप में भली भाँति मान्यता प्राप्त है तथा इस संस्थान ने बीमा शिक्षाविदों और व्यावसायिकता के निर्माण और विकास में उद्योग की सहायता की है।

II.3.2.2 भारतीय बीमा संस्थान (आईआईआई) वैश्विक बीमा शिक्षण संस्थान (आईजीआईई) का सदस्य है तथा कई अन्य प्रतिष्ठित वैश्विक संस्थानों और संघों के साथ इसकी चिरकालिक संबद्धता रही है। इसके साथ ही, विश्व भर में बीमा प्रशिक्षण संस्थानों और परीक्षा निकायों के साथ इसके व्यावसायिक संबंध हैं।

II.3.2.3 संस्थान के द्वारा संचालित अग्रणी परीक्षाएँ हैं, लाइसेंसिएट, असोसिएट और फेलोशिप प्रमाणपत्र परीक्षाएँ। वर्ष 2023-24 के दौरान, संस्थान ने 2301 परीक्षार्थियों को असोसिएट प्रमाणपत्र प्रदान किये तथा फेलोशिप 1837 परीक्षार्थियों को प्रदान किया गया। वर्ष के दौरान, संस्थान ने विभिन्न मध्यवर्तियों के माध्यमों के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और भर्ती-पूर्व परीक्षाओं का संचालन किया है। इस संस्थान को डाक जीवन बीमा निदेशालय द्वारा उनके विक्रय-बल की परीक्षा और प्रशिक्षण का संचालन करने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

II.3.2.4 2023-24 के दौरान, भारत और विदेशों से कुल 5720 सहभागियों ने संस्थान के बीमा प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है।

II.3.2.5 छात्र समुदाय के बीच बीमा शिक्षण को व्याप्त करने के लिए, 32 विभिन्न महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों के साथ आईआईआई की तालमेल व्यवस्थाएँ (टाई-अप) हैं। यह संस्थान उद्योग के सहभागियों के साथ यूट्यूब पर अर्थात् इनसे मिलिये, माइलस्टोन्स और बीमा वार्तालाप के एपिसोडों में उद्योग के नामी व्यक्तियों से अल्पकालिक साक्षात्कारों के माध्यम से जुड़ा हुआ है। संस्थान शिक्षाविदों/व्यवसायियों से आलेख/शोध-पत्र भी आमंत्रित करता है तथा दी जर्नल के त्रैमासिक अंकों में प्रकाशित करता है जो व्यापक दायरे में बीमा और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित विषयों को सम्मिलित करते हैं।

II.3.3 भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए)

II.3.3.1 भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64यूएम के अनुसार सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों का एक व्यावसायिक निकाय है। यह संस्थान आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(च) के अधीन आईआरडीएआई द्वारा प्रवर्तित किया गया था तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अधीन निगमित किया गया था। इस संस्थान की स्थापना शिक्षण और प्रशिक्षण के माध्यम से सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के व्यवसाय में गुणवत्ता का संवर्धन करने, अपने सदस्यों के बीच सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रारंभ करने की सुविधा प्रदान करने, तथा अपने सदस्यों के कौशल और ज्ञान को उन्नत करने के लिए उनके बीच तकनीकी सूचना का प्रसार करने के लिए की गई है। इसका उद्देश्य हानि नियंत्रण और अल्पीकरण तकनीकों और उपायों में अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देना तथा बीमा उद्योग और आम जनता के साथ इसे साझा करना एवं उपयोगकर्ताओं और उपभोक्ताओं की सेवा में सुधार के लिए नई तकनीकों के प्रयोग के संबंध में अपने सदस्यों को अद्यतन जानकारी देना है। इसके अलावा, यह सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के व्यवसाय से जुड़े सदस्यों और अन्य लोगों के उपयोग और लाभ के लिए मार्गदर्शन नोट्स, अनुदेश मैनुअल, पत्रिकाएँ निकालने के लिए भी उत्तरदायी है।

II.3.4 बीमा सूचना ब्यूरो (आईआईबी)

II.3.4.1 आईआईबी का प्रादुर्भाव बीमाकर्ताओं के बीच मूल्यवान डेटा के तत्काल विनिमय, भविष्यसूचक वैश्लेषिकी, और धोखाधड़ी के न्यूनीकरण में तत्काल सहायता के लिए एक बृहत्तम प्लेटफार्म के रूप में हुआ है। आईआईबी ने उद्योग की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से प्रौद्योगिकी और नेतृत्व में अपने संसाधनों को मजबूत कर लिया है।

2023-24 के दौरान, आईआईबी ने उद्योग को निम्नलिखित उत्पाद उपलब्ध कराये हैं :

सारणी II.12: आईआईबी के उत्पाद

खंड	उत्पाद का नाम	उत्पाद का उद्देश्य	उल्लेखनीय उपलब्धियाँ
जीवन बीमा	क्रेस्ट	तत्काल जोखिम-अंकन और दावा खोज साधन	14.4 करोड़ अभिलेखों का भंडारण किया गया और 5.4 करोड़ प्रश्न प्रस्तुत किये गये। उक्त माड्यूल ने पाँच वर्षों में रु.1.73 लाख करोड़ की बीमाकृत राशि से संबद्ध 3.01 लाख मामलों की धोखाधड़ियों की पहचान करने में सहायता की।
	प्रिज़्म	भविष्यसूची जीवन जोखिम स्कोरिंग माडल	यह माडल संभावित रूप से अमान्य (बैड) जीवनों की पहचान करने में सहायता करता है। पिछले चार वर्षों में उक्त माड्यूल में कुल 4.23 करोड़ प्रश्न किये गये गये हैं।
	प्रावेस	निरंतरता माडल	यह माडल संभावित रूप से समयपूर्व समापन के लिए सर्वाधिक असुरक्षित प्रस्तावों/पालिसियों पर ध्यान देने में जीरो-इन की सहायता करता है। एपीआई आधारित प्रश्न करने (क्वेरीइंग) की सुविधा दी गई है।
	इंकलिंग	अदावी राशियों की निकासी के लिए	रु.9,000 करोड़ राशि के दो वर्षों में किये गये चार लाख प्रश्नों पर लगभग 80,000 अदावी मामलों के लिए संपर्क के वैकल्पिक ब्योरे दिये
मोटर	सुदर्शन	जोखिम-अंकन, दावों और धोखाधड़ी न्यूनीकरण के लिए तत्काल खोज साधन	एपीआई के माध्यम से उपलब्ध और खोज पंजीकरण या चैसिस नंबर पर आधारित है। केवल खोज साधन ही नहीं, बल्कि जोखिम-आधारित कीमत-निर्धारण से अधिक, उच्चतर जोखिमों से युक्त निजी कारों की पहचान करने और डेटा-आधारित निर्णयन में सहायक। इस माड्यूल में कुल 7.5 करोड़ खोजें की गई हैं।
	उदयन	वाहन का ब्योरा प्राप्त करने के लिए तत्काल साधन	एपीआई के द्वारा उपलब्ध तथा जोखिम-अंकन और दावा निपटान प्रक्रिया के दौरान वाहन संबंधी 25 विवरण उपलब्ध कराता है
अग्नी	आईप्राण	संपत्ति जोखिम विश्लेषक	जोखिम-अंकनकर्ता को पिछले 5 वर्षों के लिए अग्नि बीमा प्रोफाइल समझने के लिए बहुविध संयोजनों के साथ एक जोखिम डिस्ट्रिक्ट का चयन करने के लिए समर्थक बनाता है किसी जोखिम डिस्ट्रिक्ट के जोखिम-अंकन और दावा प्रोफाइल को प्रकट करता है और बीमाकृत जोखिमों की व्यावसायिक संभाव्यता को निर्दिष्ट करता है।
	आईदर्पण		अग्नि बीमा संविभाग के तौर पर कारपोरेट ग्राहक के जोखिम प्रोफाइल का निर्धारण
स्वास्थ्य	स्वास्थ्य बीमा सुवाह्यता	स्वास्थ्य बीमा सुवाह्यता साधन	पोर्ट-इन और पोर्ट-आउट बीमाकर्ताओं के बीच आवेदक की पालिसी, सदस्य और दावा संबंधी सूचना के विनिमय को समर्थ बनाता है 5 लाख हिटों में परिणत
	बीमा सतर्क	तत्काल समन्वित धोखाधड़ी वैश्लेषिकी प्लेटफार्म	संदिग्ध व्यक्तियों/संस्थाओं के संबंध में सक्रिय रूप से संकेत करने के लिए एपीआईएस के माध्यम से पूर्व चेतावनी प्रणाली प्रेरणाएँ उत्पन्न करता है
	रोहिणी	बीमा के नेटवर्क में अस्पतालों की रजिस्ट्री	अस्पतालों और डे-केयर केन्द्रों की विधिमान्यकृत रिपोजिटरी। धोखाधड़ियों का नियंत्रण करने में स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के लिए उपयोगी

II.4 वाद, अपीलें और न्यायलयों के निर्णय

II.4.1 2023-24 के दौरान उच्चतम न्यायालय, विभिन्न उच्च न्यायालयों, प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी), सिविल न्यायालयों, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी), और लोक अदालत (जहाँ आईआरडीएआई एक पक्षकार है) के समक्ष दायर मामलों के तौर पर वादों एवं निपटाये गये/खारिज किये गये मामलों का विवरण नीचे की सारणियों में प्रस्तुत हैः

सारणी II.13: 2023-24 के दौरान दर्ज मामलों का विवरण

क्र. सं.	दायर किये गये मामलों का विवरण	जीवन	गैर-जीवन	स्वास्थ्य	मध्यवर्ती	वित्त	पीपीजी आर	कुल
1.	उच्चतम न्यायालय	–	–	2	–	–	2	4
2.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में दाखिल की गई रिट याचिकाएँ	1	6	6	11	2	77	103
3.	प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण	–	–	–	–	–	1	1
4.	उपभोक्ता मामले (डीसीएफ+ एससीडीआरसी+एनसीडीआरसी)	–	–	–	–	–	52	52
5.	सिविल, लोक अदालत एमएसीटी मामले	–	1	–	–	10	11	–
6.	एनसीएलटी/एनसीएलएटी	–	–	–	2	–	3	5
	कुल	**1**	**6**	**8**	**14**	**8**	**139**	**176**

सारणी II.14: 2023-24 के दौरान निपटाये गये / खारिज किये गये मामलों का विवरणः

क्र. सं	विवरण	गैर-जीवन	एचआर	स्वास्थ्य	पीपीजी आर	जीवन	मध्यवर्ती	एफएण्ड आई	कुल
1.	उच्चतम न्यायालय	5	–	–	–	1	–	1	7
2.	विभिन्न उच्च न्यायालयों में निपटाई गई रिट याचिकाएँ	–	1	5	34	–	7	–	47
3.	प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण	–	–	–	–	–	1	–	1
4.	उपभोक्ता मामले (डीसीएफ+ एससीडीआरसी+एनसीडीआरसी)	–	–	–	18	–	–	–	18
5.	सिविल, लोक अदालत एमएसीटी मामले	–	–	–	2	–	–	–	2
6.	एनसीएलटी/एनसीएलएटी	–	–	–	–	–	1	–	1
	कुल	**5**	**1**	**5**	**54**	**1**	**9**	**1**	**76**

II.5 बीमा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग

आईआरडीएआई घरेलू तौर पर विनियामक उपायों को प्रारंभ करने और लागू करते समय अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के महत्व को पहचानता है। इस संदर्भ में, और अपने विनियामक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में, आईआरडीएआई स्वयं को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों, मंचों और विदेशी विनियमनकर्ताओं के साथ संबद्ध करता है। आईआरडीएआई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में चल रही गतिविधियों में सक्रिय रूप से संबद्ध होना और योगदान करना जारी रखा।

II.5.1 अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के साथ संबद्धता

II.5.1.1 आईएआईएस 200 से अधिक अधिकार-क्षेत्रों के बीमा पर्यवेक्षकों और विनियमनकर्ताओं का एक स्वैच्छिक सदस्यता संगठन है जिसमें विश्व के 97 प्रतिशत बीमा प्रीमियम हैं। यह वैश्विक मानक निर्धारक निकाय है जो बीमा क्षेत्र के पर्यवेक्षण के लिए सिद्धांतों, मानकों का विकास करने तथा उनके कार्यान्वयन में सहायता और मार्गदर्शन करने एवं सहायक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए भी उत्तरदायी है। आईआरडीएआई आईएआईएस का सदस्य है। अध्यक्ष, आईआरडीएआई आईएआईएस की कार्यकारी समिति के भी सदस्य हैं। आईएआईएस के नीतिगत कार्य का संचालन कार्यकारी समिति के नेतृत्व में एक समिति की प्रणाली द्वारा किया जाता है, जिसकी सहायता फिर पाँच नीति समितियाँ करती हैं। विभिन्न नीति समितियों में आईआरडीएआई का प्रतिनिधित्व है। ये समितियाँ नीति विकास, वित्तीय स्थिरता और आईएआईएस पर्यवेक्षी सामग्री के कार्यान्वयन और निर्धारण आदि के क्षेत्र में मानक निर्धारक कार्यकलापों की निगरानी करती हैं।

II.5.1.2 आईएआईएस समिति प्रणाली के अंतर्गत, प्रत्येक समिति ने अपने कर्तव्यों के निर्वहण के लिए विभिन्न कार्य-दलों/कार्य बलों की स्थापना की है। कार्य-दलों के स्तर पर, आईआरडीएआई की सहभागिता वित्तीय समावेशन, कारपोरेट अभिशासन, बाजार आचरण, समष्टि (मैक्रो) विवेकपूर्ण नीति और निगरानी तथा बीमा पूँजी मानक विकास के क्षेत्रों में है। आईएआईएस के मानक निर्धारण कार्यकलापों के भाग के रूप में, आईआरडीएआई परामर्श की प्रक्रिया में सहभागिता करता है तथा उसके नामित सदस्य प्रतिनिधि समितियों/कार्य दल/कार्य बलों की बैठकों में भी भाग लेते हैं। उक्त विचार-विमर्श और जानकारी की साझेदारी वैश्विक बीमा मानकों के निर्माण और अंगीकरण में परिवर्तित होती है।

II.5.1.3 आईआरडीएआई समकक्ष समीक्षा और स्व-मूल्यांकन प्रयोगों में सहभागिता करता है जो बीमा के मुख्य सिद्धांतों के मानकों के कार्यान्वयन और पालन के स्तर तथा किसी अधिकार-क्षेत्र में उसकी प्रभावात्मकता के निर्धारण को संबद्ध करते हैं। आईएआईएस की समकक्ष समीक्षा प्रक्रिया (पीआरपी) सदस्यों की सहायता आईएआईएस के मानकों के निर्धारण और पालन के माध्यम से पर्यवेक्षी और विनियामक ढाँचों में किसी भी दुर्बलता अथवा अंतराल के स्वरूप और सीमा की पहचान करने में करती है।

II.5.2 द्विपक्षीय वचनबद्धताएँ

II.5.2.1 मई 2013 से प्रभावी रूप में, आईआरडीएआई अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ (आईएआईएस) के बहुपक्षीय समझौता ज्ञापन (एम एमओयू) का एक हस्ताक्षरकर्ता है, जो सहयोग और सूचना को साझा करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। इसके अलावा, आईआरडीएआई (घरेलू या विदेशी संस्था के संबंध में गोपनीय सूचना को साझा करना) विनियम, 2012 विद्यमान हैं जो उस विधि की व्यवस्था करते हैं जिसमें गोपनीय जानकारी को अन्य विनियामक निकायों के साथ साझा किया जा सकता है।

II.5.2.2 आईआरडीएआई ने अब तक दो द्विपक्षीय समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं। एक बीमा प्राधिकरण, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ और दूसरा संघीय बीमा कार्यालय (एफआईओ), संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के साथ। उक्त एमओयू सूचना के आदान-प्रदान और प्रशिक्षण सहायता सहित, सहयोग और समन्वय के लिए एक ढाँचा प्रदान करते हैं।

II.5.2.3 आईआरडीएआई-एफआईओ समझौता ज्ञापन के अंतर्गत 2023-24 के दौरान मौसम जोखिम जैसे विषयों पर आवधिक सूचना विनिमय संबंधी परस्पर सक्रियता (इंटरऐक्शन)

आयोजित की गई। एफआईओ के प्रतिनिधियों के साथ एक परस्पर सक्रियता सत्र आयोजित किया गया जिसमें भारत की ओर से वरिष्ठ आईआरडीएआई अधिकारियों, जीवन, गैर-जीवन और पुनर्बीमाकर्ताओं के प्रबंधन के प्रमुख कार्मिकों एवं बीमा दलालों ने भाग लिया।

II.5.3 बीमा विनियमनकर्ताओं के लिए एशियाई मंच (एएफआईआर)

II.5.3.1 एशियन फोरम आफ़ इंश्योरेंस रेगुलेटर्स (एएफआईआर), एशिया और ओशनिया क्षेत्रों के बीमा पर्यवेक्षकों का एक मंच वर्ष 2005 में क्षेत्रीय बीमा विनियमन सहयोग पर बीजिंग घोषणा के आधार पर स्थापित किया गया था। एफएआईआर का मिशन, क्षमता निर्माण को मजबूत करना, बीमा विनियामक क्षमता को सुगम बनाना तथा एशिया और ओशनिया क्षेत्रों में विनियामक सहयोग को बढ़ावा देना है। वर्तमान में आईआरडीएआई, भारत सहित एएफआईआर के 22 सदस्य हैं। बीमा विनियमनकर्ताओं के एशियाई मंच (एएफआईआर) की 18वीं वार्षिक बैठक और सम्मेलन का आयोजन 10 से 11 अक्तूबर 2023 तक कुआला लंपुर, मलेशिया में आघात-सह और सुदृढ़ बीमा पर्यवेक्षण के लिए उभरते जोखिमों का प्रभावी ढंग से सामना करना विषय पर किया गया जिसमें 13 सदस्य अधिकार-क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। विभिन्न एएफआईआर सदस्य अधिकार-क्षेत्रों और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों से आये हुए वक्ताओं ने अनेक समकालीन विषयों पर चर्चाओं की अगुआई की, जैसे उभरती हुई प्रौद्योगिकियाँ और नवोन्मेषण, एशिया में बाढ़ जोखिम, खुला बीमा, मौसमी और प्राकृतिक जोखिम, तथा संरक्षण अंतराल।

II.5.3.2 इस कार्यक्रम के उपरांत 9 अक्तूबर 2023 को बीमा पर्यवेक्षण संबंधी 6वीं एशिया-पैसिफिक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक का सह-आयोजन बीमा विनियमनकर्ताओं के एशियाई मंच (एएफआईआर), अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (बीआईएस) के एफएसआई तथा आईएआईएस द्वारा किया गया। इस बैठक में निम्नलिखित तीन मुख्य विषयों को सम्मिलित किया गया, जिनमें से प्रत्येक के लिए विचारों के विनिमय की संरचना के साथ चर्चा का पैनल बनाया गयाः

- अंतरराष्ट्रीय विनियामक गतिविधियों और वैश्विक वित्तीय गतिविधियों के ज्वार-भाटे में नौ-संचालन करना;
- बीमा में बड़ी प्रौद्यिगिकियाँ; तथा
- ईएसजी बहु-आयामी समस्याओं के साथ संघर्ष।

अध्यक्ष, आईआरडीएआई ने उक्त पैनल चर्चाओं में वक्ता के रूप में सक्रिय रूप से सहभागिता की।

II.5.4 वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी)

II.5.4.1 वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) वित्तीय प्रणाली की कमजोरियों को दूर करने और वित्तीय स्थिरता के हित में मजबूत विनियामक, पर्यवेक्षी और अन्य नीतियों के विकास और कार्यान्वयन को संचालित करने के लिए स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है। एफएसबी के मुख्य अधिदेशों (मैंडेट्स) में से एक वित्तीय विनियमन पर जी20 नीतिगत घोषणाओं को लागू करना है। एफएसबी में, भारत का प्रतिनिधित्व वित्त मंत्रालय (एमओएफ), भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) द्वारा किया जाता है। आईआरडीएआई बीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर अपने विचार और टिप्पणियाँ प्रदान करते हुए एफएसबी के काम में योगदान देता है। आईआरडीएआई बीमा से संबंधित एफएसबी सर्वेक्षणों/प्रश्नावली/समीक्षाओं पर प्रतिक्रिया भी देता है।

II.5.5 वित्तीय क्षेत्र निर्धारण कार्यक्रम (एफएसएपी)

II.5.5.1 वित्तीय क्षेत्र निर्धारण कार्यक्रम (एफएसएपी) जी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) का एक संयुक्त कार्यक्रम है, किसी देश के वित्तीय क्षेत्र का एक व्यापक और गहन मूल्यांकन है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं और उभरते बाजारों में, एफएसएपी आकलन आईएमएफ और

विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से और उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अकेले आईएमएफ द्वारा आयोजित किये जाते हैं। एफएसएपी में दो प्रमुख घटक शामिल हैं, अर्थात् वित्तीय स्थिरता मूल्यांकन (आईएमएफ की जिम्मेदारी) और वित्तीय विकास मूल्यांकन (विश्व बैंक का उत्तरदायित्व)। प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण उनतीस (29) अधिकार-क्षेत्रों के लिए प्रत्येक पाँच वर्षों के लिए एफएसएपी अनिवार्य हैं। भारत इन उनतीस देशों में से एक है। भारत के लिए पहला एफएसएपी 2011-12 में संचालित किया गया था और दूसरा एफएसएपी मिशन दिसंबर 2016 में था।

II.5.5.2 तीसरा एफएसएपी मिशन संयुक्त आईएमएफ-डब्ल्यूबी टीम द्वारा दिसंबर 2023 में प्रारंभ किया गया जिसके अनुसरण में दो और मिशन विजिट मार्च और जून 2024 में किये गये। भारत 2024 के भाग के रूप में आईएआईएस बीमा मुख्य सिद्धांतों के संबंध में भारतीय बीमा क्षेत्र के पालन पर एक विस्तृत मूल्यांकन रिपोर्ट प्रक्रियाधीन है।

II.5.6 वित्तीय शिक्षा पर ओईसीडी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क (आईएनएफई)

II.5.6.1 आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) सरकारों को वित्तीय समावेशन के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में वित्तीय शिक्षा पर विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करने के लिए एक विशिष्ट नीति मंच प्रदान करता है। वित्तीय साक्षरता के महत्व को पहचानने के बाद, ओईसीडी सरकारों द्वारा वर्ष 2008 में वित्तीय शिक्षा पर ओईसीडी अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क (आईएनएफई) प्रारंभ किया गया था। भारत आईएनएफई की गतिविधियों में नियमित रूप से भाग लेता है जिसका प्रतिनिधित्व भारत के चार वित्तीय विनियमनकर्ताओं अर्थात् आरबीआई, सेबी, आईआरडीएआई और पीएफआरडीए द्वारा किया जाता है। अप्रैल 2012 में आईआरडीएआई, ओईसीडी आईएनएफई का सदस्य बना। ओईसीडी आईएनएफई बैठकों के दौरान, सहभागी वित्तीय साक्षरता और वित्तीय समावेशन के संबंध में विश्व भर में की गई पहलों का साझा करते हैं। आईआरडीएआई ने नवंबर 2023 में आयोजित 'वित्तीय साक्षरता और सशक्तीकरणः डेटा, नीतियाँ और मूल्यांकन' पर ओईसीडी संगोष्ठी में आभासी तौर पर भाग लिया।

II.5.6.2 आईआरडीएआई ने ओईसीडी और एशियाई विकास बैंक संस्थान (एडीबीआई) के साथ एशिया में बीमा और सेवानिवृत्ति बचत पर राउण्डटेबिल की सह-मेजबानी की। इस कार्यक्रम का आयोजन 24-25 मई 2023 को हैदराबाद इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एचआईसीसी), नोवोटेल होटल, हैदराबाद, भारत में किया गया। इस राउण्डटेबिल पर हुई चर्चाओं में नवोन्मेषण और प्रौद्योगिकी के महत्व पर बल दिया गया, तेज बाजार वृद्धि और विनियामक चुनौतियों की एक समग्र विहंगम दृष्टि प्रस्तुत की गई, तथा बीमा पर मौसम के परिवर्तन के प्रभाव और उद्योग की प्रतिक्रियाओं का पता लगाने एवं मौसम की आघात-सहनीयता बढ़ाने के लिए विनियामक ढाँचों के प्रयासों की खोज की गई। इस कार्यक्रम में व्यवहारगत दृष्टिकोणों के द्वारा कवरेज की वृद्धि करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से ग्रहण करते हुए, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति बचत को बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। इसमें सेवानिवृत्ति आय की संरचना करने में लचीलेपन और दीर्घायु संरक्षण में संतुलन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। नवोन्मेष डिजिटल साधन दर्शाते हुए पेंशन संचार और संलिप्तता में सुधार लाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका का अन्वेषण किया गया। अतिरिक्त रूप से, विनियामक सैंडबाक्सों और नवोन्मेषण केन्द्रों के उपयोग पर, जोखिमों का प्रबंध करते हुए नवोन्मेषण को प्रोत्साहित करने में उनके महत्व पर बल देते हुए चर्चा की गई। उक्त राउण्डटेबिल का समापन नीतिनिर्धारकों, विनियमनकर्ताओं, और उद्योग के विशेषज्ञों के बीच ज्ञान के विनिमय और सहयोग के द्वारा एशिया में बीमा की आघात-सहनीयता और समावेशिता एवं सेवानिवृत्ति बचत प्रणालियों को बढ़ाने के उक्त कार्यक्रम के लक्ष्य को प्रबलित करते हुए मुख्य अंतर्दृष्टियों के सारांश के साथ किया गया।

II.5.6.3 बाली, इंडोनेशिया में 14-15 दिसंबर 2023 को बीमा में जोखिम निर्धारण और जोखिम न्यूनीकरण के लिए प्रौद्योगिकी के उन्नयन पर आयोजित ओईसीडी ओजेके राउण्डटेबिल में आईआरडीएआई के अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

II.5.7 अन्य संबद्धताएँ

II.5.7.1 वर्ष 2023-24 के दौरान, आईआरडीएआई ने बीमा क्षेत्र से संबंधित क्षेत्रों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संधियों और संवादों के संबंध में भारत सरकार के साथ प्रभावी और उपयोगी संबद्धता की दिशा में योगदान देना जारी रखा।

II.5.7.2 आईआरडीएआई ने 5 मार्च 2023 को आईआरडीएआई, हैदराबाद में तांजानिया से आये हुए एक प्रतिनिधि मंडल की मेजबानी की जिसमें बीमा आयुक्त, तांजानिया और तांजानिया बीमा विनियामक प्राधिकरण (टीआईआरए) के अधिकारी शामिल थे।

II.5.7.3 आईआरडीएआई भारतीय बीमा उद्योग का विहगावलोकन करने के लिए अध्ययन यात्राओं में रुचि व्यक्त करनेवाले अन्य देशों के बीमा विनियमनकर्ताओं से आनेवाले प्रतिनिधि मंडलों की मेजबानी करता है। मई 2023 के दौरान, आईआरडीएआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पर्यवेक्षण प्रौद्योगिकी, विनियामक सैंडबाक्स, बीमा और पेंशन कवरेज जैसे क्षेत्रों को सम्मिलित करते हुए अध्ययन यात्रा के लिए आये हुए नेशनल बैंक आफ़ वांडा के बीमा और पेंशन पर्यवेक्षण कक्ष के प्रतिनिधियों की मेजबानी की।

II.5.7.4 आईआरडीएआई बीमा क्षेत्र में विनिमयों और सहयोग को मजबूत करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों और कार्यशालाओं में भी सहभागिता करता है।

II.6 शिकायतें

II.6.1 आईआरडीएआई पालिसीधारकों के विश्वास और भरोसे को प्रोत्साहित करने के लिए शिकायतों के त्वरित समाधान की सुविधा प्रदान करने के द्वारा बीमाकर्ताओं की शिकायत निवारण प्रक्रियाओं की निगरानी करते हुए पालिसीधारक के हितों के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। इसे प्राप्त करने के लिए, आईआरडीएआई ने बीमाकर्ताओं के लिए अनिवार्य (मैंडेटरी) किया है कि वे कुशल और अभिगम्य शिकायत निवारण प्रणालियों को लागू करें। इनमें आनलाइन शिकायत प्रस्तुतीकरण विकल्प उपलब्ध कराना, विभिन्न माध्यमों के द्वारा प्राप्त शिकायतों को पंजीकृत करने के लिए सुदृढ़ व्यवस्थाएँ स्थापित करना, तथा बीमाकर्ताओं की वेबसाइटों और उनके सभी कार्यालयों में शिकायत निवारण व्यवस्था के विवरण का प्रचार करना शामिल हैं।

II.6.2 प्राधिकरण ने सभी बीमाकर्ताओं के लिए अनिवार्य (मैंडेटरी) किया है कि उनके यहाँ एक पालिसीधारक संरक्षण, शिकायत निवारण और दावा निगरानी समिति (पीपीजीआरएण्डसीएम) समिति हो, जो कुशल और प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था, दावा निपटान प्रक्रियाओं की निगरानी के द्वारा पालिसीधारकों के हितों के संरक्षण की दिशा में उपयुक्त प्रणालियों और प्रक्रियाओं की स्थापना करेगी तथा बीमा जागरूकता का निर्माण और पालिसीधारकों का सशक्तीकरण करने की दिशा में उपाय करेगी। इसके अतिरिक्त, बीमाकर्ताओं के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि उनके यहाँ व्यवसाय के प्रत्येक स्थान पर शिकायतों के संबंध में कार्रवाई करने के लिए एक पदनामित अधिकारी हो तथा यदि शिकायतकर्ता के संतोष के अनुरूप शिकायतों का समाधान नहीं किया जाता है तो एक उचित आंतरिक उन्नयन (एस्कलेशन) मैट्रिक्स विद्यमान हो।

II.6.3 आईआरडीएआई ने पालिसीधारकों के लिए शिकायतों के समाधान की सुविधा प्रदान करने के लिए बहुविध माध्यम स्थापित किये हैं। आईआरडीएआई का बीमा भरोसा पोर्टल बीमाकर्ताओं की शिकायत प्रबंध प्रणाली के साथ समन्वित किया गया है। यह बीमा भरोसा पोर्टल शिकायतें पाइल करने और उनकी स्थिति की खोज करने के लिए एक आनलाइन प्लेटफार्म प्रदान करता है। अतिरिक्त रूप से, आईआरडीएआई

शिकायत काल सेंटर (आईजीसीसी) शिकायतें दर्ज करने के लिए एक निःशुल्क (टोल-फ्री) टेलीफोन नंबर और ई-मेल पता उपलब्ध कराता है। यह अंतर-संबद्ध प्रणाली आईआरडीएआई के लिए पालिसीधारकों की शिकायतों के कुशल समाधान को सुनिश्चित करने के लिए बीमाकर्ताओं की शिकायत निपटान प्रक्रियाओं की प्रभावी ढंग से निगरानी करने का प्रबंध करती है। इसके अलावा, आईआरडीएआई के बीमा भरोसा पोर्टल में अदावी राशि के लिए वेब लिंक निहित है। यह पालिसीधारक / लाभार्थी के लिए उसकी ओर से अदावी स्थिति में निहित किसी राशि की खोज करने के लिए एक विकल्प उपलब्ध कराता है।

II.6.4 जीवन बीमाकर्ताओं के विरुद्ध पंजीकृत शिकायतों की कुल संख्या 2022-23 में दर्ज 1,24,293 से घटकर 2023-24 में 1,20,726 हो गई है अर्थात् पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में इसमें 2.87 प्रतिशत कमी आई है। साथ ही, यूएफबीपी (अनुचित व्यापार पद्धतियाँ) के अंतर्गत पंजीकृत शिकायतों की कुल संख्या 2022-23 की 26,107 से 10.62 प्रतिशत घटकर 2023-24 में 23,335 रही है।

नीचे की सारणी में जीवन और साधारण बीमा क्षेत्रों के अलग-अलग विवरण के साथ भारतीय बीमा क्षेत्र में शिकायतों का विश्लेषण दर्शाया गया है।

सारणी II.15: 2023-24 के दौरान पंजीकृत शिकायतों का विश्लेषण

विवरण	जीवन	साधारण और स्वास्थ्य	कुल
कुल जारी पॉलिसियाँ एवं कवर किए गए जीवन*	64,81,53,324	2,96,26,47,141	3,61,08,00,465
शिकायतें	1,20,726	94,843	2,15,569
कुल पॉलिसियों और जीवन में शिकायतों का प्रतिशत (%)	0.019	0.003	0.006
प्रति लाख पॉलिसियों परशिकायतें	18.63	3.20	5.97

स्रोतः बीमाभरोसा पोर्टल

**जीवन बीमा पॉलिसियों के संबंध में- पोलिसीज इन फोर्स , सामान्य बीमा के मामले में - जारी पॉलिसियाँ, स्वास्थ बीमा के सम्बंध में पर्सस कवर्ड*

सारणी II.16: जीवन बीमाकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज अनुचित व्यापार पद्धतियों (यूएफबीपी) संबंधी शिकायतें

क्र.सं.	विवरण	2022-23	2023-24
1	जीवन बीमाकर्ताओं के विरुद्ध सूचित की गई शिकायतों की कुल संख्या	1,24,293	1,20,726
2	सूचित की गई यूएफबीपी शिकायतों की कुल सं.	26,107	23,335
3	वर्ष के दौरान समाधान की गई यूएफबीपी शिकायतें	26,103	23,288
4	पालिसीधारक के पक्ष में	9,946	9,461
5	आंशिक रूप से पालिसीधारक के पक्ष में	1,302	1,216
6	पालिसीधारक के विरुद्ध	14,855	12,611
7	वर्ष के अंत में लंबित यूएफबीपी शिकायतें	4	47
8.	कुल शिकायतों में यूएफबीपी शिकायतों का अंश	21.00%	19.33%

II.6.5 भारतीय बीमा क्षेत्र में अपविक्रय (मिस-सेलिंग) एक उल्लेखनीय चिंता है जो उपभोक्ताओं को निबंधनों, शर्तों या उपयुक्तता के उचित प्रकटीकरण के बिना बीमा उत्पादों के विक्रय से संबद्ध है। बीमाकर्ताओं को अंतर्निहित कारणों की पहचान करने के लिए मूल कारण विश्लेषण संचालित करने के द्वारा अपविक्रय की समस्या का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अपविक्रय को रोकने या कम करने के लिए, बीमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि वे उत्पाद की उपयुक्तता का निर्धारण करने, वितरण माध्यम-विशिष्ट नियंत्रण लागू करने, तथा आवधिक आधार पर एक मूल कारण विश्लेषण करने सहित अपविक्रय संबंधी शिकायतों का समाधान करने के लिए एक योजना विकसित करने जैसी रणनीतियों को कार्यान्वित करें।

बीमा भरोसा पोर्टल पर शिकायतों की स्थिति

II.6.6 2023-24 के दौरान, बीमा भरोसा पोर्टल पर 2,15,569 शिकायतें प्राप्त की गई थीं, जिनमें से 1,20,726 शिकायतें जीवन बीमा व्यवसाय से संबंधित थीं और 94,843 साधारण बीमा व्यवसाय से संबंधित थीं।

सारणी II.17: बीमा भरोसा पोर्टल के अनुसार शिकायतों की स्थिति

(शिकायतों की संख्या)


बीमाकर्ता	2022-23			2023-24		
	वर्ष के दौरान सूचित की गई	वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई	वर्ष के अंत में लंबित	वर्ष के दौरान सूचित की गई	वर्ष के दौरान कार्रवाई की गई	वर्ष के अंत में लंबित
जीवन बीमाकर्ता						
सरकारी क्षेत्र	81,303	81,303	0	81,021	81,021	0
निजी क्षेत्र	42,990	43,114	289	39,705	39,558	436
कुल	**1,24,293**	**1,24,417**	**289**	**1,20,726**	**1,20,579**	**436**
साधारण बीमाकर्ता						
सरकारी क्षेत्र	22,563	20,781	2,149	24,955	23,049	4,055
निजी क्षेत्र	55,784	56,178	1,224	69,888	70,111	1,001
कुल	**78,347**	**76,959**	**3,373**	**94,843**	**93,160**	**5,056**
कुल जोड़	**2,02,640**	**2,01,373**	**3,662**	**2,15,569**	**2,13,739**	**5,492**

स्रोतः बीमा भरोसा पोर्टल


II.6.7 वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बीमा भरोसा पोर्टल पर जीवन बीमा पालिसियों के संबंध में प्राप्त कुल शिकायतों में से 62 प्रतिशत से अधिक शिकायतें उत्तरजीविता दावों, पालिसी सर्विसिंग और अनुचित व्यापार पद्धतियों से संबंधित थीं। जीवन बीमाकर्ताओं के लिए शिकायतों का वर्गीकरण निम्नानुसार दिया गया है:

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सामान्य बीमा के विरुद्ध प्राप्त कुल शिकायतों में से अधिकांश शिकायतें दावों (68 प्रतिशत) से संबंधित थीं।

चार्ट II.5: जीवन बीमा संबंधी शिकायों का वर्गीकरण



चार्ट II.6: साधारण और स्वस्थ्य बीमा संबंधी शिकायतों का वर्गीकरण



II.6.8 वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान जीवन दावों से संबंधित शिकायतों की संख्या 30,459 थी। रिपोर्ट किए गए जीवन दावों की संख्या 24.86 लाख थी। सामान्य और स्वास्थ्य बीमा दावों से संबंधित शिकायतों की संख्या 67,541 थी और दावों की संख्या 11.49 करोड़ थी। इस प्रकार, रिपोर्ट किए गए प्रति हजार दावों पर जीवन बीमा दावों से संबंधित शिकायतों की संख्या लगभग 12 थी, जबकि सामान्य और स्वास्थ्य बीमा के मामले में यह लगभग 0.6 थी।

II.6.9 वर्ष 2023-24 के दौरान, प्रशासनिक सुधार और सार्वजनिक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) में पंजीकृत 13,153 शिकायतें आईआरडीएआई के पास भेजी गईं। वर्ष के दौरान कुल 13,084 शिकायतों का निपटान किया गया। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार कुल 289 शिकायतें लंबित थीं।

सारणी II.18: डीएआरपीजी पोर्टल में पंजीकृत और आईआरडीएआई को संदर्भित शिकायतें

शिकायत का स्रोत	2023–24 के प्रारंभ में शिकायतें	2023–24 के दौरान प्राप्त	2023–24 में प्राप्त कुल शिकायतें	2023–24 के दौरान निपटाई गई शिकायतें	2023–24 के अंत में शिकायतें
डीपीजी	12	408	420	393	27
डीआरपीएजी	0	152	152	150	2
स्थानीय/इंटरनेट	151	10,273	10,424	10,226	198
राष्ट्रपति सचिवालय	8	100	108	105	3
पेंशन	0	9	9	9	0
पीएमओ	49	2,211	2,260	2,201	59
कुल	**220**	**13,153**	**13,373**	**13,084**	**289**

डीपीजी– सार्वजनिक शिकायत निदेशालय; डीएआरपीजी प्रशासनिक सुधार और सार्वजनिक शिकायत विभाग; पीएमओ प्रधान मंत्री कार्यालय स्रोतः सीपीजीआरएएमएस पोर्टल

31 मार्च 2024 को शिकायतों की अवधि–वार लंबित स्थिति निम्नानुसार हैः

सारणी II.19: शिकायतों की लंबित स्थिति

निम्न अवधि के लिए लंबित	शिकायतों की संख्या
0 – 15 दिन	216
16 30 दिन	55
31 45 दिन	17
46 60 दिन	0
60 दिन	0
कुल	**289**

II.7 सलाहकार समितियों की कार्य–पद्धति

बीमा सलाहकार समिति

II.7.1 बीमा सलाहकार समिति (आइ ए सी) में पदेन सदस्यों को छोड़कर 25 से अनधिक सदस्य होते हैं जो वाणिज्य, उद्योग, परिवहन, कृषि, उपभोक्ता मंचों, सर्वेक्षकों, एजेंटों, मध्यवर्तियों, सुरक्षा और हानि निवारण में लगे हुए संगठनों, बीमा क्षेत्र के अनुसंधान निकायों और कर्मचारी संघों के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्राधिकरण के अध्यक्ष और सदस्य बीमा सलाहकार समिति के पदेन अध्यक्ष और पदेन सदस्य होते हैं। बीमा सलाहकार समिति का उद्देश्य विनियम बनाने से संबंधित विषयों पर प्राधिकरण को सलाह देना है। बीमा सलाहकार समिति ऐसे अन्य विषयों पर प्राधिकरण को सलाह दे सकती है जो निर्धारित किये जाएँगे।

बीमा सलाहकार समिति (आईएसी) की बैठकें :

वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान बीमा सलाहकार समिति (आईएसी) की चार बैठकें हुईं :

आईआरडीएआई की बैठक	दिनांक
आईएसी की 47वीं बैठक	22 सितंबर 2023
आईएसी की 48वीं बैठक	13 दिसंबर 2023
आईएसी की 49वीं बैठक	14 फरवरी 2024
आईएसी की 50वीं बैठक	23 फरवरी 2024

पुनर्बीमा सलाहकार समिति

II.7.2 आदेश सं. आईआरडीएआई/आरईआईएन/एनओटी/आरआईएन/101/5/2022 दिनांक 19-05-2022 के अनुसार गठित पुनर्बीमा सलाहकार समिति की विद्यमानता जारी है।

II.8 लोकपाल की कार्य-पद्धति

II.8.1 बीमा लोकपाल का कार्यालय एक वैकल्पिक शिकायत निवारण प्लेटफार्म है जो बीमा कंपनियों, उनके एजेंटों और मध्यवर्तियों द्वारा बीमा की सभी वैयक्तिक व्यवस्थाओं, सामूहिक बीमा पालिसियों, एकमात्र स्वामित्व वाले और सूक्ष्म उद्यमों को जारी की गई पालिसियों के संबंध में एक त्वरित, किफायती और निष्पक्ष तरीके से असंतुष्ट पालिसीधारकों की शिकायतों का समाधान करने के उद्देश्य के साथ स्थापित किया गया है। लोकपालों के पास सभी बीमाकर्ताओं और उनके मध्यवर्तियों के विरुद्ध शिकायतों पर विचार करने के लिए अधिदेश (मैंडेट)/शक्ति है। वर्तमान में, 17 बीमा लोकपाल केन्द्र स्थापित किये गये हैं जो अहमदाबाद, बेंगलूरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नै, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, पुणे, पटना और नोएडा में हैं।

II.8.2 पालिसीधारक को किसी भी शिकायत के समाधान के लिए सर्वप्रथम संबंधित बीमाकर्ता के साथ संपर्क करना चाहिए्। जहाँ शिकायत का समाधान पालिसीधारक के पक्ष में नहीं किया गया हो अथवा आंशिक रूप से पालिसीधारक के पक्ष में समाधान किया गया हो, वहाँ बीमाकर्ता शिकायतकर्ता को उनके अधिकार-क्षेत्र के बीमा लोकपाल का विवरण (नाम और पता) देने के द्वारा मामला बीमा लोकपाल के समक्ष ले जाने के लिए सूचित करेगा। बीमा लोकपाल को अपील की गई शिकायतों का निपटान एक अधिनिर्णय (अवार्ड) के द्वारा शिकायत प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने की अवधि के अंदर किया जाता है तथा ऐसा अधिनिर्णय/निर्णय बीमा कंपनियों और उनके मध्यवर्तियों, जैसी स्थिति हो, पर बाध्यकारी होगा।

II.8.3 बीमा लोकपाल के कार्यालय बीमा लोकपाल परिषद (सीआईओ) के प्रशासनिक नियंत्रण में हैं जो बीमा लोकपाल नियम, 2017 के अधीन गठित की गई है। सीआईओ नियमित अंतरालों पर जीवन बीमा परिषद और साधारण बीमा परिषद के साथ गहन संपर्क में रहते हुए कार्य करती है।

बीमा लोकपाल नियम, 2017 के नियम 19 के अनुसार, एक सलाहकार समिति, जिसमें 5 प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनमें एक केन्द्र सरकार का नामिती भी शामिल है, का पुनर्गठन समय-समय पर बीमा लोकपाल प्रणाली के कार्यनिष्पादन तथा सभी बीमा लोकपालों की कार्यकुशलता बढ़ाने से संबंधित अन्य विषयों की समीक्षा करने के लिए प्राधिकरण के द्वारा 10.04.2024 को कार्यालय आदेश संदर्भ सं. आईआरडीएआई/पीपीएण्डजीआर/सीएमटी/67/4/2024 के द्वारा किया गया। यह समिति सीआईओ के लिए मार्गदर्शक निकाय के रूप में कार्य करती है।

II.8.4 बीमा लोकपाल के विस्तार को व्यापक बनाने के लिए बीमा लोकपाल नियम, 2017 का संशोधन 9 नवंबर 2023 को किया गया। मुख्य संशोधन में क्षतिपूर्ति के लिए अधिनिर्णय की राशि में 30 लाख से 50 लाख तक वृद्धि तथा बीमा लोकपाल द्वारा अधिनिर्णयों पर डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर ऐसा अधिनिर्णय पारित करने के लिए कारणों सहित करने के लिए अनुमति देना शामिल है।

II.9 बीमा संघ और बीमा परिषदें

जीवन बीमा परिषद

II.9.1 जीवन बीमा परिषद (एलआई परिषद) बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64ग के अधीन गठित भारत में परिचालन करनेवाले सभी जीवन बीमाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करनेवाला एक सांविधिक निकाय है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान जीवन बीमा परिषद के द्वारा किये गये कार्यकलापों का विवरण निम्नलिखित है।

i. **विभिन्न विनियमों, दिशानिर्देशों और परिपत्रों को सरल और कारगर बनाने के लिए विनियम समीक्षा समिति (आरआरसी) और विभिन्न उप-समूह**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, जीवन बीमा परिषद का, साधारण बीमा परिषद के साथ वर्तमान विनियामक ढाँचे की जाँच करने और उसमें परिवर्तनों के लिए आईआरडीएआई को सुझाव देने के लिए आरआरसी और विभिन्न उप-समूहों के साथ कार्य करना जारी है। आरआरसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपनी सिफारिशों का पहला भाग प्रस्तुत किया है तथा अब मध्यवर्तियों (वितरण माध्यम) के साथ संबंध रखनेवाली सिफारिशों के अंतिम भाग को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

ii. **बीमा उद्योग के अग्रसरण के लिए परिवर्तन कार्यसूची**

जीवन बीमा परिषद ने साधारण बीमा परिषद के साथ बीमा क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न परिवर्तनों की कार्यसूची सुझाने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श की प्रक्रिया प्रारंभ की है। ध्यान केन्द्रित किये जानेवाले क्षेत्र हैं बेंचमार्किंग और अंतराल का विश्लेषण, बीमा समावेशन, डिजिटल कार्यसूची, तथा विधिक, विनियामक और पूँजीगत ढाँचा।

iii. **परिषद की वेबसाइट:**

परिषद की वेबसाइट में लगातार सांख्यिकीय डेटा, नवीनतम समाचार और अन्य सूचना उपलब्ध कराई जा रही है। उसके अभिकल्प को अपग्रेड करने और उसे आईआरडीएआई और सभी जीवन बीमाकर्ताओं की वेबसाइटों के साथ अंतर-संबद्ध करने के बाद विभिन्न भूगोलों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय से हिटों की संख्या में उल्लेखनीय रूप में वृद्धि हुई है।

iv. **जनसुरक्षा वेबसाइट का विकास:**

जीवन बीमा परिषद ने साधारण बीमा परिषद और भारतीय बैंक संघ के साथ पीएमजेजेबीवाई (प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) और पीएमएसबीवाई (प्रधान मंत्री सुरक्षा पीएमएसबीवाई बीमा योजना) बीमा योजनाओं के लिए दावों की निर्बाध यात्रा हेतु जनसुरक्षा वेबसाइट प्रारंभ की है।

v. **अन्य गतिविधियाँ :**

उक्त परिषद प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए जीवन बीमाकर्ताओं के कर-प्रमुखों के साथ नियमित रूप से परस्पर सक्रिय विचार-विमर्श करती है।

उक्त जीवन बीमा परिषद बीमा सुगम, आईआरडीएआई द्वारा बीमा समाधानों के लिए परिकल्पित एक ई-बाजार-स्थान, के विकास में सक्रिय रूप से संबद्ध है।

साधारण बीमा परिषद

II.9.2 साधारण बीमा परिषद (जीआई परिषद) भारत में साधारण, स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय और पुनर्बीमा व्यवसाय करनेवाले सभी बीमाकर्ताओं का एक प्रतिनिधि निकाय है, जिसका गठन बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64ग के उपबंधों के अधीन किया गया है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, 27 साधारण बीमा कंपनियाँ (जिनमें 4 पीएसयू बीमाकर्ता, 21 निजी बीमाकर्ता और 2 विशेषीकृत बीमा कंपनियाँ शामिल हैं), 5 स्टैंड-अलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ता, 1 पीएसयू पुनर्बीमाकर्ता, 12 विदेशी पुनर्बीमाकर्ता शाखाएँ (एफआरबीएस) साधारण बीमा परिषद के सदस्य हैं।

वर्ष 2023-24 में साधारण बीमा परिषद के कार्यकलाप:

i. साधारण बीमा परिषद आईआरडीएआई की '2047 तक सबके लिए बीमा' तथा व्यवसाय करने की सुगमता को सुसाध्य बनाने की पहल सहित विभिन्न विषयों पर आईआरडीएआई के साथ निरंतर संलिप्त है।

ii. बीमा त्रयी परियोजनाओं पर, बीमा कंपनियों, पालिसीधारकों, और मध्यवर्तियों हेतु उचित रक्षोपायों के साथ सुगमतापूर्वक व्यवसाय को सुसाध्य बनाने के लिए बीमा ई-बाजार स्थान बीमा सुगम बनाया जा रहा है।

iii. साधारण बीमा परिषद ने एक एकल उत्पाद, बीमा विस्तार, को समर्थ बनाने के लिए जो एक एकल परिवार के लिए जीवन, साधारण और वैयक्तिक दुर्घटना कवरेज की आवश्यकता पूरी करेगा, जिसके लिए एक समर्पित विक्रय-बल के रूप में बीमा वाहकों के माध्यम से विपणन में विशेषीकृत दृष्टिकोण अपेक्षित होगा, सरकारी एजेंसियों, मध्यवर्तियों और अन्य संबद्ध निकायों के साथ परस्पर सक्रिय विचार-विमर्श किया।

iv. दोनों जीवन बीमा परिषद और साधारण बीमा परिषद के प्रतिनिधियों से युक्त विनियामक समीक्षा समिति (आरआरसी) ने वर्तमान विनियामक ढाँचे की समीक्षा की तथा नियम-आधारित से सिद्धांत-आधारित व्यवस्था की ओर अंतरण की दिशा में आवश्यक अपनी अंतर्दृष्टियाँ उपलब्ध कराईं।

v. साधारण बीमा परिषद वर्तमान हिट एण्ड रन दुर्घटना निधि पूर्व की मुआवजा (सोलेशियम) निधि के प्रबंधक के रुप में हिट एण्ड रन दावों को संभालने, उक्त निधि का प्रबंध करने तथा देश भर में ऐसी दुर्घटनाओं से उत्पन्न होनेवाले दावों का भुगतान करने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में जारी रही।

vi. साधारण बीमा परिषद ने स्वास्थ्य पालिसियों के अंतर्गत बढ़ते हुए नकदीरहित दावा निपटानों, एक मंच के अंतर्गत सभी अस्पतालों की सामान्य सूचीबद्धता तथा उचित दरें प्रभारित करने के संबंध में अस्पतालों के साथ समझौता वार्ताएँ करने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की।

vii. साधारण बीमा परिषद विभिन्न विषयों के संबंध में वित्तीय सेवाएँ विभाग (डीएफएस), वित्त मंत्रालय (एमओएफ) के साथ निरंतर वचनबद्धता में है, जैसे चक्रवात और बाढ़ जैसी प्राकृतिक विपदाओं संबंधी डेटा से संबंधित दावों का प्रस्तुतीकरण, जामिन बांड बाजार का विकास तथा एनडीएमए के साथ समन्वय करते हुए आपदा बीमा उत्पाद का विकास।

viii. साधारण बीमा परिषद ने समस्त भारत में (पैन इंडिया) बीमा जागरूकता और शिक्षा अभियान की प्रक्रिया प्रारंभ की है जिसका शीघ्र ही शुरू किया जाना प्रत्याशित है।

ix. साधारण बीमा परिषद, जीवन बीमा परिषद और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के साथ संयुक्त रूप से पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई योजनाओं के लिए एक स्थान पर प्रवेश के रूप में जनसुरक्षा प्लेटफार्म के कार्यान्वयन पर कार्य कर रही है जिसमें नामांकन, दावों पर कार्रवाई, डीआईवाई यात्राएँ, और शिकायत निवारण सम्मिलित हैं। यह प्लेटफार्म डेटा विश्लेषण और डीएफएस को रिपोर्टिंग के लिए एक एकल स्थान के रूप में भी काम आता है। पहले चरण में 12 सरकारी क्षेत्र बैंकों ने अपने संबद्ध साधारण और जीवन बीमाकर्ताओं के साथ, जो सभी पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबीवाई पालिसियों के लगभग 80 प्रतिशत को कवर करते हैं, उक्त प्लेटफार्म के साथ समन्वय किया है तथा संपूर्ण (एण्ड टू एण्ड) परीक्षण निष्पादित किया जा रहा है।

II.10 बीमा बाजार से संबंधित अन्य गतिविधियाँ

II.10.1 जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा खंडों के लिए बाजार में किसी भी नये उत्पाद को प्रारंभ करने के लिए प्राधिकरण समय-समय पर विनियामक ढाँचे में आवश्यक परिवर्तन उपलब्ध कराता है/करता है।

2023-24 के दौरान प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की बीमा कंपनी-वार कुल संख्या अनुबंध 7 में दी गई है।

प्रमुखताएँ

व्यवसाय करने की सुगमता के उपाय

01. यूज़ एण्ड फाइल

सभी साधारण, स्वास्थ्य और अधिकांश जीवन बीमा उत्पादों के लिए यूज़ एण्ड फाइल प्रक्रिया

02. पूर्व अनुमोदन समाप्त करना

विज्ञापनों, अन्य प्रकार की पूँजी (ओएफसी) जुटाने, व्यवसाय के नये स्थानों आदि के लिए पूर्व अनुमोदन कुछ शर्तों के अनुपालन के अधीन समाप्त किये गये

03. ईओएम में लचीलापन

साधारण और स्वास्थ्य के लिए ईओएम की एकल सीमा, कमीशनों से संबंधित जीवन सीमाओं में सममूल्य, सममूल्येतर सीमाएँ हटाई गई हैं और ईओएम के साथ संबद्ध की गई

04. ईओएम में अतिरिक्त छूटें

ग्रामीण व्यवसाय, सरकारी योजनाओं, जागरूकता और इंश्योरटेक को बढ़ावा देने के लिए ईओएम में अतिरिक्त छूटें

05. वितरण में सुगमता

कारपोरेट एजेंटों और आईएमएफों के लिए तालमेल व्यवस्थाओं (टाई-अपों) की अनुमतियोग्य संख्या बढ़ाई गई (तिगुनी की गई)

06. निवेशों के लिए अवसर

बीमाकर्ताओं को एआईएफ की निधियों की निधियों, आईएनवीआईटीएस और आरईआईटीएस की कर्ज प्रतिभूतियों, में निवेश करने की अनुमति देने, बीएफएसआई क्षेत्र में संवर्धित एक्सपोज़र आदि के द्वारा ओएफसी जुटाने की सीमाएँ दुगुनी की गई


07. शोधन-क्षमता की अपेक्षाएँ

शोधन-क्षमता की अपेक्षाएँ यूलिप, फ़सल बीमा और पीएमजेजेबीवाई के लिए युक्तिसंगत बनाई गई

08. कंपनी अभिशासन

पारदर्शिता, दायित्व और नैतिक आचरण को बढ़ावा देते हुए अभिशासन ढाँचे को मजबूत किया गया

आईआरडीएआई की विकासात्मक भूमिका



भाग – III
प्राधिकरण के सांविधिक और विकासात्मक कार्य

III.1 आवेदक को पंजीकरण प्रमाणपत्र का निर्गम, ऐसे पंजीकरण का नवीकरण, आशोधन, प्रत्याहरण, निलंबन अथवा निरसन

आईआरडीएआई ने अपनी विकासात्मक भूमिका के भाग के रूप में, भारत में नई बीमा कंपनियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रवेश के मानदंडों को सरल और कारगर बनाया है। विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की प्रक्रिया के दौरान नये आवेदकों को सहारा देने हेतु मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारियों के एक समूह को नियुक्त किया गया है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, समीक्षाधीन वर्ष में आईआरडीएआई ने तीन नई बीमा कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया है। 'गो डिजिट लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड' नामक एक जीवन बीमा कंपनी को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस जीवन बीमाकर्ता के परिवर्धन के साथ, 31.03.2024 को जीवन बीमाकर्ताओं की कुल संख्या 26 हो गई है। इसके अलावा, दो नये स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं, अर्थात् नारायण हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड को पंजीकरण प्रमाणपत्र 3 जनवरी 2024 को तथा गैलक्सी हेल्थ एण्ड अलायड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को पंजीकरण प्रमाणपत्र 20 मार्च 2024 को जारी किया गया। दो नये स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं के परिवर्धन के साथ, देश में पंजीकृत स्टैंडअलोन स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं की कुल संख्या 8 तक पहुँच गई है।

III.2 पालिसी के समनुदेशन, पालिसीधारकों द्वारा नामांकन, बीमायोग्य हित, बीमा दावे का निपटान, पालिसी के अभ्यर्पित मूल्य और बीमा संविदाओं की अन्य शर्तों से संबंधित मामलों में पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण

आईआरडीएआई ने पालिसी के समनुदेशन, पालिसीधारकों के नामांकन आदि के तौर पर पालिसीधारकों के संरक्षण से संबंधित विषयों का समाधान करने के लिए समय-समय पर विभिन्न परिपत्र जारी किये हैं। विशेष रूप से आपाती घटना के संबंध में साधारण बीमाकर्ताओं को बड़ी आपाती घटनाओं की स्थिति में दावों के शीघ्रतापूर्वक निपटान को सुनिश्चित करने के द्वारा प्रभावित बीमाकृत जनता की कठिनाइयाँ कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए सूचित किया गया है। जारी किये गये परिपत्रों की सूची निम्नानुसार है:

- आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/जीडीएल/122/06/2023 दिनांक 5 जून 2023 ने बालासोर, ओडिशा में दुःखद रेल दुर्घटना के पीड़ितों के बीमा दावों के संबंध में दिशानिर्देश दिये।
- चक्रवात बिपरजाय से संबंधित बीमा दावों के संबंध में आईआरडीएआई/ एनएल/ सीआईआर/विविध/122/06/2023 दिनांक 16 जून 2023
- हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली क्षेत्रों में बाढ़ से संबंधित बीमा दावों के संबंध में आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/विविध/146/7/2023 दिनांक 16 जुलाई 2023
- सिक्किम में बाढ़ से संबंधित बीमा दावों के संबंध में आईआरडीएआई/एनएल/ सीआईआर/ विविध/183/10/2023 दिनांक 18 अक्तूबर 2023
- चक्रवात मिचाऊंग और अनुवर्ती भारी वर्षा और बाढ़ से संबंधित बीमा दावों के संबंध में आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/विविध/215/12/2023 दिनांक 9 दिसंबर 2023 और आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/विविध/215/12/2023 दिनांक 18 दिसंबर 2023

III.3 मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों और एजेंटों के लिए आवश्यक योग्यताएँ, आचरण संहिता और व्यावहारिक प्रशिक्षण विनिर्दिष्ट करना

III.3.1 1999 के आईआरडीए अधिनियम के अधीन विनियम सुस्पष्ट रूप से बीमा व्यवसाय में सभी मध्यवर्तियों के लिए लाइसेंसीकरण और आचरण संहिता की अपेक्षाएँ निश्चित करते हैं। इन विनियमों में शामिल हैं आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015, आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018, आईआरडीएआई बीमा एजेंटों की नियुक्ति) विनियम, 2016 तथा आईआरडीएआई (कारपोरेट एजेंटों का पंजीकरण) विनियम, 2015।

III.3.2 प्राधिकरण ने परिपत्र सं. आईआरडीए/एनटी/सीआईटी/टीएण्डई/136/07/2016 जारी करने के द्वारा विनियामक पर्यवेक्षण का संवर्धन करने के लिए एक विनियामक ढाँचा स्थापित किया है। यह परिपत्र विभिन्न वितरण माध्यमों के लिए प्रशिक्षण और परीक्षा की आवश्यकताओं के सुमेलन का समाधान करता है।

III.4 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के लिए आचरण-संहिता विनिर्दिष्ट करना

III.4.1 सर्वेक्षक और हानि निर्धारक के कर्तव्य और दायित्व समय-समय पर यथासंशोधित आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक) विनियम, 2015 के अध्याय खत में विनिर्दिष्ट हैं।

III.4.2 सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों के व्यावसायिक कार्य के आचरण के लिए व्यावसायिक और नैतिक अपेक्षाओं के संबंध में आचरण-संहिता उक्त विनियमों के अध्याय VI में विनिर्दिष्ट की गई है तथा विनियम 16 इस संहिता को सविस्तार प्रतिपादित करता है।

III.4.3 प्राधिकरण सर्वेक्षकों से सर्वेक्षण कार्यों के लिए पैनल में शामिल होने, बीमा कंपनियों द्वारा सर्वेक्षण शुल्क का भुगतान न करने, आंतरिक सर्वेक्षकों और व्यपगत लाइसेंसों के धारकों को आईआईआईएसएलए द्वारा सदस्यता को अस्वीकार करने, आईआईआईएसएलए द्वारा सदस्यता के स्तर से इनकार करने आदि के संबंध में शिकायतें प्राप्त करता है। ऐसी शिकायतें संबंधित बीमा कंपनियों और आईआईआईएसएलए को उनके स्तर पर समाधान के लिए अग्रेषित की जाती हैं। पालिसीधारक भी सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रति प्राप्त न होने, सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी करने में विलंब, कदाचार, आईआरडीएआई सर्वेक्षक विनियमों के उल्लघन आदि पर सर्वेक्षकों/ सर्वेक्षक फर्मों के विरुद्ध शिकायत करते हैं। ऐसी शिकायतें मुद्दों के त्वरित निपटान के लिए सर्वेक्षकों के साथ उठाई जाती हैं। उपर्युक्त के अलावा, प्राधिकरण को सर्वेक्षकों और कारपोरेट सर्वेक्षक फर्मों के विरुद्ध विभिन्न आरटीआई और संदर्भ भी प्राप्त होते हैं। वर्ष 2023-24 के दौरान आईआरडीएआई को सीपीजीआरएएमएस पोर्टल पर 57 शिकायतें प्राप्त हुईं, 64 (प्रारंभिक शेष सहित) का समाधान किया गया है और 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार कोई शिकायतें बकाया नहीं हैं।

III.5 बीमा व्यवसाय के संचालन में कार्यकुशलता को बढ़ावा देना

पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में, आईआरडीएआई ने वर्ष के दौरान विभिन्न परिपत्र जारी किये हैं। विशेष रूप से, आईआरडीएआई कमीशन के भुगतान संबंधी विनियमों के अंतर्गत, बीमा कंपनियों से कमीशन संरचनाओं के संबंध में बोर्ड नीति को लागू करना प्रत्याशित है। इस बोर्ड नीति

की प्रत्याशित स्थूलतर रूपरेखाओं का विवरण 31 मार्च 2023 को जारी किये गये मार्गदर्शी नोट में दिया गया है।

इसके अलावा, आईआरडीएआई ने पंजीकरण प्रमाणपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के लिए अपेक्षित फार्मेटों का विवरण देते हुए, भारतीय बीमा कंपनियों के पंजीकरण संबंधी विस्तृत मास्टर परिपत्र जारी किया है। साइबर सुरक्षा के रूप में बीमा उद्योग द्वारा सामना की जा रही नई चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, आईआरडीएआई ने विनियमित संस्थाओं की महत्वपूर्ण बुनियादी संरचना का संरक्षण करने के लिए सूचना और साइबर सुरक्षा के विषयों पर दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

स्वास्थ्य संबंधी दावों के निपटान को सरल और कारगर बनाने के लिए, साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों से स्वास्थ्य दावा विनिमय प्रणाली को अपनाने के लिए कहा गया है। समावेशी बीमा को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य के अनुरूप, आईआरडीएआई बीमा त्रयी का अनुसरण कर रहा है, जिसमें बीमा वाहक, एक नारी-केन्द्रित बीमा वितरण माध्यम शामिल है। अक्तूबर 2023 में जारी किये गये बीमा वाहक दिशानिर्देश, बीमा पहुँच में वृद्धि करने हेतु बीमा वाहकों की नियुक्ति करने के लिए बीमा कंपनियों को समर्थ बनाते हैं।

वर्ष के दौरान जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों के संबंध में विस्तृत सूचना नीचे दी गई है:

III.5.1 मार्गदर्शी नोट कमीशन संरचना पर बीमाकर्ता की बोर्ड नीति परिपत्र आईआरडीएआई/ आईएनटी/ सीआईआर/विविध/82/3/2023 दिनांक 31 मार्च 2023

बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 34, आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(ङ) तथा आईआरडीएआई (कमीशन का भुगतान) विनियम, 2023 के विनियम 8 की शक्तियों के अधीन जारी किया गया उक्त परिपत्र बीमाकर्ताओं के लिए यह अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) बनाता है कि वे बीमा मध्यवर्तियों के लिए कमीशन संरचनाओं के संबंध में एक सुस्पष्ट और पारदर्शी बोर्ड नीति रखें।

1. **उद्देश्य और सिद्धांत:** उक्त नीति को चाहिए कि वह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे, ग्राहकों की आवश्यकताओं के साथ प्रोत्साहनों को सुयोजित करे, और किफायती वितरण को प्रोत्साहित करे।

2. **निष्पक्षता:** कमीशन संरचनाओं को यह सुनिश्चित करते हुए अवश्य युक्तियुक्त होना चाहिए कि ग्राहकों अथवा बीमाकर्ताओं को अत्यधिक लागतों के बिना मध्यवर्तियों के लिए उचित रूप से क्षतिपूर्ति की जाए।

3. **अच्छी वितरण पद्धति:** उक्त नीति को उन पद्धतियों को प्रोत्साहित करना चाहिए जो ग्राहक संतोष, बाजार अंश और विनियामक अनुपालन में वृद्धि करें।

4. **नियमित समीक्षा:** कमीशन संरचना की समीक्षा लेखा-परीक्षा समिति के द्वारा उसकी प्रभावकारिता, कार्यकुशलता, और ग्राहकों की आवश्यकताओं के साथ उसके सुमेलन का निर्धारण करते हुए वार्षिक रूप से की जानी चाहिए।

5. **बाजार व्यवहार:** अभिशासन व्यवस्थाओं को चाहिए कि वे उच्च नैतिक मानकों को सुनिश्चित करें और संभावित हित-संघर्षों का समाधान करें।

6. **निगरानी और रिपोर्टिंग:** कमीशन संरचनाओं के कार्यनिष्पादन और अनुपालन के संबंध में नियमित रिपोर्टिंग बोर्ड और वरिष्ठ प्रबंधन को करना अपेक्षित है।

7. **प्रयोज्यता:** नई कमीशन संरचनाएँ उन पालिसियों पर लागू नहीं हैं जो पहले से जारी की जा चुकी हैं।

समग्र रूप से, कमीशन संरचना को चाहिए कि वह निष्पक्ष और पारदर्शी पद्धतियों को बढ़ावा दें जो पालिसीधारकों के हितों का संरक्षण करती हैं और बीमा व्यापन को प्रोत्साहित करती हैं।

III.5.2 भारतीय बीमा कंपनी के पंजीकरण संबंधी मास्टर परिपत्र, 2023 आईआरडीएआई/ एफएण्डआई/ सीआईआर/आरआईसी/90/4/2023 दिनांक 24 अप्रैल 2023

उक्त मास्टर परिपत्र आईआरडीएआई (भारतीय बीमा कंपनियों का पंजीकरण) विनियम, 2022 के अंतर्गत विभिन्न फार्मों, उपबंधों और स्पष्टीकरणों को विनिर्दिष्ट करने के लिए जारी किया गया।

III.5.3 आईआरडीएआई सूचना और साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश, 2023 आईआरडीएआई/ जीएएण्डएचआर/ जीडीएल/विविध/88/04/2023 दिनांक 24 अप्रैल 2023

III.5.3.1 उक्त सूचना और साइबर सुरक्षा दिशानिर्देश, 2023 बीमाकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे महामारी, युद्ध, आपात स्थितियों और प्राकृतिक विपदाओं आदि जैसी घटनाओं के दौरान संस्था के सभी मुख्य कार्यों से संसाधनों को संबद्ध करते हुए एक संकट प्रबंध समिति का गठन करें। यह समिति ऐसी घटनाओं के दौरान निर्णयों का परिचालन और कार्यनिष्पादन करने के लिए संशोधित प्रक्रियाओं, अपेक्षित प्रौद्योगिकी और कार्मिकों के संबंध में विचार-विमर्श करेगी। सूचना सुरक्षा कार्य सहित जोखिम प्रबंध कार्य ऐसी स्थितियों में जोखिमों का परितुलन (कोलेशन) करेगा तथा इसे संकट प्रबंध समिति के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करेगा।

III.5.3.2 उपर्युक्त दिशानिर्देश इस संबंध में सर्ट-इन / राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सूचना बुनियादी संरचना संरक्षण केन्द्र (एनसीआईआईपीसी) द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देशों के अनुपालन में तैयार की जानेवाली साइबर संकट प्रबंध योजना (सीसीएमपी) के लिए भी व्यवस्था करते हैं। इसके अलावा, किसी बड़ी घटना की स्थिति में क्षेत्र-वार प्रतिक्रिया को सुसाध्य बनाने के लिए अन्य संस्थाओं के साथ सूचना को साझा करने की व्यवस्थाओं का उपर्युक्त योजना में प्रलेखीकरण करना होगा। ये दिशानिर्देश व्यवसाय निरंतरता प्रबंध और आपदा समुत्थान ढाँचे की स्थापना करने के लिए भी व्यवस्था करते हैं।

III.5.3.3 आईआरडीएआई में साइबर संकट का प्रबंध प्रभावी ढंग से करने के लिए, संकट के दौरान संकट के प्रतिक्रियास्वरूप कार्रवाइयों का समन्वय करनेवाली एक साइबर संकट प्रबंध टीम सहित विभिन्न हितधारकों की भूमिकाओं और दायित्वों को स्पष्ट रूप से निश्चित करनेवाली एक व्यापक साइबर संकट योजना लागू की गई है।

इसके अलावा, आईआरडीएआई की सूचना सुरक्षा नीति / प्रक्रियाओं के भाग के रूप में विपदा होने की स्थिति में व्यावसायिक परिचालनों की निरंतरता को सुनिश्चित करने के लिए सूचना सुरक्षा की अपेक्षाएँ स्थापित की गई हैं।

III.5.4 क्रेडिट कार्डों के माध्यम से ऋणों की चुकौती की सुविधा रोकने के लिए अनुदेश आईआरडीएआई/जीवन/ सीआईआर/विविध/99/5/2023 दिनांक 3 मई 2023

III.5.4.1 सभी बीमाकर्ताओं को पालिसियों की जमानत पर लिये गये ऋणों की क्रेडिट कार्डों के माध्यम से भुगतान को स्वीकार करना समाप्त करने के लिए सूचित किया गया है।

III.5.5 स्वास्थ्य दावा केन्द्र (एचसीएक्स) विशिष्टियों तथा ई-दावा मानकों के परीक्षण और अंगीकरण संबंधी परिपत्र आईआरडीएआई/एचएलटी/सीआईआर/विविध/124/6/ 2023 दिनांक 8 जून 2023

आईआरडीएआई ने पालिसीधारकों के लिए झंझट-रहित दावा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा केन्द्र प्रारंभ करते हुए परिपत्र आईआरड़ीएआई/एचएलटी/ सीआईआर/ विविध/124/6/2023 जारी किया है। इस परिपत्र के संबंध में बाक्स मद III.1 में विस्तार से चर्चा की गई है।

III.5.6 जीवन बीमा उत्पादों के लिए यूज़ एण्ड फाइल प्रक्रिया आईआरडीएआई/एसीटीएल /सीआईआर/ पीआरओ/135/6/2023 दिनांक 19 जून 2023


III.5.6.1 आईआरडीएआई ने जीवन बीमा उत्पादों के लिए 'यूज़ एण्ड फाइल' प्रक्रिया में आशोधन शामिल किये हैं तथा उक्त प्रक्रिया में जीवन बीमा उत्पादों की अतिरिक्त श्रेणियों के समावेश के साथ 'यूज़ एण्ड फाइल' के दायरे का विस्तार भी किया है। उक्त आशोधन जीवन बीमा उत्पादों के व्यापन का संवर्धन करने और उनकी पहुँच-योग्यता में सुधार लाने में बीमा उद्योग की सहायता करते हैं। यह जीवन बीमा उत्पादों के व्यापन का संवर्धन करने और उनकी पहुँच-योग्यता में सुधार लाने में बीमा उद्योग की सहायता करने के लिए है।

इसी परिपत्र में आईआरडीएआई द्वारा वर्तमान वियोजित निधि पहचान संख्या (एसएफआईएन) की अनुमति की प्रक्रिया समाप्त की गई है। तथापि, बीमाकर्ता प्रत्येक वियोजित निधि, एवं यूनिट सहबद्ध बीमा योजना (यूलिप) की प्रबंधनाधीन आस्तियों के संबंध में आईआरडीएआई (निवेश) विनियम, 2016 के विनियम 9 के अनुसार सभी विवेकपूर्ण और एक्सपोज़र मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज (एनएचसीएक्स) निर्बाध दावा अनुभव की ओर

स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान नकदीरहित निपटान के रूप में अथवा प्रतिपूर्ति के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में, अस्पतालों और बीमाकर्ताओं के बीच संचार और सूचना/दस्तावेजों का आदान-प्रदान ई-मेलों, पोर्टलों और संदेश की अन्य पद्धतियों के माध्यम से हो रहे हैं। अस्पतालों और बीमाकर्ताओं के लिए सूचना की साझेदारी करने हेतु एक सामान्य प्रणाली के अभाव के कारण दावा अनुमोदनों (पूर्व-प्राधिकरण, नकदीरहित, और प्रतिपूर्ति) की गति धीमी हो जाती है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए, आईआरडीएआई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त कार्य-दल ने आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (एबीडीएम) कार्यक्रम के अंतर्गत एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा केन्द्र को विकसित करने की सिफारिश की है। यह केन्द्र मानकीकृत और अधिक तेज बीमा दावा प्रसंस्करण को समर्थ बनायेगा जो बेहतर रोगी अनुभव और घटी हुई परिचालन लागत में परिणत होगा। उक्त स्वास्थ्य दावा केन्द्र विशिष्टीकरण एक संचार नयाचार (प्रोटोकाल) है जो बीमाकर्ताओं, अन्य पक्ष प्रबंधकों (टीपीए), स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं (अस्पतालों) और अन्य संबंधित संस्थाओं के बीच स्वास्थ्य दावा सूचना के विनिमय को सुसाध्य बनाता है।



एनसीएचएक्स की विशेषताएँ निम्नानुसार हैं :

- यह अंतर-परिचालनीयता के लिए खुले मानकों और खुले एपीआईएस के आधार पर अभिकल्पित है।
- यह अभिकल्प के द्वारा सुरक्षित और गोपनीयता का परिरक्षक है।
- यह सभी नकदीरहित और प्रतिपूर्ति दावों के लिए स्वास्थ्य दावा सूचना के आदान-प्रदान को सुसाध्य बनाता है।

स्वास्थ्य बीमा व्यवसाय करने वाली सभी साधारण बीमा कंपनियाँ आईआरडीएआई के पास पंजीकृत टीपीएएस सहित, एनएचसीएक्स के साथ समन्वित हैं। बीमाकर्ताओं और टीपीएएस ने सैंडबाक्स में अपने परीक्षण को पूरा किया है तथा वे उत्पादन में अग्रसर होने की प्रक्रिया में हैं।

III.5.7 सरोगेसी अधिनियम, 2021 और सहायता प्राप्त जननीय प्रोद्योगिक (एआरटी) अधिनियम, 2021 तथा उनके अधीन संगत नियम:

आईआरडीएआई ने परिपत्र आईआरडीएआई/जीवन/सीआईआर/पीआरओ/138/6/2023 दिनांक 26 जून 2023 के द्वारा सभी जीवन बीमाकर्ताओं को तत्काल प्रभाव से सरोगेसी अधिनियम, 2021 की धाराओं 2(1)(थ) और एआरटी अधिनियम, 2021 की धारा 22(4)(ii) को ध्यान में रखते हुए उक्त सरोगेसी अधिनियम, 2021 और एआरटी अधिनियम, 2021 का अनुपालन करने एवं यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया है कि उपयुक्त उत्पाद उपलब्ध कराये जाएँ।

III.5.8 बीमा वाहक दिशानिर्देश आईआरडीएआई/जीवन/सीआईआर/जीडीएल/174/10/2023 दिनांक 9 अक्तूबर 2023

III.5.8.1 प्राधिकरण ने संदर्भः आईआरडीएआई/जीवन/सीआईआर/जीडीएल/174/10/2023 के द्वारा आईआरडीएआई (बीमा वाहक) दिशानिर्देश, 2023 दिनांक 9 अक्तूबर 2023 जारी किये हैं। ये दिशानिर्देश बीमा विस्तार, एक व्यापक बीमा उत्पाद जो यथासमय जारी किया जाएगा, के प्रारंभ की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य प्रत्येक गाँव और ग्राम पंचायत में बीमा समावेश और जागरूकता में सुधार लाने के लिए एक नारी-केन्द्रित वितरण माध्यम निर्मित करना, तथा उसके द्वारा तृणमूल स्तर पर बीमा की पहुँच-योग्यता और उपलब्धता में सुधार लाना है। सभी बीमाकर्ता बीमा वाहकों की नियुक्ति करेंगे तथा वे अपने द्वारा नियुक्त बीमा वाहकों के सभी कार्यों और आचरण के लिए उत्तरदायी होंगे। बीमा वाहक हस्तधारित इलेक्ट्रानिक संचार उपकरणों का प्रयोग करते हैं जो सीधे बीमाकर्ताओं के इलेक्ट्रानिक प्लेटफार्मों के साथ समन्वित हैं। परिषदें बीमा वाहकों के लिए लागू परिचालन और आचरण मानकों के सामान्य सेट स्थापित करने के लिए संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगी। प्रत्येक बीमाकर्ता के पास परिषदों के द्वारा संयुक्त रूप से निर्धारित मानकों के अनुसार बीमा वाहकों से संबंधित विषयों के संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति होगी। प्रत्येक राज्य / संघ राज्यक्षेत्र के अग्रणी बीमाकर्ता ग्राम पंचायतों के अधिकतम कवरेज को सुनिश्चित करने के लिए संसाधनों का विनियोजन करेंगे। प्रत्येक बीमाकर्ता सभी बीमा वाहकों के साथ निर्बाध इंटरफेस को समर्थ बनाने के लिए उपयुक्त प्रणालियाँ, प्रक्रियाएँ, आंतरिक नियंत्रण और बुनियादी संरचना लागू करेगा। उपभोक्ता संरक्षण उपायों के भाग के रूप में प्रत्येक बीमाकर्ता प्रत्येक ग्राम पंचायत के एक निकटतम स्थानीय कार्यालय की पहचान करेगा तथा ऐसे कार्यालय में एक शिकायत प्रबंध अधिकारी को प्राधिकृत करेगा।

III.5.9 प्राइवेट कार पालिसी में एक अंतर्निहित कवरेज के रूप में आईएमटी-29 के अंतर्गत कवरेज, प्रीमियम के भुगतान को अधिदेशात्मक करना आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/ मोटर/178/10/2023-24 दिनांक 18 अक्तूबर 2023

III.5.9.1 उक्त परिपत्र एक निजी कार पालिसी में एक अंतर्निहित कवर के रूप में नियोक्ता के वाहन में यात्रा करने वाले और/या नियोक्ता के वाहन को चलानेवाले, बीमाकृत व्यक्ति के कर्मचारियों के प्रति विधिक दायित्व के कवरेज को अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) बनाने के लिए माननीय मद्रास उच्च न्यायालय के निदेश के अनुपालन में जारी किया गया। पूर्व में, यही कववेज अतिरिक्त प्रीमियम के साथ, अखिल भारतीय मोटर प्रशुल्क के आईएमटी 29 के अंतर्गत एक वैकल्पिक कवर के रूप में उपलब्ध था।

उक्त माननीय उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि दुर्घटना की स्थिति में, यदि नियोक्ताओं ने उक्त कवर के लिए विकल्प नहीं दिया हो, तो नियोक्ता के वाहन में यात्रा करने वाले और/या चलाने वाले कर्मचारियों को नियोक्ताओं के द्वारा विधिक उपबंधों के अनुसार क्षतिपूर्ति नहीं की गई थी। इस कवर को अधिदेशात्मक बनाने के द्वारा नियोक्ता की कार में यात्रा करने वाले पीड़ित कर्मचारी बीमा के दावे के रूप में समय पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करेंगे।

III.5.10 साधारण बीमा पालिसियों में विवाचन खंड का संशोधन आईआरडीएआई/ एनएल/ सीआईआर/विविध/ 188/10/2023 दिनांक 27 अक्तूबर 2023

III.5.10.1 आईआरडीएआई ने साधारण बीमा उद्योग में व्यवसाय की विभिन्न व्यवस्थाओं में प्रचलित वर्तमान विवाचन खंड की व्यापक समीक्षा की है। विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श करने के उपरांत तथा विवाचन प्रक्रिया में संबद्ध उच्चतर लागतों और खुदरा पालिसीधारकों के लिए विवाद के समाधान हेतु वैकल्पिक फोरमों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए, आईआरडीएआई ने परिपत्र आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/विविध/188/10/2023 दिनांक 27 अक्तूबर 2023 के द्वारा साधारण बीमा पालिसियों में विवाचर खंड का संशोधन निम्नानुसार किया हैः

क) व्यवसाय की खुदरा व्यवस्थाओं के अंतर्गत जारी की गई सभी पालिसियों में कोई विवाचन खंड नहीं होगा।

ख) व्यवसाय की वाणिज्यिक व्यवस्थाओं के अंतर्गत जारी की गई सभी पालिसियों में विवाचन खंड होगा।

III.5.11 मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 को ध्यान में रखते हुए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) की अधिसूचनाओं का अनुपालन आईआरडीएआई/एनएल/सीआईआर/मोटर/2/1/2024 दिनांक 8 जनवरी 2024

III.5.11.1 मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 मोटर दुर्घटना पीड़ितों को क्षतिपूर्ति के त्वरित भुगतान को समर्थ बनाते हुए परिवर्तन लाया था। इन संशोधनों को ध्यान में रखते हुए, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने मोटर वाहन दुर्घटना निधि के निर्माण और अनुरक्षण, प्रहार कर भागने की घटनाओं के पीड़ितों को क्षतिपूर्ति तथा मोटर वाहन दुर्घटनाओं की जाँच के लिए प्रक्रिया के संबंध में तीन अधिसूचनाएँ जारी की हैं।

बीमा कंपनियों को परामर्शक (अडवाइज़री) जारी किया गया है कि वे एमओआरटीएच की अधिसूचनाओं का अनुपालन करें तथा उपर्युक्त अधिसूचनाओं में निर्धारित प्रक्रियाओं के सुचारु कार्यान्वयन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ करें।

III.5.12 सभी प्रशुल्कों की अधिसूचना का निरस्तीकरण आईआरडीएआई/जन.इंश्योरेंस/ प्रशुल्क/13/207/2024 दिनांक 20 मार्च 2024

आईआरडीएआई ने बाजार खंडों की सभी श्रेणियों को आवश्यकता के अनुरूप बनाये गये बीमा उत्पादों की निर्बाध उपलब्धता को बढ़ावा देने के भाग के रूप में साधारण बीमा उत्पादों की विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित प्रशुल्कों की अधिसूचना को निरस्त किया है। इस विषय में बाक्स मद III.2 में विस्तार से चर्चा की गई है।

III.6 बीमा और पुनर्बीमा व्यवसाय के साथ संबद्ध व्यावसायिक संगठनों का संवर्धन और विनियमन करना

III.6.1 भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए)

भारतीय बीमा सर्वेक्षक और हानि निर्धारक संस्थान (आईआईआईएसएलए) बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64यूएम के अनुसार गठित सर्वेक्षकों और हानि निर्धारकों का एक व्यावसायिक निकाय है। यह संस्थान आईआरडीएआई के द्वारा आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(च) के अधीन प्रवर्तित किया गया था और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के अधीन निगमित किया गया था। आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(च) बीमा और पुनर्बीमा व्यवसाय से संबंधित व्यावसायिक संगठनों का प्रवर्तन और विनियमन करने से संबंधित है।

III.6.2 भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई)

भारतीय बीमा दलाल संघ (आईबीएआई) जुलाई 2001 को कंपनी अधिनियम, 1956 की आईबीएआई धारा 25 के अधीन एक कंपनी के रूप में निगमित किया गया था। आईबीएआई भारत में लाइसेंस प्राप्त बीमा दलालों के लिए व्यावसायिक निकाय का प्रतिनिधित्व करता है। आईआरडीएआई के पास पंजीकृत बीमा दलालों से आवश्यक रूप से अपेक्षित है कि वे आईबीएआई के सदस्य हों।

यह संघ बीमा दलाल सदस्यों के बीच परस्पर सक्रियता को बढ़ावा देता है तथा उनको ज्ञान और कौशल का स्तर बढ़ाने (अपग्रेड करने) में आगे प्रशिक्षण देता है। आईबीएआई उपभोक्ताओं और समुदाय को बीमा के संबंध में समझाने के उद्देश्य से युक्त उद्योग शिक्षा पहलों को समर्थन देता है।

अग्नि, मोटर और इंजीनियरिंग, कर्मकार प्रतिकर तथा बीमा व्यवसाय की अन्य श्रेणियों से संबंधित वर्तमान प्रशुल्कों की अधिसूचना का निरस्तीकरण

साधारण बीमा उद्योग को अधिक लचीलापन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशुल्कों की अधिसूचना का निरस्तीकरण वर्षों से चरणबद्ध रूप में किया जाता रहा है। अधिसूचना के निरस्तीकरण का पहला दौर प्रशुल्क सलाहकार समिति के द्वारा अग्नि, इंजीनियरिंग, मोटर, कर्मकार प्रतिकर बीमा के लिए लागू प्रशुल्कों की अधिसूचना को 1 जनवरी 2007 से प्रभावी रूप में अपने परिपत्र संदर्भः टीएसी/7/06 दिनांक 4 दिसंबर 2006 के द्वारा निरस्त करते हुए संचालित किया गया।

तदुपरांत, आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(i) के अंतर्गत निहित शक्तियों के आधार पर, आईआरडीएआई ने साधारण बीमा (मोटर अन्य पक्ष जोखिमों को छोड़कर) में जोखिमों के कीमत-निर्धारण संबंधी नियंत्रण हटा दिये हैं तथा आगे अधिसूचित किया है कि पूर्व के प्रशुल्कों में सम्मिलित व्यवसाय के वर्गों के लिए लागू सामान्य विनियम, शब्द, शर्तें, खंड, वारंटियाँ, नीति और पृष्ठांकन वाक्यरचना अनुसरण किये जाने के लिए अगले आदेशों तक जारी रहेंगे।

2015 में बीमा अधिनियम, 1938 का संशोधन होने के साथ ही, धारा 64 यूएलए के अंतर्गत 'सांक्रांतिक उपबंध' शामिल किये गये जिन्होंने निर्धारित किया कि जब तक आईआरडीएआई द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना को निरस्त नहीं किया जाता, तब तक प्रशुल्क सलाहकार समिति द्वारा अधिसूचित निबंधन और शर्तें लागू रहेंगी तथा सभी बीमाकर्ताओं पर बाध्यकारी होंगी।

उसके बाद, अधिसूचना संदर्भ सं. एफ. सं. आईआरडीएआई/गैर-जीवन बीमा/5/171/2020 के द्वारा उक्त सामान्य विनियमों, शब्दों, शर्तों, खंडों, वारंटियों, नीति, ऐड-आनों, पृष्ठांकन वाक्यरचना तथा प्रस्ताव फार्म संबंधी अधिसूचना को निरस्त किया गया। अधिसूचना का यह निरसन पूर्व के अखिल भारतीय अग्नि प्रशुल्क, 2001 द्वारा नियंत्रित अग्नि और संबद्ध जोखिम बीमा व्यवसाय के निम्नलिखित जोखिमों के लिए लागू था।

(क) निवास-स्थानः कोई भी बीमाकृत राशि

(ख) कार्यालय, होटल, दुकानें, औद्योगिक/विनिर्माण जोखिम, औद्योगिक/विनिर्माण जोखिमों के कम्पाउण्ड के बाहर स्थित उपयोगी वस्तुएँ, औद्योगिक/विनिर्माण जोखिमों के कम्पाउण्ड के बाहर स्थित भंडारण जोखिम तथा औद्योगिक/विनिर्माण जोखिमों के कम्पाउण्ड के बाहर स्थित टैंक पार्म/गैस होल्डर जहाँ जोखिम का कुल मूल्य किसी एक स्थान पर सभी आस्ति वर्गों में रु. 50 करोड़ से अधिक नहीं है।

अपने सुधारों की कार्यसूची के अंतर्गत आईआरडीएआई ने उत्पादों के अनुमोदन के लिए यूज़ एण्ड फाइल की ओर पूर्णतः अग्रसर होने के द्वारा नवोन्मेषण और ग्राहकों को बीमा उत्पादों के त्वरित वितरण के लिए विनियामक परिवेश को समर्थ बनाया है। इस प्रक्रिया को सरल बनाने, व्यवसाय करने की सुगमता को प्रोत्साहित करने, तथा अनुपालन के भार को कम करने के लिए, जीवन, साधारण और स्वास्थ्य बीमा की श्रेणी के अंतर्गत बीमा उत्पादों के उत्पाद अभिकल्प, रेटिंग, उत्पाद प्रबंध और अन्य संबंधित पहलुओं को नियंत्रित करनेवाली प्रक्रियाओं को आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 के द्वारा आशोधित किया गया है।

एक निरंतर विकासशील अर्थव्यवस्था में, साधारण बीमा उद्योग के लिए यह अनिवार्य है कि साधारण बीमा उत्पादों के अभिकल्पन और कीमत-निर्धारण के तौर पर, उभरती बाजार आवश्यकताओं के प्रति अधिक तेजी से प्रतिक्रिया दर्शाए। साधारण बीमा व्यवसाय के संचालन में कार्यकुशलता को बढ़ावा देने के लिए, बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64यूएलए (1) के अनुसार, आईआरडीएआई ने निम्नलिखित सभी प्रचलित प्रशुल्कों के लिए लागू सामान्य विनियमों, शब्दों, शर्तों, खंडों, वारंटियों, नीति, ऐड-आनों, पृष्ठांकन वाक्यरचना और प्रस्ताव फार्म संबंधी अधिसूचना को **1 अप्रैल 2024 से प्रभावी** रूप में निरस्त किया हैः

क) अग्नि बीमा प्रशुल्क (अखिल भारतीय अग्नि प्रशुल्क, 2001 जो अधिसूचना दिनांक 28 दिसंबर 2020 के द्वारा पहले ही निरस्त किया गया है, को छोड़कर अन्य), अर्थात्

i. अखिल भारतीय अग्नि प्रशुल्क
ii. औद्योगिक समस्त जोखिम प्रशुल्क
iii. परिणामी हानि (अग्नि) प्रशुल्क
iv. पेट्रो-रासायनिक प्रशुल्क
v. खतरनाक वस्तुओं की सूची

ख) मोटर, अर्थात् अखिल भारतीय मोटर प्रशुल्क

ग) इंजीनियरिंग बीमा प्रशुल्क, अर्थात् ;

i. ठेकेदार समस्त जोखिम बीमा
ii. ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी बीमा
iii. मशीनरी खराबी बीमा
iv. इलेक्ट्रानिक उपस्कर बीमा
v. सिविल इंजीनियरिंग समाप्त जोखिम बीमा
vi. उत्थापन समस्त जोखिम/भंडारण व उत्थापन बीमा
vii. लाभ की हानि (एमबी और बीएलओपी) बीमा
viii. बायलर और प्रेशर बरतन बीमा
ix. स्टाकों (आलू) का ह्रास बीमा

घ) विविध, अर्थात् कामगार प्रतिकर बीमा प्रशुल्क

ङ) मरीन, अर्थात् चाय प्रशुल्क

बीमा प्रशुल्कों की अधिसूचना का निरस्तीकरण भारत के बीमा क्षेत्र के विकास में एक उल्लेखनीय मील-पत्थर तथा एक अधिक उदारीकृत बीमा बाजार की दिशा में अंतरण के रूप में चिह्नित है। अधिसूचना के निरसन की ओर इस अग्रसरण का उद्देश्य बाजार की कुशलता को बढ़ाना, नवोन्मेषण का संवर्धन करना, तथा अंततः दोनों बीमाकर्ताओं और उपभोक्ताओं को लाभान्वित करना है। इसके अलावा, यह बीमाकर्ताओं को बाजार गति-विज्ञान के आधार पर आवश्यकता-आधारित उत्पाद एवं ऐड-आनों का नवोन्मेषण और प्रस्ताव करने की स्वतंत्रता देता है। प्रशुल्कों की अधिसूचना और पालिसी वाक्यरचना का निरसन सरलीकृत और ग्राहक-केन्द्रित बीमा उत्पादों एवं बीमाकर्ताओं के लिए परिचालनों की सुगमता के लिए मार्ग प्रशस्त करता है।

बीमा उत्पादों के प्रस्ताव आईआरडीएआई (बीमा उत्पाद) विनियम, 2024 तथा समय-समय पर आईआरडीएआई द्वारा निर्धारित साधारण बीमा व्यवसाय में उत्पादों और प्रक्रियाओं संबंधी मास्टर परिपत्र (दिशानिर्देश) के अधीन होगा।

III.7 अधिनियम के प्रयोजनों के कार्यान्वयन के लिए शुल्क और अन्य प्रभारों की उगाही

III.7.1 वर्ष 2023-24 के दौरान, शुल्क-संरचना में कोई परिवर्तन नहीं हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान वसूल किया गया कुल शुल्क सभी विनियमित संस्थाओं के संबंध में रु.221.7 करोड़ है। विस्तृत शुल्क-संरचना अनुबंध 8 में दी गई है।

III.8 बीमाकर्ताओं, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय से संबद्ध अन्य संगठनों की लेखा-परीक्षा सहित उनसे सूचना माँगना, उनका निरीक्षण करना, उनकी जाँच और अन्वेषण के कार्य का संचालन करना:

III.8.1 बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 33 और आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 14(2)(ज) बीमा कंपनियों, मध्यवर्तियों, बीमा मध्यवर्तियों और बीमा व्यवसाय से संबद्ध अन्य संगठनों की जाँच-पड़ताल सहित उनसे सूचना माँगने तथा उनका आनसाइट निरीक्षण संचालित करने के लिए सांविधिक उपबंध निर्धारित करती हैं।


III.8.2 पर्यवेक्षी निरीक्षण कम से कम एक दो-मुखी अर्थात् परोक्ष (आफ़-साइट) जाँच और स्थान पर (आन-साइट) निरीक्षण को संबद्ध करता है।

(क) **परोक्ष (आफ़-साइट) जाँच:** परोक्ष (आफ़-साइट) जाँच का प्राथमिक उद्देश्य उन संस्थाओं की पहचान करने के लिए जो वित्तीय गिरावट दर्शाती हैं और जो पर्यवेक्षी चिंताओं का कारण होंगी, विनियमित संस्थाओं की वित्तीय स्थिति और बाजार व्यवहार की निगरानी करना है। यह समय पर उपचारात्मक कार्रवाई के लिए एक प्रेरक (ट्रिगर) के रूप में कार्य करता है। परोक्ष जाँच का संचालन आईआरडीएआई द्वारा समय-समय पर जारी किये गये विनियमों/निदेशों के अंतर्गत अधिदेशात्मक किये गये (मैंडेटेड) आवधिक विवरणों, विवरणियों, रिपोर्टों, नीतियों और अनुपालन प्रमाणपत्रों का विश्लेषण करने के द्वारा किया जाता है।

(ख) **स्थान पर (आन-साइट) निरीक्षण:** आईआरडीएआई संबंधित अधिनियमों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों/परिपत्रों, निदेशों, मानकों आदि के प्रावधानों के पालन/अनुपालन के संबंध में विनियमित संस्थाओं के आन-साइट निरीक्षण करता है। विनियमित संस्थाओं के स्थान पर उनकी वित्तीय स्थिति, बाजार व्यवहार, कारपोरेट अभिशासन, जोखिम प्रबंध और संबंधित विषयों के संबंध में विभिन्न विनियामक उपबंधों और अन्य प्रयोज्य विधियों के अनुपालन का निर्धारण करने के लिए नमूना आधार पर संबंधित अभिलेखों, लेखा-बहियों और व्यावसायिक कार्यकलापों की जाँच के द्वारा उनकी कार्य-पद्धति के आकलन के लिए सामान्य और संकेन्द्रित निरीक्षण किये जाते हैं।

III.8.3 संकेन्द्रित निरीक्षण: वर्ष 2023-24 के दौरान, आईआरडीएआई द्वारा कुल 18 आन-साइट निरीक्षण किये गये। इनमें से बीमा मध्यवर्ती (कारपोरेट एजेंट) का एक सामान्य निरीक्षण और 17 संकेन्द्रित निरीक्षण संचालित किये गये। संकेन्द्रित निरीक्षणों का विवरण नीचे दिये गया है:

आईआरडीएआई द्वारा संकेन्द्रित निरीक्षण



III.8.4 आरबीएस ढाँचे की ओर अग्रसरण: आईआरडीएआई भारत में बीमा क्षेत्र के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) ढाँचे को विकसित करने और कार्यान्वित करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इस गतिविधि के भाग के रूप में, आईआरडीएआई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान दो प्रायोगिक निरीक्षण संचालित किये हैं तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुछ और प्रायोगिक निरीक्षण करने का प्रस्ताव कर रहा है।

III.8.5 प्रवर्तन की प्रक्रिया निरीक्षण रिपोर्टों और निरीक्षित संस्थाओं से प्राप्त प्रत्युत्तरों के संपूर्ण विश्लेषण को संबद्ध करती है। यह विश्लेषण साक्ष्य के रूप में समर्थक प्रलेखों और उपलब्ध कराये गये प्रस्तुतीकरणों पर विचार करता है।

उपर्युक्त की समीक्षा के आधार पर, विनियामक कार्रवाई का एक प्रस्तावित प्रक्रिया का निर्धारण किया जाता है। कार्रवाई की इस प्रक्रिया का अनुमोदन तब सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाता है जो निर्णय करता है कि क्या:

- निरीक्षित संस्था पर आरोप लगाया जाए या
- निरीक्षित संस्था को परामर्श दिया जाए या
- टिप्पणी को समाप्त किया जाए

यदि निरीक्षित संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी करने के द्वारा विनियामक उल्लंघनों का आरोप लगाया जाता है, तो उन्हें अपनी बात को प्रस्तुत करने के लिए आगे और प्रस्तुतीकरण करने के अतिरिक्त, वैयक्तिक सुनवाई के लिए एक अवसर प्रदान किया जाता है।

सक्षम प्राधिकारी अंतिम विनियामक कार्रवाइयों के संबंध में तब निर्णय करता है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं :

- परामर्श / चेतावनियाँ जारी करना,
- यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 34 के अंतर्गत निदेशों को छोड़कर अन्य सामान्य निदेश देना
- यथासंशोधित बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 34 के अधीन निदेश जारी करना और/या चेतावनियाँ देना अथवा अर्थदंड लगाना

उन मामलों में जहाँ उल्लंघन गंभीर माने जाते हैं, जो संभावित रूप से पंजीकरण या लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं, एक कठोर उपयुक्त प्रक्रिया का अनुसरण किया जाता है।

पर्यवेक्षण प्रक्रियाओं के अतिरिक्त, अधिनियम, बीमा अधिनियम, 1938 के विनिर्दिष्ट उल्लंघनों के लिए न्यायनिर्णयन प्रक्रिया को भी अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) बनाता है। इस न्यायनिर्णयन का संचालन अनिवार्यतः कम से कम महाप्रबंधक से अन्यून रैंक के एक अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए, जो अर्थदंड की उपयुक्त मात्रा का निर्धारण और सिफारिश करने में मुख्य कारकों पर विचार करता है।

प्राधिकरण द्वारा लिये गये सभी निर्णयों पर बीमा अधिनियम, 1938 की धारा-110 के अधीन प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) के समक्ष अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

III.8.6 वर्ष 2023-24 के दौरान, प्रवर्तन और अनुपालन विभाग द्वारा समाप्त किये गये आन-साइट और दूरस्थ निरीक्षण की रिपोर्टों की संख्या 83 है। उक्त निरीक्षण रिपोर्टों पर कुल 856 विनियामक कार्रवाई कि गई। ब्योरा निम्नलिखित सारणी में है:

सारणी III.1: 2023–24 के दौरान संपन्न आन–साइट और दूरस्थ निरीक्षण रिपोर्टें

क्र.सं.	आरई का प्रकार	संस्थाओं की संख्या
1	दलाल	16
2	कारपोरेट एजेंट	8
3	विदेशी पुनर्बीमा शाखा	6
4	बीमा विपणन फर्म	13
5	सर्वेक्षक और हानि निर्धारक	7
6	अन्य पक्ष प्रबंधक (टीपीए)	4
7	जीवन बीमाकर्ता	6
8	गैर–जीवन बीमाकर्ता, स्वास्थ्य सहित	22
9	पुनर्बीमाकर्ता	1
	कुल	**83**

सारणी III.2: विनियामक कार्रवाइयों का विवरण

क्र.सं.	विनियामक कार्रवाई का स्वरूप	टिप्पणियों की संख्या
1	परामर्शी	577
2	निदेश	16
3	सतर्कता	260
4	चेतावनी	0
5	अर्थदंड	3
	कुल	**856**

पर्यवेक्षण और प्रवर्तन के लिए तकनीकी समर्थकारिता

विनियामक कार्य भंडार (रिपोजिटरी) प्रणाली (आरएआरएस) पर्यवेक्षण प्रक्रिया की कुशलता को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित आईआरडीएआई की एक नई पर्यवेक्षण–तकनीकी पहल है। मुख्य रूप से यह एक उक्त केन्द्रीकृत डिजिटल प्लेटफार्म है जो प्राधिकरण द्वारा किये गये सभी विनियामक कार्यों, जैसे आदेशों, अर्थदंडों, चेतावनियों, निदेशों, परामर्शों, सतर्कताओँ और समापनों का समेकन करता है।

इस पहल का लक्ष्य विभिन्न संस्थाओं के विरुद्ध की गई विनियामक कार्रवाइयों संबंधी ऐतिहासिक सूचना की अभिगम्यता को बढ़ाना और विभिन्न श्रेणियों की संस्थाओं के संबंध में की गई कार्रवाइयों के बीच सुसंगतता को प्राप्त करना है। जबकि विभेदनरहितता प्राप्त करना प्रस्तावित है, सक्षम प्राधिकारी द्वारा विनियामक कार्रवाइयों का निर्णय करने में उल्लंघन की गंभीरता, परिस्थितियों और आनुपातिकता के संबंध में पर्याप्त विचार किया जा सकता है।

इस प्रकार, एक केन्द्रीकृत डेटा रिपोजिटरी के रूप में, आरएआरएस ऐतिहासिक कार्रवाइयों तक पहुँच को सरल और कारगर बनाने का प्रस्ताव करती है तथा विनियमित संस्थाओं के द्वारा उल्लंघनों का समाधान शीघ्रतापूर्वक और निर्शचात्मक तौर पर करने के लिए प्राधिकारी को सशक्त बनाती है।

यह प्रणाली विभिन्न विभागों को अपने संबंधित विभागों के अंदर विनियामक फोकस वाले क्षेत्रों की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने के लिए सामयिक अंतर्दृष्टियाँ और प्रासंगिक सूचना उपलब्ध कराएगी।

आरएआरएस विभिन्न मानदंडों के आधार पर विशिष्ट विनियामक कार्रवाइयों को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रयोक्ताओं को अनुमति देते हुए, संगत सूचना तक पहुँचने में कुशलता की वृद्धि करते हुए एवं प्राधिकरण में प्रामाणिक निर्णयन प्रक्रिया का समर्थन करते हुए सुदृढ़ खोज कार्यात्मकताओं की सुविधा देने का प्रस्ताव करती है।

इसके अतिरिक्त, आरएआरएस रिपोर्टों के निर्माण को स्वचालित करने, अयांत्रिक प्रक्रियाओं का विलोपन करने, प्रशासनिक भार घटाने, तथा तत्परतापूर्वक और प्रभावी ढंग से विनियामक मामलों का समाधान करने में प्राधिकरण की समग्र अनुक्रियाशीलता का संवर्धन करने के द्वारा परिचालनगत कार्यकुशलता में अंशदान करने का प्रस्ताव करती है।

आरएआरएस सामान्य उल्लंघनों, उभरती हुई प्रवृत्तियों और स्वरूपों की पहचान को समर्थ बनाते हुए, उल्लंघनों के एक विस्तृत विश्लेषण को सुसाध्य बनाने का प्रस्ताव करती है, जो उन विनियामक अंतरालों का ठीक–ठीक पता लगाने में सहायता करता है जिनके प्रति ध्यान देने की आवश्यकता है, तथा उपयुक्त उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है।

आरएआरएस की स्थापना विनियामक परिचालनों का आधुनिकीकरण करने, पारदर्शिता में वृद्धि करने, तथा विनियामक निगरानी को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम को प्रतिबिंबित करती है तथा प्राधिकरण के अंदर विभिन्न विभागों में सहयोग को प्रोत्साहित करती है।

III.9 बीमा अधिनियम, 1938 (1938 का 4) की धारा 64यू के अधीन प्रशुल्क सलाहकार समिति के द्वारा इतना नियंत्रित और विनियमित नहीं किये जानेवाले साधारण बीमा व्यवसाय के संबंध में बीमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तावित की जानेवाली दरों, लाभों, निबंधनों और शर्तों का नियंत्रण और विनियमन

III.9.1 जहाँ तक कीमत-निर्धारण का संबंध है, मोटर अन्य पक्ष व्यवसाय को छोड़कर प्रशुल्क से युक्त साधारण बीमा व्यवसाय के सभी वर्गों को 1 जनवरी 2007 से प्रशुल्क-रहित (डी-टैरिफ) कर दिया गया था। चूँकि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के उपबंधों के अंतर्गत मोटर अन्य पक्ष बीमा कवर सांविधिक है, अतः मोटर अन्य पक्ष प्रीमियम दरों को इसके पूर्व प्रत्येक वर्ष आईआरडीएआई द्वारा अधिसूचित किया गया था। वर्तमान में मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 की धारा 51 के द्वारा यथासंशोधित मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 147 की उप-धारा (2) के उपबंधों के अंतर्गत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के लिए अन्य पक्ष प्रीमियम के संबंध में बीमाकर्ता के आधार प्रीमियम और देयता को आईआरडीएआई के साथ परामर्श करने के बाद निर्धारित करना अधिदेशात्मक (मैंडेटरी) किया गया है।

III.9.2 तदनुसार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राजपत्र अधिसूचना संख्या जी.एस.आर. 32 (ई) दिनांक 5 जनवरी 2024 के द्वारा मोटर वाहन (अन्य पक्ष बीमा आधार प्रीमियम और देयता) नियम, 2024 अधिसूचित किये हैं। इसके अलावा, बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 64 यूएलए की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआरडीएआई ने निम्नलिखित सभी प्रचलित प्रशुल्कों से संबंधित अधिसूचना को निरस्त (डी-नोटिफाई) कर दिया है:

क. अग्नि बीमा प्रशुल्क (अखिल भारतीय अग्नि प्रशुल्क, 2001 जिसे अधिसूचना दिनांक 28 दिसंबर 2020 द्वारा प्रशुल्क-रहित (डी-टैरिफ) किया गया था, को छोड़कर अन्य), अर्थात

i. अखिल भारतीय अग्नि प्रशुल्क
ii. औद्योगिक सभी जोखिम प्रशुल्क
iii. परिणामी हानि (अग्नि) प्रशुल्क
iv. पेट्रो-रासायनिक प्रशुल्क
v. खतरनाक वस्तुओं की सूची

ख. मोटर, अर्थात् अखिल भारतीय मोटर प्रशुल्क

ग. इंजीनियरिंग बीमा प्रशुल्क, अर्थात् ;
i. ठेकेदार सभी जोखिम बीमा
ii. ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी बीमा
iii. मशीनरी खराबी बीमा
vi. इलेक्ट्रानिक उपस्कर बीमा
v. सिविल इंजीनियरिंग पूर्ण जोखिम बीमा
vi. उत्थापन सभी जोखिम/भंडारण व उत्थापन बीमा
vii. लाभ की हानि (एमबी और बीएलओपी) बीमा
viii. बायलर और दबाव वाले बर्तन बीमा
ix. स्टाकों का ह्रास (आलू) बीमा

घ. विविध, अर्थात् कर्मकार प्रतिकर बीमा प्रशुल्क

ङ. मरीन, अर्थात् चाय प्रशुल्क

III.10 उस रूप और तरीके को विनिर्दिष्ट करना जिसमें बीमाकर्ताओं को अन्य बीमा मध्यवर्तियों द्वारा लेखा-बहियाँ रखी जाएँगी तथा लेखा-विवरण प्रस्तुत किये जाएँगे

III.10.1 बीमाकर्ताओं के वित्तीय विवरण समय-समय पर यथासंशोधित आईआरडीए (बीमा कंपनियों के वित्तीय विवरण और लेखा-परीक्षक की रिपोर्ट तैयार करना) विनियम, 2002 और समय-समय पर जारी किये गये विभिन्न परिपत्रों और दिशानिर्देशों के द्वारा भी निर्धारित रूप और तरीके से तैयार किये जाते हैं। लेखा-बहियाँ इन विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित रूप में विभिन्न व्यवस्थाओं से संबंधित मदें प्रस्तुत करने के लिए रखी जाती हैं।

III.10.2 मध्यवर्तियों के मामले में अपेक्षित है कि लेखा-बहियों और वित्तीय विवरणों का रखरखाव संबंधित विनियमों/परिपत्रों/दिशानिर्देशों के अंतर्गत निर्धारित रूप में और तरीके से किया जाएगा।

III.10.3 जहाँ कहीं भी प्राधिकरण ने वह रूप और तरीका निर्धारित नहीं किया है जिसमें लेखा-बहियों का अनुरक्षण किया जाना चाहिए, वहाँ कंपनी अधिनियम/नियमों और अन्य प्रयोज्य अधिनियमों/नियमों के उपबंध लागू होंगे।

III.11 बीमा कंपनियों द्वारा निधियों के निवेश का विनियमन

बीमाकर्ता के निवेशों को मास्टर परिपत्र और समय-समय पर यथासंशोधित दिशानिर्देशों के साथ पठित आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 विनियमित करते हैं।

III.11.1 राष्ट्रीय बुनियादी संरचना वित्तपोषण और विकास बैंक में निवेश परिपत्र सं. आईआरडीएआई/एफएण्डआई/सीआईआर/आईएनवी/121/6/2023 दिनांक 5 जून 2023

राष्ट्रीय बुनियादी संरचना वित्तपोषण और विकास बैंक की स्थापना राष्ट्रीय बुनियादी संरचना वित्तपोषण और विकास बैंक (एनएबीएफआईडी) अधिनियम, 2021 के अधीन बुनियादी संरचना के वित्तपोषण के लिए आवश्यक बांडों और व्युत्पन्नियों के विकास सहित भारत में दीर्घकालिक अनाश्रयी बुनियादी संरचना वित्तपोषण के विकास को समर्थन देने के लिए तथा बुनियादी संरचना और उसके साथ संबद्ध अथवा उसके साथ प्रासंगिक विषयों के लिए व्यवसाय के संचालन हेतु की गई है।

चूँकि एनएबीएफआईडी की स्थापना दीर्घकालिक बुनियादी संरचना के वित्तपोषण को समर्थन देने के लिए विकास वित्तीय संस्था के रूप में की गई है, अतः इस संस्था में बीमकर्ताओं के निवेशों के लिए एक्सपोज़र सीमा सरकारी सीमित बुनियादी संरचना निवेशिती कंपनी के लिए निर्धारित सीमाओं के अनुरूप सुयोजित की गई है।

III.11.2 परिपत्र सं. आईआरडीएआई/एफएण्डआई/सीआईआर/आईएनवी/139/06/2023 दिनांक 28 जून 2023 के अनुसार वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) में निवेशों की निगरानी

प्राधिकरण ने बीमाकर्ताओं को तिमाही आधार पर एआईएफएस के एनएवी को घोषित करने के लिए सूचित किया है तथा एआईएफएस में निवेशों का विस्तारण (रोल ओवल) बोर्ड/निवेश समिति द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। एआईएफएस में निवेशों के लिए तिमाही विवरणी तिमाही की समाप्ति से 15 दिन के अंदर प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

III.11.3 एचडीएफसी लि. में निवेशों के लिए छूट परिपत्र सं. आईआरडीएआई/एफएण्डआई/ सीआईआर/आईएनवी/155/8/2023 दिनांक 4 अगस्त 2023 के अनुसार जारी किया गया।

एचडीएफसी लि. का विलयन एचडीएफसी बैंक लि. के साथ होने की दृष्टि से उक्त विलयन की घोषणा की तारीख अर्थात् 4 अप्रैल 2022 को आवास और बुनियादी संरचना श्रेणी के अंतर्गत एचडीएफसी लि. में बीमाकर्ताओं द्वारा धारित बांडों/डिबंचरों को एचडीएफसी लि. के संबंधित बांडों की परिपक्वता तक उपर्युक्त श्रेणी में निवेशों के रूप में माना जाएगा।

III.12 शोधन-क्षमता के अनुरक्षण का विनियमन

III.12.1 प्रत्येक बीमाकर्ता और पुनर्बीमाकर्ता हर समय शोधन-क्षमता के नियंत्रण स्तर से अधिक शोधन-क्षमता मार्जिन का अनुरक्षण करेगा, जो वर्तमान में अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन का 150 प्रतिशत है, अर्थात् यह सुनिश्चित किया जाए कि उपलब्ध शोधन-क्षमता मार्जिन हर समय अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन का कम से कम 150 प्रतिशत हो। अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 6 के अंतर्गत बताये गये रूप में न्यूनतम पूँजी की राशि के पचास प्रतिशत से कम नहीं होगा, जबकि उपलब्ध शोधन-क्षमता मार्जिन देयताओं

की राशि पर आस्तियों के मूल्य का आधिक्य है। आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 उपलब्ध और अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन की संगणना की पद्धति का विस्तृत रूप में वर्णन करते हैं।

प्रत्येक जीवन बीमाकर्ता अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन, उपलब्ध शोधन-क्षमता मार्जिन और शोधन-क्षमता अनुपात का निर्धारण आईआरडीएआई (बीमाकर्ताओं के बीमांकिक, वित्त और निवेश कार्य) विनियम, 2024 के उपबंधों के अनुसार करेगा। अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन की संगणना दो-कारकों पर आधारित एक माडल है, जहाँ उक्त कारकों को समायोजित गणितीय आरक्षित निधियों और जोखिम पर राशि पर लागू किया जाएगा। उक्त कारक जीवन बीमा व्यवसाय के विभिन्न खंडों के लिए भिन्न-भिन्न हैं।

III.12.2 साधारण बीमाकर्ताओं, पुनर्बीमाकर्ताओं और विदेशी पुनर्बीमाकर्ताओं के मामले में, अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन व्यवसाय की प्रत्येक व्यवस्था के लिए अलग-अलग संगणित रूप में आरएसएम-1 और आरएसएम-2 में से उच्चतर होगा।

- आरएसएम-1 से अभिप्रेत है, निवल प्रीमियमों पर आधारित अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन, तथा यह उस राशि के बीस प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जाएगा जो कारक ए और निवल प्रीमियमों द्वारा गुणा किये गये सकल प्रीमियमों का उच्चतर है। आरएसएम-1 के परिकलन के प्रयोजन के लिए 'पिछले 12 महीनों के प्रीमियम' को हिसाब में लिया जाएगा।

- आरएसएम-2 से अभिप्रेत है, निवल उपगत दावों पर आधारित अपेक्षित शोधन-क्षमता मार्जिन, तथा यह उस राशि के तीस प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जाएगा जो कारक बी और निवल उपगत दावों के द्वारा गुणा किये गये सकल उपगत दावों का उच्चतर है। आरएसएम-2 के परिकलन के लिए 'पिछले 12 महीनों के दावों' और '3 से विभाजित पिछले 36 महीनों के दावों' के अधिकतम के रूप में दावों को हिसाब में लिया जाएगा।

III.13 बीमाकर्ताओं और मध्यवर्तियों अथवा बीमा मध्यवर्तियों के बीच विवादों का न्यायनिर्णयन

आईआरडीएआई (बीमा दलाल) विनियम, 2018 के विनियम 59(2) के अनुसार, किसी बीमा दलाल और बीमाकर्ता अथवा किसी अन्य व्यक्ति के बीच बीमा दलाल के रूप में उसकी नियुक्ति के दौरान अथवा अन्य प्रकार से उत्पन्न होने वाला कोई भी विवाद इस प्रकार प्रभाविक व्यक्ति के द्वारा प्राधिकरण को संदर्भित किया जा सकता है। ऐसी शिकायत अथवा अभ्यावेदन के प्राप्त होने पर प्राधिकरण उस शिकायत की जाँच कर सकता है एवं यदि आवश्यक समझा जाता है तो इन विनियमों के अनुसार जाँच, निरीक्षण अथवा अन्वेषण संचालित कर सकता है।

III.14. ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र में बीमाकर्ताओं द्वारा किये जानेवाले जीवन बीमा व्यवसाय के प्रतिशत को विनिर्दिष्ट करना

III.14.1 आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015, 24 अगस्त 2015 को अधिसूचित किये गये हैं तथा ये आईआरडीए (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2002 का अधिक्रमण करते हैं। इन विनियमों में उल्लिखित दायित्व वित्तीय वर्ष 2016-17 से लागू हैं। विनियामक प्रावधानों के अनुसार, बीमाकर्ताओं को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निर्धारित ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्र के दायित्वों को पूरा करना चाहिए। इसके अलावा, आईआरडीएआई (ग्रामीण और सामाजिक क्षेत्रों के प्रति बीमाकर्ताओं के दायित्व) विनियम, 2015 का संशोधन किया गया है तथा इन्हें आईआरडीएआई (ग्रामीण, सामाजिक और मोटर अन्य पक्ष दायित्व) विनियम, 2024 के रूप में समेकित किया गया है जो 1 अप्रैल 2024 से प्रवृत्त होंगे।

भाग – IV
संगठनात्मक विषय

संगठनात्मक विषय

IV.1. संगठन

IV.1.1. आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 की धारा 4 के अनुसार, प्राधिकरण की संरचना एक अध्यक्ष, पाँच तक पूर्णकालिक सदस्यों, तथा अधिकतम चार अंशकालिक सदस्यों के साथ बनती है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, आईआरडीएआई में एक अध्यक्ष, चार पूर्णकालिक सदस्य, तथा दो अंशकालिक सदस्य हैं। विस्तृत सूचना नीचे दी गई है:

अध्यक्ष:

श्री देबाशीष पण्डा, आईएएस (यूपी:87) (सेवानिवृत्त), भूतपूर्व सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग को भारत सरकार द्वारा प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में 14 मार्च 2022 से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त किया गया।

पूर्णकालिक सदस्य:

श्री थामस एम. देवासिया, जिन्हें 19 सितंबर 2022 से पूर्णकालिक सदस्य (गैर-जीवन) के रूप में नियुक्त किया गया था, वर्ष 2023-24 के दौरान जारी रहे। उनका कार्यकाल 11 जुलाई 2024 को समाप्त हुआ।

श्री पी. के. अरोड़ा, पूर्णकालिक सदस्य (बीमांकक) प्राधिकरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान बने रहे। भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 8 जनवरी 2024 के अनुसार श्री पी. के. अरोड़ा का कार्यकाल 4 जनवरी 2024 से दो वर्ष के लिए बढ़ाया गया।

श्री बी.सी. पटनायक को 1 मई 2023 से पूर्णकालिक सदस्य (जीवन) को रूप में नियुक्त किया गया।

श्री राजय कुमार सिन्हा को पूर्णकालिक सदस्य (वित्त और निवेश) के रूप में 24 जनवरी 2024 से नियुक्त किया गया।

श्री राकेश जोशी, पूर्णकालिक सदस्य (वित्त और निवेश) और श्रीमती एस. एन. राजेश्वरी, पूर्णकालिक सदस्य (वितरण) क्रमशः 1 दिसंबर 2023 और 3 मार्च 2024 तक पद पर बने रहे।

श्री सत्यजीत त्रिपाठी को पूर्णकालिक सदस्य (वितरण) के रूप में 24 मई 2024 से नियुक्त किया गया।

श्री दीपक सूद को पूर्णकालिक सदस्य (गैर-जीवन) के रूप में 12 अगस्त 2024 से नियुक्त किया गया।

अंशकालिक सदस्य:

श्री सुचिन्द्र मिश्र, अपर सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में 4 जुलाई 2022 से नियुक्त किया गया था और वे 27 जून 2023 तक उक्त पद पर बने रहे।

डॉ. मारुति प्रसाद तंगिराला, अपर सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य के रूप में 28 जून 2023 से नियुक्त किया गया।

सीए अनिकेत सुनील तलाटी, अध्यक्ष, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान, 12 फरवरी 2023 से प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य बने तथा 11 फरवरी 2024 तक बने रहे। तदुपरांत, सीए रंजीत कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान 12 फरवरी 2024 से प्राधिकरण के अंशकालिक सदस्य बने।

सारणी IV.1: 31 मार्च 2024 को प्राधिकरण की संरचना

क्र.सं.	अध्यक्ष आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 4(क) के अधीन नियुक्त
1.	श्री देबाशीष पण्डा

क्र.सं.	पूर्णकालिक सदस्य आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 4(ख) के अधीन नियुक्त	
1.	श्री पी.के. अरोड़ा	सदस्य (बीमांकक)
2.	श्री थामस देवासिया	सदस्य (गैर-जीवन)
3.	श्री बी. सी. पटनायक	सदस्य (जीवन)
4.	श्री राजय कुमार सिन्हा	सदस्य (वित्त और निवेश)

क्र.सं.	अंशकालिक सदस्य आईआरडीए अधिनियम, 1999 की धारा 4(ग) के अधीन नियुक्त	
1.	डॉ. मारुति प्रसाद तंगिराला	अपर सचिव, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय
2.	सीए रंजीत कुमार अग्रवाल	अध्यक्ष, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान

IV.1.2 प्राधिकरण की बैठकें

IV.1.2 वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, प्राधिकरण की बैठकें सारणी IV.2 में उल्लिखित रूप में चार अवसरों पर आयोजित की गईं।

सारणी IV.2: प्राधिकरण की बैठकों का विवरण

प्राधिकरण की बैठक	दिनांक
प्राधिकरण की 122वीं बैठक	2 जून 2023
प्राधिकरण की 123वीं बैठक	18 अगस्त 2023
प्राधिकरण की 124वीं बैठक	28 दिसंबर 2023
प्राधिकरण की 125वीं बैठक	19 मार्च 2024

IV.3 2023-24 के दौरान आयोजित और प्राधिकरण के प्रत्येक सदस्य द्वारा उपस्थित बैठकों का विवरण

नाम	आयोजित बैठकों की संख्या	उपस्थित बैठकों की संख्या
अध्यक्ष		
श्री देबाशीष पण्डा	4	4
पूर्णकालिक सदस्य		
श्री पी.के. अरोड़ा	4	4
श्रीमती एस.एन. राजेश्वरी	3	2
श्री राकेश जोशी	2	2
श्री थामस देवासिया	4	4
श्री बी. सी. पटनायक	3	3
श्री राजय कुमार सिन्हा	1	1
अंशकालिक सदस्य		
श्री सुचिन्द्र मिश्र	1	1
डॉ. मारुति प्रसाद तंगिराला	3	3
सीए अनिकेत सुनील तलाटी	3	3
सीए रंजीत कुमार अग्रवाल	1	1

टिप्पणी:

1. डॉ. मारुति प्रसाद तंगिराला को श्री सुचीन्द्र मिश्र के स्थान पर अंशकालिक सदस्य के रूप में 28 जून 2023 को नियुक्त किया गया।

2. सीए रंजीत कुमार अग्रवाल को सीए अनिकेत सुनील तलाटी के स्थान पर अंशकालिक सदस्य के रूप में 12 फरवरी 2024 को नियुक्त किया गया।

IV.2 मानव संसाधन

IV.2.1 मानव संसाधन प्रबंध का कार्य सामान्य प्रशासन की एक अत्यावश्यक गतिविधि है तथा आईआरडीएआई का सामान्य प्रशासन और मानव संसाधन (जीएएण्डएचआर) विभाग प्राधिकरण में उसकी विविधीकृत आवश्यकताएँ पूरी करने हेतु एक कुशल और अभिप्रेरित कार्यबल का निर्माण करने और उसे बनाये रखने के लिए एक समर्थक और सहायक की भूमिका का निर्वाह करता है। मुख्य उद्देश्य कार्य-संतोष का मापन करने, कर्मचारियों का विनियोजन करने तथा कार्यस्थल की संस्कृति का संवर्धन करने के द्वारा नियोक्ता-कर्मचारी संबंध को मजबूत करना है।

इस विभाग की परिदृष्टि उन कार्यक्रमों और प्रक्रियाओं का विकास करना, कार्यान्वयन करना और उनका समर्थन करना है जो प्राधिकरण और इसके कर्मचारियों का मूल्य-संवर्धन करते हैं जिससे बेहतर कर्मचारी कल्याण, सशक्तीकरण और प्रतिधारण के लिए मार्ग प्रशस्त होता है।

वर्ष के दौरान, प्रवेश के स्तर अर्थात् सहायक प्रबंधकों के स्तर पर भर्ती की प्रक्रिया संचालित की गई तथा 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार नये भर्ती किये गये 41 सहायक प्रबंधकों ने आईआरडीएआई में कार्यग्रहण किया है।

स्टाफ संख्या

IV.2.2 स्टाफ संख्या और अतिरिक्त श्रमशक्ति की आवश्यकता की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। प्राधिकरण एक अधिकारी-अभिमुख संगठन है। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार स्वीकृत और वास्तविक स्टाफ संख्या की स्थिति सारणी IV.4 में दी गई है।

सारणी IV.4: आईआरडीएआई में स्वीकृत और वास्तविक स्टाफ संख्या

वर्ग	31 मार्च 2023 को		31 मार्च 2024 को	
	स्वीकृत	वास्तविक	स्वीकृत	वास्तविक
I	336	201	374	229

IV.2.3 श्रेणी-वार स्टाफ संख्या

स्टाफ-सदस्यों का श्रेणी-वार वितरण सारणी IV.5 में दिया गया है।

सारणी IV.5: आईआरडीएआई में श्रेणी-वार स्टाफ संख्या

श्रेणी	वर्ग31 मार्च 2023 को स्थिति				31 मार्च 2024 को स्थिति			
	अजा	अजजा	अन्य	कुल	अजा	अजजा	अन्य	कुल
I	24 (11.94)	8 (3.98)	169 (84.08)	201 (100.00)	28 (12.23)	10 (4.37)	191 (83.41)	229 (100.00)

टिप्पणी: कोष्ठक में आंकड़े कुल संख्या में से प्रतिशत दर्शाते हैं।

कर्मचारियों की लिंग और आयु रूपरेखा

IV.2.4 229 कर्मचारियों में से 52 महिलाएँ हैं जो कुल कर्मचारियों का 22.71 प्रतिशत हैं। आईआरडीएआई एक युवा और गतिशील संगठन है जिसके कर्मचारियों की औसत आयु लगभग 41 वर्ष है। वर्ष 2023-24 में स्टाफ सदस्यों का आयु-वार वितरण सारणी IV.6 में दिया गया है।

सारणी IV.6: आईआरडीएआई में स्टाफ का आयु-वार वितरण

आयु (वर्ष)	स्टाफ संख्या	प्रतिशत
₹ 30	38	16.59
31 - 40	66	28.82
41 - 50	76	33.19
51 - 60	49	21.40
कुल	**229**	**100**


ग्रेड-वार स्टाफ संख्या

IV.2.5 स्टाफ सदस्यों का ग्रेड-वार वितरण सारणी IV.7 में दिया गया है।

सारणी IV.7: आईआरडीएआई में ग्रेड-वार स्टाफ संख्या

ग्रेड	2022-23	2023-24
कार्यकारी निदेशक (ईडी)	4	3
मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम)	10	10
महाप्रबंधक (जीएम)	26	23
उप महाप्रबंधक (डीजीएम)	45	44
सहायक महाप्रबंधक (एजीएम)	29	27
प्रबंधक (एमजीआर)	71	66
सहायक प्रबंधक (एएम)	16	56
कुल	**201**	**229**

चार्ट IV.1: आईआरडीएआई में ग्रेड-वार स्टाफ संख्या



प्रशिक्षण और विकास

IV.2.6 प्रशिक्षण और विकास कर्मचारियों के वैयक्तिक और व्यावसायिक कौशल, ज्ञान और क्षमताओं को विकसित करने के लिए उनकी सहायता करने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ज्ञान के आधार को बढ़ाने और व्यापक करने के लिए कर्मचारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामित किया गया है। स्टाफ सदस्यों के ज्ञान, कौशल और कार्यक्षमताओं में वृद्धि करने के लिए वर्ष के दौरान अनेक प्रशिक्षण पहलें भी की गई थीं।

घरेलू प्रशिक्षण एवं प्रवेश प्रशिक्षण:-

IV.2.7 नये भर्ती किये गये सहायक प्रबंधकों के लिए बीमा जोखिम प्रबंध संस्थान (आईआईआरएम) और इंडियन स्कूल आफ़ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद के सहयोग से 4 महीने की अवधि के लिए प्रवेश प्रशिक्षण दिया गया। इन अधिकारियों को कक्षा में प्रशिक्षण और साथ ही, प्रशिक्षण अवधि के अंत में प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न परियोजनाएँ / अनुसंधान कार्य दिये गये। उक्त अधिकारियों के द्वारा प्रस्तुत की गई परियोजना रिपोर्टों की काफी सराहना की गई।

इन अधिकारियों को स्थान पर (आनसाइट) प्रशिक्षण का भी अवसर दिया गया जिसमें उन्होंने विभिन्न स्तरों पर किये जानेवाले कार्यकलापों का बोध प्राप्त करने के लिए बीमा कंपनियों का संदर्शन किया।

ज्ञान मंच आईआरडीएआई का जानकारी को साझा करने का एक प्लेटफार्म

IV.2.8 नये, पुनर्नवीकृत अध्ययन फोरम का नाम बदलकर नया नाम 'ज्ञान मंच' रखा गया।

उक्त ज्ञान मंच में प्रस्तुतीकरण के लिए चयनित विषय, बीमा और प्रौद्योगिकी के साथ संबंध रखते हुए, समग्र अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र से संबंधित हैं। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व, वैश्विक प्रवृत्तियों और गतिविधियों, बीमा को प्रभावित करनेवाले नवोन्मेषणों और उभरते जोखिमों के सामयिक विषय शामिल हैं।

वर्ष के दौरान ज्ञान मंच के अधीन साइबर / ई-मेल सुरक्षा और जोखिम की समझ और पर्यवेक्षण पर सत्र आयोजित किये गये।

घरेलू प्रशिक्षण

पर्यवेक्षक महाविद्यालय (सीओएस) आरबीआई द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम पर्यवेक्षक महाविद्यालय,

IV.2.9 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष के दौरान संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभागों / मिशन पद्धति टीमों के अधिकारियों को नामित किया गया।

टोरंटो केन्द्र, आरबीएसएफ

IV.2.10 आईआरडीएआई ने भारत में बीमा क्षेत्र के लिए जोखिम आधारित पर्यवेक्षी ढाँचे (आरबीएसएफ) के विकास और कार्यान्वयन के लिए टोरंटो केन्द्र (टीसी) के साथ करार किया है। टीसी ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित क्षमता निर्माण सत्र संचालित किये हैं :-

क्रम सं.	प्रशिक्षण अवधि	सहभागियों की संख्या (लगभग)	सम्मिलित विषय
1.	जून 2023 में एक दिन	40	• आरबीएस में बाह्य और अंतर्निहित जोखिमों के संचालक • जोखिम निर्धारण का एक विवेकपूर्ण जोखिम-आधारित पर्यवेक्षी रणनीति के रूप में परिवर्तन • नेतृत्व माड्यूल हितधारक प्रबंध
2.	दिसंबर 2023 में दो दिन	20	• पर्यवेक्षी आयोजना • जोखिम प्रबंध • अभिशासन कार्य • आरबीएस में साक्षात्कार कौशल • सहायता निर्धारण के लिए प्रलेखीकरण • मध्यक्षेप के लिए पर्यवेक्षी कार्यनीति

अन्य गतिविधियाँ

युवा व्यवसायियों (यंग प्रोफेशनल्स) का प्रवेश

IV.2.11 वर्ष 2022-23 के दौरान युवा प्रोफेशनल कार्यक्रम के अंतर्गत भर्ती किये गये कुछ युवा व्यवसायी (यंग प्रोफेशनल) बने हुए हैं। उक्त युवा व्यवसायियों के कार्यनिष्पादन एवं आवश्यकताओं के आधार पर उक्त युवा प्रोफेशनलों का कार्यकाल एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया गया। बीमा विनियमनकर्ता के पास उनकी नियुक्ति के परिणामस्वरूप, युवा प्रोफेशनल लाभान्वित हुए हैं तथा इसके परिणामस्वरूप, 18 युवा प्रोफेशनलों ने बाहर आशाजनक अवसरों के लिए प्रस्थान किया है, जबकि शेष युवा प्रोफेशनल अधिक विनियामक ज्ञान अर्जित करने की आकांक्षा कर रहे हैं। 31 मार्च 2024 की स्थिति के अनुसार, दस युवा प्रोफेशनल विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे हैं और अधिक विनियामक एक्सपोज़र प्राप्त कर रहे हैं।

पदोन्नति प्रक्रिया

IV.2.12 आईआरडीएआई स्टाफ (अधिकारी और अन्य कर्मचारी) विनियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार, जनवरी 2024 में विभिन्न ग्रेडों पर कर्मचारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया

प्रारंभ की गई तथा श्रेष्ठता-क्रम में पात्र कर्मचारियों को अगले ग्रेडों में पदोन्नत किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

IV.2.13 सभी कर्मचारियों के द्वारा महिला अधिकारियों के व्यावसायिक और अन्य क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए 08 मार्च 2024 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया।

आईआरडीएआई संस्थापन दिवसः-

IV.2.14 19 अप्रैल 2024 को आईआरडीएआई के संस्थापन दिवस के अवसर पर जब आईआरडीएआई ने अपने 25वें वर्ष में प्रवेश किया है, 2047 तक सबके लिए बीमा की परिदृष्टि को आगे बढ़ाने के प्रयास में अतीत का स्मरण करने तथा इस दिन को सभी के लिए यादगार बनाने के लिए पुरोगमन के पथ की रचना करने के द्वारा इस अवसर को मनाने के लिए सप्ताह भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

15 अप्रैल 2024 से 18 अप्रैल 2024 तक विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतीकरण किये गये तथा चयनित विषयों पर अपने विचारों को साझा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित किया गया। इस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों के बीच खेल-कूद की प्रतियोगिताएँ संचालित की गईं, अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विजेताओं को 19 अप्रैल 2024 को पुरस्कार प्रदान किये गये।

19 अप्रैल 2024 को आयोजित समारोह को दो सत्रों में विभाजित किया गया, ज्ञान सहभाजन सत्र और सांस्कृतिक गतिविधियाँ। कुछ चयनित अधिकारियों को समूहों में बांटा गया और उन्हें प्रस्तुतीकरण करने के लिए अलग-अलग विषय आबंटित किये गये। पूर्णकालिक सदस्यों के मार्गदर्शन में प्रत्येक समूह ने एक प्रस्तुतीकरण किया जिसकी सभी के द्वारा सराहना की गई।

सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों ने सहभागिता की और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महिला कर्मचारियों के लिए आंतरिक समिति

IV.2.15 कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतिकार) अधिनियम, 2013 के उपबंधों के अनुसार, इस संबंध में शिकायतों का निवारण करने एवं उक्त अधिनियम में निर्धारित विभिन्न उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से भी कार्यालय आदेश संदर्भः आईआरडीएआई/एचआर/ओआरडी/पीईआर/163/08/2023 दिनांक 28 अगस्त 2023 के द्वारा आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस विषय पर वर्ष के दौरान नये भर्ती किये गये अधिकारियों के लिए विशेष रूप से एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है।

शिकायत निवारण समिति

IV.2.16 अपने अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायतों, यदि कोई हों, की जाँच करने के लिए कार्यालय आदेश संदर्भः आईआरडीएआई/जीएएण्डएचआर/ओआरडी/पीईआर/076/05/2024 दिनांक 09 मई 2024 के द्वारा आईआरडीए (अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की सेवा शर्तें) विनियम, 2000 के विनियम 72 के अनुसार शिकायत निवारण समिति (जीआरसी) का पुनर्गठन किया गया। आईआरडीएआई स्टाफ (अधिकारी और अन्य कर्मचारी) विनियम, 2016 का विनियम 78 कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण और कल्याण के लिए उपबंधों और प्रक्रिया को निर्धारित करता है।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) की सिफारिश के अनुसरण में, अनुसूचित जाति समुदाय के कर्मचारियों के लिए एक आंतरिक शिकायत निवारण समिति (आईजीसी) का गठन 05 नवंबर 2021 को पहले ही किया जा चुका है।

IV.3 राजभाषा का संवर्धन

IV.3.1 भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने कार्यालय के कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए अपने संगठित प्रयास को जारी रखा है। राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न उपबंधों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक अलग राजभाषा कार्यान्वयन विभाग कार्यरत है। वित्तीय वर्ष के दौरान, राजभाषा अधिनियम,

1963, राजभाषा नियम, 1976, हिन्दी के प्रयोग के लिए भारत सरकार द्वारा दिये गये वार्षिक कार्यक्रम तथा समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों सहित भारत के संविधान में प्रतिष्ठापित संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किये गये। वर्ष 2023-24 के लिए हिन्दी के प्रयोग हेतु वार्षिक कार्यक्रम अनुपालन के लिए कार्यालय आदेश के माध्यम से प्रकाशित किया गया।

IV.3.2 संसद के पटल पर रखे जानेवाले सभी दस्तावेज द्विभाषिक रूप में तैयार किये गये। राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए हिन्दी में प्राप्त पत्रों/अभ्यावेदनों/ अपीलों/ आरटीआई आवेदनों का उत्तर हिन्दी में दिया गया। उपर्युक्त नियमों के अंतर्गत नियम 11 का कार्यान्वयन भी सुनिश्चित किया गया।

प्रगति प्रतिवेदन

IV.3.3 राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा निर्धारित फार्मेट में आईआरडीएआई के सभी विभागों से तिमाही प्रगति प्रतिवेदन से संबंधित आँकड़ों का संग्रहण किया गया। उक्त प्रतिवेदन को निर्धारित समयावधि में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया। तिमाही प्रगति प्रतिवेदन के अलावा, छमाही प्रगति प्रतिवेदन, वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन और मूल्यांकन प्रतिवेदन भी तैयार की गईं और उपर्युक्त विभागों के अतिरिक्त नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को भी प्रस्तुत की गईं।

उपलब्धियाँ और पुरस्कार

IV.3.4 आईआरडीएआई द्वारा हिंदी टंकण को बढ़ाने के विशेष उद्देश्य से बनाए गए ऑनलाइन टंकण एप्लिकेशन द्वारा हिंदी पखवाड़ा में ऑनलाइन हिंदी टंकण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। सभी कर्मचारियों को अपने दैनंदिन पत्र-व्यवहार में हिन्दी का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया, प्राधिकरण की बैठकों की कार्यसूची और उनके कार्यवृत्त हिन्दी में तैयार करने में तथा द्विभाषिक रूप में रजिस्टर रखने में सहायता की गई एवं कार्यालयीन टिप्पण (नोटिंग्स) और दस्तावेजों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित किया गया। आंतरिक विभागों द्वारा जब भी अपेक्षा की गई, तब हिन्दी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद की भी व्यवस्था की गई। 31 मार्च, 2024 को समाप्त अवधि के लिए हिन्दी पत्राचार और हिन्दी टिप्पण 55 प्रतिशत और 30 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में क्रमशः 82.39 प्रतिशत और 89.94 प्रतिशत पर रहे। पिछले वर्ष की अपेक्षा औसत हिंदी पत्राचार में 5.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और हिंदी नोटिंग में 6.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रधान कार्यालय द्वारा सभी क्षेत्रों के साथ औसत हिंदी पत्राचार में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। आईआरडीएआई के मुम्बई क्षेत्रीय कार्यालय एवं नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा मूल पत्राचार शतप्रतिशत द्विभाषी किया गया। हिंदी पत्राचार को बढावे के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21 मानक प्रपत्र बनाए गए।

IV.3.5 भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण, हैदराबाद को 14 सितम्बर, 2023 को भारत सरकार द्वारा राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु दिए जाने वाले राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के बोर्ड/स्वायत्त निकाय/ ट्रस्ट/सोसाइटी आदि की श्रेणी में वर्ष 2022-23 की अवधि के लिए ग क्षेत्र में तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। आईआरडीएआई को राजभाषा के कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), हैदराबाद द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। नराकास के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चार अधिकारियों ने पुरस्कार जीते हैं।

IV.3.6 नराकास के सदस्य कार्यालयों के लिए आईआरडीएआई द्वारा एक राजभाषा तकनीकी सेमिनार का आयोजन दिनांक 03 जनवरी, 2024 को किया गया। इसके अतिरिक्त नराकास के सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही 27 अक्टूबर, 2023 को नराकास के सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु ऑनलाइन हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। नगर राजभाषा

कार्यान्वयन समिति (बैंक), हैदराबाद की 76 वीं एवं 77वीं छमाही बैठकों में आईआरडीएआई के शीर्ष कार्यकारी अधिकारियों ने सहभागिता की। इसके साथ ही नराकास के सभी संगोष्ठियों / कार्यशालाओं / प्रतियोगिताओं में आईआरडीएआई द्वारा सक्रियता से सहभागिता की गई। आईआरडीएआई के राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 26 दिसंबर, 2023 को भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, हैदराबाद में राजभाषा नीति और अनुपालन विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया गया। आईआरडीएआई के मुम्बई व नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय ने सम्बंधित नराकास की दोनों अर्धवार्षिक बैठक सहित अन्य गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित की।

IV.3.7 आईआरडीएआई के वरिष्ठतम सदस्य सहित महाप्रबंधक और राजभाषा अधिकारी द्वारा 14-15 सितम्बर, 2023 को पुणे में आयोजित तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में सहभागिता की गयी। इसके अतिरिक आईआरडीएआई द्वारा राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 23 नवम्बर, 2023 को मुंबई में आयोजित पश्चिम तथा मध्य क्षेत्र के 'संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मलेन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' एवं 19 जनवरी, 2024 को बेंगलुरु में आयोजित दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिम उत्तर क्षेत्र के 'संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मलेन एवं पुरस्कार वितरण समारोह' में सहभागिता की गई। इसके अतिरिक्त बैंक ऑफ महाराष्ट्र, प्रधान कार्यालय द्वारा दिनांक 15 मार्च, 2024 को दिल्ली में भविष्य की बैंकिंग विषय पर आयोजित एक-दिवसीय अखिल भारतीय हिंदी सेमिनार में भी सहभागिता की गई।

हिन्दी प्रशिक्षण

IV.3.8 कर्मचारियों की हिन्दी भाषा ज्ञान और प्रशिक्षण के अनुसार उनके हिन्दी ज्ञान के रोस्टर को अद्यतन किया गया। विशेष रूप से इसका उपयोग कर्मचारियों को हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित प्राज्ञ और पारंगत के प्रशिक्षण कार्यक्रमों हेतु नामित करने के लिए किया गया। 2023-24 के दौरान 26 कर्मचारियों को प्राज्ञ और पारंगत हिन्दी ज्ञान प्रशिक्षण दिया गया। हिन्दी प्रशिक्षण के लिए कार्यालय में लागू प्रावधानों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी कर्मचारियों को मानदेय प्रदान किया गया। आईआरडीएआई में पारंगत प्रशिक्षण के लिए मानदेय देने का प्रावधान किया गया है। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चल रही डेस्क प्रशिक्षण के द्वारा 12 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है।

हिन्दी कार्यशालाएँ और बैठकें

IV.3.9 अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में सभी विभाग-प्रमुखों को सदस्यों के रूप में लेते हुए राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है तथा प्रत्येक तिमाही में समीक्षा बैठकों का आयोजन किया गया है। राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ नई दिल्ली कार्यालय और मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय में भी गठित की गई हैं। कर्मचारियों को हिन्दी से संबंधित नियमों से परिचित कराने एवं अपने दैनंदिन कामकाज में हिन्दी का अधिक व्यापक प्रयोग करने के लिए यूनिकोड की सहायता से हिन्दी टंकण और सुगमतापूर्वक प्रयोग की जानेवाली अन्य पद्धतियों का उनसे अभ्यास कराने के लिए हिन्दी कार्यशालाओं का नियमित रूप से संचालन किया गया। 2023-24 के दौरान हैदराबाद स्थित प्रधान कार्यालय के 148 कर्मचारियों को इन कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय और मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय में भी किया गया। हिन्दी कार्यशालाओं के दौरान हिन्दी संबंधी नियमों, हिन्दी के प्रयोग के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम और सामान्य हिन्दी टिप्पण (नोटिंग्स) की सामग्री वितरित की गई।

राजभाषा कार्यान्वयन का निरीक्षण

IV.3.10 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 26 मई, 2023 को आईआरडीएआई के नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय का सफल राजभाषायी निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रधान कार्यालय के राजभाषा विभाग ने फरवरी - मार्च 2024 में प्रधान कार्यालय के सभी विभागों के अलावा मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय और नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय का राजभाषायी निरीक्षण किया।

हिन्दी पखवाड़ा

IV.3.11 आईआरडीएआई के प्रधान कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालयों में 14 से 29 सितंबर 2023 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया, जिसका उद्घाटन माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय मिश्रा जी द्वारा केंद्रीयकृत रुप से तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, पुणे में किया गया। कार्यालय के सभी कार्मिक इस उद्घाटन समारोह के साक्षी बने। इस पखवाड़े के दौरान, हिंदी व हिंदीत्तर भाषी कर्मचारियों के लिए दस प्रतियोगिताओं– निबंध लेखन, कहानी लेखन, अनुवाद, राजभाषा नीति एवं हिंदी टिप्पण प्रतियोगिता(उप महाप्रबंधक एवं उच्चतर ग्रेड हेतु), स्मरण, हिंदी भाषण, प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी, अर्थपूर्ण हिंदी शब्द एवं विशेष सॉफ़्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन हिंदी टंकण का आयोजन किया गया।

आईआरडीएआई के प्रधान कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालयों में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया, पखवाड़ा में सर्वाधिक पुरस्कार जीतने वाले विभाग और सर्वाधिक प्रतिभागिता करने वाले विभाग को भी पुरस्कृत किया गया। पखवाड़े के समापन समारोह में 92 अधिकारियों और 2 विभागों को पुरस्कृत किया गया। एक सफल हिंदी पखवाड़े का आयोजन संपन्न हुआ्।

अन्य सूचना

